दैनिक **लोकमित्र** सच्चाई की जंग

वर्ष : 30 | अंक :131
प्रतापगढ़ | बुधवार , 13 मार्च-2024
पृष्ठ : 8 | मूल्य : 3 रुपये

प्रतापगढ़,लखनऊ, कौशाम्बी, एवं प्रयागराज से एक साथ प्रकाशित

R.N.I. No. : 71870/94

संस्थापक : श्रद्धेय स्व. रामनिरंजन भगवन

प्रतिदिन की खबरों के लिए देखें www.dailylokmitra.com

# हरियाणा में अब नायब सरकार

## राज्यपाल ने दिलाई मुख्यमंत्री पद की शपथ



**नई दिल्ली, एजेंसियॉ।** हरियाणा भाजपा अध्यक्ष नायब सिंह सैनी ने राजभवन में राज्य के नए मुख्यमंत्री पद की शपथ ले ली। हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने उन्हें सीएम पद की शपथ दिलाई। आगामी लोकसभा चुनाव से पहले हरियाणा की राजनीति में एक नाटकीय घटनाक्रम में मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया और इसके कुछ ही देर बाद भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की राज्य इकाई के अध्यक्ष नायब सिंह सैनी को विधायक दल का नेता चुन लिया गया। जजपा आगामी लोकसभा चुनाव में हिसार और भिवानी-महेंद्रगढ़ सीट से अपना उम्मीदवार उतारना चाह रही थी, लेकिन भाजपा दोनों सीट छोड़ने के लिए तैयार नहीं थी, क्योंकि पिछले लोकसभा चुनाव में उसने राज्य की सभी 10 सीट पर जीत हासिल की थी। दुष्यंत चौटाला ने सोमवार को भाजपा अध्यक्ष नड्डा के साथ सीटों के बंटवारे के सिलसिले में बातचीत भी की थी, लेकिन संभवतः वह विफल रही।90 सदस्यीय हरियाणा विधानसभा में भाजपा के 41 विधायक और जजपा के 10 विधायक हैं। इस गठबंधन को सात में से छह निर्दलीय विधायकों का भी समर्थन प्राप्त था। आंकड़ों के लिहाज से, भाजपा सरकार को फिलहाल कोई खतरा नहीं दिख रहा है। मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस के 30 विधायक हैं और इंडियन नेशनल लोकदल तथा हरियाणा लोकहित पार्टी के पास एक-एक सीट है।जननायक जनता पार्टी (जेजेपी) के हरियाणा अध्यक्ष निशान सिंह ने कहा कि आज की बैठक में सभी मुद्दों पर चर्चा हुई। यह निर्णय लिया गया है कि कल हिसार में %नव संकल्प% रैली आयोजित की जाएगी और पार्टी ने जो भी बातें तय की हैं, उसकी जानकारी वहां दी जाएगी। वहीं हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस नेता भूपिंदर सिंह हुड्डा ने कहा कि लोगों ने कांग्रेस सरकार बनाने का फैसला कर लिया है। ये(भाजपा-जेजेपी गठबंधन) एक %ठगबंधन% था। राष्ट्रपति शासन के तहत चुनाव कराए जाने चाहिए।

## माफिया मुख्तार अंसारी की मुश्किलें बढ़ी, फर्जी शस्त्र लाइसेंस मामले में दोषी,सजा बुधवार को

**वाराणसी,(हि.स.)।** बांदा जेल में बंद माफिया मुख्तार अंसारी की मुश्किलें कम नहीं हो रही हैं। मंगलवार को फर्जी शस्त्र लाइसेंस मामले में यहां विशेष न्यायाधीश (एमपी-एमएलए) अवनीश गौतम की अदालत ने मुख्तार अंसारी को दोषी पाया है। न्यायालय बुधवार दोपहर में इस मामले में सजा सुनाएगी। अदालत ने पूर्व विधायक मुख्तार अंसारी पर लगाए गए भ्रष्टाचार के मामले में दोषमुक्त कर दिया है। मुख्तार अंसारी के खिलाफ साल 1990 में गाजीपुर के मुहम्मदाबाद थाने में मुकदमा दर्ज किया गया था। 34 साल बाद मुख्तार अंसारी पर दोष सिद्ध हुआ है। अदालत में सुनवाई के दौरान मुख्तार अंसारी वर्चुअल अदालत में पेश हुए। अदालत ने दोनों पक्षों की बहस सुनी।

# विकसित भारत की कल्पना आत्मनिर्भरता के बिना संभव नहीं: प्रधानमंत्री

## भारत शक्ति अभ्यास में युद्धक तथा प्रहार क्षमताओं का प्रदर्शन, धमाकों से गूंजा पोखरण



**पोखरण/नई दिल्ली,(हि.स.)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज राजस्थान के पोखरण में तीनों सेनाओं के लाइव फायर और कौशल अभ्यास के रूप में स्वदेशी रक्षा क्षमताओं के एक संयोजित प्रदर्शन का अवलोकन किया। इस अवसर पर उन्होंने आत्मनिर्भर भारत के मंत्र को दोहराया और कहा कि विकसित भारत की कल्पना इसके बिना संभव नहीं है।प्रधानमंत्री ने तीनों सेनाओं के अभ्यास के बाद सैन्यकर्मियों को संबोधित करते हुए कहा कि हमारी तोपों, टैंकों, लड़ाकू जहाजों, हेलीकॉप्टर, मिसाइल सिस्टम की गर्जना ही भारत की शक्ति है। हथियार और गोला-बारूद, संचार उपकरण, साइबर और स्पेस तक हम 'मेक इन इंडिया' की उड़ान अनुभव कर रहे हैं।उन्होंने कहा, ÷भारत शक्ति का उत्सव राजस्थान में हो रहा है लेकिन इसकी गूंज सिर्फ भारत में ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया में सुनाई दे रही है।÷पोखरण को भारत के परमाणु हथियारों के परीक्षण स्थली के रूप में जाना जाता है। इस संबंध में उन्होंने कहा कि पोखरण एक बार फिर भारत की आत्मनिर्भरता, भारत के आत्मविश्वास और भारत के आत्मगौरव की त्रिमूर्ति का साक्षी बना है। पोखरण एक समय में भारत की परमाणु शक्ति का गवाह बना था। आज स्वदेशीकरण के माध्यम से सशक्तिकरण की शक्ति का गवाह बन गया है।रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की दिशा में देश की उपलब्धि पर उन्होंने कहा कि आज देश में उत्तर प्रदेश और तमिलनाडु में डिफेंस कॉरीडोर बन रहे हैं।

### ममता बनर्जी ने कहा

## जान दे दूंगी लेकिन डिटेंशन कैंप नहीं बनने दूंगी




**कोलकाता(हि.स.)।** केंद्र सरकार की ओर से नागरिकता संशोधन अधिनियम 2019 (सीएए) नियमों को लागू कर दिया गया है। इसके बाद पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी इस पर लगातार हमलावर है। मंगलवार को उन्होंने कहा कि यहां रह रहे लोगों की नागरिकता छीन कर डिटेंशन कैंप में रखने की योजना बनाई जा रही है। उन्होंने कहा कि जान दे दूंगी लेकिन बंगाल में कोई कैंप नहीं बनने दूंगी।तृणमूल सुप्रीमो बनर्जी ने भाजपा पर हमला बोलते हुए कहा कि मैंने इस जैसी बेकार पार्टी कभी नहीं देखी। वह महिलाओं के खिलाफ है। उन्होंने कहा कि असली हिंदू का मतलब यह नहीं होता कि बाहरी लोगों को हिंदू बनाया जाए। उन्होंने सीएए लागू होने को लेकर यह भी कहा कि मुझे संदेह है कि इनकी ओर से लाया कानून वैध भी या नहीं। इसे लेकर केंद्र सरकार की स्पष्टता नहीं है।उन्होंने कहा कि 2019 में असम में एनआरसी के नाम पर 19 लाख में से 13 लाख बंगाली हिंदूओं को नागरिकता सूची से बाहर कर दिया गया था। उसी तरह से बंगाल में भी करने की योजना बना रहे हैं लेकिन हम ऐसा होने नहीं देंगे।

## नागरिकता संशोधन कानून अधिसूचना को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** नागरिकता संशोधन कानून के नोटिफिकेशन का मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया है। नागरिकता संशोधन कानून को लागू करने के खिलाफ इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग (आईयूएमएल) ने याचिका दायर कर नोटिफिकेशन के कार्यान्वयन पर रोक लगाने की मांग की है।आईयूएमएल ने याचिका में कहा है कि नागरिकता संशोधन कानून असंवैधानिक और मुसलमानों के खिलाफ है। ये कानून भेदभाव पूर्ण है। उल्लेखनीय है कि केंद्र सरकार ने 11 मार्च को नागरिकता संशोधन कानून का नोटिफिकेशन जारी किया है। इसी नोटिफिकेशन को आईयूएमएल ने सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है।

# मोदी की गारंटी है हर घर नल से जल - मुख्यमंत्री

## प्रदेश के 2.12 करोड़ परिवारों को मिलने लगा शुद्ध पेयजल



**लखनऊ,(हि. स.)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को एक उच्चस्तरीय बैठक में जल जीवन मिशन की प्रगति की समीक्षा की। बैठक के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में%%हर घर नल-हर घर जल%% के संकल्प के साथ प्रदेश के 2.65 करोड़ ग्रामीण परिवारों को शुद्ध पेयजल मुहैया कराने का महाभियान चल रहा है।मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि जल जीवन मिशन के प्रारंभ से पूर्व मात्र 5.16 लाख परिवारों को ही नल से शुद्ध पेयजल की उपलब्धता थी। लगातार प्रयासों से आज 02 करोड़ 12 लाख से अधिक परिवारों के लिए शुद्ध पेयजल का सपना साकार हुआ है। शेष घरों को भी पाइप्ड पेयजल की सुविधा मिले, ऐसे में इस कार्य को समयबद्धता के साथ चरणबद्ध रूप से पूरा किया जाए।हर घर नल से जल पहुंचाने की यह योजना ईज ऑफ लिविंग के संकल्प को पूरा होने का सबसे बड़ा उदाहरण है। यह बड़े बदलाव का परिचायक है। यह मोदी की गारंटी है और मोदी की गारंटी यानी पूरा होने की गारंटी।उन्होंने कहा कि बुंदेलखंड और विंध्य क्षेत्र में शुद्ध पेयजल एक सपना था। आज यह सपना साकार हो रहा है। यह दोनों ही क्षेत्र शीर्ष प्राथमिकता में है। अतिशीघ्र विंध्य-बुंदेलखंड के हर घर में नल से जल की सुविधा होगी। झांसी, ललितपुर, हमीरपुर, जालौन, बांदा, चित्रकूट, मीरजापुर, सोनभद्र सहित पूरे विंध्य-बुंदेलखंड में जल जीवन मिशन का कार्य आखिरी चरण में प्रवेश कर गया है। अवशेष कार्यों को तेजी के साथ पूरा कराया जाए।सीएम योगी ने कहा कि शुद्ध पेयजल केवल प्यास ही नहीं बुझाता, बल्कि अनेक बीमारियों से सुरक्षित भी रखता है। हमें जल के महत्व को समझना होगा। गांव-गांव में लोगों को समझाना होगा। जल संचय के लिए लोगों को प्रोत्साहित किया जाए। जल समितियों को एक्टिव रखें। पंचायत प्रतिनिधियों का सहयोग लें। नुक्कड़ नाटकों/लघु फिल्मों के माध्यम से लोगों में जागरूकता बढाएं। रेन वॉटर हार्वेस्टिंग के लिए आम जन को जागरूक किया जाए।जल जीवन मिशन से 100% संतृप्त गांवों का-हर एक घर का पारदर्शिता के साथ सत्यापन होना चाहिए। अगर एक भी उपभोक्ता असंतुष्ट है तो उनकी अपेक्षाओं को पूरा किया जाए। हमें स्थलीय निरीक्षण की व्यवस्था को और मजबूत करना होगा। हर गांव में प्रशिक्षित प्लम्बर की तैनाती कर दी जाए।मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि गर्मी का मौसम प्रारंभ हो रहा है। ऐसे में बुंदेलखंड और विंध्य क्षेत्र में पेयजल के वैकल्पिक प्रबंध कर लिए जाएं। वर्षा कम होने के कारण जलाशयों में अपेक्षाकृत कम पानी है। हमें समय रहते इसके लिए व्यवस्था कर लेनी चाहिए। गर्मी में एक भी दिन एक भी परिवार को पेयजल की समस्या नहीं होनी चाहिए।उन्होंने कहा कि पेयजल परियोजना के कारण जगह-जगह रोड की खुदाई हुई है। इससे आवागमन प्रभावित हो रहा है, दुर्घटना की आशंका भी बनी हुई है।

## जैसलमेर में वायुसेना का लड़ाकू तेजस विमान क्रैश, पायलट सुरक्षित



**जैसलमेर, (हि.स.)।** भारतीय वायुसेना का एक तेजस विमान आज ऑपरेशनल ट्रेनिंग उड़ान के दौरान जैसलमेर में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हालांकि पायलट सुरक्षित बाहर निकल गया। भारतीय वायुसेना ने सोशल मीडिया एक्स पर यह जानकारी साझा करते हुए बताया है कि दुर्घटना के कारण का पता लगाने के लिए कोर्ट ऑफ इंक्वायरी का गठन किया गया है। जिले की पोकरण फील्ड फायरिंग रेंज में चल रहे भारत शक्ति युद्धाभ्यास के बीच जैसलमेर में आज यह लड़ाकू विमान क्रैश हो गया। सूत्रों के अनुसार मंगलवार दोपहर करीब 2 बजे शहर से 2 किमी दूर भील समाज के छात्रावास पर विमान गिरा। घटना के समय छात्रावास खाली था।हादसा पोकरण युद्धाभ्यास स्थल से करीब 100 किमी दूर हुआ है।

### मुइज्जू की पूरी हुई मनोकामना

# समय सीमा से पहले मालदीव से भारतीय सैनिकों की वापसी शुरू



**नई दिल्ली, एजेंसियॉ।** देश के चीन समर्थक राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू के 10 मई तक द्वीपसमूह छोड़ने के आदेश के बाद भारत ने मालदीव से अपने सैनिकों को वापस बुलाना शुरू कर दिया है। मिहारू अखबार ने बताया कि अड्डू के सबसे दक्षिणी एटोल में तैनात लगभग 25 भारतीय सैन्य कर्मियों ने 10 मार्च से पहले देश छोड़ दिया था, वापसी की आधिकारिक शुरुआत पर भारत और मालदीव दोनों ने सहमति व्यक्त की थी। माले और नई दिल्ली के बीच बातचीत के बाद, दोनों पक्ष 10 मई तक देश से 89 भारतीय सैनिकों और उनके सहायक कर्मचारियों की वापसी को पूरा करने पर सहमत हुए थे। मिहारू ने बताया कि तीन भारतीय विमान दो हेलीकॉप्टर और एक फिक्स्ड-विंग विमान - होंगे भारतीय नागरिक कर्मचारियों द्वारा संचालित, पहले ही द्वीप राष्ट्र में आ चुका था। 2 फरवरी को दिल्ली में हाई लेवल मीटिंग हुई। हालाँकि मालदीव या भारतीय अधिकारियों की ओर से कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है, मिहारू ने कहा कि मालदीव राष्ट्रीय रक्षा बल ने पुष्टि की है कि भारतीय सैनिकों की वापसी शुरू हो गई है।पिछले साल सत्ता में आने के बाद मुइज्जू ने प्रतिज्ञा की थी कि मालदीव की विशाल समुद्री सीमा पर गश्त के लिए तैनात किसी भी भारतीय सुरक्षाकर्मी को अनुमति नहीं दी जाएगी। भारत के पीछे हटने की समय सीमा नजदीक आते ही मालदीव ने 4 मार्च को चीन के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए। मालदीव के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि यह सौदा मजबूत द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ावा देने के लिए है और चीन अपने कर्मचारियों को उसी के तहत प्रशिक्षित करेगा। एक दिन बाद, मुइज्जू ने कथित तौर पर कहा कि 10 मई के बाद किसी भी भारतीय सैनिक, यहां तक कि नागरिक कपड़ों में भी द्वीपसमूह में प्रवेश करने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

## मोदी सरकार पर 25 पैसे तक का भ्रष्टाचार का आरोप नहीं लगा सके विरोधी-अमित शाह




**सिकंदराबाद,एजेंसियॉ।** सिकंदराबाद में सोशल मीडिया वॉरियर्स मीट को संबोधित करते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि हमारे घोषणापत्र के पहले पन्ने पर क्या था? हम अयोध्या में एक भव्य राम मंदिर बनाएंगे। 500 वर्षों से देश भर के श्रद्धालु चाहते थे कि अयोध्या में एक भव्य राम मंदिर और रामलला को पूरे सम्मान के साथ %विराजमान% हों। कांग्रेस पार्टी 70 साल तक राम मंदिर के मुद्दे को लटकाती रही, भटकाती रही, अटकाती रही। वोट बैंक के लालच में आपने(कांग्रेस) राम मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा का बहिष्कार किया। सिकंदराबाद में सोशल मीडिया वॉरियर्स मीट को संबोधित करते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि इन 10 सालों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश को राजनीतिक स्थिरता देने का काम किया है। %आया राम, गया राम% की राजनीति को खत्म करके देश में 10 साल की पूर्ण बहुमत सरकार चलाई है। इन 10 सालों में पीएम मोदी ने भ्रष्टाचार मुक्त शासन दिया है। बीआरएस और कांग्रेस पर लाखों-करोड़ों रुपये के भ्रष्टाचार के आरोप लगे लेकिन प्रधानमंत्री मोदी पर हमारे विरोधी भी 25 पैसे तक का आरोप नहीं लगा सके।सीएए लागू होने पर एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने कहा कि आपको सीएए को एनआरसी और एनपीआर के साथ जोड़कर देखने की जरूरत है। क्या केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने संसद में मेरा नाम लेकर नहीं कहा था कि एनपीआर और एनपीआर लागू किया जाएगा? यह रिकॉर्ड में है। उनका(भाजपा) मुख्य उद्देश्य देश में एनपीआर और एनआरसी लागू करना है।

# गुजरात में एनसीबी-एटीएसको मिली बड़ी कामयाबी

## भारतीय तटरक्षक बल की मदद से 400 करोड़ की ड्रग्स जब्त 6 पाकिस्तानी गिरफ्तार



**नई दिल्ली, एजेंसियॉ।** गुजरात तट के पास 400 करोड़ रुपये की ड्रग्स के साथ 6 पाकिस्तानी गिरफ्तार किए गये हैं। अधिकारियों ने मंगलवार को कहा कि 400 करोड़ रुपये की नशीली दवाओं के साथ एक नाव पर सवार छह पाकिस्तानी नागरिकों को गुजरात के पोरबंदर के पास गिरफ्तार किया गया।गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी), भारतीय तटरक्षक बल और गुजरात आतंकवाद निरोधक दस्ते (एटीएस) के अधिकारियों ने पाकिस्तानी नागरिकों को उस समय पकड़ लिया जब वे कल रात भारतीय क्षेत्र में प्रवेश करने की कोशिश कर रहे थे।गुजरात एटीएस के मुताबिक, छह लोग भारतीय नाव का इस्तेमाल कर दिल्ली और पंजाब में प्रतिबंधित दवाओं की तस्करी करने की कोशिश कर रहे थे। पिछले 30 दिनों में गुजरात के तट पर जब्त की गई यह दूसरी बड़ी ड्रग्स खेप है।28 फरवरी को, गुजरात के तट पर संदिग्ध पाकिस्तानी चालक दल के सदस्यों द्वारा संचालित एक नाव से कम से कम 3,300 किलोग्राम ड्रग्स जब्त किया गया था। इन दवाओं की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत 2,000 करोड़ रुपये से ज्यादा थी। यह भारतीय उपमहाद्वीप में नशीले पदार्थों की सबसे बड़ी बरामदगी है। भारतीय तटरक्षक बल ने पहले भी समुद्र में कई ऑपरेशनों में करोड़ों रुपये की ड्रग्स बरामद की थी।

## लालू परिवार के करीबी अमित कत्याल के ठिकानों पर ईडी की छापेमारी

**नई दिल्ली,(हि.स.)।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मंगलवार को लालू प्रसाद यादव के परिवार के करीबी कारोबारी अमित कत्याल के दिल्ली, गुरुग्राम और सोनीपत के ठिकानों पर छापेमारी की है।आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि केंद्रीय जांच एजेंसी ने लालू प्रसाद यादव परिवार के करीबी सहयोगी और कारोबारी अमित कत्याल के दिल्ली, गुरुग्राम और सोनीपत स्थित ठिकानों पर छापेमारी की। ईडी टीम की ये छापेमारी मनी लॉन्ड्रिंग मामले में चल रही है।उल्लेखनीय है कि ईडी अमित कत्याल पर पहले भी एक्शन ले चुकी है। केंद्रीय जांच एजेंसी ने जमीन के बदले नौकरी मामले में अमित कत्याल को पिछले साल नवंबर में गिरफ्तार किया था। बिहार के पूर्व उप-मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव के करीबी बताए जाने वाले कत्याल एके इंफोसिस्टम प्राइवेट लिमिटेड के प्रमोटर हैं।

## सीएए को एक और 'विभाजन' के लिए लागू किया गया -महबूबा



**श्रीनगर।** पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने मंगलवार को आरोप लगाया कि नागरिकता (संशोधन) कानून (सीएए) को लागू करके भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) हिंदू महासभा के 'दो राष्ट्र' सिद्धांत की अवधारणा पर चल रही है। जम्मू-कश्मीर की मुख्यमंत्री रह चुकी महबूबा ने कहा कि उच्चतम न्यायालय में इस मामले के लंबित रहने के बावजूद सीएए को लागू करना सरकार की विफलताओं से ध्यान भटकाने का एक प्रयास है। उन्होंने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''विभाजन के 77 साल बाद भाजपा अब भी हिंदू महासभा के 'दो राष्ट्र' सिद्धांत की अवधारणा से जुड़ी हुई है। अपने एजेंडे को बढ़ाने के लिए उन्होंने सीएए को लागू किया ताकि हमारे लोगों के बीच एक और विभाजन किया जा सके।'' मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के नेता यूसुफ तारिगामी ने आरोप लगाया कि सीएए का लागू किया जाना संविधान की आधारभूत संरचना के खिलाफ है।

# सस्ती दवाएं किसी भी समाज के लिए एक अनिवार्य आवश्यकता: मांडविया

## जन औषधि केंद्रों के लिए ऋण सहायता कार्यक्रम का शुभारंभ, सिडबी और पीएमबीआई के बीच समझौता



**नई दिल्ली,(हि.स.)।** केंद्रीय रसायन एवं उर्वरक तथा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने मंगलवार को यहां जन औषधि केंद्रों के लिए एक ऋण सहायता कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस दौरान भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक (सिडबी) और फार्मास्युटिकल्स एंड मेडिकल डिवाइसेज ब्यूरो ऑफ इंडिया (पीएमबीआई) के बीच एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। इसके तहत जन औषधि केंद्रों के छोटे उद्यमियों के लिए सिडबी बेहद किफायती ब्याज दर पर 2 लाख रुपये तक का लोन प्रदान करेगा। इस मौके पर जन औषधि केंद्रों को ऋण सहायता के लिए वेबसाइट भी लॉन्च की गई।इस अवसर पर डॉ. मांडविया ने कहा कि सस्ती और सुलभ दवाएं किसी भी समाज के लिए एक अनिवार्य आवश्यकता हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जन औषधि केंद्रों को गरीबों के लिए %संजीवनी% बताया है। उन्होंने कहा कि साल 2014 में जन औषधि केंद्रों की संख्या केवल 80 थी, आज देशभर में लगभग 11 हजार इकाइयां संचालित हो रही हैं। अनुमान है कि लगभग 10 से 12 लाख लोग हर दिन इन जन औषधि केंद्रों पर आते हैं, जिससे उन्हें कम दरों पर आवश्यक दवाएं मिलती हैं।डॉ. मांडविया ने कहा कि खरीद प्रक्रिया को मजबूत बनाने, पेश किए गए उत्पादों की शृंखला का विस्तार करने और नियमित आपूर्ति शृंखला नेटवर्क बनाए रखने के लिए बहुत प्रयास किए गए। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि सरकार ने इन जन औषधि केंद्रों के संचालकों को वित्तीय सहायता प्रदान की, जिसमें दूरदराज और पहाड़ी क्षेत्रों में स्थित संचालकों को अतिरिक्त सहायता भी शामिल है, ताकि उन्हें ये केंद्र खोलने के लिए प्रोत्साहित किया जा सके। उन्होंने कहा कि इससे छोटे उद्यमियों को वित्तीय स्वायत्तता मिली और साथ ही देशभर में जन औषधि केंद्रों का नेटवर्क और पहुंच मजबूत हुई।

## मनीष सिसोदिया की न्यायिक हिरासत 22 मार्च तक बढ़ी



**नई दिल्ली(हि.स.)।** दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट ने दिल्ली आबकारी घोटाला मामले के आरोपित दिल्ली के पूर्व उप-मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की सीबीआई से जुड़े मामले में न्यायिक हिरासत 22 मार्च तक बढ़ा दी है। स्पेशल जज एमके नागपाल ने ये आदेश दिया।सीबीआई के मामले में आज मनीष सिसोदिया की न्यायिक हिरासत खत्म हो रही थी, जिसके बाद उन्हें कोर्ट में पेश किया गया था। 22 फरवरी को कोर्ट ने सिसोदिया को आज तक की न्यायिक हिरासत में भेजा था। 22 फरवरी को सीबीआई ने इस मामले में सीलबंद लिफाफे में जांच संबंधी स्टेटस रिपोर्ट दाखिल की थी। 5 फरवरी को कोर्ट ने उन्हें आज तक की न्यायिक हिरासत में भेजा था। 5 फरवरी को ही कोर्ट में सिसोदिया को अपनी बीमार पत्नी से मिलने के लिए हफ्ते में एक दिन की कस्टडी पेरोल की अनुमति दी थी।उल्लेखनीय है कि सिसोदिया की ओर से सुप्रीम कोर्ट में उनकी जमानत याचिका खारिज करने के खिलाफ क्यूरेटिव याचिका दाखिल की गई है, जो अभी लंबित है। सिसोदिया को सीबीआई ने 26 फरवरी 2023 को गिरफ्तार किया था।

# प्रयागराज से गोरखपुर के लिए वंदे भारत ट्रेन का शुभारंभ

## पीएम ने अहमदाबाद से दिखाई वर्चुअल झंडी






लोकमित्र ब्यूरो

**प्रयागराज।** प्रयागराज से गोरखपुर के लिए वंदे भारत ट्रेन का आज उद्घाटन हुआ। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस ट्रेन को अहमदाबाद से वर्चुअल झंडी दिखाई।

प्रयागराज जंक्शन पर आयोजित कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी, सांसद केशरी देवी पटेल, विधायक सिद्धार्थ नाथ सिंह, एमएलसी निर्मला पासवान आदि ने ट्रेन के यात्रियों का हाथ मिलाकर अभिवादन किया। ट्रेन की रवानगी के दौरान यहां मंत्रोच्चार भी हुआ और वेद बटुको ने शंख भी बजाया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 85,000 करोड़ रुपये से अधिक की कई रेल परियोजनाओं की आधारशिला रखी और उन्हें राष्ट्र को समर्पित किया। पीएम मोदी ने कहा कि आज भी विकसित भारत की दिशा में देश ने एक बहुत बड़ा कदम उठाया है। इस कार्यक्रम में आज यहां एक लाख करोड़ रुपये से ज्यादा की परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास हुआ है। इनमें से 85 हजार करोड़ रुपये से अधिक के रेलवे प्रोजेक्ट्स आज देश को मिले हैं।

पीएम मोदी ने कहा कि विकसित भारत के लिए हो रहे नव निर्माण का लगातार विस्तार हो रहा है। देश के कोने-कोने में परियोजनाओं का लोकार्पण हो रहा है, नई योजनाएं शुरू हो रही हैं। अगर मैं साल 2024 की ही बात करूं, तो इन करीब 75 दिन में 11 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा की परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास हो चुका है। अकेले पिछले 10-12 दिन में ही 7 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा की परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास हुआ है।

# महाकवि निराला एवं डॉ जगदीश गुप्त को समर्पित होगा 20 मार्च को अखिल भारतीय हास्य कवि संगम

**प्रयागराज।** अखिल भारतीय हास्य कवि संगम निराला चौराहे के समीप दारागंज,प्रयागराज में दिनांक 20 मार्च को आयोजित है। इस बार का कवि सम्मेलन महाकवि निराला एवं आधुनिक कविता के जनक डॉ जगदीश गुप्त को समर्पित होगा। उक्त बातें कार्यक्रम के आयोजक संयोजक राजेश निषाद पार्षद ने कहा। उन्होंने बताया कि इस बार दिल्ली से सुनहरी लाल तुरंत, हास्य कवि, विकास बौखल, बाराबंकी,, डंडा बनारसी, शशि श्रेया, लखनऊ, नर कंकाल, रायबरेली, प्रियंका शुक्ला, उन्नाव, अखिलेश द्विवेदी, प्रयागराज, प्रख्यात गीतकार शैलेंद्र मधुर, अमित जौनपुरी योगेश झमाझम सहित अन्य रचनाकार अपनी कविताओं से श्रोताओं को आह्लादित करेंगे। कवि सम्मेलन का संचालन प्रख्यात उद्घोषिका कवित्री डॉक्टर आभा श्रीवास्तव मधुर जी करेंगी।

# प्रिंट मीडिया एवं विकसित भारत @ 2047 विषय पर प्रपत्र वाचन आयोजित

## जगत तारन गर्ल्स डिग्री कॉलेज मे आयोजित हुई अंतर महाविद्यालय प्रतियोगिता



लोकमित्र ब्यूरो

**प्रयागराज।** जगत तारन गर्ल्स डिग्री कॉलेज के समाजशास्त्र विभाग द्वारा ÷विकसित भारत ञ्च 2047 के परिपेक्ष्य में राष्ट्र निर्माण हेतु प्रिंट मीडिया की भूमिका÷ विषय पर अंतर महाविद्यालयी प्रतियोगिता का अयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ उप प्राचार्या डॉ दीपशिखा बनर्जी के स्वागत भाषण से हुआ। तत्पश्चात कार्यक्रम के समन्वयक डॉ अनुज कुमार वर्मा ने प्रतियोगिता के विषय की महत्ता पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में आर्य कन्या डिग्री कॉलेज, एस एस खन्ना डिग्री कॉलेज, ईश्वर सरन डिग्री कॉलेज, सी एम पी डिग्री कॉलेज के विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया।

प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार एस एस खन्ना डिग्री कॉलेज की दिव्यांशी श्रीवास्तव, द्वितीय पुरस्कार जगत तारन गर्ल्स डिग्री कॉलेज की मुस्कान सिंह, तृतीय पुरस्कार आर्य कन्या डिग्री कॉलेज की आकांक्षा पांडेय को मिला। एस एस खन्ना डिग्री कॉलेज की अर्पिता कुमारी, आर्य कन्या डिग्री कॉलेज की शगुन वर्मा व जगत तारन गर्ल्स डिग्री कॉलेज प्रतिभा बिंद को सांत्वना पुरस्कार मिला। कार्यक्रम में निर्णायक की भूमिका जगत तारन गर्ल्स डिग्री कॉलेज की प्राचीन इतिहास विभाग की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ सुषमा श्रीवास्तव, अर्थशास्त्र विभाग की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ शिखा दीक्षित तथा राजनीतिशास्त्र विभाग की डॉ कस्तूरी भारद्वाज ने निभाई। कार्यक्रम में संचालक की भूमिका शिखा वर्मा तथा ज्योत्सना तिवारी ने निभाई। कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन डॉ शालिनी सिंह ने किया। इस अवसर पर डॉ ऐश्वर्य सिंह आदि शिक्षकगण उपस्थित रहे।

# तेज रफ्तार कार की चपेट में आने से दो छात्रों की मौत,परिवार में मचा कोहराम

**प्रयागराज।** फूलपुर कोतवाली थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार कार ने दो छात्रों को रौंद दिया। जिससे दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। सोमवार को इस दर्दनाक हादसे से घर में कोहराम मच गया। पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार फूलपुर कोतवाली क्षेत्र स्थित अमोलवा गांव के रहने वाले अनुज यादव (14) पुत्र रामसिंह व पड़ोस का रहना वाला अमूल उर्फ अनूप (15) पुत्र आलोक सोमवार सुबह करीब साढ़े 8 बजे फूलपुर प्रतापपुर मार्ग पर खेत की तरफ जा रहे थे। वे जैसे परिषदीय विद्यालय सरायमनोहर के पास पहुंचे थे इसी बीच फूलपुर से प्रतापपुर की तरफ जा रही तेज रफ्तार वैगनआर कार ने दोनों को रौंद दिया।

हादसे में घायल दोनों छात्रों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। परिजनों के मुताबिक अनुज यादव बच्चाराम यादव इंटर कॉलेज पूरेभुलई में 9वीं कक्षा का छात्र था। वहीं अमूल यादव भी पास के कॉलेज में हाईस्कूल में पढ़ता था। अनुज तीन भाइयों में सबसे छोटा था और अमूल दो भाई व एक बहन में दूसरे नंबर पर था। अमूल के पिता आलोक यादव मुंबई में रहकर कमाई करते हैं।

सोमवार को अचानक हुए हादसे में बेटे की मौत की खबर मिलते ही दोनों परिवारों में जहां कोहराम मच गया, वहीं गांव में मातम छा गया है। उधर हादसे के बाद कार चालक गाड़ी लेकर भागने लगा। ग्रामीणों ने दौड़ाकर उसे पकड़ लिया। इंस्पेक्टर फूलपुर दीनदयाल सिंह ने बताया कि चालक के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर वैगनआर कार को कब्जे में लेकर पुलिस कार्रवाई में जुटी हुई है।

# रामलला के दर्शन के लिए भाजपा कार्यकर्ता पहुंचे अयोध्या धाम

## प्रशासन की घोर लापरवाही के कारण कार्यकर्ताओं में हुआ रोष



**प्रयागराज।** भाजपा महानगर अध्यक्ष राजेंद्र मिश्रा के नेतृत्व श्री राम जन्मभूमि मंदिर दर्शन यात्रा के अंतर्गत प्रयागराज से हजारों कार्यकर्ता रामलला के दर्शन हेतु अयोध्या पहुंचे। कार्यक्रम के संयोजक नवीन शुक्ला ने बताया कि प्रशासन की घोर लापरवाही के कारण सैकड़ों कार्यकर्ताअयोध्या धाम नहीं जा पाए जिसको लेकर कार्यकर्ताओं में भारी आक्रोश रहा। मीडिया प्रभारी राजेश केसरवानी ने बताया कि 110 बस 155 निजी वाहनों के साथ 5842 कार्यकर्ता रजिस्ट्रेशन के साथ पहुंचे और जय श्री राम का नारा लगाते हुए रामलला का दर्शन किया। कार्यकर्ताओं के साथ महापौर गणेश केसरवानी भी प्रयागराज के पार्षदों के साथ राम लला के दरबार पहुंचकर मत्था टेका। इस अवसर हजारों की संख्या में महिला कार्यकर्ता महिला मोर्चा अध्यक्ष शिखा रस्तोगी के नेतृत्व में अयोध्या पहुंची। इस अवसर कुंज बिहारी मिश्रा, वरुण केसरवानी, रूपेश बबलू, प्रयागराज महानगर की सभी मंडल के कार्यकर्ता रहे।

# मुक्त विश्वविद्यालय में कार्यशाला आज

लोकमित्र ब्यूरो

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज में भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली द्वारा प्रायोजित लघु शोध परियोजना प्राइम मिनिस्टर हाउसिंग फॉर ऑल मिशन~ ए स्टडी ऑफ परफॉर्मेंस एंड इंपैक्ट ऑन बेनिफिसियरीज इन सैलेक्टेड सिटीज इन उत्तर प्रदेश विषय पर एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन सरस्वती परिसर स्थित लोकमान्य तिलक शास्त्रार्थ सभागार में 13 मार्च को पूर्वाह्न 10~00 बजे सुनिश्चित किया गया है। कार्यशाला के संयोजक डॉ आनंदानंद त्रिपाठी ने यह जानकारी देते हुए बताया कि कार्यशाला के मुख्य वक्ता प्रोफेसर रिपू सूदन सिंह, राजनीति शास्त्र विभाग, बाबा साहब भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय, लखनऊ होंगे तथा अध्यक्षता कुलपति प्रोफेसर सीमा सिंह करेंगी। कार्यशाला का समापन अपराह्न 3~00 बजे होगा।

जिसके मुख्य वक्ता प्रोफेसर मधुरेन्द्र कुमार, दीनदयाल उपाध्याय पीठ, इलाहाबाद केंद्रीय विश्वविद्यालय, प्रयागराज होंगे तथा अध्यक्षता प्रोफेसर एस कुमार, निदेशक, समाज विज्ञान विद्या शाखा, उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज करेंगे। आयोजन सचिव डॉ त्रिविक्रम तिवारी ने सभी छात्रों से उक्त कार्यशाला में उपस्थित रहने की अपील की है।

# रोहित यादव बने समाजवादी अधिवक्ता सभा के प्रदेश सचिव



**प्रयागराज।** फाफामऊ निवासी अधिवक्ता रोहित यादव को राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देशानुसार व प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल की अनुमति से समाजवादी पार्टी अधिवक्ता सभा के प्रदेश अध्यक्ष सिकन्दर यादव ने प्रदेश अधिवक्ता सभा में सचिव नामित किया। रोहित फाफामऊ इस से पहले युवजन सभा में महानगर महासचिव के पद पर रहकर कार्य कर रहे थे।

महानगर अध्यक्ष सैय्यद इफ्तेखार हुसैन, नगर महासचिव रवीन्द्र यादव रवि, जय भारत, अमित यादव, आशीष पाण्डेय , अमित श्रीवास्तव ,सौरभ यादव, राजेश शर्मा, राहुल पटेल, आलोक द्बबे , वीरेंद्र यादव, अरविंद द्बबे, जसकरन यादव, नागेन्द्र यादव आदि ने युवा व संघर्षशील तथा समाजवादी पार्टी का हमेशा झण्डा बुलन्द रखने वाले रोहित यादव को अधिवक्ता सभा प्रदेश कमेटी में सचिव पद पर मनोनीत किए जाने पर बधाई देते मुंह मीठा कराया।

# नए स्टेशन से रेल संचालन होगा बेहतर-राजीव श्रीवास्तव

## प्रधानमंत्री ने न्यू ऊंचडीह स्टेशन का किया वर्चुअली लोकार्पण

लोकमित्र ब्यूरो

**मेजा (प्रयागराज)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा मंगलवार को दिल्ली हावड़ा रेल मार्ग स्थित मांडा ऊंचडीह स्टेशन के मध्य न्यू ऊंचडीह स्टेशन का सुबह 9 बजे वर्चुअली लोकार्पण किया गया।नवनिर्मित स्टेशन पर रेल महकमे द्वारा एक आयोजन किया गया जिसमें दिघिया के जेनिथ चिल्ड्रेन एकेडमी के बच्चों ने स्वागत गीत सहित सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी है।कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना से हुई । यू के उपाध्याय द्वारा स्वागत गीत के माध्यम से मुख्य अतिथि का स्वागत किया गया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि समाजसेवी एवं पूर्व प्रधान दिघिया राम मिश्रा रहे।उन्होने कहा कि केंद्र सरकार की बहुमुखी विकास की कड़ीं में यह रेलवे स्टेशन है।इसके जरिए दिल्ली हावड़ा मुख्य रेल खण्ड के संचालन को गति मिलेगी।सहायक परियोजना



प्रबंधक राजीव श्रीवास्तव ने बताया कि न्यू ऊंचडीह रेलवे स्टेशन बन जाने से मालगाड़ियों का संचालन और बेहतर होगा।दीपक यादव कनिष्ठ परियोजना प्रबंधक द्वारा आए हुए समस्त गणमान्य व्यक्तियों का आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन यूके उपाध्याय ने किया।

विशिष्ट अतिथि चंद्रमणि द्विवेदी, एकेडमी के प्रबन्धक राकेश उपाध्याय, मोतीलाल यादव जिला पंचायत सदस्य मंचासीन रहे। रेलवे के अधिकारी जीजीएम ललित अनेजा द्वारा अतिथिगणों का अंग वस्त्र तथा माल्यार्पण द्वारा स्वागत किया गया। एसके गुप्ता उप परियोजना प्रबंधक रेलवे द्वारा जेनिथ चिल्ड्रेन एकेडमी विद्यालय के छात्रों को उपहार देकर सम्मानित किया गया आयोजन में मुख्य रूप से कमलाकांत उपाध्याय, विपिन पांडेय, दयाल शुक्ला, पप्पू पांडेय ,राजेश दुबे, सुब्बा लाल प्रजापति, संतोष तिवारी, बोली यादव, अमरचंद यादव सहित बड़ी संख्या में रेलवे कर्मचारी तथा क्षेत्रीय लोग मौजूद रहे।

# केरल की घटना की गूंज इलाहाबाद विश्वविद्यालय में

## छात्र की हत्या के खिलाफ एबीवीपी ने किया ज़ोरदार प्रदर्शन

लोकमित्र ब्यूरो

**प्रयागराज।** वायनाड के केरल में पशु चिकित्सा और पशु विज्ञान विश्वविद्यालय के पशु चिकित्सा विज्ञान और पशुपालन स्नातक द्वितीय वर्ष के छात्र सिद्धार्थ जेएस की मौत पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् के कार्यकर्ताओं ने एसएफआई के ख़िलाफ़ इलाहाबाद विश्वविद्यालय के छात्रसंघ भवन पर जमकर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन का पुतला दहन किया गया। कार्यकर्ताओं ने केरल सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और सरकार के मुर्दाबाद के नारे लगाएं। एबीवीपी इलाहाबाद विश्वविद्यालय के इकाई मंत्री आलोक त्रिपाठी ने बताया कि छात्र जेएस सिद्धार्थन केरल में पशु चिकित्सा विज्ञान के सेकंड ईयर का छात्र था। उसके साथ एक छात्र संगठन




से जुड़े बदमाशों ने मारपीट कर उसे मौत के घाट उतार दिया। उसके साथ कैंपस में रैगिंग की गई। इसमें एक छात्र संगठन से जुड़े बदमाश शामिल थे। इस तरह की घटना के बाद यूनिवर्सिटी में पढ़ने वाले छात्रों की सुरक्षा को लेकर भी सवाल खड़े होने लगे हैं। मामले में शामिल आरोपियों को कड़ी से कड़ी सजा देने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया गया। जिससे यूनिवर्सिटी में पढ़ने वाले छात्रों को बेहतर सुरक्षा देने की मांग की गई।

इस दौरान प्रयाग महानगर मंत्री सचिन सिंह राजकुमार, जाह्नवी कसेरा, आँचल सिंह, कार्तिकेय त्रिपाठी, आयुष्मान सिंह, आज़ाद मिश्रा, आशुतोष मिश्रा, आर्यन मिश्रा, अमर सिंह, प्रकाश सिंह, धीरज पांडेय, आंजनेय तिवारी आदि सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय महिला विभूतियों को किया गया सम्मानित

लोकमित्र ब्यूरो

**प्रयागराज।** द्वितीय राष्ट्रीय रचनात्मक महिला पुरस्कार शो में महिलाओं को उनके रचनात्मक कार्यों के लिए हर क्षेत्र में जहां उन्हें कामयाबी मिली, क्रिएटिव विमेंस अवार्ड 2024 से नवाजा गया।

कला क्षेत्र से राज्य ललित कला अकादमी उ. प्र. की निदेशक डॉ.श्रद्धा शुक्ला, प्रो.डॉ जूही शुक्ला (प्राचार्या), कलाकार मुक्ता गुप्ता (झारखंड),पद्मश्री डॉ.राज बवेजा (चिकित्सा), डॉ.सरोज ढींगरा (भरत नाट्यम), डॉ मालविका राव (मनोवैज्ञानिक), डॉ.साफिया सुहैल (स्त्री रोग विशेषज्ञ), समीरा फ़ैज़ (अभियोजन अधिकारी वाराणसी), अदिति डेका पाठक (दृश्यकलाकार, शोधकर्ता , गुवाहाटी असम), प्रो. सबीहा आज़मी (अंग्रेजी), सनूबर इदरीस, शाहनाज़




मरियम, सबा बानो और दिल्ली से कश्फ़ी शमआइल (सेलिब्रिटी एंकर), शारदा सिंह, शेख नशरह इस्लाम, अल्पना सरकार, रिजवाना अली, किरण चावला, मरियम तारिक उस्मानी, साजिया रहमान, कैरून निशा शबरी आदि को क्रिएटिव वूमेंस अवार्ड- 2024 से पुरस्कृत व सम्मानित किया गया। सर्वप्रथम अकादमी कलाकार रवीन्द्र कुशवाहा एवं वरिष्ठ कलाकार तलत महमूद को स्टार गेस्ट के रूप में पुष्पा गुच्छ स्मृति चिन्ह से सम्मानित किया गया। सभी विभूतियों ने खानम आर्ट गैलरी की निदेशक डॉ.जाहेदा खानम की हृदय से सराहना की।

# सरकार ने शिक्षा विकास के लिए किए बेहतर प्रयास -डॉ के पी श्रीवास्तव

## खण्ड विकास अधिकारी ने पंचायतों व शिक्षा विभाग के संयोजन पर दिया जोर

लोकमित्र ब्यूरो

**मेजा (प्रयागराज)।** विकास खण्ड मेजा की ब्लॉक स्तरीय शिक्षा उन्मुखीकरण कार्यशाला विष्णु वाटिका गेस्ट हाउस पौसिया में संपन्न हुई। उन्मुखीकरण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधान परिषद सदस्य डॉ के पी श्रीवास्तव रहे। विशिष्ट अतिथि ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि गंगा प्रसाद मिश्र की उपस्थिति में आयोजन संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि विधायक डॉ के पी श्रीवास्तव ने उत्तर प्रदेश व केंद्र सरकार द्वारा संचालित हो रही विभिन्न शैक्षणिक योजनाएं, डीबीटी के माध्यम से आवंटित धनराशि के सत प्रतिशत प्रेषण व उसके समग्र उपयोग, नई शिक्षा नीति तथा निपुण भारत मिशन के बारे में बताया। ऑपरेशन कायाकल्प के माध्यम से परिषदीय विद्यालयों को शैक्षिक अधिगम का उत्कृष्ट संस्थान बनाए जाने के प्रति सभी के सक्रिय प्रयासों की सराहना की है। विशिष्ट अतिथि ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि गंगा



प्रसाद मिश्र ने कहा कि पंचायत लगातार स्कूलों का विकास कर रही है, मेरे द्वारा जल्द ही बी आर सी मेजा का सभागार का आधुनिकरण किया जाएगा।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती वंदना व दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। सरस्वती वंदना और स्वागत गीत स्कूली बच्चो द्वारा प्रस्तुत किया गया। सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह व अंगवस्त्र भेंटकर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम की शुरुआत खंड शिक्षा अधिकारी कैलाश सिंह ने कार्यक्रम के उद्देश्य ,आवश्यकता तथा डीबीटी के माध्यम से सीधे सुविधा हस्तांतरण, निपुण भारत, मिशन 19 पैरामीटर की जानकारी ऑपरेशन कायाकल्प की जानकारी देते हुए ग्राम प्रधानों, जनप्रतिनिधियों एसएमसी अध्यक्षों व जन समुदाय के व्यापक सहयोग की आवश्यकता व महत्व के बारे में सभी को बताया। कार्यशाला का संचालन प्राथमिक शिक्षक संघ अध्यक्ष मनीष तिवारी ने किया।आयोजन में सहायक पंचायत विकास अधिकारी अखिलेश तिवारी पूर्व ब्लॉक प्रमुख मुन्नन शुक्ल पत्रकार महासंघ प्रभाशकर ओझा रमेश मिश्र, प्रधान नेवढ़िया दिलीप बिंद,प्रधान अमौरा विक्रमा सिंह,प्रधान सिरहिर सुषमा सिंह प्रधान भसुंदर सोनू पटेल, प्रधान धरावल, प्रधान कोना शशिकांत पांडेय प्रधान पौसिया दुबे दया शंकर,प्रधान पूजा यादव सूर्यबली सिंह कन्हैया लाल पांडेय अनामिका पांडेय, बी के मिश्र, सौम्या सिंह,संगीता, रागिनी वर्मा,शैलजा सिंह रेणुका उपाध्याय, मांडवी दुबे,हसन अब्बास मो हसीब सिद्दीकी, गोपाल यादव,गिरीश तिवारी, कमला कांत पांडेय बैकुंठ गिरी आदि कई प्रधान विद्यालय प्रबन्ध समिति के अध्यक्ष प्रधानाध्यापक उपस्थित रहे।

# भाभी के साथ सिविल लाइंस घूमने आई ननंद प्रेमी के साथ हुई फुर्र

**प्रयागराज।** मऊआइमा से अपनी भाभी के साथ सिविल लाइंस घूमने आई एक युवती रहस्यमय परिस्थिति में गायब हो गई। युवती की भाभी ने सिविल लाइंस में अपहरण का केस दर्ज कर लिया। पुलिस ने जांच की तो पता चला कि वह अपने प्रेमी के साथ भागी थी। पुलिस ने युवती को बरामद कर लिया है। मऊआइमा की युवती अपनी ननद के साथ दवा लेने सिविल लाइंस आई थी। युवती ने अपनी भाभी से कहा कि वह मंदिर घूम कर आती है। इसके बाद से उसका पता नहीं चला। इस बीच एक अंजान नंबर से कॉल करके एक युवक ने कहा कि युवती उसके पास है। उसने होलागढ़ मिलने के लिए बुलाया। परेशान महिला ने सिविल लाइंस में एफआईआर दर्ज कराई। पुलिस ने युवती को बरामद कर लिया। पुलिस का कहना है कि उसका मेडिकल और बयान के आधार पर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# महाकुंभ से पूर्व सुदृढ़ होगी श्रृंगवेरपुर धाम की व्यवस्था-विजय किरन आनन्द

**प्रयागराज।** जनपद के प्रसिद्ध पौराणिक पर्यटक तीर्थस्थली निषादराज की नगरी श्रृंगवेरपुर धाम की व्यवस्थाओं को आगामी महाकुंभ मेला के दृष्टिगत सुदृढ़ किया जाएगा। इसमें बिजली, पानी, शौचालय, महिलाओं के वस्त्र बदलने के स्थान के साथ ही साफ सफाई जैसी चीजें शामिल हैं। स्वच्छता के लिए कर्मचारियों की नियुक्ति की जाएगी। उक्त बातें कुंभ मेला अधिकारी विजय किरन आनंद ने श्रृंगवेरपुर धाम के स्थलीय निरीक्षण के दौरान कहीं। इतना ही नहीं, निरीक्षण के पश्चात तत्काल उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश भी दिए। कुंभ मेला अधिकारी ने सर्वप्रथम निषादराज पार्क उसके पश्चात श्रृंगवेरपुर धाम मां भगवती गंगाजी के पावन तट का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने पौराणिक स्थल की समस्याओं को गंभीरता से लिया



और वहां मौजूद लोगों को आश्वासन दिया कि महाकुंभ मेला से पहले यहां की समस्त समस्याओं का निस्तारण करने का प्रयास किया जाएगा ताकि स्नानार्थियों और पर्यटकों को किसी प्रकार की दिक्कत न हो। वहां मौजूद रामायण मेला आयोजन समिति के सदस्यों और पदाधिकारियों ने भी कुंभ मेला अधिकारी को विस्तार से समस्याओं की जानकारी दी। रामायण मेला आयोजन समिति श्रृंगवेरपुर के पदाधिकारियों ने वहां पहुंचने पर कुंभ मेला अधिकारी का स्वागत करते हुए उन्हें स्मारिका भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी सुश्री अपराजिता सिंह, यूपीपीसीएल के परियोजना प्रबंधक राजेश कुमार शर्मा, रामायण मेला आयोजन समिति के संयुक्त मंत्री अमित द्विवेदी समेत संबंधित कर्मचारी व स्थानीय जन उपस्थित रहे।

# वेद को न मानने वाला नास्तिक होता है- राघवाचार्य

लोकमित्र ब्यूरो

**होलागढ़ ( प्रयागराज )।** भगवान को न मानने वाला ही नहीं बल्कि वेद को न मानने वाला नास्तिक होता है। उक्त बात चांटी में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के चतुर्थ दिन कथा व्यास डाक्टर स्वामी राघवाचार्य जी महराज ने कही।बताया कि सुकदेव भगवान ने राजा परीक्षित को महाराज मनु शतरूपा, श्रद्धा विश्वास,आस्तिक नास्तिक सहित भगवान के विभिन्न अवतार को बताते हुए कहा कि



भगवान धरा पर अवतार दया, धर्म सहित लोगों का कल्याण करने के लिए लेते हैं। कथा के अंत में भगवान श्रीकृष्ण के जन्म को विस्तार से बताया। मुख्य यजमान पूर्व प्रधान मंगला प्रसाद शुक्ल सपत्नीक एवं माता प्रसाद शुक्ल रहे।कार्यक्रम व्यवस्थापक प्रधान प्रतिनिधि हर्ष मणि शुक्ल और अंकित शुक्ल ने कथा भक्तों का स्वागत अभिनंदन किया। कथा में भाजपा नेता कन्हैया लाल पांडेय,शिव प्रसाद मिश्र प्रधानपति चंद्र मणि शुक्ल,अमर नाथ डूबे, जनार्दन प्रसाद शुक्ल,पवन शुक्ल ,राजेश शुक्ल एवं निशु पांडेय,स्वेत त्रिपाठी,मिंशू पांडेय,प्राची मिशा,सोनम मिश्रा सहित दर्जनों महिलाएं मौजूद रहीं।

# सिलेंडर फटने से दुकान जलकर राख,हजारों का नुकसान



**होलागढ़ (प्रयागराज)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के तरती भीटा स्थित एक गोमती की दूकान में सिलेंडर फटने से आग लग गई। जिससे हजारों का नुकसान हो गया। ओढ़रा निवासी सालिक राम पटेल पुत्र स्व. राम सुमेर के चाय पान समोसा की दूकान में मंगलवार को मध्याह्न एकाएक सिलेंडर फटने से आग लगी।समोसा बनाते समय आग लगते ही दुकानदार और अन्य लोग बाहर निकल गए। देखते ही देखते दूकान में रखा दो भरा सिलेंडर फट गया।जबकि एक तीसरा खाली सिलेंडर बच गया।बताया गया कि दूकान में रखा 17 हजार नगद,दस हजार का मसाला,गोमती ,छान,दो तखत,कुर्सी,बेंच और दूकान के अन्य सामान आदि जलकर राख हो गया।आग हाइवे में काम करने वाले पानी के टैंकर और अग्नि शमन की गाड़ी ने बुझाया।मौके की जांच पुलिस और गैस एजेंसी के कर्मियों ने किया।

# एसडीएम से नाराज किसानों ने तहसील के सामने सड़क किया जाम



**लोकमित्र ब्यूरो**
**चायल, कौशाम्बी।** भारतीय किसान मजदूर संयुक्त यूनियन के दर्जनों कार्यकर्ता मंगलवार की दोपहर किसानों की समस्याओं का एक ज्ञापन देने तहसील परिसर पहुंचे। कार्यालय के बाहर खड़े किसान ज्ञापन देने के लिए एसडीएम का इंतजार करते रहे। एसडीएम के कार्यालय से बाहर न निकलने पर किसान आक्रोशित हो गए। दर्जनों किसान मनौरी-तिल्हापुर मोड़ मुख्य मार्ग पर पहुंचकर नारेबाजी करते हुए जाम कर दिया।मौके पर पहुंचे इंस्पेक्टर बृजेश करवरिया के समझाने के बाद किसानों का गुस्सा शांत हुआ। सड़क पर पहुंचे नायब तहसीलदार को किसानों ने समस्याओं का ज्ञापन सौंपा।

भारतीय किसान मजदूर संयुक्त यूनियन के दर्जनों कार्यकर्ता मंगलवार को किसानों की समस्याओं को लेकर तहसील परिसर में इकट्ठा हुए। जिलाध्यक्ष नरेंद्र कुमार पांडेय ने बताया कि उनकी मांग थी कि तहसील चायल के सभी नगर पंचायत एवं नगर पालिका परिषद व ग्राम सभाओं में पवित्र माह रमजान व होली को देखते हुए साफ-सफाई एवं स्वच्छ जल की व्यवस्था कराई जाए और बिजली समय से उपलब्ध कराई जाए। तहसील चायल में फायर ब्रिगेड की गाडियों की व्यवस्था नहीं है। गर्मी में किसानों की फसल में आग लगने पर फायर ब्रिगेड के आने तक फसल राख हो जाती है। इसलिए चायल तहसील में फायर ब्रिगेड कर्मियों की व्यवस्था की जाए। तहसील क्षेत्र के गांवों में खराब पड़े हैण्ड पम्पों की मरम्मत तत्काल प्रभाव से कराई जाए। ग्राम कमालपुर में सोमदत्त मिश्रा के घर के समीप हैण्डपम्प काफी दिनों से खराब पड़ा है। कई बार इसकी शिकायत की गई। पर, अभी तक दुरुस्त नहीं कराया गया। तहसील इलाके में बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि से सभी तरह की फसलों को अत्याधिक नुकसान हुआ है। दलहन व सब्जियों की फसल लगभग नष्ट हो चुकी है। इसके बाद भी तहसील के राजस्व कर्मचारियों ने अभी तक जांच नहीं किया है। राजस्व विभाग से तत्काल प्रभाव से जांच कराकर गरीब किसानों को नष्ट फसलों के लिए सहायता राशि दिलाई जाए। तहसील चायल के गांवों में बिजली के मीटर काफी संख्या में बंद पड़े हैं। जिससे किसानों का बिल गलत तरीके से अत्याधिक आ रहा है। कई बार शिकायत के बाद भी कार्रवाई नहीं की गई। नगर पंचायत चायल में आशा बहनों के न होने के कारण गर्भवती महिलाओं को प्रसव के दौरान बहुत ही दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है और टीकाकरण भी नहीं हो पा रहा है। इन्हीं समस्याओं का ज्ञापन देने के लिए किसान नारेबाजी करते हुए एसडीएम कार्यालय के बाहर पहुंचे। बाहर निकलकर ज्ञापन न लेने से किसान नाराज हो गए। उन्होंने मनौरी-तिल्हापुर मोड़ मार्ग को जाम कर दिया। जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंचे इंस्पेक्टर बृजेश करवरिया ने किसानों को समझाकर जाम खुलवाया। इस दौरान लगभग दस मिनट तक किसान सड़क पर बैठे रहे। सड़क पर पहुंचे नायाब तहसीलदार सौरभ सिंह को किसानों ने छह सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। किसान संगठन ने अधिकारियों को चेतवानी देजे हुए कहा है कि अगर किसानों की समस्याओं का समय से निस्तारण नहीं किया गया तो वह लोग धरना प्रदर्शन करने को बाध्य होंगे। इस मौके पर यशवंत सिंह राठौर, भरत जी, नन्हे तिवारी, रमेश कुमार, रमा देवी, शांति देवी और कमलेश कुमार आदि किसान मौजूद रहे।

## एसपीएल क्रिकेट टूर्नामेंट का हुआ उद्घाटन



**लोकमित्र ब्यूरो**
**कौशाम्बी।** शमसाबाद प्राइमर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट का कल से पीतल नगरी शमसाबाद में भव्य रूप से आशीष पाण्डेय वा नीरज कसेरा द्वारा फीता काट कर वा हनुमान जी के मन्दिर प्रांगण मे प्रसाद चढ़ा उद्धघाटन कर शुरुवात किया गया है जिसमे कल पहला मैच देवखरपुर और शमसाबाद के बीच में खेला गया मैच बडा ही रोमांस वाला दोनो टीमों के खिलाड़ियों द्वारा खेला गया जिसमें शमसाबाद टीम अपने तीन विकेट शेष रहते ही जितने के लिए निर्धारित 114 रनों के लक्ष्य को हासिल कर पहला मैच अपने नाम कर जीत हासिल किया टीम के अध्यक्ष गोलू यादव, ठाकुर दुर्गेश सिंह, तिवारी जी, आर्यन ने बताया एसपीएल टूर्नामेंट में इनाम का खास तोहफ खिलाड़ियों को दिया जाएगा।

# पत्नी वियोग में सफाई कर्मी ने फांसी लगाकर की खुदकुशी

## पत्नी के मायके से न आने पर उठाया आत्मघाती कदम



**लोकमित्र ब्यूरो**
**पश्चिम शरीरा, कौशाम्बी।** पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र के चांदेराई गांव में सोमवार की रात पत्नी के मायके से ससुराल न आने के वियोग में एक सफाई कर्मी अपने ही घर में फांसी के फंदे में झूल कर खुदकुशी कर ली सफाई कर्मी की मौत की खबर से उसके पूरे परिवार में कोहराम मचा हुआ है सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने फौरी तौर पर जांच पड़ताल करने के बाद शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया प्राप्त जानकारी के मुताबिक पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र के चांदेराई गांव निवासी भैया लाल पुत्र भवानीदीन सफाई कर्मी के पद पर करारी थाना क्षेत्र के एक गांव में मुलाजिम है उसकी अपनी पत्नी से किसी बात को लेकर काफी दिनों से विवाद चल रहा था इसी विवाद के चलते कुछ दिन पहले उसकी पत्नी अपने मायका कौशांबी थाना क्षेत्र के गढ़वा गांव चली गई कुछ दिन बीत जाने के बाद वह अपनी पत्नी को वापस आने के लिए मनाता रहा इसी के चलते सोमवार को वह अपनी ससुराल गढ़वा गांव पत्नी को बुलाने गया हुआ था लेकिन उसकी पत्नी उसके साथ वापस नहीं आई शाम को गुमसुम वह अपने घर के कमरे में जाकर दरवाजा बंद कर लिया रात करीब 9 बजे उसका बड़ा भाई प्रेमचंद खाना खाने के लिए दरवाजा खटखटाया तो अंदर से आवाज ना आने पर वह जोर-जोर से चिल्लाने लगा उसकी आवाज सुनकर पास पड़ोस के लोग इकट्ठा हो गए और कुछ लोग मिलकर बंद दरवाजे में जोर से धक्का दिया तो दरवाजा खुल गया अंदर जाकर देखा तो सफाई कर्मी भैया लाल उम्र 38 वर्ष फांसी के फंदे में झूल रहा है आनन-फानन में उसे फांसी के फंदे से उतारकर नजदीक के एक अस्पताल ले गए जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया इसी बीच सूचना पाकर स्थानीय पुलिस भी मौके में पहुंच गई तथा घटना के संबंध में जानकारी लेने के बाद शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया उधर सफाई कर्मी की मौत से उसके परिवार जनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

## जयकरन जिद्दी को किया गया सम्मानित



**लोकमित्र ब्यूरो**
**कौशाम्बी।** रामोत्सव आयोध्या मे प्रोग्राम भक्तो गणो मन मुग्ध कर दिये अन्य कलाकार मुख्य कला कार जयकरन जिद्दी व काजल कोकिला दिनेश कुमार राजू प्रवेन्द्रर राजू मौजूद थे।

## कौशाम्बी मेडिकल प्रोफेशनल एसोसिएशन पदाधिकारियों ने सौंपा ज्ञापन



**लोकमित्र ब्यूरो**
**कौशाम्बी।** कौशाम्बी मेडिकल प्रोफेशनल एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ0 विनय कुमार शुक्ला ने अपने चिकित्सा पदाधिकारियों के साथ मिलकर नर्सिंग होम के नवीनिकरण के संबंध में सांसद राज्यसभा एवं पूर्व उपमुख्यमंत्री डॉ0 दिनेश शर्मा को नर्सिंग होम के नवीनीकरण को 5 वर्षो में कराने के लिए ज्ञापन दिया गया। जिसमें डॉक्टर दिनेश शर्मा ने गंभीरता से विचार करते हुए आश्वासन दिया कि मैं इस बात को शासन तक पहुंचाऊंगा। डॉ0 शुक्ला ने यह बताया कि जिस प्रकार मध्य प्रदेश राजस्थान एवं अन्य कई प्रदेशों में 5 वर्ष में नवीनीकरण की सुविधा है ठीक उसी प्रकार उत्तर प्रदेश सरकार भी हम लोगों को भी 5 वर्ष के नवीनीकरण की व्यवस्था दें। उपस्थित चिकित्सकों में डाक्टर मो वसीम अहमद, डाक्टर गुप्ता, डाक्टर इकरार अहमद, जाबिरअली, डाक्टर नईम अहमद, डाक्टर पी के पटेल,डाक्टर ओ पी गुप्ता आदि चिकित्सक मौजूद रहें।

## अंतरराष्ट्रीय धाविका को जिलाधिकारी ने किया सम्मानित



**कौशाम्बी।** अंतरराष्ट्रीय धाविका कुमारी सुनीता सरोज ने लखनऊ में सम्पन्न हुई अंडर -20 नेशनल एथलेटिक चैंपियनशिप में 5000 मीटर रेस में रजत पदक जीतकर कौशाम्बी जनपद का नाम रोशन किया। साथ ही सुनीता देवी ने यूएई में होने वाली एशियाई एथलेटिक चैंपियनशिप में क्वालीफाई करने पर कौशाम्बी जिलाधिकारी द्वारा सम्मानित भी किया गया सुनीता देवी इस समय स्पोर्ट्स स्टेडियम टेवां कौशाम्बी में प्रैक्टिस कर रही हैं इस अवसर पर जिला क्रीड़ा अधिकारी रवि कुमार शर्मा खेलो इंडिया प्रशिक्षक संदीप कुमार एवं स्टेडियम में प्रशिक्षण ले रहे खिलाड़ी सुनीता के इस प्रदर्शन से काफी खुश हैं।

# आपसी प्रेम भाव के साथ मनाएं पर्व- इंस्पेक्टर विनीत सिंह



**लोकमित्र ब्यूरो**
**सरांय अकिल, कौशाम्बी।** थाना सराय अकिल परिसर मे प्रभारी निरीक्षक विनीत सिंह ने लोक सभा चुनाव, रमजान आगामी त्यौहार होलिका उत्सव कों लेकर मंगलवार को कस्बे और क्षेत्र के संभ्रांत व्यक्तियों के साथ थाना परिसर में बैठक की। बैठक के दौरान उन्होंने त्योहार को शांतिपूर्ण तरीके से मनाने की लोगों से अपील की।

लोकसभा चुनाव 2024 के दौरान होने वाले आगामी पर्व होली व रमजान को लेकर थाना परिसर में कस्बे के संभ्रांत लोगों के साथ में ग्राम प्रधान व सभासदों , ग्राम चौकीदार के साथ बैठक की। इसी दौरान उन्होंने त्यौहार को शांतिपूर्ण तरीके मिलजुल कर मनाने की लोगों से अपील की। साथ ही इंस्पेक्टर विनीत ने कहा कहा की होलिका दहन होने वाली जगह को के ऊपर न ही बिजली की तार हो और न ही आसपास छप्पर हों ऐसी जगहों को चिन्हित कर उप जिलाधिकारी से अनुमति प्राप्त करने के बाद कार्यक्रम का आयोजन करें। साथ ही अवैध शराब, स्पिरिट, अवैध मादक पदार्थ बनाने एवं बेचने वालों की सुचना आप तत्काल पुलिस को दे साथ हि उन्होने पुर्व में हुए विवादों एवं बाहर से आए लोगों के द्वारा त्यौहार में शांति व्यवस्था खलल डालने वालों की सूचना डायल 112 में गोपनीय सुचना तुरंत देने की बात कहीं। साथ ही प्रत्येक मंदिर, मस्जिदों में सीसीटीवी कैमरे जल्द से जल्द लगवाने की अपील की। साथ ही बैठक के दौरान उन्होंने कहा त्यौहार में शांति व्यवस्था भंग करने वालों पर ड्रोन कैमरे के साथ-साथ हमारी पुलिस फोर्स चप्पे चप्पे पर मौजूद होकर ऐसे लोगों पर सख्त नजर रख रही है। अगर ऐसा कोई भी पाया जाता है। तो उसे चिन्हित कर सख्त कार्रवाई की जाएगी। साथ ही उन्होंने निशुल्क हेल्पलाइन नंबर जैसे 112, 1076, 1098, 181, 1930, 108, 102 नंबरों के विषय में जानकारी दी। आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर लोगो के पास रखे गए लाइसेंसी असलहों की जानकारी देते हुए थानासराय अकिल जमा करने के लिए अवगत कराया। साथ ही इंस्पेक्टर विनीत ने कहा होली पर्व पर किसी ने भी माहौल बिगाड़ने की कोशिश किया। तो उसको बक्शा नही जायेगा उसके खिलाफकड़ी कार्यवाही की जाएगी।

## बीआरसी सिराथू में नोडल शिक्षकों के द्वितीय चरण के प्रशिक्षण का हुआ शुभारंभ



**लोकमित्र ब्यूरो**
**कौशाम्बी।** उच्च न्यायालय के आदेशों के क्रम में समेकित शिक्षा के अंतर्गत दिव्यांग बच्चों की समावेशी शिक्षा हेतु नोडल शिक्षकों के द्वितीय चरण के प्रशिक्षण का शुभारंभ खंड शिक्षा अधिकारी सिराथू नीरज कुमार द्वारा सरस्वती प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलन के पश्चात किया गया। प्रशिक्षण में परिषदीय विद्यालयों के 96 नोडल शिक्षकों द्वारा प्रतिभाग किया गया। प्रशिक्षण में पुष्पेंद्र सिंह स्पेशल एजुकेटर के द्वारा दिव्यांग बच्चों हेतु शिक्षक की प्रविधियां, कक्षा कक्ष प्रबंधन, पाठ सहगामी क्रियाएं,एवं अधिगम के लिए सार्वभौमिक अभिकल्प तथा समर्थ मोबाइल ऐप के बारे में जानकारी दी गईद्य प्रशिक्षण में दीपेंद्र श्रीवास्तव बृजेश चौधरी के द्वारा सभी प्रकार की दिव्यांगताओ के कारण व बचाव तथा होम बेस्ड एजुकेशन के बारे में प्रकाश डाला गया द्य साथ ही छेदी लाल स्पेशल एजुकेटर के द्वारा बौद्धिक दिव्यंगता से ग्रसित बच्चों की शैक्षिक गतिविधियों पर प्रकाश डाला गयाद्य प्रशिक्षण में समस्त बीआरसी स्टॉफउपस्थित रहे।

# प्रभारी निरीक्षक महिला थाना ने महिलाओं व छात्राओं को किया जागरूक



**लोकमित्र ब्यूरो**
**कौशाम्बी।** पुलिस अधीक्षक व अपर पुलिस अधीक्षक तथा क्षेत्राधिकारी मंझनपुर के कुशल निर्देशन मे प्रभारी निरीक्षक महिला थाना मय हमराह एंटीरोमियो टीम द्वारा एंटीरोमियो चेकिंग की गई तथा शक्ति दीदी, मिशन शक्ति के तहत स्कूल के समय भ्रमणशील रहकर महिलाओ और बालिकाओ को साइबर अपराध व महिला सशक्तिकरण के लिए शासन द्वारा चलाए गए सभी हेल्पलाइन नंबर को विस्तृत तरीके से समझा कर तथा मतदान के प्रति जागरूक किया गया और मिशन शक्ति, नारी शक्ति, नारी सम्मान, नारी सुरक्षा, नारी स्वावलंबन, अभियान के तहत हेल्पलाइन नंबर 112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 1076 माननीय मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 1090 वीमन पावर हेल्पलाइन, 102 स्वास्थ्य सेवा, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन 1930,साइबर अपराध हेल्पलाइन, 181 महिला हेल्पलाइन और महिला हेल्पडेस्क,एंटीरोमियो टीम के कार्य तथा थाना के सीयूजी नंबर के बारे में विस्तृत जानकारी देकर जागरूक किया।

पुलिस अधीक्षक व अपर पुलिस अधीक्षक तथा क्षेत्राधिकारी चायल तथा थाना प्रभारी के कुशल निर्देशन मे शक्ति दीदी ,मिशन शक्ति के तहत महिला कांस्टेबल प्रियंका सिंह ,महिला कांस्टेबल पूनम के द्वारा स्कूल के समय भ्रमणशील रहकर महिलाओ और बालिकाओ को साइबर अपराध व महिला सशक्तिकरण के लिए शासन द्वारा चलाए गए सभी हेल्पलाइन नंबर को विस्तृत तरीके से समझा कर तथा मतदान के प्रति जागरूक किया गया और मिशन शक्ति, नारी शक्ति, नारी सम्मान, नारी सुरक्षा, नारी स्वावलंबन, अभियान के तहत हेल्पलाइन नंबर 112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 1076 माननीय मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 1090 वीमन पावर हेल्पलाइन, 102 स्वास्थ्य सेवा, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन 1930,साइबर अपराध हेल्पलाइन, 181 महिला हेल्पलाइन और महिला हेल्पडेस्क,एंटीरोमियो टीम के कार्य तथा थाना के सीयूजी नंबर के बारे में विस्तृत जानकारी देकर जागरूक किया।

## भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक ने सौंपा ज्ञापन

**कौशाम्बी।** भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के पदाधिकारी ने जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन के माध्यम से उन्होने अवगत कराया है कि प्रत्येक माह की 17 तारीख को जनपद मुख्यालय पर होने वाली भा0कि0यू0 (अराजनैतिक) की मासिक बैठकों में जिला प्रशासन को निम्नांकित समस्याओं से ज्ञापन के माध्यम से अवगत कराया जाता रहा है एवं निस्तारण की मांग की जाती रही है किन्तु अब तक कोई समाधान नहीं हुआ। यह कि शव विच्छेदन गृह पोस्टमार्टम हाउस का डी फ्रीजर काफी दिनों से खराब है भीषण गर्मी आ रही है शव बिल्कुल खराब हो जायेगें बनवाया जाये। नलकूप कनेक्शन का विद्युत उपकरण (क्लैम्प) वर्षो से किसानों को नहीं दिया जा रहा है, दिलाया जाये देरी का कारण बताया जाये। जिलाधिकारी के माध्यम से भा0कि0यू0 ने रामगंगा कमाण्ड फतेहपुर से 3 वर्षो में कराये गये कार्यो की जानकारी मांगी थी जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी के साथ वार्ता में शीघ्र अभिलेख देने की बात हुई थी आज तक कुछ नहीं हुआ। मंझनपुर तहसील जजौली का गजराज कार्यकर्ता का भूमि सम्बन्धी प्रकरण शीघ्र समाधान कराया जाये। सरकारी नलकूप का वर्कशाप जो बधाडा प्रयागराज (इलाहाबाद) से संचालित है मंझनपुर मुख्यालय पर स्थापित किया जाये। चायल तहसील का भूमि विकास बैंक प्रयागराज से चायल तहसील स्थानान्तरित कराया जाये। 7. जनपद के विद्युत उपभोक्ताओं के मीटर सही कराया जाये बिल जमा करने के बाद बिल पुनः जुड़कर आता है। निचली रामगंगा कमाण्ड जजौली कैनाल से आने वाली नहरों की रजबहा की सिल्ट सफाई की जांच करायी जाये। पुलिस द्वारा कार्यकर्ताओं का उत्पीड़न बंद कराया जाये। नगर पंचायतों से कस्बों से होकर गुजरने वाली भारी वाहनों को बगल के बाई पास रोडों से निकाला जाये जिससे जाम और दुर्घटना से बचाया जा सके। ऐसी ही तमाम मांगे ज्ञापन में शामिल किया गया है।

# हर कर्म रिकार्ड हो रहा भगवान के सीसीटीवी कैमरा में-देवी अनुपमा




**लोकमित्र ब्यूरो**
**करारी, कौशाम्बी।** गुवारा में हो रही श्रीराम कथा के तीसरे दिन मंगलवार को प्रयागराज से आई देवी अनुपमा रामायणी ने भगवान श्रीराम की बाललीला का बखान किया। राम कथा के दौरान उन्होंने बताया कि भगवान श्रीराम का जन्म अवध नरेश राजा दशरथ के यहां हुआ। श्रीराम अति सुंदर थे। उनको देखते ही मन लुभा जाता था। राजा दशरथ और रानी कौशल्या के प्रेम में वशीभूत होकर श्री राम पवित्र बाल लीला करते थे। कथा के क्रम में उन्होंने कहा कि एक बार माता कौशल्या ने श्रीराम को स्नान और श्रृंगार करा कर झूला पर सुला दिया और स्वयं स्नान कर अपने कुलदेव की पूजा कर नैवेद्य भोग लगाकर पाक गृह गई। जब वह पुनरू लौट कर पूजा स्थल पर आई तो उन्होंने देखा कि देवता को चढ़ाए गए नैवेद्य शिशुरूपी भगवान राम भोजन कर रहे हैं। जब उन्होंने झूला पर जाकर देखा तो वहां भी उन्होंने श्री राम को झूले पर सोते पाया। इस तरह पूजा स्थल और झूला के पास उन्होंने कई चक्कर लगाया और दोनों जगह पर उन्होंने श्रीराम को पाया। इस दृश्य को देखकर कौशल्या डर गई और कांपने लगी। माता की अवस्था देख श्री राम ने माता को अपना अद्भुत रूप दिखाया।

उन्होंने दिखलाया कि उनके एक-एक रोम में करोड़ों ब्रह्मांड लगे हुए हैं। भगवान का विराट रूप देखकर कौशल्या माता प्रफुल्लित हो गई और आंखें मूंदकर भगवान के चरणों पर गिर पड़ी। भगवान श्रीराम ने माता को बहुत समझाया और कहा कि हे माता यह बात आप किसी से ना कहेंगी। उन्होंने कहा कि राम कथा का आनंद तभी है, जब वक्ता और श्रोता दोनों सुर, लय, ताल मिलाकर कथा का रसपान करें। प्रेम प्रकट हो जाए तो परमात्मा खुद प्रकट हो जाएंगे। कहा कि सिद्ध होने की आवश्यकता नहीं है, शुद्ध होने की जरूरत है। इस मौके पर कथा वाचिका ने कहा कि भगवान के सीसीटीवी कैमरे से डरिए। उनका कैमरा हर जगह लगा। जिसमें हमारे सारे कर्म रिकॉर्ड हो जाते हैं। इसलिए अपने कर्म पर हमेशा ध्यान रखना चाहिए।

# वर्तमान सपा विधायक ने की कैंसर पीड़ित की मदद

## मेरी विधानसभा के लोग मेरा परिवार है- इंद्रजीत सरोज




**लोकमित्र ब्यूरो**
**चम्पहा बाजार, कौशाम्बी।** सदर विधायक इंद्रजीत सरोज ने सरसंवा ब्लाक के ग्राम पंचायत बरौली निवासी सुखलाल पुत्र स्व. पूर्रा काफी दिनों से कैंसर से पीड़ित था सुखलाल का इलाज कई प्राइवेट अस्पतालो से इलाज विगत कई महीनो से चल रहा था । पीड़ित सुखलाल की आर्थिक स्तिथ काफी कमजोर थी पीड़ित सुखलाल अपने ग्राम प्रधान राजू सरोज के पास गया ।अपने बीमारी की विस्तृत जानकारी दी तब राजू सरोज ने सदर विधायक इंद्रजीत सरोज के पास पीड़ित ब्यक्ति की मुलाकात करवाई कैंसर पीड़ित व्यक्ति की दैनीय स्थित को देखते हुए उसके तत्काल अच्छी तरीके इलाज के लिए दो लाख बीस हजार रूपए अपने निधि के अंतर्गत स्वविकृति किया। और जैसे ही कैंसर पीड़ित सुखलाल को सदर विधायक का सहयोग मिला तो उसके चेहरे मे खुशी दिखी, जैसे ही विधायक की धनराशि मिलने पर सुखलाल बनारस पहुँच कर अपना इलाज शुरू किया। कैंसर पीड़ित सुखलाल का इलाज बनारस के कैंसर अस्पताल मे चल रहा।

# चौरसिया जन चेतना यात्रा का कौशाम्बी पहुँचने पर हुआ स्वागत



**लोकमित्र ब्यूरो**
**बेनीराम कटरा, कौशाम्बी।** अखिल भारतीय आदर्श चौरसिया महासभा के प्रदेश अध्यक्ष रिशी चौरसिया के नेतृत्व मे 01 मार्च से चौरसिया समाज की एकता एवं जागरूकता हेतु शुरू की गयी चौरसिया जन चेतना रथ यात्रा प्रदेश के बिभिन्न जिलों से घूमती हुई कौशाम्बी जनपद पहुंची। जिसका अखिल भारतीय आदर्श चौरसिया महासभा के जिलाध्यक्ष झल्लर प्रसाद चौंरसिया के नेतृत्व मे जिले के पदाधिकारियों एवं समाज के गणमान्य लोगो द्वारा ओसा चौराहा पर स्थित पेट्रोल पम्प पर यात्रा मे शामिल सभी पदाधिकारियों व लोगो का माल्यार्पण कर व पुष्प गुछ देकर जोरदार स्वागत व अभिनन्दन किया गया स तदुपरान्त सभी लोगो को जलपान कराया गया। इस अवसर पर यात्रा का नेतृत्व कर रहे प्रदेश अध्यक्ष रिशी चौरसिया ने कहा कि सम्पूर्ण उत्तर प्रदेश मे हमारी 50 लाख के ऊपर जनसंख्या है पर समाज मे जागरूकता का आभाव होने के कारण हम अपनी एकता का प्रदर्शन नहीं कर पाते जिसका खामियाजा समाज भोग रहा है, हमारा समाज सदैव ही देश सेवा मे लगा रहा, हमने कभी भी अपना हित नहीं सोचा न ही राजनैतिक दलों से अपने हक की बात की न ही इन दलों ने हमारे बारे मे कभी सोचा परन्तु अब ऐसे नहीं चलेगा हमारी जनसंख्या के हिसाब से इनको हमारा हक देना पड़ेगा अब चौरसिया समाज सोया नहीं है वह जाग चूका है जो राजनितिक दल हमारे समाज को प्रतिनिधित्व देगा चौरसिया समाज भी उसका हर जगह सहयोग करेगा। इस चौरसिया जन चेतना यात्रा का स्वागत करते हुये कौशाम्बी जिलाध्यक्ष झल्लर प्रसाद चौरसिया ने कहा की बिना संगठन के हमारा समाज बिखरा पड़ा था बिखरने के कारण समाज मे उसका अस्तित्व भी नहीं रहा परन्तु अब समाज के लोगो को अपनी बात सरकार व राजनैतिक दलों के समने रखने के लिये एक संगठन रुपी मंच मिलगया है जिसके द्वारा अब हम लोग प्रदेश ही नहीं सम्पूर्ण देश मे चौरसिया समाज के उत्थान की लड़ाई लड़ेंगे। इस अवसर पर कौशाम्बी चौरसिया समाज के मार्ग दर्शक अर्जुन प्रसाद चौरसिया ने कहा की आप लोगो की एकता मे इतनी छमता है की अगर आप किसी कार्य को सोच ले तो उसे पूरा होना ही है बस जरुरत है एकता रुपी आत्मबल के साथ जूझने की अगर आप ने अपने समाज के सम्मान के लिये पुरे आत्मबल के साथ कार्य किया तो आप का लक्ष्य दूर नहीं है। इस चौरसिया जनचेतना रथ यात्रा के उपलक्ष में उपस्थित समाज के सभी लोगों को संबोधित करते हुए जिला मीडिया प्रभारी कामता प्रसाद चौरसिया ने कहा कि चौरसिया समाज ने समाज व देश सेवा मे हरदम बढ़ चढ़ कर शारीरिक के साथ आर्थिक सहयोग सदा ही देश की आनबान शान के लिये देता रहा पर दुर्भाग्य से जिसे देश के सभी क्षेत्रो मे अगली पंगति मे होना चाहिए वह नहीं हो पाया जिसके जिम्मेदार कही न कही हम लोग ही है स हम लोगो ने अपनी क्षमता का सदुपयोग अपने लिए न कर दुसरो के हित मे लगा दिया और उनको आगे बढ़ाने के साथ अपने समाज को पीछे घकेल दिया जिसका खामियाजा समाज देख रहा है। परन्तु अब आप को अपनी आर्थिक व शरीरिक ऊर्जा को एकता के सूत्र मे पिरो कर चौरसिया समाज के उत्थान एवं कल्याण मे लगाना है और चौरसिया समाज को उस स्टेज पर पहुंचना है जहाँ वह पीछ लग्गू न होकर समाज का नेतृत्व करने वाला बने। इस अवसर पर अर्जुन प्रसाद चौरसिया, झल्लर प्रसाद चौरसिया, राजेन्द्र प्रसाद चौरसिया, संजीव कुमार चौरसिया, लवकुश चौरसिया,इंदल चौरसिया, कामता प्रसाद चौरसिया, राममगन चौरसिया, वीरेन्द कुमार चौरसिया, चन्द्रिका प्रसाद, सूरजभान, राम नरेश, पूरन चौरसिया सहित हजारों की संख्या मे चौरसिया समाज के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## 11 हजार करोड़ की परियोजनाओं का हुआ लोकार्पण व शिलान्यास



**कौशाम्बी।** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा इन्दिरा गॉधी प्रतिष्ठान, लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में नगर विकास विभाग की कुल 11 हजार करोड़ की परियोजनाओं का लोकार्पण शिलान्यास किया गया। इसका सजीव प्रसारण उदयन सभागार में आयोजित कार्यक्रम में किया गया तथा उपस्थित प्रधानमंत्री आवास योजना, पीएम स्वनिधि, एनयूएलएम तथा एसबीएम आदि के लाभार्थियों ने मुख्यमंत्री के सम्बोधन को सुना। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी अरूण कुमार गोंड सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण एवं लाभार्थीगण उपस्थित रहें।

# लोकसभा सामान्य निर्वाचन के दौरान निर्भीक होकर अपने मताधिकार का करें प्रयोग-जिलाधिकारी

## जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने अति संवदेनशील बूथों किया निरीक्षण





**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी संजीव रंजन, पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल एवं मुख्य विकास अधिकारी नवनीत सेहरा ने आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को निष्पक्ष, पारदर्शी व शातिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिये अति संवेदनशील बूथों क्रमशः विकास खण्ड मंगरौरा के प्राथमिक विद्यालय उतरास एवं विकास खण्ड पट्टी के प्राथमिक विद्यालय पूरेदेवजानी का स्थलीय निरीक्षण कर सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान डीएम व एसपी ने ग्रामीणों से संवाद स्थापित कर आगामी लोकसभा निर्वाचन में निर्भीक होकर अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की। इस दौरान डीएम व एसपी ने प्राथमिक विद्यालय उतरास एवं प्राथमिक विद्यालय पूरेदेवजानी का स्थलीय निरीक्षण कर वहां पर बिजली, पानी, रैम्प, शौचालय, छांव, रंगाई-पुताई आदि मूलभूत व्यवस्थायें देखी तथा जो कमियां पायी गई उन्हें जल्द से जल्द दुरूस्त कराने के निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिये। प्राथमिक विद्यालय उतरास में जिलाधिकारी ने ग्राम प्रधान, बीएलओ व ग्रामवासियों से पूर्व चुनाव के दौरान हुई घटना के सम्बन्ध में जानकारी ली और ग्रामवासियों से लोकसभा सामान्य निर्वाचन को निष्पक्ष, सकुशल एवं पारदर्शी ढंग से सम्पन्न कराने की अपील की। उन्होंने प्राथमिक विद्यालय उतरास में मतदाता सूची का अवलोकन किया और ग्रामवासियों से कहा कि यदि वोटर लिस्ट में किसी का नाम छूट गया है तो अभी भी वोटर लिस्ट में नाम जुड़वा सकते है। उन्होने प्राथमिक विद्यालय उतरास में मॉडल बूथ बनाये जाने के निर्देश दिये।

इसी प्रकार प्राथमिक विद्यालय पूरेदेवजानी में जिलाधिकारी ने विद्यालय की बाउण्ड्री कराने के निर्देश दिये। इस दौरान ग्राम प्रधान द्वारा अवगत कराया गया कि अराजक तत्वों द्वारा खेल के मैदान एवं तालाब पर अवैध कब्जा किया जा रहा है जिस पर जिलाधिकारी ने लेखपाल और कानूनगो को निर्देशित किया कि खेल के मैदान व तालाब पर हुये अवैध कब्जे को हटाया जाये इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाये।

उन्होने उपजिलाधिकारी पट्टी को निर्देशित किया कि खेल के मैदान और तालाब पर अवैध कब्जे को खाली कराने की सूचना यथाशीघ्र उपलब्ध करायें।

निरीक्षण के दौरान उपजिलाधिकारी पट्टी देश दीपक सिंह, खण्ड विकास अधिकारी पट्टी मधुकर शुक्ल सहित अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

# मेहनत व लगन से मिलती है सफलता की मंजिल- प्रो0 शिवाकांत ओझा

## सरस्वती विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी महाविद्यालय के एन0एस0एस0 शिविर का हुआ समारोह पूर्वक समापन




**लोकमित्र ब्यूरो**

**लालगंज-प्रतापगढ़।** सरस्वती विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी स्नातकोत्तर महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर का मंगलवार को यहां समारोह पूर्वक समापन हुआ। प्रदेश के पूर्व मंत्री प्रो0 शिवाकांत ओझा तथा पुलिस उपाधीक्षक रामसूरत सोनकर ने तीनों इकाईयों के शिविर के समापन समारोह का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। शिविरार्थी छात्राओं पलक अग्रहरि, तनु एवं स्वाति तथा अंजली मिश्रा व शशि मौर्य ने सरस्वती वन्दना तथा स्वागत गान के साथ राष्ट्रीय एवं सामाजिक जागरूकता से जुड़े कार्यक्रमों की मनमोहन प्रस्तुतियां दीं। मुख्य अतिथि सीओ रामसूरत सोनकर ने राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्य एवं लक्ष्य को जीवन में अंगीकृत किये जाने पर जोर दिया। सीओ ने छात्र-छात्राओं को साइबर क्राइम से बचने को लेकर भी जागरूक किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए पूर्व मंत्री प्रो0 शिवाकांत ओझा ने शिविरार्थियों को जीवन में अथक परिश्रम करने के साथ सफलता की मंजिल की ओर बढ़ने का आह्वान किया। प्रो0 ओझा ने स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने तथा छुआछूत का भेद मिटाने के लिए छात्र-छात्राओं को जागरूक किया। स्वागत भाषण निदेशक डा0 संदीप कुमार मिश्र ने दिया। समापन समारोह का संचालन कार्यक्रमाधिकारी द्वितीय ईकाई डा0 अम्बिकेश त्रिपाठी ने किया। कार्यक्रमाधिकारी डा0 धर्मेन्द्र बहादुर सिंह ने सप्त दिवसीय शिविर की प्रगति आख्या प्रस्तुत की। सप्त शिविर के आयोजन को लेकर महाविद्यालय के प्राचार्य डा0 अमित सिंह ने शिविरार्थियों सहित कार्यक्रमाधिकारियों के लगन व निष्ठा की सराहना की। कार्यक्रम का संयोजन डा0 रजनीश पाण्डेय, डा0 वीना सिंह, डा0 रविकांत कौशल ने किया। इस मौके पर डा0 रूबिता सिंह, डा0 सीमा सिंह, डा0 अनीता त्रिपाठी, संगीता पाल, डा0 रोहिणी त्रिपाठी, डा0 आत्मप्रकाश, डा0 दिवाकर नाथ, मनीष शुक्ल, राजेश सिंह आदि रहे।

# बैठक में अपना दल ने भाजपा प्रत्याशी संग बनाई चुनावी रणनीति

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** नगर स्थित लीला पैलेस में अपना दल एस पदाधिकारियों की समन्वय बैठक जिला अध्यक्ष बृजेश पटेल की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। मुख्य अति राज कुमार पाल और अपना दल एस भाजपा के संयुक्त प्रत्याशी संगम लाल गुप्ता , राजेन्द्र मौर्य विधायक सदर और आशीष श्रीवास्तव ( जिला अध्यक्ष भाजपा उपस्थित रहे। बैठक में चुनाव की रणनीति पर संयुक्त रूप से काम करने पर चर्चा की गई और प्रत्येक बूथ पर जिताने का संकल्प लिया गया।

राजेन्द्र प्रसाद पाल राष्ट्रीय सलाहकार अपना दल एस कमलेश विश्वकर्मा प्रदेश सचिव अपना दल एस डॉ अमित पटेल राष्ट्रीय सचिव बौद्धिक मंच ,माता लक्खू चौधरी राष्ट्रीय सचिव महिला मंच कुलदीप पटेल राष्ट्रीय सचिव शिक्षक मंच, मुस्ताक अहमद प्रदेश उपाध्यक्ष अल्प संख्यक मंच, लालू वर्मा प्रदेश सचिव किसान मंच,विजय सिंह प्रदेश सचिव व्यापार मंच ,मिथिले सिंह प्रदेश उपाध्यक्ष सहकारिता मंच , परमानंद मिश्र प्रदेश महा सचिव विधि मंच, जितेंद पटेल प्रदेश उपाध्यक्ष युवा मंच, मोहम्मद फहीम प्रदेश सचिव अल्प संख्यक मंच राबिन पटेल लालजी प्रजापति क्षेत्रीय सचिव , के के विश्वकर्मा प्रदेश कार्यकारणी सदस्य, राजेश्वरी सिंह प्रदेश सचिव महिला मंच, श्रावण शुक्ल क्षेत्रीय सदस्य संजय राज पटेल जय कौशल रामचन्द्र पटेल संगीता पटेल जिला अध्यक्ष महिला मंच राज कुमार पटेल विजय पटेल ओम प्रकाश मौर्य शिवम शर्मा वी एल पासी राम सिंह कामलेश पटेल जंग बहादुर पटेल शिव मौर्य विनय पटेल मोहन चौधरी ओम प्रकाश पटेल डा0 वी पी सिंह चौहान डा0 तुलसी राम पटेल राजेन्द्र पाल हजारी प्रसाद पटेल, बृजेश पटेल,लाल बहादुर पटेल बलवंत पटेल गिरीश मिश्रा राम आसरे पटेल आशीष पटेल सुदामा सिंह रमेश वर्मा आशा देवी अनार काली विनीता जानकी देवकी राज कुमारी राजेश्वरी कृपाली देवी सरोजा यादव रेखा पटेल शाहजहा बानो सीमा गौतम रंजना सुनीता तारा विद्या पटेल, दिलीप सिंह रामचन्द्र पटेल राजेश पटेल महेश राजेन्द्र वीरेंद्र उमा प्रकाश हीरा लाल भइया राम वर्मा जीत लाल वर्मा पवन शिवम दिनेश अजय देवेंद्र प्रताप विकास कुमार ज्ञान प्रकाश पंकज सुरेश राम निहोर जंग बहादुर मनोज हकीम रामप्यारे गौड़ राम सुन्दर अतुल प्रजापति राम मिलन केशव राज घनश्याम पटेल संदीप विश्वकर्मा कुमे चंद्र सरोज शिवानी लक्ष्मी राम खेलावन धमेंद्र लाल मानि प्रमोद, जय करन पाल सुभाष अंकित बैज नाथ शारदा प्रसाद राबिन पटेल चन्द्र भान पटेल दिलीप सिंह, महेश पटेल,आदि मौजूद रहे।

# कार और बाइक की आमने-सामने टक्कर दो घायल

**कटरा मेदनीगंज,प्रतापगढ़।** कोतवाली देहात के अंतर्गत सुखपाल नगर के पास कार और बाइक में आमने-सामने टक्कर हो गई। जिससे बाइक सवार एक महिला और पुरुष को गंभीर चोटें आई। जानकारी अनुसार राजेश सिंह 48 पुत्र समर बहादुर सिंह एवं पिंकी सिंह पुत्री समर बहादुर सिंह निवासी सराय बहेलिया कोतवाली नगर दोनों बाइक से जेठवारा के पास पर्वतपुर बालाजी का दर्शन करने जा रहे थे। सुखपाल नगर के पास सामने से आ रही कार ने टक्कर मार दिया जिससे राजेश और पिंकी घायल हो गए। सूचना पर मौके पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने घायलों को मेडिकल कॉलेज इलाज हेतु प्रतापगढ़ भिजवाए।

# अपहरण का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**लीलापुर,प्रतापगढ़।** पुलिस ने अपहरण के मामले में वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया है।पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ श्री सतपाल अंतिल के निर्देशन में जनपद पुलिस द्वारा निरंतर अभियान चलाकर अपराध,अपराधियों के विरूद्ध कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में थाना जेठवारा से उ0नि0 श्री वारिज मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्रध्तलाश वांछित वारण्टी अभियुक्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर थाना जेठवारा के मु0अ0सं0 32,24 धारा 363, 366 भादवि में वांछित अभियुक्त सुंधाशु पुत्र रामभवन यादव निवासी ग्राम मिरिया थाना मानिकपुर जनपद प्रतापगढ़ को थानाक्षेत्र जेठवारा के कटरा बाजार के पास से गिरफ्तार किया गया। जनपद के थाना लालगंज के उ0नि0 श्री राजेन्द्र राम हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र, तलाश वांछित, वारण्टी अभियुक्त के दौरान मु0अ0सं0-836,19 धारा 2,3 गैंगस्टर एक्ट थाना लालगंज जनपद प्रतापगढ़ से सम्बन्धित वारण्टी अभियुक्त विद्याधर शुक्ला पुत्र आद्याप्रसाद शुक्ला निवासी ग्राम गम्भीराबाद बेल्हा थाना लालगंज जनपद प्रतापगढ़ को उसके घर के पास से गिरफ्तार किया गया।

# सर्वांगीण विकास के लिए खेल जरूरी

## राजेंद्र सिंह (रज्जू भैया) विश्वविद्यालय के कुल सचिव ने किया खेल प्रतियोगिता का उद्घाटन

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** एमडीपीजी कॉलेज में मंगलवार को दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का उद्घाटन प्रो राजेंद्र सिंह (रज्जू भैया) विश्वविद्यालय के कुल सचिव संजय कुमार ने किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि खेल बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए अति आवश्यक है, इसलिए खेलों पर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए।

आज कबड्डी, बैडमिंटन, कैरम, शतरंज एवं वॉलीबॉल की प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। बैडमिंटन के महिला वर्ग में बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा हर्षिता उमरवैश्य को प्रथम एवं बीए प्रथम वर्ष की छात्रा खुशी को द्वितीय स्थान मिला। पुरुष बैडमिंटन में शिवांग सिंह प्रथम, अबरारुल हक द्वितीय एवं सुहैल सैफी तीसरे स्थान पर रहे।कैरम के महिला वर्ग में हर्षिता उमरवैश्य को प्रथम एवं कीर्ति पटेल को द्वितीय स्थान मिला। शतरंज महिला वर्ग में हर्षिता उमरवैश्य प्रथम एवं स्वप्निल विश्वकर्मा द्वितीय स्थान पर रहीं। शतरंज पुरुष वर्ग में शिवांग सिंह प्रथम एवं अभिषेक सिंह द्वितीय स्थान पर रहे। महिला वर्ग की कबड्डी प्रतियोगिता में साक्षी पाल की टीम ने स्वाति पांडे की टीम को जबरदस्त मुकाबले में पराजित किया। मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय के कुल सचिव संजय कुमार एवं प्रबंध समिति के अध्यक्ष प्रमन मिश्र ने मार्च पास्ट की सलामी ली एवं रंग बिरंगे गुब्बारे आसमान में छोड़े। मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पण के बाद कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्राचार्य प्रो मनोज मिश्र ने कहा कि खेल के साथ ही सांस्कृतिक एवं शैक्षणिक गतिविधियों में भी इस महाविद्यालय की विश्वविद्यालय में अपनी एक पहचान है।लगभग सभी स्तर की प्रतियोगिताओं में हमारे विद्यार्थी विश्वविद्यालय में स्थान बनाते रहे हैं। पूर्व प्राचार्य डॉ जेपी मिश्र ने कहा महाविद्यालय का अतीत ही स्वर्णिम रहा है और वर्तमान में उसमें उत्तरोत्तर वृद्धि हो रही है। कार्यक्रम में कुलसचिव ने अंतर विश्वविद्यालयीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाली महाविद्यालय की चार छात्राओं साक्षी पाल, स्वाति पांडे, आरती एवं पूजा को सम्मानित किया। अतिथियों का स्वागत प्राचार्य प्रो मनोज मिश्र एवं आभार ज्ञापन क्रीड़ा प्रभारी प्रो पी के सिंह ने किया। कार्यक्रम का संचालन प्रो संतोष कुमार पांडे एवं प्रो रमेश चंद्र शुक्ल ने किया।उद्घाटन समारोह में प्रबंध समिति के मंत्री आनंद पांडे, कुलबीर सिंह, अश्वनी केसरवानी, उमेश सिंह, प्रो अरुण कुमार तिवारी, प्रो पीके शर्मा, डॉ सी एन पांडे, डॉ डी के पांडे,डॉ बलराज मिश्र, डॉ स्वामीनाथ तिवारी, डॉ मृदुल उपाध्याय, डा संजय दुबे, डॉ अनीश द्विवेदी व सभी शिक्षक उपस्थित रहे।

## शैक्षिक भ्रमण से लौटे एमडीपीजी कॉलेज के विद्यार्थी

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** एमडीपीजी कॉलेज के प्राणी विज्ञान विभाग द्वारा बीएससी तृतीय वर्ष के छात्र-छात्राओं के लिए राजाजी राष्ट्रीय उद्यान उत्तराखण्ड में तीन दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया गया। कॉलेज के प्राचार्य प्रो मनोज मिश्र ने 08 मार्च को हरी झंडी दिखा कर छात्रों को रवाना किया। भ्रमण के दौरान छात्रों को राजाजी नेशनल पार्क हरिद्वार ले जाया गया जहां उन्होंने पाठ्यक्रम में पढ़ाए जाने वाले विषयों पर आधारित तथ्यों के बारे में जानकारी हासिल की। छात्रों को वन इकोसिस्टम एवं विभिन्न प्रकार के पर्यावरण आयामों के बारे में बताया गया। प्राणी विज्ञान विभाग की विभागाध्यक्ष डा अमिता मिश्रा ने छात्रों को वन्य जीवों के संरक्षण और पारिस्थितिकी संतुलन में उनके महत्व को समझाया। उन्होंने कहा कि शैक्षिक भ्रमण के माध्यम से छात्रों में एक अनुभूति जागृत होती है।यात्रा के संयोजक डा अभिषेक सिंह ने छात्रों को ऋषिकेश वन, हरिद्वार गंगा घाट, शिवालिक जैव विविधता पार्क और चिला बैराज का भ्रमण करवाया। उन्होंने बताया कि छात्र खुले वातावरण में शिक्षा को अपने व्यक्तिगत अनुभवों से परिभाषित करते है। इसके अतिरिक्त छात्रों में समूह में रहने की प्रवृति , नायक बनने की क्षमता, आत्मविश्वास एवं भाई चारे की भावना प्रबल होती है। शैक्षणिक भ्रमण के दौरान डा विक्रांत पटेल, सुजीत श्रीवास्तव, विजय पांडेय और अयूब ख़ान उपस्थित रहे जिन्होंने भ्रमण को सफल बनाने में सहयोग किया।

# पुलिस एवं पैरामिलिट्री फोर्स ने किया पैदल मार्च



**लोकमित्र ब्यूरो**

**देल्हूपुर, प्रतापगढ़।** आगामी लोकसभा चुनाव को सुचिता पूर्ण पारदर्शी चुनाव कराने के लिए शासन एवं चुनाव आयोग के नियम एवं निर्देशों के पालन हेतु एवं त्यौहारों के मद्देनजर पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में देल्हूपुर थाना प्रभारी धनंजय राय और उपनिरीक्षक हरेंन्द्र सिंह एवं अन्य पुलिस कर्मियों ने पैरामिलिट्री फोर्स के साथ देल्हूपुर पुलिस ने थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रमुख स्थानों देल्हूपुर बाजार, छितपालगढ़ बाजार, तौंकलपुर, मल्हूपुर, चंघईपुर आदि गांवों में पैदल गश्त करते हुए मिश्रित आबादी वाले इलाकों में एरिया डोमिनेशन कर लोगों को जागरूक एवं सुरक्षा का आभास कराया गया। उपनिरीक्षक हरेंन्द्र सिंह ने बताया कि प्रशासन आगामी चुनाव और त्योहारों को लेकर सख्त और चौकस एवं सचेत हैं। हिस्ट्रीशीटर एवं गड़बड़ी करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# देश बदलने में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका - संगम लाल गुप्ता

## जिला स्तरीय पड़ोस युवा संसद कार्यक्रम का किया शुभारम्भ

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** सांसद संगम लाल गुप्त ने युवाओं का आवाहन करते हुए कहा कि देश को बदलने में युवाओं की महत्त्वपूर्ण भूमिका होती है। हमारे युवा आने वाले कल के देश निर्माण और भाग्य विधाता है।युवा स्वामी विवेकानंद के आदर्शो का अनुसरण कर समाज में अपनी पहचान बनाए तथा माता पिता का नाम रोशन करे। सांसद ने आज यहां राजकीय औद्योगिक संस्थान ( आई. टी .आई ) में नेहरू युवा केंद्र द्वारा आयोजित जिला स्तरीय पड़ोस युवा संसद कार्यक्रम का दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारम्भ किया।सांसद ने कहा कि माननीय प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने विकसित भारत बनाने का जो संकल्प लिया है।उसे पूरा करने में युवा आगे आएं अमृत काल के पंच प्रण को याद रखे।कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला प्रचारक श शिव प्रसाद जी ने किया । उन्होंने कहा कि प्रधान मंत्री जी के विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने के लिए पंच प्रण का अनुसरण करना होगा।इस अवसर पर संसद ने विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत लाभार्थियों को प्रमाण पत्र दिया। आई. टी.आई.के प्राचार्य बी. बी.सिंह,समाज सेवी रोशन लाल उमर वैश्य,भाजपा नेता गिरधारी सिंह, विभाग संगठन मंत्री अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद अमित देव जी, पूर्व सहायक निदेशक सूचना आर. बी.सिंह,विश्वजीत जिला परियोजना अधिकारी शिवम यादव जिला गंगा समिति वन विभाग प्रतापगढ़ आदि ने जिला स्तरीय पड़ोस युवा संसद कार्यक्रम पर प्रकाश डाला।प्रारम्भ में नेहरू युवा केंद्र के उपनिदेशक समर बहादुर सिंह ने जिला स्तरीय पड़ोस युवा संसद कार्यक्रम के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला तथा सभी अधिकारियों का स्वागत किया।

कार्यक्रम का संचालन शासकीय अधिवक्ता विवेज उपाध्याय तथा नेहरु युवा केंद्र के लेखाकार विनय कुमार मिश्र ने किया। इस अवसर पर उपनिदेशक नेहरू युवा केंद्र ने सांसद को स्मृति चिन्ह भेंट किया। पड़ोस युवा संसद कार्यक्रम में आनंद सिंह, रूपल सिंह, समृद्धि सिंह,राज यादव सांगीपुर,अनामिका, नमन,कविता, आयुष सिंह, हिमांशु मिश्रा आदि ने अपना व्याख्यान दिया। अंत में नेहरू युवा केंद्र के लेखाकार विनय कुमार मिश्र ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।



# बाल विकास केंद्र पर बच्चों ने दिखाई प्रतिभा



**पट्टी, (प्रतापगढ़)।** तरुण चेतना संस्था के सहयोग से बाल अधिकार परियोजना के अंतर्गत संचालित बाल विकास केंद्र बहुता में बच्चों के विकास एवं एंजॉय पूर्ण लर्निंग शिक्षा के लिए आठ केन्द्रो का संचालन प्रशिक्षित अनुदेशक द्वारा किया जाता हैं। जिसमें कुल चार सौ से अधिक बच्चों को विद्यालय बंद होने के बाद 4 से 6 तक एंजॉय पूर्ण शिक्षा एवं बाल अधिकार के विषय में जानकारी दिया जाता है। इसी के तहत बच्चों के विकास के लिए लूडो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। इस खेल में 52 बच्चों ने बढ़ चढ़ प्रतिभाग किया। बच्चों ने बड़े उत्साह से खेल में अपनी प्रतिभा दिखाई। इसमें प्रथम स्थान ज्योति गौतम द्वितीय स्थान दीक्षा, तीसरा स्थान मनीष ने हासिल किया।इस परियोजना के सुपरवाइजर हकीम अंसारी ने परियोजना के उद्देश्य पर चर्चा करते हुए कहा कि बाल विवाह एवं बाल श्रम जैसे को प्रथा को खत्म करना ही मुख्य उद्देश्य है तथा स्कूल से ड्रॉप आउट बच्चे को चिन्हित करके स्कूल तक पहुंचाना महत्वपूर्ण कार्य है। इस खेल में मोहित, रिचा, सुधा, नाजरीन, शकुंतला, इसरत, आरती बर्मा का विषेश सहयोग रहा।

# घर के सदस्यों को बंधक बनाकर हुई लाखों की लूट



**लोकमित्र ब्यूरो**

**कटरा मेदनीगंज,प्रतापगढ़।** नगरकोतवाली देहात अंतर्गत साराय सागर गांव में बीते रविवार की रात अज्ञात चोरों ने धावा बोलकर घर में रखा लाखों के गहने तथा नगदी पर हाथ साफकर दिया। जानकारी अनुसार राजेश सिंह अपनी पत्नी रिंकी सिंह तथा बेटे ध्रुव व माताजी के साथ बीती रात खा पीकर दो अलग-अलग कमरों में सो गए मध्य रात्रि के समय घर के अंदर खटपट की आवाज पर जब आंख खुली तो कमरे का दरवाजा बाहर से बंद मिला हल्ला गुहार मचाने पर मौके पर पहुंचे स्थानीय लोगों ने दरवाजा खोला। कमरे से बाहर निकालने के बाद राजेश सिंह को घर के अंदर सभी अलमारी बड़े बक्से ब्रीफकेस आदि टूटी अवस्था में अस्त-व्यस्त मिलने पर चोरी की जानकारी हुई । चौनल का ताला तोड़कर अंदर घुसे चोरों ने लकार में रखे सोने के गने जिसमें तीन चौन एक हार दो करधन चांदी के पाजेब चांदी के सिक्के तथा 12000 नगदी समेत लगभग तीन से चार लाख की चोरी करके आराम से भाग निकले। सूचना पर पहुंचे कोतवाली देहात थाना अध्यक्ष विनीत कुमार उपाध्याय भूपियामऊ चौकी प्रभारी राहुल कुमार अपने हमराही सिपाहियों के साथ मौके की जांच पड़ताल की। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस चोरों तक पहुंचने की मैराथन कोशिश कर रही है। पुलिस 3 महीने से क्षेत्र में हो रही चोरियों का एक भी अभी तक खुलासा नहीं कर पाई है। चौकी इंचार्ज भूपिया मऊ राहुल कुमार ने बताया कि मुक्त होगी द्वारा तहरीर दी गई है जल्द ही चोरों का पता लगा लिया जाएगा।

# रोडवेज बस अड्डे के अंदर हुए अतिक्रमण को एसडीएम पट्टी ने करवाया खाली



**पट्टी,प्रतापगढ़।** रोडवेज बस अड्डे के अंदर हुए अतिक्रमण को एसडीएम पट्टी की मौजूदगी में खाली कराया गया। मंगलवार को एसडीएम पट्टी देश दीपक सिंह दलबल के साथ पट्टी रोडवेज बस अड्डा आ पहुंचे। इस दौरान एसडीएम पट्टी ने रोडवेज बस अड्डे की भूमि की शिमांकन अपनी मौजूदगी में कार्रवाई। जहां तक रोडवेज बस अड्डे की भूमि आई, वहां तक हुए अवैध अतिक्रमण को तत्काल प्रभाव से उन्होंने हटवा दिया। इस दौरान नायब तहसीलदार पवन सिंह, रामेश्वर तिवारी, लेखपाल राकेश सिंह समेत तमाम अधिकारी कर्मचारी व क्षेत्रीय लोग मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर सेवा की प्रशिक्षणशाला - 'डॉ.रणजीत सिंह'



**लालगंज,प्रतापगढ़।** हेमवती नंदन बहुगुणा स्नातकोत्तर महाविद्यालय लालगंज के राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर के छठें दिवस पर सुप्रसिद्ध कवि, कहानीकार, पत्रकार,प्राचार्य सेवा त्याग ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए शिक्षा,शिक्षार्थी एवं शिक्षक के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डालते हुए उन्हें स्वर्णिम भविष्य के निर्माण हेतु प्रतिबद्ध होने को कहा। उन्होंने प्राचीन काल से लेकर आज तक की नारी शिक्षा की विस्तार से चर्चा करते हुए लड़कियों की वर्तमान शैक्षिक स्थिति पर प्रसन्नता व्यक्त किया। सीखने के लिए उन्होंने जहां विनोबा भावे के प्रेरणादायक शैक्षिक सिद्धांतों का जिक्र किया तो वहीं सुकरात के शिष्य प्लेटो द्वारा अपने गुरु के प्रति की गई निष्ठा और उसके हर एक शब्द को लिपिबद्ध करके सीखने की चर्चा करते हुए गुरु-शिष्य परंपरा और अधिगम पर विधिवत प्रकाश डाला।जीवन दर्शन से जुड़ी हुई कविताओं के साथ उन्होंने बेटी पर अपनी मार्मिक कविता का पाठ करके छात्र-छात्राओं कोभाव विभोर किया।कार्यक्रमाधिकारी डॉ.फणीन्द्र नारायण मिश्र ने शिविर की उपादेयता पर प्रकाश डालते हुए स्वयं सेवकों द्वारा किए जा रहे कार्यो की प्रशंसा किया।संचालन डॉ.सीमा त्रिपाठी ने किया।सोनम बानो,अंजली सरोज, कंचन वर्मा,मीनाक्षी कोरी,खुशी सरोज,मुस्कान सरोज,खुशबू पाल,राधा रानी ओझा,शिवानी सरोज,संजना सरोज,दीक्षा पाण्डेय, अजीत नापित,अभय शर्मा, मोहम्मद नईम,लाल बहादुर, आदर्श पाण्डेय,सचिन जोशी,मोहित वर्मा ,कुलदीप मिश्रा,चंद्रशेखर गुप्ता,अभय सोनी,नीरज पटेल, अभिनव विश्वकर्मा आदि स्वयंसेवक शिविर में मौजूद रहे।

# स्थलीय निरीक्षण करने गई स्वास्थ्य टीम से पिता पुत्र ने की बदसलूकी

## सरकारी कार्य में बाधक बने पिता पुत्र सीएमओ ने डीएम, एसपी को दी घटना की लिखित जानकारी



**लोकमित्र ब्यूरो**
**कौशाम्बी।** मुख्यालय में सिग्मा स्कैनिंग एवं मेटरनिटी सेंटर का स्थलीय निरीक्षण करने गई स्वास्थ्य विभाग की टीम से पिता पुत्र ने बदसलूकी शुरू कर दी, टीम के विरोध करने पर पिता पुत्र ने जान माल के नुकसान की धमकी देते हुए सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न करने लगे। हालात विपरीत होते देख टीम मौके से बैरंग वापस लौट गई। साथ ही पूरे मामले की जानकारी मुख्य चिकित्साधिकारी को दे दी। उधर अधिकारी ने घटना को गंभीरता से लेते हुए फौरन इस बात लिखित सूचना जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक को लिखित रूप से देकर पिता पुत्र के खिलाफ कार्यवाही की बात कहीं है। घटना से स्वास्थ्य विभाग में हड़कम्प मचा हुआ है।

बताया जाता है कि मुख्यालय के ओसा रोड पर सिग्मा स्कैनिंग एवं मेटरनिटी सेंटर खोले जाने हेतु पंजीकरण के लिए मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में आवेदन किया गया है। प्रक्रिया के तहत विभाग ने उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी/ नोडल अधिकारी पंजीकरण डॉ0 कृष्ण देव सिंह की अगुवाई में गठित टीम मंगलवार को केंद्र के स्थलीय निरीक्षण हेतु गई थी।

टीम मानक के अनुरूप प्रक्रिया के तहत अपने कार्य में मसबूल रही, बताते है कि इसी दरमियान केंद्र के संचालक पिता पुत्र अचानक टीम पर भड़क उठे, और उपमुख्यमंत्री चिकित्सा अधिकारी डॉ0 कृष्ण देव सिंह के साथ बदसलूकी शुरू कर दी। विरोध करने पर पिता पुत्र ने उप मुख्य चिकित्साधिकारी को जान माल के नुकसान की धमकी देते हुए सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न करना शुरू कर दिया। पिता पुत्र के रवैए से हलाकान टीम के महेन्द्र द्विवेदी व वैभव कुमार सिंह ने बीच बचाव करने की कोशिश की तो पिता पुत्र ने उनके साथ भी वहीं रवैया एख्तियार किया जो उपमुख्य चिकित्साधिकारी के साथ किया था। इतना ही नही पिता पुत्र ने पंजीयन निरस्त होने की दशा में पूरी टीम को देख लेने की ऐलानिया धमकी भी दी। मौके के बिगड़ते हालात देख टीम वापस दफ्तर लौट गई, और पूरी घटना मुख्य चिकित्साधिकारी कौशाम्बी को दे दिया। विभागीय अधिकारी ने घटना को गंभीरता से लेते हुए इसकी लिखित जानकारी जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक को दे दिया है। साथ ही सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न करने का आरोप लगाते हुए पिता पुत्र के खिलाफ कार्यवाही की बात कहीं है। घटना से स्वास्थ्य विभाग में हड़कम्प मचा हुआ है।

# युवती ने दबंगो पर लगाया मारपीट व धमकी का आरोप

**सिराथू, कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में टीन शेड गिराने का विरोध करने पर गांव के दबंगो ने मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने लगे , पीड़िता ने अनहोनी की आशंका जताते हुए मामले की शिकायत पुलिस से करते हुए कार्यवाही की मांग की है।

सैनी कोतवाली क्षेत्र के भरेठाबाग निवासी मीनाक्षी यादव पुत्री जगलाल यादव ने मंगलवार को सैनी पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया की दोपहर के मोहल्ले के आधा दर्जन के करीब लोग टीन शेड उखाड़ रहे थे। पीड़िता का आरोप है की जिसका विरोध उसकी दादी ने किया तो दबंग महिला ने आधा दर्जन लोगो के साथ हमला कर दिया जिसमे वह जख्मी हो गई साथ ही दबंग गाली गलौच करते हुए जान से मारने की धमकी देने लगे। पीड़िता ने अनहोनी की आशंका जताते हुए मामले में कार्यवाही की मांग की है। शिकायत के बाद पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है।

# वर्चुअल लोकार्पण व शिलान्यास कार्यक्रम मे स्कूली बच्चों बाधा शमां



**लोकमित्र ब्यूरो**
**सिराथू, कौशाम्बी।** डीएफसी लाइन पर बने न्यू सुजातपुर स्टेशन का प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा गुजरात से वर्चुअल उद्घाटन किया गया। इस दौरान महर्षि शिशु विद्या मंदिर सिराथू के बच्चों ने गीत, नृत्य , नाट्य मंचन प्रस्तुत कर शमां बांध दिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रहे पूर्व विधायक शीतला प्रसाद पटेल व डीएफसी आईएल के मुख्य महाप्रबंधक प्रयागराज परिक्षेत्र देवेंद्र कुमार ने संस्था द्वारा आयोजित प्रतियोगिता में शामिल छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र देकर पुरस्कृत किया ।

वर्चुअल लाइव प्रसारण देखने के लिए लोगों की भीड रही । डेडीकेटेड फ्रेंट कोरीडोर के तत्वाधान में भारतीय रेलवे आधुनिकरण के तहत मालगाड़ी के आवागमन के लिए बनी डीएफसी लाइन के न्यू सुजातपुर रेलवे स्टेशन मे मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा गुजरात मे रेलवे की 85 करोड की परियोजनाओं का वर्चुअल लोकार्पण और शिलान्यास कार्यक्रम का लाइव प्रसारण किया गया। प्रयागराज मंडल के डीआरएम मुकेश कुमार सहित विभाग के अन्य अधिकारी मौजूद रहे ।

वर्चुअल कार्यक्रम में महर्षि शिशु मंदिर सिराथू के बच्चों ने देशभक्ति गीतों पर नृत्य कर सब को मंत्र मुक्त कर दिया। विद्यालय की छात्रा अंजलि,पायल,आस्था की प्रस्तुति देख बैठे लोगों ने तालियां बजाकर बच्चियों का उत्साह बढाया।

इस दौरान संस्था द्वारा आयोजित निबंध लेखन ,कला, वाद विवाद सामान्य ज्ञान में प्रतिभा करने वाले कई विद्यालयों की छात्र छात्राओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन महर्षि शिशु विद्या मंदिर के प्रबंधक विनय कुमार त्रिपाठी ने किया। इस मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष डा निशीथ श्रीवास्तव ,डीएफसी लाइन के सीजीएम प्रफुल्ल चंद पांडे , संस्था के परियोजना प्रबंधक प्रकाश चंद्र, राहुल कुमार , चेतन चंद्र सहित तमाम लोग मौजूद रहे। इसी तरह सिराथू रेलवे स्टेशन में भी लोकार्पण का आयोजन किया गया जहां मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना सोनकर , ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि लवकुश मौर्य , चेयरमैन सिराथू राजेंद्र कुमार उर्फ भोला यादव , प्रशांत केसरी , बबलू श्रीवास्तव , कमलेश निषाद आदि लोग मौजूद रहे।

# कड़ा में पांच दिवसीय समेकित प्रशिक्षण का हुआ शुभारंभ



**लोकमित्र ब्यूरो**
**सिराथू, कौशाम्बी।** समेकित शिक्षा के अंतर्गत दिव्यांग बच्चों की समावेशी शिक्षा के लिए नोडल शिक्षकों का पांच दिवसीय प्रशिक्षण मंगलवार को बीआरसी कड़ा के सभागार में प्रारंभ किया गया। प्रशिक्षण का शुभारंभ खंड शिक्षा अधिकारी कड़ा नीरज कुमार उमराव ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलन के साथ किया। खंड शिक्षा अधिकारी ने उपस्थित प्रतिभागी नोडल शिक्षकों से कहा की यह प्रशिक्षण दिव्यांग बच्चों के शिक्षा और जीवन से जुड़ा है। इसे गंभीरता से लेते हुए पूरे मनोयोग से ग्रहण करें। जिससे इसका सदुपयोग उनकी कक्षा शिक्षण में दिव्यांग बच्चों के बीच आ रही बाधाओं को आसानी से दूर करने का प्रयास करें। इस प्रशिक्षण को प्राप्त कर दिव्यांग बच्चों को सामान्य बच्चों को श्रेणी में ला सकते है। प्रशिक्षण में संदर्भदाता पुष्पेंद्र द्विवेदी ने दिव्यांग बच्चों के शिक्षण हेतु प्रविधियों, कक्षाकक्ष प्रबंधन, पाठ्य सहगामी क्रियाओं के बारे में विस्तारपूर्वक बताया। प्रशिक्षण में स्पेशल एजुकेटर नीता मिश्रा, चंद्रप्रकाश एवं एआरपी प्रभाकर मिश्रा ने सहयोग प्रदान किया।

# उदय श्याम इंटर कालेज में डीआईओएस ने दिखाई हरी झंडी

## सिराथू में निकली मतदाता जागरूकता रैली



**लोकमित्र ब्यूरो**
**कौशाम्बी।** आगामी लोकसभा चुनाव के लिए मतदान से संबंधित सभी तैयारियां प्रशासन द्वारा पूर्ण की जा रही है। मतदान करने वाले किसी भी मतदाता को कोई समस्या, भय न रहे। जिससे मतदाता निर्भय होकर मतदान करें।

इसके लिए जनपद में लगातार मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी सिराथू कस्बे में स्थित उदय श्याम इंटर कालेज में मंगलवार को शिक्षक व छात्रों ने गांव में बैनर पोस्टर के साथ आओ मिलकर अलख जगाएं, शत प्रतिशत मतदान कराएं। प्रजातंत्र से नाता है, भारत के मतदाता है। उम्र अठारह पूरी है, मत देना बहुत जरूरी है। आदि नारों को गुंजायमान करते हुए मंगलवार को मतदाता जागरूकता रैली निकालकर मतदाताओं को मतदान करने के लिए जागरूक किया। इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद जिला विद्यालय निरीक्षक डा सच्चिदानंद यादव ने हरी झंडी दिखाकर मतदाता जागरूकता रैली को रवाना किया । इस मौके पर डीआईओएस ने मतदाताओं को मतदान करने के लिए प्रेरित करते हुए कहा की आने वाले लोकसभा चुनाव में आप सभी बिना किसी भय, लालच के निर्भीक होकर पहले मतदान करें उसके बाद ही कोई दूसरा काम करें। आप सभी के मतों से ही देश में अच्छी सरकार का गठन होता है। इसलिए अपने मत का सभी मतदाता शत प्रतिशत मतदान कर सरकार बनाने में अपनी अहम भूमिका निभाएं। इसके साथ ही सभी को मतदान करने संबंधी जानकारी प्रदान किया। इस दौरान विद्यालय के प्रबंधक उमेश केसरवानी , प्रधानाचार्य अनुपमा सिंह , रमेश केसरवानी , उमेश श्रीवास्तव , विनय , आरती , ललिता , स्तुति , शिव सागर , अनिल पांडेय , बाल कृष्ण शुक्ला , प्रतिमा , धर्मेंद्र चौधरी सहित कालेज स्टॉफ व छात्र छात्राएं मौजूद रहे।

# किशोरी को घर में अकेली पाकर युवक ने किया दुराचार

**चायल, कौशाम्बी।** चरवा थानाक्षेत्र के एक गांव में सोमवार की शाम युवक ने घर पर किशोरी को अकेला देख उसके साथ जबरन दुराचार कर दिया। किशोरी के शोर मचाने पर पहुचें परिजनों ने युवक को पकड़कर कमरे में बंद कर दिया। सूचना के बाद पहुंची पुलिस आरोपी को हिरासत में ले कर थाने ले गई। किशोरी के पिता ने थाने जाकर आरोपी के खिलाफ घटना की तहरीर दी।क्षेत्र के एक गांव का युवक मजदूरी कर परिवार का गुजारा करता है। युवक के अनुसार सोमवार को वह मजदूरी करने के लिए प्रयागराज गया था। शाम को छोटी बेटी पत्नी के साथ शौच के लिए खेत की तरफ चली गई थी। घर पर उसकी 16 वर्षीय बड़ी बेटी अकेली थी। इसी दौरान पड़ोस का ही एक युवक किशोरी को अकेला देख घर में घुस गया। आरोप है कि युवक उसके साथ जबरजस्ती करने लगा। किशोरी के विरोध करने वह उसकी पिटाई के बाद मुंह में कपड़ा ठूसकर दुराचार करने लगा।

# बिजली की करंट लगने से महिला की मौत, कोहराम



**लोकमित्र ब्यूरो**
**नेवादा/ सरांय अकिल, कौशाम्बी।** सरायअकिल कोतवाली क्षेत्र के सुरसेना गांव में मंगलवार की सुबह बोर्ड में मोबाइल चार्जर लगाने के दौरान करंट की चपेट में आने से एक महिला की मौत हो गई। घटना को लेकर परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

सुरसेना गांव निवासी अभिमन्यु मेहनत मजदूरी करके परिवार का भरण पोषण करता है। मंगलवार की सुबह वह गांव में घूमने के लिए निकला था। इसी दौरान उसकी 30 वर्षीय पत्नी कुसुम देवी बिजली के बोर्ड में मोबाइल चार्जर लगा रही थी। बोर्ड में लगा प्लाटिक टूटा हुआ था। चार्जर लगाने के दौरान महिला करंट की जद में आ गई। इससे उसकी मौत हो गई। आधे घंटे बाद पति घर पहुंचा। कमरे में अचेत अवस्था में पड़ी पत्नी को देख वह दंग रह गया।उसने आनन - फानन में झुलसी पत्नी को इलाज के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना को लेकर परिजनों में रोना बिलखना मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# पाइप लाइन बिछाने के लिए खोद डाली गांव के भीतर पीडब्लूडी की सड़क



**लोकमित्र ब्यूरो**
**नेवादा, कौशाम्बी।** तहसील क्षेत्र के जलालपुर जवाहरगंज में जल जीवन मिशन के तहत हर घर तक नल जल पहुंचाने के लिए ठेकेदार ने जेसीबी से गांव के अंदर बिछाई गई लोक निर्माण विभाग की मुख्य सड़क जेसीबी से खोद डाली। इसके चलते लोगों का आवागमन बंद हो गया है। अब तो ग्रामीण योजना को लेकर सरकार की सराहना करने के बजाय कोस रहें हैं।

लोक निर्माण विभाग ने 2010 में जलालपुर जवाहरगंज गांव को सराय अकिल से जोड़ने के लिए एक किलोमीटर सड़क का निर्माण कराया था। जिसकी मरम्मत पांच साल पहले पांच लाख रुपये लागत से कराई गई थी। जिसे जल जीवन मिशन योजना के तहत चंदूपुर अमरायन गांव में हर घर जल नल तक पाइप लाइन बिछाने के लिए जलालपुर जवाहरगंज गांव के भीतर की सड़क ठेकेदार ने जेसीबी से खोदवा डाली। इससे गांव के रावेंद्र सिंह, इंद्रभान सिंह, अशोक सिंह समेत एक दर्जन से अधिक लोगों का घर से निकलना भी मुश्किल हो गया है। आरोप है कि पांच महीने पहले गांव की गलियों में क्षेत्र पंचायत, मनरेगा योजना और केंद्रीय वित्त योजना की इंटरलाकिंग खोद पाइप लाइन बिछाने के बाद मरम्मत नहीं करवाई गई। शिकायत के बाद भी कोई भी विभाग इंटरलाकिंग मरम्मत के लिए जहमत नहीं उठाई। बारिश में लोगों को परेशानी होने पर गांव के बबलू, टिंकू और गुलाम आदि ने बताया कि उन्होंने खुद ही गड्ढों में मिट्टी पाटकर आने जाने के लिए इंटरलाकिंग बिछाई थी। अब लोक निर्माण विभाग की बनाई गई मुख्य सड़क को जेसीबी खोद कर बर्बाद कर दी गई है। इससे लोगों में सरकार के स्वच्छ जल मुहैया कराने के प्रयास को सराहने के बजाए सड़क खोदे जाने से नाराजगी है। इस संबंध में अभिशाषी अभियंता जयपाल सिंह का कहना है कि टेस्टिंग के बाद ठेकेदार सड़कों की मरम्मत करवाएंगे।

# पुलिस अधीक्षक व उपजिलाधिकारी ने मुख्यालय में किया पैदल गश्त



**लोकमित्र ब्यूरो**
**कौशाम्बी।** आगामी त्यौहार रमजान व सीएए की सम्पूर्ण भारत में अधिसूचना जारी होने के दृष्टिगत जनपद में शांति एवं सुरक्षा व कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी द्वारा उपजिलाधिकारी मंझनपुर, क्षेत्राधिकारी मंझनपुर व भारी पुलिस बल के साथ कस्बा मंझनपुर में पैदल गश्त किया गया तथा लोगों से संवाद कर बताया गया कि किसी भी प्रकार की अफवाह न फैलाएं और न ही किसी के बहकावे में आएं व कानून व्यवस्था बनाए रखने की अपील की गई साथ ही सुरक्षा का भरोसा दिलाया गया। इसी प्रकार जनपद के समस्त थानों के थाना प्रभारियों द्वारा भीड़ भाड़ व मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों में पैदल गश्त किया गया एवं लोगों से कानून व्यवस्था बनाए रखने की अपील की गई।

# बीआरसी सिराथू में हमारा आंगन हमारे बच्चे कार्यक्रम का सफलतापूर्वक हुआ आयोजन



**लोकमित्र ब्यूरो**
**कौशाम्बी।** बीआरसी सिराथू के सभागार मे खण्ड शिक्षा अधिकारी सिराथू नीरज कुमार के कुशल निर्देशन में एवं बाल विकास एवम पुष्टाहार विभाग से सीडीपीओ मनोज कुमार वर्मा और मुख्य सेविका छेद्दीदेवी की उपस्थिति में तथा जनप्रतिनिधि के रूप में उपस्थित सिराथू नगरपंचायत के सभासद जुग्गीलाल सोनकर और अंकित मिश्र की अध्यक्षता में हमारा आंगन हमारे बच्चे कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जनप्रतिनिधि जुग्गीलाल सोनकर और अंकित मिश्र द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा में दीप प्रज्वलित कर किया गया। तत्पश्चात बीईओ द्वारा कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए सभी प्रतिभागियों का स्वागत और प्रोत्साहन किया गया तथा सीडीपीओ द्वारा भी आंगनवाड़ी के क्षेत्र में किए सुधार हेतु सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे में सभी को जानकारी प्रदान की गई। एआरपी सतीश चन्द्र शर्मा द्वारा एनईपी 2020 के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। नोडल एआरपी पीयूष कुमार त्रिपाठी द्वारा निपुण भारत मिशन से संबंधित जानकारी और आंगनवाड़ी में प्राप्त विभागीय सामग्रियों का प्रयोग करते हुए रोचक ढंग से शिक्षण करते हुए लक्ष्य प्राप्त करने हेतु सभी को प्रेरित किया गया। एआरपी मनोज सिंह द्वारा सभी को ईमानदारी से अपने कार्यों का निर्वहन करने हेतु प्रेरित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे सभासद जुग्गीलाल सोनकर और अंकित मिश्र द्वारा सभी को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कार्यक्रम की समाप्ति की घोषणा किया गया। कार्यक्रम में नोडल संकुल तिवारी विनोद और भास्कर मिश्र ने कार्यक्रम के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए बच्चो को निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त कराने हेतु प्रेरित किया गया। अंत में खंड शिक्षा अधिकारी सीडीपीओ और जनप्रतिनिधियों द्वारा कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले सभी बच्चों को पुरस्कृत किया गया।

# जिला निर्वाचन अधिकारी ने आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर की बैठक



**लोकमित्र ब्यूरो**
**कौशाम्बी।** जिला निर्वाचन अधिकारी राजेश कुमार राय द्वारा कार्यालय कक्ष में आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं सकुशल सम्पन्न कराये जाने के लिए प्रभारी अधिकारियों-चिकित्सा व्यवस्था, वीडियोग्राफी व्यवस्था, वेब कास्टिंग व सी0सी0टी0वी0 कैमरा व्यवस्था, सफाई पेयजल व श्रमिक व्यवस्था, सी-विजिल, कन्ट्रोल रूम तथा खान-पान व्यवस्था के साथ बैठक की गई।जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी प्रभारी अधिकारियों से अब तक की गई कार्यवाही की विस्तृत जानकारी प्राप्त कर आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि टेण्डर से सम्बन्धित कार्यो को समय से सुनिश्चित कर लिया जाय। उन्होंने कहा कि जिन मतदान केन्द्रों पर दिव्यांग शौचालय की सुविधा नहीं है, उन मतदान केन्द्रों पर दिव्यांग शौचालय बनाये जाने की कार्यवाही समय से पूर्ण कर लिया जाय। निर्वाचन के दृष्टिगत विधानसभावार आवश्यकतानुसार वाहनों की व्यवस्था के लिए आवश्यक कार्यवाही समय से सुनिश्चित किया जाय। उन्होंने कहा कि सभी मतदान केन्द्रों के शौचालयों में साफ-सफाई की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित रखी जाय, किसी भी प्रकार की समस्या आती है तो तत्काल अवगत कराया जाय। निर्वाचन को गम्भीरता से लेकर अपने से सम्बन्धित कार्यो की विधिवत जानकारी रखें, किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाय। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी, अपर जिलाधिकारी प्रबुद्ध सिंह सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

# अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) की अध्यक्षता में गेहूँ क्रय प्रशिक्षण कार्यशाला का किया गया आयोजन

## अनियमितता पाये जाने पर सम्बन्धित के विरूद्ध एफआईआर दर्ज कराकर की जायेंगी कार्यवाही



**लोकमित्र ब्यूरो**
**कौशाम्बी।** अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) अरूण कुमार गोंड की अध्यक्षता में उदयन सभागार में रबी विपणन वर्ष-2024-25 के अन्तर्गत गेहूँ खरीद प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया।

अपर जिलाधिकारी ने सभी क्रय केन्द्र प्रभारियों से कहा कि कृषकों से विनम्र व्यवहार किया जाय एवं यह सुनिश्चित किया जाय कि किसानों को किसी भी प्रकार की समस्या का सामना न करना पडें। क्रय केन्द्र पर पेयजल एवं बैठने की व्यवस्था आदि उपलब्ध रहें। केन्द्र पर क्रय किये गये गेहूँ की सुरक्षा के लिए समुचित प्रबन्ध किया जाय। किसानों से नियमानुसार गेहूँ क्रय की कार्यवाही सुनिश्चित किया जाय, किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाय। किसी भी प्रकार की अनियमितता पायी जाती है तो सम्बन्धित के विरूद्ध एफआईआर दर्ज कराकर कार्यवाही की जायेंगी। उन्होंने जिला कृषि अधिकारी एवं ए0आर0-कोआपरेटिव को निर्देशित किया कि अपने कर्मचारियों के माध्यम से किसानों को गेहूँ खरीद के सम्बन्ध में जागरूक करें तथा व्यापक प्रचार-प्रसार भी कराया जाय।

जिला खाद्य विपणन अधिकारी सुधान्शु शेखर चौबे ने बाताया कि गेहूँ क्रय की अवधि 01 मार्च 2024 से प्रारम्भ होकर 15 जून 2024 तक होंगी। गेहूँ क्रय केन्द्र राजपत्रित अवकाश एवं रविवारीय अवकाश को छोड़कर प्रत्येक दिन प्रातः 9 बजे से सायं 6 बजे तक खुले रहेंगे। शासन द्वारा गेहूँ का न्यूनतम समर्थन मूल्य रू0-2275 प्रति कुन्तल घोषित किया गया है। जनपद में गेहूँ खरीद के लिए खाद्य विभाग के 14, पी0सी0एफ0 के 16, पी0सी0यू0 के 03, यू0पी0एस0एस0 के 03 एवं भारतीय खाद्य निगम के 04, नेफेड के 04, एनसीसीएफ के 05, मण्डी समिति के 01 कुल 50 क्रय केन्द्र स्थापित किये गये हैं। इस वर्ष जनपद का क्रय लक्ष्य 45 हजार मी0 टन निर्धारित है। रबी विपणन वर्ष 2024-25 में गेहूँ क्रय केन्द्रों पर गेहूँ की बिक्री के लिए कृषकों को खाद्य विभाग के पोर्टल पर पंजीकरण कराना अनिवार्य होगा। यह पंजीकरण कृषक द्वारा स्वयं अथवा जन सुविधा केन्द्र, मोबाइल फोन, मोबाइल एप के माध्यम से अथवा साइबर कैफे के माध्यम से कराया जा सकेंगा। गेहूँ विक्रय के लिए इच्छुक किसान खाद्य एवं रसद विभाग के टोल फी नं0-18001800150, क्रय एजेन्सियों के क्रय केन्द्र प्रभारी अथवा जनपद स्तर के अधिकारियों से दूरभाष पर संपर्क कर अथवा मिस्ड कॉल कर अपना पंजीकरणध्नवीनीकरण करा सकेंगे। इस वर्ष पंजीकृत ट्रस्ट का भी गेहूँ क्रय किया जायेंगा। बटाईदार कृषकों का भी पंजीकरण कराते हुए गेहूँ का विक्रय किया जा सकेंगा। बटाईदार कृषक व मूल कृषकध्भूस्वामी के मध्य लिखित सहमति से मूल कृषक के भूलेख तथा उसके आधार लिंक मोबाइल पर ओटीपी प्रेषित कर पंजीकरण कराया जायेंगा। गेहूँ के मूल्य का भुगतान पीएफएमएस के माध्यम से बटाईदार के बैंक खाते में किया जायेंगा। रबी विपणन वर्ष 2024-25 में मोबाइल क्रय केन्द्रों के माध्यम से भी गेहूँ खरीद की जा सकेंगी। किसानां से संपर्क करते हुए एक ट्रक लोड के समतुल्य गेहूँ की उपलब्धता होने की स्थिति में मोबाइल क्रय केन्द्र के माध्यम से खरीद की जायेंगी।

# अपर पुलिस अधीक्षक ने परेड की ली सलामी, किया निरीक्षण



**लोकमित्र ब्यूरो**
**कौशाम्बी।** अपर पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार वर्मा द्वारा पुलिस लाइन कौशाम्बी में मंगलवार की परेड की सलामी ली गयी तथा परेड का टोली बार निरीक्षण किया गया, निरीक्षण के दौरान एएसपी द्वारा परेड में उपस्थित समस्त पुलिसकर्मियों के टर्नआउट का अवलोकन कर बेहतर टर्नआउट मेंटेन करने हेतु निर्देशित किया गया। पुलिस कर्मियों को फिट रहने हेतु दौड़ लगवाई गई एवं ड्रिल कराई गई, तत्पश्चात एएसपी द्वारा क्वार्टर गार्ड पर सलामी ली गई तथा गार्ड का निरीक्षण किया गया। परेड के उपरान्त परिवहन शाखा, यातायात कार्यालय, बैरक, डायल 112, डीसीआर, भोजनालय, कैश कार्यालय, गणना कार्यालय एवं पुलिस लाइन परिसर का निरीक्षण कर संबंधित को साफ-सफाई हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

# अपर पुलिस अधीक्षक ने वाहनों की किया सघन चेकिंग




**कौशाम्बी।** शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत अपर पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी द्वारा थाना मंझनपुर अंतर्गत मंझनपुर चौराहे पर संदिग्ध व्यक्तिध्वाहनों की सघन चेकिंग की गई एवं ड्यूटी में लगे अधिकारी कर्मचारीगणों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

## सम्पादकीय

# कहने की जरूरत पड़ी !

टिप्पणियां साधारण इस लिहाज से हैं कि किसी लोकतांत्रिक व्यवस्था में- जहां अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता संविधान प्रदत्त मौलिक अधिकार हो- इन्हें कहने की जरूरत नहीं पड़नी चाहिए। मगर आज हालात ऐसे हैं कि ऐसे मामले सुप्रीम कोर्ट तक पहुंच जाते हैं।सुप्रीम कोर्ट ने बीते हफ्ते दो साधारण बातें कहीं, लेकिन वो अखबारों में प्रमुख सुर्खियां बनीं। ये टिप्पणियां साधारण इस लिहाज से हैं कि किसी लोकतांत्रिक व्यवस्था में- जहां अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता संविधान प्रदत्त मौलिक अधिकार हो- इन्हें कहने की जरूरत नहीं पड़नी चाहिए। मगर आज देश के हालात ऐसे हैं कि ऐसे मामले सुप्रीम कोर्ट तक पहुंच जाते हैं और अंततः कोर्ट को संवैधानिक प्रावधानों की व्याख्या करनी पड़ती है। पहली टिप्पणी संविधान के अनुच्छेद 370 को रद्द करने की आलोचना से संबंधित थी। एक प्रोफेसर ने इस कदम की आलोचना की थी।उन्होंने कहा था कि जिस रोज ये कदम कदम उठाया गया, वह एक ÷काला दिन÷ था। दूसरी टिप्पणी पाकिस्तान के स्वतंत्रता दिवस पर उसे बधाई दिए जाने से संबंधित थी। कोर्ट ने कहा कि किसी दूसरे देश को स्वतंत्रता दिवस की बधाई देने के पीछे दुर्भावना की तलाश नहीं की जानी चाहिए। कोर्ट ने कहा- 'हर भारतीय नागरिक को जम्मू-कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाले अनुच्छेद 370 को रद्द करने की आलोचना करने का अधिकार है। जिस रोज ये अनुच्छेद रद्द किया गया, उसे काला दिन बताना प्रतिरोध की भावना और रोष की अभिव्यक्ति है।अगर राज्य की हर आलोचना या प्रतिरोध को धारा 153-ए के तहत अपराध ठहराया जाएगा, तो लोकतंत्र- जो संविधान की अनिवार्य विशेषता है- टिक नहीं पाएगा।' कोर्ट ने अपनी दूसरी टिप्पणी में कहा कि पाकिस्तान के स्वतंत्रता दिवस 14 अगस्त को कोई भारतीय नागरिक शुभकामना देता है, तो इसमें कुछ गलत नहीं है। यह सद्भावना का इजहार है। वह नागरिक किसी खास मजहब से संबंधित हो, इसलिए ऐसी अभिव्यक्ति के पीछे दुर्भावना की तलाश नहीं की जानी चाहिए।जाहिर है, अभियुक्त मुस्लिम थे, जिन पर सांप्रदायिक द्वेष फैलाने का इल्जाम लगा दिया गया था। फिलहाल सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें बरी कर दिया है। लेकिन आज ऐसी घटनाएं इक्का-दुक्का भर नहीं हैं। और ऐसे मामले में इंसाफ के लिए सुप्रीम कोर्ट तक जाना पड़ता है, यही आज के सूरत-ए-हाल को बताता है। यह विचारणीय है कि भारत इस मुकाम तक कैसे पहुंचा? बिना इसी तह में गए, समाधान का रास्ता निकलने की संभावना धूमिल बनी रहेगी।




**मेष राशि**–आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आप अपने कार्यक्षेत्र में बेहतर ढंग से काम करने की कोशिश करेंगे। आपको किसी समारोह में शामिल होने का मौका मिल सकता है। मेहनत से आपको काम में सफलता मिल सकती है। इस राशि के कॉलेज के स्टूडेंट्स को नई गतिविधियों में शामिल होने का मौका मिल सकता है। बड़ों का सहयोग भी प्राप्त हो सकता है।

**वृष राशि**–आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। बच्चे आपको कोई शुभ समाचार देंगे, जिससे परिवार के सभी सदस्य खुश होंगे। सेहत के मामले में आप खुद को स्वस्थ महसूस करेंगे। आपको अपनी मेहनत का फल जरूर मिलेगा। किसी रचनात्मक कार्य में आपका नाम होगा। आपको प्रसिद्धि मिलेगी। आपके मन की इच्छा पूरी होगी। आपको आर्थिक मामलों में लाभ मिलेगा। अपने भविष्य को बेहतर बनाने के लिए आप नए कदम उठाएंगे, जिसमें आप सफल भी होंगे। आपकी सकारात्मक सोच आपको लाभ दिलाएगी।

**मिथुन राशि**–आज आपका दिन पहले की अपेक्षा अच्छा रहेगा। आप अपने खर्चे पर कंट्रोल करने की कोशिश करेंगे। इस राशि के स्टूडेंट्स को शिक्षकों का स्पोर्ट मिल सकता है। आने वाले समय में आपकी महत्वकांक्षाएं बढ़ सकती हैं। हर कोई आपकी बातों से प्रभावित हो सकता है। जल्द ही कुछ नई जिम्मेदारियां आपको मिल सकती हैं। आपको अपनी मनपसंद कंपनी में इंटरव्यू के लिए बुलाया जा सकता है। आप धार्मिक कार्यों में रूचि ले सकते हैं।

**कर्क राशि**–आज आपका दिन ठीक-ठाक रहेगा। आप ज्यादा समय परिवार वालों के साथ बिता सकते हैं। आज आपके लिए कोई फैसला करना कठिन हो सकता है। आपका पैसा कहीं रुक सकता है। आप अपने जीवनसाथी के साथ कहीं घूमने का प्लान बना सकते हैं। ऑफिस में काम ज्यादा हो सकता है। किसी काम में अनुमान से ज्यादा ही मेहनत लग सकती है।

**सिंह राशि**–आज आपका दिन मिला-जुला रहेगा। घर पर अचानक से कोई रिश्तेदार आ सकते हैं, जिससे घर के माहौल में कुछ अच्छे बदलाव आएंगे। आपको किसी भी वाद-विवाद से बचने की जरुरत है। किसी से बातचीत करते समय आपको अपनी वाणी पर संयम रखना चाहिए। इस राशि के इंजीनियर्स के लिए आज का दिन फायदेमंद हो सकता है।

**कन्या राशि**–आज आपको परिवार से जुड़ी कई जिम्मेदारियां निभानी पड़ेंगी, जो कि आप अच्छे से संभाल लेंगे। साथ काम करने वाले लोगों से आपको मदद मिलेगी। दोस्तों की मदद से आपके काम की प्लानिंग सफल होगी। अपने व्यक्तित्व को निखारने के लिए आज का दिन बढ़िया है। साथ ही आज का दिन कम मेहनत में ज्यादा फल दिलाने वाला रहेगा।

**तुला राशि**–आज आपका दिन सामान्य रहेगा। आपको किसी भी काम को करते समय अपना मन शांत रखना चाहिए। इससे आपका काम आसानी से पूरा होगा। पैसों से जुड़े बड़े फैसले आपको सोच-समझकर ही लेने चाहिए। किसी पुरानी बात को लेकर आप तनाव की स्थिति में आ सकते हैं। घरवालों के साथ कहीं बाहर घूमने जाना आपके लिए अच्छा रहेगा।

**वृश्चिक राशि**–आज आपका दिन उत्तम रहेगा। इस राशि के स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन अच्छा रहेगा। किसी कॉम्पिटिटिव एग्जाम से रिलेटिड कोई शुभ समाचार मिल सकता है। आर्थिक क्षेत्र में स्थिरता बनी रहेगी। आप दोस्तों के साथ कुछ खुशी के पल बिता सकते हैं। अचानक कहीं बाहर जाने के योग बन रहे हैं। जो लोग मीडिया के क्षेत्र से जुड़े हुए हैं, उनके कामों की आज प्रशंसा हो सकती है। किसी खास व्यक्ति का सहयोग आपको मिल सकता है। आप अपनी दिनचर्या में कुछ बदलाव ला सकते हैं। आपकी कोई पुरानी इच्छा पूरी होगी।

**धनु राशि**–आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। किसी व्यक्ति से आपको उम्मीद से अधिक फायदा होगा। घर के किसी काम को पूरा करने में बड़े-बुजुर्ग की राय आपके लिए कारगर साबित होगी। इस राशि के लवमेट के लिए आज का दिन बढ़िया है। थोड़ी मेहनत से किसी बड़े धन लाभ का अवसर प्राप्त होगा। नौकरी की तलाश कर रहे युवाओं को आज किसी बड़ी कंपनी में जॉब मिल सकती है। महिलाएं अगर कोई घरेलू उद्योग शुरु करना चाहती हैं, तो आज का दिन अच्छा रहेगा। आज थोड़ी मेहनत से ही आपको किसी बड़े धन लाभ का अवसर प्राप्त होगा। आपकी फाइनेंशियल स्थिति मजबूत होगी।

**मकर राशि**–आज आपका दिन ठीक-ठाक रहेगा। आप अपने व्यवहार को निखारने की कोशिश कर सकते हैं। आपके कुछ कामों में अधिक समय लग सकता है, जिससे आपकी परेशानी थोड़ी बढ़ सकती है। पैसों की चिंता भी आपको थोड़ा परेशान कर सकती है। ऑफिस में आपको कुछ लोगों से मदद भी मिल सकती है। इस राशि वाले छात्रों को आज पढ़ाई पर ज्यादा ध्यान देने की जरूरत है। आपको अच्छे फल पाने के लिए ज्यादा मेहनत करनी पड़ सकती है। आपकी यात्रा फायदेमंद होगी। आपके काम से कुछ नए लोग जुड़ सकते हैं। समाज में आपका दायरा बढ़ेगा।

**कुंभ राशि**–आज आप लोगों को अपनी योजनाओं से सहमत कर लेंगे। आपको सबका पूरा साथ मिलेगा। ऑफिस में सीनियर्स आपके काम को देखकर खुश होंगे। लवमेट के लिए आज का दिन अनुकूल रहेगा। आपको किस्मत का पूरा-पूरा साथ मिलेगा। माता-पिता आपको कोई बड़ा गिफ्ट दे सकते हैं। आप बड़े ही खुश नजर आएंगे। तकनीकी क्षेत्र के स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन फेवरेबल है। आप किसी नई तकनीक को सीखने की भी कोशिश कर सकते हैं। गाय को रोटी खिलाएं, आर्थिक स्थिति मजबूत होगी।

**मीन राशि**–आज आपका दिन घूमने-फिरने में अधिक बीत सकता है। परिवार वालों के साथ मनोरंजन के लिए कहीं दूर ट्रिप पर जाने का प्लान बना सकते हैं। इस राशि के व्यापारी वर्ग को अचानक से कोई बड़ा धन लाभ हो सकता है। आपका आर्थिक पक्ष पहले की अपेक्षा मजबूत हो सकता है।

# नागरिकता संशोधन अधिनियम लागू करके भाजपा को 2024 के लोकसभा चुनाव में कितना फायदा मिलेगा?

**अशोक भाटिया**

जम्मू कश्मीर और तीन तलाक पर सरकार के लिए गए फैसले के बाद से देश की अपेक्षाएं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह से और भी बढ़ गई। ऐसे में लोगों के जेहन में यह सवाल पिछले काफी वक्त से था कि तीन तलाक और अनुच्छेद 370 के बाद मोदी सरकार नागरिकता संशोधन कानून को लेकर अधिसूचना आखिर कब जारी करेगी। 75 साल पहले पाकिस्तान को अपना मुल्क चुनने वाले लोग भारत को अपना मुकद्दर चुनने के बराबर हो जाएंगे। घुसपैठियों को देश से बाहर करने की बात मोदी सरकार द्वारा समय-समय पर की भी जाती रही है। इस दिशा में सबसे पहले असम में एनआरसी यानी नेशनल रजिस्टर ऑफ सिटिजंस पर काम हुआ। वर्तमान में नागरिकता संशोधन विधेयक को भी इसी कवायद का हिस्सा माना गया। संसद में पारित होने के पांच साल बाद केंद्र ने 11 फरवरी को नागरिकता संशोधन अधिनियम लागू कर दिया। यह अधिसूचना भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा से पहले आई है। इसलिए यह जानना जरूरी है नागरिकता संशोधन अधिनियम लागू करके भाजपा को लोकसभा चुनाव में कितना फायदा मिलेगा?गौरतलब है की नागरिकता संशोधन अधिनियम की अधिसूचना भले ही अब जारी हुई हो पर कानून 5 साल पहले ही संसद में पारित हो चुका है। देशभर में हुए विरोध प्रदर्शनों के चलते इसे अभी तक लागू नहीं किया गया था। सवाल उठ रहा है कि, अचानक क्या ऐसी मजबूरी आ गई कि ऐन लोकसभा चुनावों के पहले इसे लागू किया जा रहा है। इसमें कोई दो राय नहीं हो सकती कि नागरिकता संशोधन अधिनियम लागू करने का एक मात्र कारण चुनावी लाभ लेने की कोशिश है। लेकिन लोकतंत्र में चुनाव जीतने के लिए अपने वोटर्स से किए गए वादे पूरा करना क्या अपराध माना जा सकता है? भाजपा शुरू से ही कहती रही है कि वो नागरिकता संशोधन अधिनियम लागू करके अपने पड़ोसी देशों से आए हिंदू शरणार्थियों को नागरिकता प्रदान करेगी। सरकार का कहना है कि इस कानून से मुस्लिम लोगों को कोई खतरा नहीं है। किसी की भी नागरिकता नहीं छीनी जाएगी। कहा जा रहा कि भाजपा ऐन चुनावों के पहले इसे लागू करके बहुत बड़ी माइलेज लेने की फिराक में है। पर वास्तव में देखा जाए तो भाजपा को इससे कुछ खास नहीं मिलने वाला है। अगर विपक्ष इसका विरोध न करे तो भाजपा को फायदा की जगह नुकसान भी हो सकता है। क्योंकि पूरा नॉर्थ ईस्ट जिसमें असम भी शामिल है इसका विरोध कर रहा है।विपक्ष का आरोप है कि ऐन चुनाव के मौके पर जानबूझकर सरकार इस कानून को लागू कर रही है इसलिए इसका मंतव्य स्पष्ट है। कांग्रेस नेता जयराम रमेश का बयान है कि भाजपा चुनावी फायदे के लिए ऐन चुनाव के पहले इसे लागू कर रही है। हालांकि गृहमंत्री अमित शाह और केंद्रीय राज्य मंत्री शांतनु ठाकुर बहुत दिनों से ये बात कर रहे हैं कि चुनाव के पहले नागरिकता संशोधन अधिनियम लागू कर दिया जाएगा। दोनों नेता बंगाल की चुनावी सभाओं में बार-बार देशभर में नागरिकता संशोधन अधिनियम लागू करने का दावा करते रहे हैं।ज्ञात हो कि भाजपा के लिए पिछले लोकसभा और विधानसभा चुनाव में ही नागरिकता संशोधन अधिनियम लागू करने का वादा एक प्रमुख चुनावी मुद्दा था। भाजपा सोचती है कि नागरिकता संशोधन अधिनियम हिंदू राष्ट्रवाद के उनके एजेंडे को आगे बढ़ा सकता है और हिंदू वोटरों को पार्टी के प्रति ध्रुवीकृत किया जा सकता है। दरअसल भाजपा ये कानून खासकर उन राज्यों में जहां पहले से ही बड़ी हिंदू आबादी है के लिए ही लेकर आ रही है। क्योंकि नागरिकता संशोधन अधिनियम से जिन राज्यों में जितने लोगों को नागरिकता मिलेगी उससे तो पार्टी स्थानीय चुनाव भी नहीं जीत सकती है। दरअसल भाजपा जानती है कि इस मुद्दे का विपक्ष जमकर विरोध करेगा। विपक्ष जितना इस मुद्दे का विरोध करेगा उतना ही भाजपा को फायदा पहुंचेगा।भाजपा यह साबित करने की हर संभव कोशिश करेगी कि विपक्ष एंटी हिंदू है और मुस्लिम तुष्टीकरण के लिए यह विरोध कर रहा है। अगर विपक्ष इस मुद्दे का विरोध न करके भाजपा की साजिश में ट्रैप होने से बच सकती थी । राजनीतिक विश्लेषको के अनुसार नागरिकता संशोधन अधिनियम का कानून केवल लोगों को नागरिकता देने का कानून है। इसमें किसी से नागरिकता छीनने की बात नहीं कही गई है। लेकिन पिछली बार शाहीन बाग में हुए प्रदर्शनों को ध्यान में रखते हुए इस बात की पूरी संभावना बढ़ सकती है कि इसे मुस्लिम समाज के विरोध में पेश किया जाए। इससे लोगों में भ्रम और इसका विरोध बढ़ सकता है। लेकिन इसका विरोध जितना ज्यादा होगा, उसका असर और ज्यादा हो सकता है। यानी लोकसभा चुनावों के ठीक पहले नागरिकता संशोधन अधिनियम लागू करना भाजपा का सोचा समझा और बहुत बेहतर तरीके से खेला गया कार्ड है। 2024 के चुनाव परिणाम पर भाजपा के संदर्भ में इसका बेहतर असर देखने को मिल सकता है।पश्चिम बंगाल में बांग्लादेश से आए मतुआ समुदाय के हिंदू शरणार्थी काफी लंबे समय से नागरिकता की मांग कर रहे हैं। इनकी आबादी अच्छी खासी है। ये लोग बांग्लादेश से आए हैं। नागरिकता संशोधन अधिनियम लागू होने से इनको नागरिकता मिलने का रास्ता साफ हो जाएगा। पिछले लोकसभा चुनावों में भी भाजपा को मतुआ समुदाय ने भर-भर कर वोट दिया था। 2024 चुनाव में भाजपा को अगर फिर से मतुआ समुदाय का वोट पाना है तो यह कानून इसके लिए मददगार साबित होगा।2014 चुनाव में बंगाल में भाजपा के पास सिर्फ दो लोकसभा सीट थी।इन्ही समीकरणों के बल पर 2019 चुनाव में बढ़कर 18 सीटें हो गई और 2021 विधानसभा चुनाव में भाजपा दूसरे नंबर की पार्टी बनकर उभरी थी।

लोकसभा सीटों के लिहाज से यूपी (80) और महाराष्ट्र (48) के बाद बंगाल (42) तीसरा सबसे बड़ा राज्य है।बंगाल में मतुआ समुदाय की आबादी करीब 30 लाख है। नादिया, उत्तर और दक्षिण 24 परगना जिलों में कम से कम लोकसभा की चार सीट पर इस समुदाय का प्रभाव है। ममता बनर्जी ने ऐलान किया है कि वो पश्चिम बंगाल में नागरिकता संशोधन अधिनियम लागू नहीं होने देंगी। ममता जितना अड़चन डालती हैं तो भाजपा उन पर उतना ही मुस्लिम परस्ती का आरोप लगाकर कठघरे में खड़ी करेगी। भाजपा को बंगाल ही नहीं पंजाब और दिल्ली में भी सिखों का भी समर्थन हासिल करने में मदद मिल सकती है। पाकिस्तान और अफगानिस्तान से बड़ी संख्या में सिख पलायन कर रहे हैं, उनमें बड़ी संख्या कनाडा और इंडिया में माइग्रेट करना चाहती है।देश भर में नागरिकता संशोधन अधिनियम का विरोध का आधार यह है कि मुसलमानों को क्यों नहीं इसमें शामिल किया गया है। पर पूर्वोत्तर विरोध की अलग वजह हैं। पूर्वोत्तर में बांग्लादेश से आए अल्पसंख्यक हिंदुओं को नागरिकता मिलने से इन छोटे राज्यों में अलग तरह की समस्या उत्पन्न हो रही है।पूर्वोत्तर के मूल निवासियों का मानना है कि अरुणाचल प्रदेश, असम, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नागालैंड और त्रिपुरा के मूल लोग सजातीय हैं। इनका खानपान और कल्चर काफी हद तक मिलता है। लेकिन कुछ दशकों से यहां दूसरे देशों से अल्पसंख्यक समुदाय भी आकर बसने लगा। खासकर बांग्लादेश अल्पसंख्यक बंगाली यहां आने लगे।

जिसके चलते यहां की मूल निवासियों के सामने अस्तित्व का संकट पैदा हो गया है।मेघालय में वैसे तो गारो और खासी जैसी ट्राइब मूल निवासी हैं, पर बंगाली हिंदुओं के आने के बाद उनका दबदबा हो गया। इसी तरह त्रिपुरा में बोरोक समुदाय मूल निवासी है, लेकिन वहां भी बंगाली शरणार्थी भर चुके हैं। सरकारी नौकरियों में बड़े पदों पर भी बंगाली समुदाय काबिज हो चुका है। असम के हाल सबसे खराब माने जा रहे हैं।

# लोकमित्र का रंग कवियों के संग

## विदुर घर साग

बहुत भाग्यशाली हैं, महात्मा विदुर जी।
तभी तो विदुर घर,साग खाए कृष्ण जी।।
महल का राज भोग छोड़ के,खाए साग।
तभी दुर्योधन के हृदय में, लगी थी आग।।
वन्दना करती हूँ ,हे कृष्ण आइये मेरे घर।
मैं भी भाग्यशाली बनूंगी,दिजिए ऐसे वर।।
रूखा सूखा जो भी है,अर्पण करती हूँ मैं।
फुर्सत पाकर आ जाना स्वीकार करना तुम।।
सुनी हूँ निर्धनों के झोपड़ी में,तुम जाते हो।
बिना मांगे मनवांछित फल देकर आते हो।।
लचार,विधवा,नारी की,लज्जा बचाते हो।
महारानी द्रौपदी के जैसे,पुकार सुनते हो।।
हे कृष्ण रूदन हृदय से पुकारी है देवन्ती।
चरणों में मस्तक झुकाई हूँ,नमन करती।।
हे कृष्ण हम भक्तों में भी,प्रेम बरसाइऐ।
अपने निराक्षर भक्तों को,नहीं तरसाइऐ।
हमें भी विदुर समझ के,आप आ जाईए।
फल,गंगा जल मैं भी रखी हूँ,भोग लगाईऐ।

**श्रीमती देवन्ती देवी चंद्रवंशी**
**धनबाद झारखंड**



## मां बनकर अब मां बहुत याद आती है

मां की याद आती है
अब अक्सर मां बहुत
ही याद आती है।
जब से मां से दूर अपना
घर बसाया है तब से मां
की बहुत याद आती है।
सुबह सवेरे अब जब फिक्र
से नींद खुल जाती है।
तब तब मां का प्यार से
जगाना बहुत याद आता है।
अपनी पसंद को भूल बच्चों
की पसंद का खाना बनाते हुए
मां कितना तो याद आती है।
मां का छोटी छोटी बातों का
ध्यान रखना परवाह करना,
नखरे उठाना बहुत याद आता है।
जब अपने बच्चे पढ़ने के लिए
हम से दूर दूसरे शहर गए
तब मां का त्याग याद आता है।
कैसे मां ने अपने हृदय पर
पत्थर रख हमको भेजा होगा।
कैसे अपने कलेजे के टुकड़े
अपनी नाजुक सी परछाई का
हाथ किसी और को दिया होगा।
बचपन में जिस मां के प्यार को
नहीं समझ पाए मां से दूर रहकर
बात बात में अब हर छोटे बड़े
काम में मां कितना याद आती है।
याद आता है उनका त्याग,
समर्पण, स्नेह, और दुलार।
मां से दूर होकर अब मां बनकर
मां याद आती है, मां बहुत याद आती है।

**किरण जादौन प्राची**
**करौली, राजस्थान**



## तुम आये तो

तुम आये तो बेचैनियों को करार आया।
जैसे कोई वस्ल की तमन्ना मेरा यार आया।।
अभी तक सुनी सुनी थी महफिल।
ऐसा लगा जैसे रौनके बाजार आया।।
मैंने उम्मीद नही छोड़ी थी अब तलक।
तुम आये मेरी हसरतों का संसार आया।।
तुम मत देखना मेरी तरफ जब तक चाहो।
देखो रूठा रूठा कोई दिलदार आया।
ये बहुत है मेरे लिये की तुम आये ।
जब तक तुम नहीं फिर कहा करार आया।।
जानिबे मंजिल की तलाश में हूँ मैं।
तुम आये कोई सागर मेरे करीब आया।।
बेसब्री से इंतजार में कैसे कटे मेरे रात दिन।
ऐसा मुमकिन हैं तुम्हें मुझ पर फिर एतबार आया।।
मैने दिल्लगी की चाहत को पाने के लिये यूं हि।
मना लेंगे हम, तुम्हारे रूठने पर प्यार आया।।
मैं बैकल चला हुँ इन राहों और इस उम्मीद से।
आओगी तुम इसलिये कदमों के निशा छोड़ आया।।

**सुधाकर ईशी**
**वृन्दावन कालोनी सेंधवा**
**तहसिल सेंधवा**
**जिला बड़वानी ( मध्यप्रदेश )**



## बालक जाए नित स्कूल

उत्तम शिक्षा के लिए,रखें सदा हम ध्यान।
जाए बालक स्कूल नित, कितना हो व्यवधान।
कितना हो व्यवधान,पढ़े मन से हर बालक।
रचकर उचित विधान,स्कूल भेजे हर पालक।
शिक्षक रख तब ध्यान,हरे उर का हर कटु तम।
सुंदर हो सब साज,बने जीवन तब उत्तम।।
पालक अपने बाल को,भेजें निशिदिन स्कूल।
शिक्षक रखते ध्यान तब, प्रबलित करते मूल।
प्रबलित करते मूल,ज्ञान उत्तम हैं देते।
दिखलाकर सत पंथ,तमस उर का हर लेते।
पाकर समुचित ज्ञान,पुष्प सम खिलता बालक।
कहता कविवर ओम,सत्य यह समझे पालक।।
हरदम शिक्षक चाहता,पढ़े लिखे हर बाल।
देकर उत्तम ज्ञान तव,सदा सजाता ढाल।
सदा सजाता ढाल,ज्ञान अति उत्तम देकर।
रक्षित रहता बाल,उचित शिक्षा को लेकर।
बनता सारा साज,मिटे उर का हर इक तम।
कहता कविवर ओम,ज्ञान है उत्तम हरदम ।।

**ओम प्रकाश श्रीवास्तव ओम**
**शिक्षक व साहित्यकार**
**भीतरगांव कानपुर नगर**



## जब पाया ही ना तो खोया कैसे

एहसासों पर भी अगर बंदिश हो
एहसानों की फिर क्यों गिनती हो।
जब सच में कभी कुछ पाया न वैसे
सोचो फिर भी उसको खोया कैसे।
ना कर उम्मीद अब शिकायतों की
कब की गुजरी रात कैफियतों की।
सोचने की भी गर एक सीमा होती
नींदों में फिर ना कोई खलल होती।
इश्क भी काश खामोश हुआ करते
फिर अल्फाज कभी न जाया करते।
नैनों को भी जो ना समझे पढ़ कर
क्यूं बहलाऊं मन फिर आगे बढ़ कर।
क्यूं यादों में ही हर बार बिखर गए
जब समेट खुद को ही सिमट गए।
सिमट जाने में अगर हम समझे होते
समेट कर न उनका दिल तोड़े होते।
समेट कर सिमट जाने में जो मजा है
लगता वही रब के मीजान की रजा है।
एक नही वह भी फिर चार चार रखते
खाने भी दिल में अगर चार चार करते।
खिलाड़ी तो नही खिलौना भी हूं मैं
भावों के खेल में बिलोना भी हूं मैं।
चाहत में राहत की क्यों उम्मीद कर
जहर पीते जीने की ना उम्मीद कर।
वक्त बदलने से पहले इंसान बदल जाए
वह क्यों कर फिर किसी दिल को भाए।
चार कदम का साथ भी गवारा न होता
खुशी बिन दो पल भी गुजारा न होता
इश्क की राह ही अगर आसान होती
बिछुड़ने पे ना यादों की बारात होती।
जबरन कब्जा कर दिल में बैठ गए हैं
फिर क्यूं कहते यह मेरा बसेरा नही है।

**राव शिवराज पाल सिंह**
**जयपुर**



## ये जिंदगी हसीन है हसीन ही रखना...

ताउम्र तुम मुझे प्रेमिका ही बनाए रखना
तुम बेइन्तेहां चाहत बरसाने वाले
प्रेमी ही बने रहना
मर्द बनने की कोशिश में
मुझे औरत मत बना देना
ये ज़िंदगी हसीन है हसीन ही रखना
चुटकी सिंदूर भर मांग में मेरी
दमनकारी नीतियों का
लाइसेंस मत ले लेना
पोषे जाते हैं प्रेमिकाओं के हर ख्वाब
पत्नियों के भाल पर लिखी जाती है
प्रताड़नाओं की परिभाषा
क्यूं ज़रूरी है सात फेरों का ढकोसला
रस्मों रिवाज़ो की आड़ में तुम
प्रीत की बलि चढ़ा न देना
मिलते रहेंगे रोज़ ऐसे ही
शिव मंदिर के पीछे
इंतज़ार में बेहद आनंद है
कितनी खास हूँ आज मैं तुम्हारे लिए
परिणय सूत्र में बॉधकर कल को
घर की मुर्गी दाल बराबर मत बना देना
फिर भी..
जिस दिन अर्धांगिनी के सही मायने
तुम्हें समझ में आए
उस दिन डोली लेकर आ जाना
मैं प्रेमिका से पत्नी बनने बेकल हो जाऊॅगी
दोनों मिलकर रचेंगे आलोक अपना ऐसा
न तुम सरताज होंगे, न मैं पैरों की जूती
जिसमें समान हक से सजा शामियाना होगा।

**भावना ठाकर भावु**
**बेंगलोर**



## आंटी मत कहो

अपने मुंह मियां मिट्ठू नहीं बनते, लगते हैं अभी भी हम मल्लिका अरोड़ा,
थोड़ा वजन ज्यादा हो गया है माना, पेट भी बन गया है जीरो फिगर में रोड़ा ।
अभी हमारी उम्र ही क्या है, लोग बुलाने लग गए हैं हमको आंटी ,
दिल है हमारा बहुत जवां, भले ही हमने देख लिए हो बसंत पूरे बयालीस ।
अपना फिगर थोड़ा 19-20 देखकर हमें चढ़ा फितूर,
कुछ भी हो जाए हम अपना, वजन कम करेंगे इस बार जरूर ।
मन में ठान ली है यह बात, अब तो करेंगे थोड़ी एक्सरसाइज,
सलाद फलों का जूस पीएंगे, डाइट करेंगे थोड़ी टाइट ।
मीठे को राम राम कह देंगे, बाहर के खाने को भी बाय-बाय,
आइसक्रीम भले हो हमारी कमजोरी, लेकिन 2 महीने नहीं खाएंगे भाई ।
मेहनत होगी हमारी सफल प्रस्तुत करेंगे बढ़िया उदाहरण ,
सपने देखे जो हमने दीदी सुनने के, करेंगे इनको अवश्य ही पूरण।
चार दिन में ही हमारी हालात हो गई, एक्सरसाइज कर करके टाइट,
कमर लेकर बैठ गए हम तो किनारे,घर में हो गई सबसे फाइट ।
सलाद फरूट खा खाकर हमारे कोमल चेहरे पर, छा गई कितनी झूर्रियां,
आलू के पराठे, मिठाइयां बुला रहे हमें, सही न जाएं हमसे ये दूरियां ।
मन को फिर समझाया जितना जीवन है मिला, उतना ÷आनंद÷ से जी लो भाई,
आंटी कहने वालों को कहने दो आंटी, हम तो खाते पीते घर की है लुगाई ।
परिवार हमारा है हमें प्यारा, सखी सहेलियां हमने यहां पाई,
हंसी ठिठोली मिल कर करते सारे, जीवन में चंद सांसे ईश्वर से है पाई ।

**मोनिका डागा आनंद**
**चेन्नई , तमिलनाडु**



## रहस्यों के अधरों पर प्रेम

रहस्यों के अधरों पर,
प्रेम तमाम सवालों को यूं ही,
आखिर क्यों में तब्दील कर,
फिर से चुपचाप कोने में यूं ही
दुविधा में अपनी छवि बारंबार,
अलगाव में परिणत होता देख यूं ही
प्रेम तमाम जवाबों को यूं ही,
रहस्यों के अधरों पर,
जटिल मुस्कुराहट को बनाकर,
न जाने किस रूप में विलीन हो रहा।
विष समान है विछोह करना,
प्रेम का परिचय अतीत में रहना।
वर्तमान क्या क्रमबद्ध कर रहा,
प्रेम की अभिव्यक्ति और आवृत्ति को यूं ही,
भविष्य में प्रवेश कर रहा निरंतर,
नई नवेली संदेहों और संभावनाओं में यूं ही
कई विचलन और वेदना प्रकट कर रहा।
संवाद और संवेदनाओं की खोज में यूं ही,
प्रवेश मेरे व्यक्तित्व पर यूं ही,
नित नए रहस्यों के अधरों पर,
प्रेम निरंतर जीवन में नृत्य कर रहा।



**-- अनुप्रिया,**
**कटिहार, बिहार**

## मणिकर्णिका घाट मिले

हाथों कर्मों से सना हो मेरा,
जीवन त्यागो से घिरा हो मेरा,
गले में तुलसी महारानी हो मेरे,
तन को जब प्राण छोड़ेगा मेरा,
हे राघव मेरे, हे मनमोहन,
अर्ज है तुमसे हे गंगाधर,
श्रीकृष्ण का कंधा मिले,
मणिकर्णिका घाट मिले,
गंगा जैसी शीतलता हो उस अग्नि की जिसमें मेरी चिता जले,
तारक मन्त्र जो कानो में मेरे,
शिव जी के मुख से उस क्षण मिले,
तत्क्षण मुक्ति पाकर यह अज्ञानी,
मानव जीवन से परे चले।।

**लवली आनंद**
**मुजफ्फरपुर , बिहार**



# पिरथीगंज हवाई अड्डे से उड़ेंगे एयरोप्लेन- सांसद

### विकसित किया जाएगा एयरपोर्ट
### वन स्टेशन वन प्रोडक्ट स्टाल का सांसद संगम लाल ने काटा फीता

**लोकमित्र ब्यूरो**
**प्रतापगढ़।** सांसद संगम लाल गुप्ता ने बुधवार को मां बेल्हा देवी धाम रेलवे स्टेशन पर प्रधानमंत्री की वीआईपी योजनाओं में शुमार वन स्टेशन वन प्रोडक्ट के अंतर्गत स्टाल का फीता काट कर उद्घाटन किया। इस मौके पर उन्होंने सभा को सम्बोधित करते हुए पीएम मोदी को रेलवे स्टेशन से लगाव रखने वाला बताया।

कहा कि प्रधानमंत्री का अनुभव ही है जो उन्होंने स्टेशनों का कायाकल्प का शुरू किया। जिससे कि यात्रियों को अधिक से अधिक सहूलियत मिल सके। चिलबिला जंक्शन का विकास और भंगवा गेट पर बनने जा रहा ब्रिज मोदी की सोच




का नतीजा है। जब से वे विधायक थे उसी समय से ब्रिज के निर्माण का प्रयास करते रहे। सांसद ने कहा कि पिरथीगंज हवाई अड्डे का विकास किया जाएगा। वह दिन दूर नहीं जब यहां से छोटी उड़ानों के लिए प्लानों की सुविधा होगी। इससे आसपास के इलाके में रोजगार का अवसर बढ़ेंगे। विधायक राजेंद्र मौर्य ने कहा कि रेलवे स्टेशनों का कायाकल्प हो रहा है। यात्री की सुविधाएं बढ़ रही है।

भंगवा गेट पर बनने वाले ब्रिज से करीब चालीस गांव के लोगों को इसका लाभ मिलेगा। संचालन अधिवक्ता विवेक उपाध्याय ने किया। जीआरपी प्रभारी रामजीत और आरपीएफ के जवान सुरक्षा को लेकर मुस्तैद रहे।

#### वन्देभारत का होगा स्टॉपेज

सांसद संगम लाल ने कहा कि जनपद वासियों को वन्देभारत ट्रेन की सुविधा मिलेगी। मां बेल्हा धाम प्रतापगढ़ स्टेशन पर इसका स्टॉपेज हो इसके लिए वे भरसक प्रयास कर रहे हैं। ट्रेन रुकेगी।

#### पीएम ने सब कुछ दिया

सांसद संगम लाल ने कहा कि जिले में विकास की गंगा बहाने से वे जरा भी चूक नहीं रहे हैं। जो भी विकास हो रहा है वह पीएम मोदी करवा रहे हैं। यहां के लोगों ने स्टेशन के कायाकल्प की मांग की थी न ही भंगवा ब्रिज की। बिना मांगे ही सब कुछ उन्होंने यहां की जनता को दिया है। इसके लिए उन्होंने ( संगम लाल )प्रयास जारी रखा।

## अब हवाई जहाज उड़ाने का फेंका चुनावी पासा

**प्रतापगढ़।** चुनाव की बिसात अभी बिछी नहीं कि सांसद संगम लाल ने चालें चलना शुरू कर दिया है। अब उन्होंने एक नया शिगूफा छोड़ा है। जिसमें उन्होंने पिरथीगंज हवाई अड्डे को विकसित करने और यहां से छोटी उड़ानों के ऐरोप्लेन चलने की बात कही है। इतना ही नहीं उन्होंने यहां तक कहा कि जिले के लोगों को बिना मांगे ही सब कुछ मिल गया है। मसलन, भंगवा रेलवे फाटक पर बनने वाले ब्रिज और चिलबिला जंक्शन के पुनर्विकास की मांग ही किसी ने नहीं उठाई थी। सब कुछ उन्होंने और पीएम ने किया है। यह सारी बातें लोगों को हजम नही हो रही है। यह सारी बातें बुधवार को उन्होंने मां बेल्हा देवी धाम रेलवे स्टेशन पर स्टाल उद्घाटन कार्यक्रम में लोगों को संबोधित करते हुए कही है।बता दें कि चिलबिला जंक्शन पर पद्मावत एक्सप्रेस, इंटर सिटी और प्रयागराज संगम अयोध्या धाम की ट्रेनों का ठहराव न होने से डेली यात्रियों को काफी मुश्किल हो रही है। पद्मावत को चौन पुलिंग की जाती है। इसके लिए आरपीएफ यात्रियों को आरोपी बनाकर रोजाना जेल भेज रही है। इसके स्टॉपेज की मांग काफी समय से हो रही है। कुछ दिन पहले पुनर्विकास कार्यक्रम में स्थानीय व्यापारियों ने ट्रेनों का ठहराव का संबंध में एक ज्ञापन भी सांसद संगम लाल और रेल के अधिकारी को दिया था। इसमें कुछ भी नहीं हुआ। वहीं दूसरी तरफ वंदेभारत और अमृत भारत ट्रेन की सुविधा की बात रेल राज्य मंत्री की सभा में हुई थी। यह मांग भी नक्करखाने में तूती साबित हुई।हालांकि उन्होंने स्टेशन पर वन स्टेशन वन प्रोडक्ट कार्यक्रम में वन्दे भारत का स्टॉपेज कराने का आश्वासन दुबारा लोगों को दिया है। ट्रेनों के मामले में असफल होने के बाद उन्होंने पिरथीगंज से हवाएं जहाज उड़ाने की बात कह दी है। लोगों का कहना है कि कहीं यह चुनावी जुमला तो नहीं। फिलहाल कहने में कोई टैक्स थोड़े लगने वाला।

## प्रधानाध्यापक ने विद्यालय से काट लिया लाखों रुपए कीमत के शीशम के पेड़

**आसपुर देवसरा,प्रतापगढ़।** आसपुर देवसरा थाना क्षेत्र के नीम प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक ने विद्यालय परिसर में खड़े सात शीशम के पेड़ को कटवा दिया। लकड़ी प्राथमिक विद्यालय के एक जर्जर कमरे में रखवाई गई है। जिसकी जानकारी जब नीमा वार्ड के सभासद को हुई तो कई लोग प्राथमिक विद्यालय पहुंच गए। पेड़ काटने की शिकायत गांव के सभासद मनोज यादव अखिलेश तिवारी महेन्द्र तिवारी गुड्डू रजक विकास सरोज सामंत समेत कई लोगों ने पुलिस से की है। ग्रामीणों का आरोप है कि सिर्फ एक पेड़ की लकड़ी ही यहां रखी गई है बाकी लकड़ी को या तो बेच दिया गया है या यहां से हटा दिया गया है। इस संबंध में जब खंड शिक्षा अधिकारी संतोष से बात की गई तो पहले तो उन्होंने पेड़ काटने की जानकारी से इनकार कर दिया पर जब पुलिस जांच को आई तो उन्होंने कहा कि उनसे पूछा गया था।

# चुनाव के पर्व को गौरवशाली बनायें - संगम लाल

### सांसद ने की मतदाता जागरूकता अभियान की शुरूआत




**लोकमित्र ब्यूरो**
**प्रतापगढ़।**साकेत गर्ल्स पी0जी0 कॉलेज के सभागार में मतदाता जागरूकता अभियान की शुरूआत करते हुए सांसद संगम लाल गुप्ता ने कहा कि चुनाव का पर्व है और यह पर्व हमारे देश का गर्व है। हम सब को मिलकर इस गर्व के पर्व को गौरवशाली बनाना है। अधिक से अधिक संख्या में मतदान कर विकास के पक्ष में मतदान करना है। आप अपना मत किसी को भी दे लेकिन उम्मीदवार आपकी आकांक्षाओं को आपके लिए, आपके क्षेत्र के लिए और आपके समाज के लिए हर क्षण जागृत रहना चाहिए। एक राष्ट्र, सर्वक्षेष्ठ राष्ट्र की कल्पना तभी मूर्त रूप लेगी। जो हमारी बहने, हमारी बेटियाँ अभी तक मतदाता नही बनी है वे मतदाता बने और स्वयं तथा अपने परिवारीजनों को मतदान के लिए प्रेरित करे। मतदान आप का अधिकार है जिसके द्वारा आप अपना प्रतिनिधि चुन सकते है और जो आपके महत्व को न पहचाने उसे आप नकार सकते है। आप उस सरकार को चुने जो प्रकृति की भांति राष्ट्र के अवसर को समानता से उपलब्ध कराये और सबका विकास, राष्ट्र के विकास के साथ सुनिश्चित करे। देश बदल रहा है, सोच बदल रही है, ऐसे में अपना जनपद भी नये कलेवर में विकास के पथ पर बढना चाहिए। जब देश बढेघ्गा, समाज बढ़ेगा और तभी हम सब विकसित हो सकेगें। कार्यक्रम में माननीय सांसद जी को अंग-वस्त्र पहना कर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम का शुभारम्भ महाविद्यालय की छात्राओ कु0 नेहा, कु0 शिखा पाण्डेय, कौशिकी पाण्डेय, कु0 जयति शुक्ला, कु0 नेहा सिंह एवं कु0 शिखा द्वारा प्रस्तुत साई वन्दना, सरस्वती वन्दना एवं स्वागत गीत द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन श्री अनन्त प्रकाश शुक्ला ने किया। कार्यक्रम का संयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना के तीनों कार्यक्रमाधिकारी श्री अजमत अंसारी, श्री राहुल मिश्रा एवं डॉ0 प्रतिभा मिश्रा द्वारा किया गया। कार्यक्रम में आये हुए आगन्तुकों के प्रति आभार महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ0(श्रीमती) नीलिमा श्रीवास्तव द्वारा व्यक्त किया गया।

## दिव्यांग बच्चो को समाज मे आगे लाने का काम करे - सुरेश सिंह

**लालगंज,प्रतापगढ़।** समग्र शिक्षा अभियान के तहत समेकित शिक्षा का पांच दिवसीय नोडल शिक्षको का प्रशिक्षण बी आर सी लालगंज मे चल रहा है।जिसमे मंगलवार को प्रशिक्षण मे पहुंचे खण्ड शिक्षा अधिकारी सुरेश सिंह ने कहा कि दिव्यांग बच्चो को समरुप बनाए और समाज मे आगे लाने का काम करे।प्राथमिक शिक्षक संघ अध्यक्ष संतोष मिश्र ने कहा कि दिव्यांग बच्चे कोई भी कार्य करने मे सक्षम होते है।उन्हे किसी भी काम के आकलन से कम न आके। इस अवसर पर कोषाध्यक्ष हिमाशूं ओझा,विशेष शिक्षक सन्तलाल,श्रवण कुमार, हिंमाशू पाण्डेय, डॉक्टर मुकेश त्रिपाठी,मनोज त्रिपाठी,राज कुमार पाण्डेय, आशुतोष ओझा,अशोक सिंह ओमप्रकाश, सरोज, राजाराम सरोज, संजय सरोज, पूनम सिंह,इन्शान देवी,ऋतु शुक्ला अन्य शिक्षकगण मौजूद रहे।

# जिला बार चुनाव को प्रत्याशियों ने किया नामांकन



**लोकमित्र ब्यूरो**
**प्रतापगढ़।** जिला बार एसोसिएशन चुनाव में नामांकन के आखिरी दिन मंगलवार को अध्यक्ष पद पर तीन व महामंत्री पद पर 6 प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र दाखिल किया। नामांकन पत्रों की जांच व नाम वापसी बुधवार को होगी।जिला बार एसोसिएशन में अध्यक्ष पद के लिए बृजेश बहादुर सिंह गौतम, ज्ञानेन्द्र सिंह व शिवराम मिश्र ने जहां नामांकन किया है, वही महामंत्री पद पर राजेश्वर प्रताप सिंह, कमलेश बहादुर सिंह, गुलाब सिंह, शेख बदरूद्दीन, ज्ञानेन्द्र बिहारी श्रीवास्तव व लल्लन सिंह ने नामांकन किया है। वरिष्ठ उपाध्यक्ष के पद पर विक्रम सिंह, कनिष्ठ उपाध्यक्ष के तीन पद है, जिन पर दीपेन्द्र प्रताप सिंह, करूणेश प्रताप सिंह, कमलेश कुमार सिंह ने नामांकन किया। संयुक्त मंत्री के तीन पद है, जिसमें धर्मेन्द्र कुमार सिंह, बृजेन्द्र बहादुर पाल, विवेक कुमार त्रिपाठी ने नामांकन दाखिल किया गया है। कोषाध्यक्ष के पद पर विकास कुमार सिंह ने पर्चा भरा है। कार्यकारिणी सदस्य में पांच लोगों ने नामांकन किया है। अध्यक्ष व महामंत्री के पद को छोड़कर शेष सभी पदों पर निर्विरोध निर्वाचन होना लगभग तय है। एल्डर कमेटी के अध्यक्ष जय नारायण सिंह ने बताया कि 21 मार्च को मतदान होगा। नामांकन के दौरान ओम प्रकाश सिंह अध्यक्ष जिला बार, महामंत्री विजय पाल सिंह ,चन्द्रभान सिंह सोमवंशी, वीरेन्द्र प्रताप सिंह, विजय श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

## विद्यालय में चोरी, जांच में जुटी पुलिस

**लालगंज-प्रतापगढ़।** कोतवाली क्षेत्र के पूरे मीतन गांव में अज्ञात चोरों ने प्राथमिक विद्यालय मे चोरी की दुस्साहिक घटना अंजाम दी। चोरों ने कमरे का ताला तोड़कर दीवाल घड़ी तथा बर्तन व बच्चों के खेल सामाग्री आदि उठा ले गय। मंगलवार की सुबह शिक्षक विद्यालय पहुंचे तो चोरी का नजारा देख आवाक रह गये। घटना के बावत प्रधानाध्यापक राजेश कुमार वर्मा ने पुलिस को तहरीर सौंपी है। प्रभारी निरीक्षक अवन दीक्षित का कहना है कि सूचना मिली है जांचकर घटना खुलासा किया जायेगा।

## निपुण बच्चों को किया गया पुरस्कृत



**लोकमित्र ब्यूरो**
**कुंडा प्रतापगढ़** बीआरसी कुण्डा में हमारा आँगनङ्कहमारे बच्चे ( प्री प्राइमरी समुदाय जागरूकता आभियान के अन्तर्गत) एवम बुनियादी शिक्षा को मजबूत करने के लिए खण्डशिक्षाधिकारी कुण्डा संजय सिंह जी ने कार्याक्रम का शुभारंभ किया और कुंडा ब्लॉक के निपुण बच्चों को पुरस्कार एवम प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस मौके पे मांडलिक मंत्री अनिल पाण्डेय, तहसील प्रभारी धीरेंद्र सिंह, मंत्री राघवेंद्र पाण्डेय, ए आर पी अजय शुक्ला, तफसीर, कामता ने छात्रों को अपने वकतव्य से काफी प्रोत्साहित किया एव सुनील सिंह, दीपेश त्रिपाठी, सादमा अंजुमन, अमित शुक्ला, अभिषेक और अन्य शिक्षकों , आंगनबाड़ी कार्यकत्री एवम अभिवावकों ने सभी 11 निपुण बच्चो को उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाए दी

## चार आरोपियों के खिलाफ बाइक चोरी का केस

**लालगंज-प्रतापगढ़।** शादी के कार्यक्रम में बाइक चोरी को लेकर पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफनामजद मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज के केदौरा तेलियन का पुरवा निवासी मोहनलाल गुप्ता के पुत्र राकेश ने पुलिस को दी गयी तहरीर में कहा है कि 29 फरवरी को वह बाइक से अपने मामा के यहां शादी के कार्यक्रम में खरावां गया था। वहां उसकी बाइक चोरी हो गयी। जानकारी करने पर पता चला कि खरावां गांव के साहिल व सुमित ने अमित सरोज व बबलू निवासी तुरकिनिया के साथ मिलीभगत कर उसकी बाइक चोरी कर लिया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है।

## संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की हुई मौत

**कटरा मेदनीगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली नगर देहात अंतर्गत भुवालपुर किला के धनीपुरवा निवासी अनिल पटेल शराब का आदी था तथा ई रिक्शा चलाकर जीवन यापन करता था और आए दिन शराब के नशे की वजह से उसकी पत्नी से झगड़ा होता था। इसी बात को लेकर बीते रविवार को भी झगड़ा हुआ वाद विबाद होने पर पत्नी घर से कहीं चली गई बाद में अनिल पटेल की मौत हो गई ।स्थानीय लोगों में चर्चा है कि हो सकता है कुछ जहरीला पदार्थ खा लिया हो जबकि संदीप शराब पीकर आए दिन पत्नी को बुरी तरह से मारता पीटता था।

## गैंगेस्टर का आरोपी धराया, गया जेल

**लालगंज-प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस ने गैंगेस्टर एक्ट के आरोपी को धर दबोचा। कोतवाली के दरोगा राजेन्द्र राम मंगलवार को फोर्स के साथ गस्त कर रहे थे। इस बीच गंभीराबाद बेलहा के पास गैंगेस्टर के मुकदमे में वांछित गंभीराबाद निवासी आद्या प्रसाद शुक्ल का पुत्र विद्याधर शुक्ला पुलिस के हत्थे चढ़ गया। पुलिस ने आरोपी को पूछताछ के बाद जेल भेज दिया।

# अनवरत चल रहे जनपदीय ग्राम परिक्रमा यात्रा का हुआ समापन




**लोकमित्र ब्यूरो**
**प्रतापगढ़ –** शीर्ष नेतृत्व में 12 फरवरी से अनवरत चल रहे ग्राम परिक्रमा यात्रा कार्यक्रम की कड़ी में एवं भाजपा किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष विजय कुमार मिश्र के मार्गदशन में जनपद प्रतापगढ़ के विभिन्न क्षेत्रों पर भाजपा किसान मोर्चा के सम्मानित पदाधिकारी कार्यकर्ताओं के सहयोग,लगन एवं अथक परिश्रम से अनवरत चल रहे ग्राम परिक्रमा यात्रा के सफलता पूर्वक संपन्न होने के दृष्टिगत पर विधान सभा क्षेत्र रामपुर खास मंडल सांगीपुर के ग्राम सभा मुरैनी की धरती पर जनपदीय ग्राम परिक्रमा यात्रा का समापन कार्यक्रम भाजपा किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष विजय कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में सफलता पूर्वक संपन्न हुआ,कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे भाजपा किसान मोर्चा क्षेत्रीय अध्यक्ष काशी प्रांत काशी नाथ तिवारी एवं विशिष्ठ अतिथि रहे भाजपा किसान मोर्चा क्षेत्रीय उपाध्यक्ष काशी प्रांत बाल कृष्ण पांडे ने कार्यक्रम के माध्यम से भाजपा किसान मोर्चा के सम्मानित पदाधिकारी कार्यकर्ताओं आभार एवं धन्यवाद ज्ञापित करते हुए उपस्थित जनता जनार्दन से आग्रह किए कि एक बार फिर मोदी सरकार को स्थापित करने के लिए आप अपना अमूल्य मत रूपी सहयोग प्रदान करने की कृपा करें,वक्ताओ की कड़ी में मंचासीन रहे भाजपा किसान मोर्चा क्षेत्रीय उपाध्यक्ष काशी प्रांत बाल कृष्ण पांडे,जिलाध्यक्ष विजय कुमार मिश्रा मंच के माध्यम से अपने उद्बोधन से अवगत कराए कि परम आदरणीय प्रधानमंत्री एवं यशस्वी मुख्यमंत्री के द्वारा संचालित हो रही विभिन्न प्रकार की जन कल्याणकारी योजनाएं को किसानों तक सरलता पूर्वक फलीभूत हो सके।और भाजपा सरकार के उत्कृष्ट कार्यों पर प्रकाश डालते हुए सरकार की नीति सिद्धांतों से भी मार्गदर्शन कर एक बार फिर मोदी सरकार के लिए आह्वाहन किए,कार्यक्रम का संचालन कर रहे भाजपा किसान मोर्चा जिला महामंत्री अतुल,कार्यक्रम के संयोजक रहे भाजपा किसान मोर्चा मंडल उपाध्यक्ष छोटे लाल वर्मा एवं समर बहादुर विश्वकर्मा,सादर उपस्थिति में रहे भाजपा किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष में दिलीप पाण्डेय,जिला उपाध्यक्ष पंकज मिश्रा,जिला उपाध्यक्ष विनोद मिश्रा,जिला उपाध्यक्ष मुरलीधर उपाध्याय,जिला महामंत्री पवन वर्मा,जिला कार्यसमिति सदस्य उत्तम सिंह,जिलामंत्री में रहे विरेंद्र प्रताप सिंह,नितेश तिवारी,जिला कोषाध्यक्ष दुर्गेश तिवारी,मंडल अध्यक्ष में रहे रमेश बहादुर सिंह,जितेंद्र वर्मा,सरिता सरोज,रोहित सिंह,संजय मणि शुक्ला जी,शेष कुमार वर्मा,रमेश पाण्डेय,देवशरण विश्वकर्मा,मंडल उपाध्यक्ष छोटे लाल वर्मा,पवन मिश्रा,मंडल महामंत्री शिवेंद्र मिश्र,अशर्फी लाल वर्मा,हनुमान गिर,वीनू,सहित पदाधिकारी कार्यकर्ता एवं क्षेत्र जनों की गरिमामई उपस्थिति रही।

## विवाद में बसपा नेता को पीटकर किया घायल

**लोकमित्र ब्यूरो**
**कुंडा प्रतापगढ़।**बाघराय थाना क्षेत्र के धारुपुर गांव निवासी राम सेवक गौतम (54) कुंडा के बसपा प्रभारी हैं। उसी के गांव निवासी रामकैलाश और राजेश कुमार के बीच विवाद चल रहा है। उसी मामले को लेकर वह बीच-बचाव करते हुए झगड़ा नहीं करने के लिए समझा रहे थे। तभी राम कैलाश ने अपने साथियों सहित बसपा नेता पर ही हमला कर दिया, मारपीट कर घायल कर दिया। परिजन घायल बसपा नेता राम सेवक गौतम को सीएचसी ले गए। इलाज के बाद राम सेवक गौतम ने मारपीट करने वाले लोगों के खिलाफ नामजद तहरीर दी है।

## घरेलू विवाद में युवक ने लगाई फांसी

**लोकमित्र ब्यूरो**
**कुंडा प्रतापगढ़** पारिवारिक कलह के चलते युवक घर के भीतर फांसी लगा ली। हथिगवां थाना क्षेत्र के चतुरगढ़ बिसहिया गांव निवासी अतुल कुमार श्रीवास्तव (45) ने सुबह करीब छह बजे घर के भीतर फांसी लगा ली। कुछ देर बाद परिजनों की नजर पड़ी तो उसे फंदे से उतारा गया। युवक की पत्नी कनक लता श्रीवास्तव ने पुलिस को इत्तेफाकिया घटना की तहरीर दी। दरोगा राधेश्याम मौके पर पहुंचे, शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। इंस्पेक्टर नन्दलाल सिंह ने कहा कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है, परिजन आत्महत्या का कोई ठोस कारण नहीं बता सके। मृतक के घर उसके पिता, पत्नी और एक सात वर्षीय बेटे के अलावा कोई नहीं है।

## तमंचा कारतूस के साथ दो युवक गिरफ्तार

**लोकमित्र ब्यूरो**
**कुंडा प्रतापगढ़** समाचार पत्र कोतवाली के दरोगा अंकित कुमार तिवारी पुलिस टीम के साथ मंगलवार सुबह वाहन चेकिंग पर निकले थे। नगर पंचायत के तिलौरी मोड़ पर बाइक से दो युवक संदिग्ध दशा में दिखे तो पुलिस ने उनको रोककर तलाशी ली। हिरासत में लिए गए प्रद्युम्न उर्फ विकास द्विवेदी निवासी कल्याणपुर कटरा सोरांव प्रयागराज के पास से 315 बोर के तीन कारतूस, प्रशांत शुक्ल निवासी कोड़राशाल बाघराय के पास से 315 बोर का एक तमंचा, दो कारतूस बरामद हुए। पुलिस ने दोनों आरोपितों के खिलाफ कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज किया। बाइक को एमवी एक्ट के तहत सीज कर दिया। विधिक कार्रवाई के बाद दोनों को जेल भेजा।

## आवश्यकता है

हिन्दी दैनिक समाचार पत्र लोकमित्र को जनपद प्रतापगढ़ की सभी तहसीलों, ब्लॉक मुख्यालयों और प्रमुख बाजारों में संवाददाताओं की आवश्यकता है। समाचारों की समझ रखने वाले युवा और उत्साही लोग समाचार पत्र के विवेकनगर (प्रतापगढ़) स्थित कार्यालय में या नीचे दिए गए फोन नंबरों पर किसी भी कार्य दिवस में दोपहर 2 बजे से शाम 6 बजे के बीच सम्पर्क कर सकते हैं।

9839665450
7007509037

## तमन्चा,कारतूस के साथ 02 अभियुक्त गिरफ्तार

**कुण्डा,प्रतापगढ़।** पुलिस ने तमंचा एवं कारतूस के साथ दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है।पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ श्री सतपाल अंतिल के निर्देशन में जनपद पुलिस द्वारा निरंतर अभियान चलाकर अपराध,अपराधियों के विरूद्ध कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में दिनांक 12.03.2024 को जनपद के थाना कुण्डा से उ0नि0 श्री अंकित कुमार तिवारी मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र, चेकिंग के दौरान मुखबिर खास की सूचना पर थानाक्षेत्र कुण्डा के तिलौरी नहर पुलिया के पास से 02 अभियुक्तों 01- प्रद्युम्न द्विवेदी उर्फ विकास द्विवेदी पुत्र श्री जयप्रकाश द्विवेदी निवासी कल्याणपुर कटरा गुलाब सिंह थाना सोरावं जनपद प्रयागराज के पास से 03 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर तथा अभियुक्त 2- प्रशान्त शुक्ल पुत्र प्रकाश चन्द्र शुक्ल निवासी कोडराशाल थाना बाघराय जनपद प्रतापगढ़ को 01 अदद अवैध तमन्चा 315 बोर व 02 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद किया गया। उक्त बरामदगी के सम्बन्ध में थाना कुण्डा पर अभियुक्तगणों के विरुद्ध मु0अ0सं0 60,2024 धारा 3,25 आर्म्स एक्ट का अभियोग पंजीकृत किया गया है। मोटर साइकिल को धारा 207 एमवी एक्ट में सीज किया गया।

## भारत- भारतीय की कवि गोष्ठी आज

**सगरा सुन्दरपुर,प्रतापगढ़।**भारत-भारतीय ने 13 मार्च को अपराह्न 03बजे से 04 बजे तक सगरा सुंदरपुर में मनिका सिंह स्मृतिमय कवि गोष्ठी का आयोजन किया है।

संयोजक कुलदीप शुक्ल ने बताया कि इस कवि गोष्ठी के मुख्य अतिथि विपणन निरीक्षक लक्ष्मणपुर गीतांशु कुमार अग्रहरि होंगे।प्रतिभागी कवि होंगे-डॉ. रणजीत सिंह,राधेश पाण्डेय एवं अजय सोनी।

## महिला को पीटा, मुकदमा दर्ज

**लोकमित्र ब्यूरो**
**कुंडा प्रतापगढ़** हथिगवां थाना क्षेत्र के महेवा मोहनपुर गांव निवासी सविता देवी ने पुलिस को तहरीर दी। 10 मार्च की सुबह करीब आठ बजे वह जा रही थी। तभी विपक्षी अपने दरवाजे के सामने से जाते देख उसे रोककर लाठी से पीटने लगे। पीड़िता सविता की तहरीर पर पुलिस ने आशाराम सरोज, पिंगरी देवी, सरिता देवी, लल्ली देवी के खिलाफ केस दर्ज किया है।

## बैनामासुदा मकान पर कब्जा करने पहुंचे भारतीय किसान मजदूर संयुक्त मोर्चा के कार्यकर्ता

**कुंडा प्रतापगढ़।**मकान मालिक के विरोध करने पर गाली गलौज तथा तोड़फोड़ करने लगे। किसान यूनियन कार्यकर्ता पीड़ित मकान मालिक की सूचना पर संग्रामगढ़ पुलिस मौके पर पहुंची।बताया गया कि संग्रामगढ थाना क्षेत्र के लखपेड़ा बाजार में पुरमई रोड पर स्थित ओमप्रकाश गुप्ता पुत्र राम भजन गुप्ता से पुरमई सुल्तानपुर निवासी राजवर्धन सिंह पुत्र प्रभाकर ने तीन वर्ष पूर्व बैनामा लिया था ।मंगलवार को दोपहर तीन बजे के करीब लखपेड़ा निवासी बृजेश कुमार मौर्य भारतीय किसान मजदूर संयुक्त मोर्चा का कार्यकर्ता बताते हुए अपने साथी त्रिलोकी तिवारी तथा आधा दर्जन साथियों के साथ खरीदे गए मकान को अपनी भूमिधरी जमीन में बताते हुए कब्जा करने लगे। जिसकी सूचना मिलते ही मकान मालिक अपने मकान पर पहुंचे और विरोध करने लगे। जिसपर गाली-गलौज होने लगी । पीड़ित मकान मालिक ने मामले की सूचना संग्रामगढ़ पुलिस को दी सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षों को अलग कर मामले को शांत कराया।क्ष पीड़ित ने संग्रामगढ़ पुलिस को भारतीय किसान मजदूर संयुक्त मोर्चा के दो नामजद तथा पांच अज्ञात लोगों के खिलाफ तहरीर देकर कार्यवाही की

## कार्यालय ग्राम पंचायत पुरवा तरौंहा विकास खण्ड कर्वी चित्रकूट

पत्रांक : मेमो/निविदा/2023-24 दिनांक 12.03.2024

### निविदा सूचना

पंचमवित्त/पन्द्रहवांवित्त योजनान्तर्गत ग्राम पंचायत पुरवा तरौंहा द्वारा कराये जाने वाले निम्नलिखित कार्यों पर प्रयुक्त होने वाली सामग्री आपूर्ति हेतु अधोहस्ताक्षरी द्वारा व्यापार कर/आयकर में पंजीकृत फर्मो/सप्लायरों से दिनांक 17.03.2024 को अपराह्न 2.00 बजे तक निम्न विवरण के अनुसार निविदाएं आमंत्रित की जाती है, जो उसी दिन अपराह्न 3.30 बजे ग्राम पंचायत में तैनात निर्माण समिति द्वारा उपस्थित निविदा दाताओं के साथ खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र की बिक्री दिनांक 13.03.2024 से 17.03.2024 को अपराह्न 1.00 बजे तक ग्राम पंचायत से निविदा प्रपत्र मूल्य की अदायगी कर क्रय किये जा सकते हैं।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलन की धनराशि (लाख रू0में) | 2%धरोहर धनराशि (रू0में) | निविदा मूल्य (रू0 में) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | ग्राम पंचायत पुरवा तरौंहा में कामतानाथ निषाद के घर से आयुष्मान आरोग्य मन्दिर तक नाली निर्माण कार्य। | 4.99 लाख | 9800 | 500 |

निविदा शर्तें:–
नोट : निविदा से सम्बन्धित शर्तें ग्राम पंचायत के कार्यालय के पटल पर देखी जा सकती है।

मोहन लाल
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत पुरवा तरौंहा
वि0ख0–कर्वी, चित्रकूट

रोशन
सचिव
ग्राम पंचायत पुरवा तरौंहा
वि0ख0–कर्वी, चित्रकूट



## होली विशेष रेलगाड़ी का संचालन

भारतीय रेल द्वारा अपने सम्मानित रेल यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए होली पर्व के शुभ अवसर पर निम्नलिखित विशेष रेलगाड़ी के संचालन का निर्णय लिया गया है, जिसका विवरण निम्नवत् है:-

**गाड़ी संख्या 09117/09118 सूरत-सूबेदारगंज-सूरत विशेष रेलगाड़ी**

| गाड़ी संख्या: 09117 सूरत - सूबेदारगंज | | | गाड़ी संख्या: 09118 सूबेदारगंज-सूरत | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | आगमन | प्रस्थान |
| शुक्रवार | 06:00 | सूरत | 20:00 | रविवार |
| 01:05 | 01:10 | ग्वालियर | 04:05 | 04:10 |
| 01:30 | 01:32 | मालनपुर | 02:35 | 02:37 |
| 02:00 | 02:02 | सोनी | 02:05 | 02:07 |
| 02:30 | 02:32 | भिंड | 01:40 | 01:42 |
| 03:38 | 03:40 | इटावा | 01:00 | 01:02 |
| 05:25 | 05:30 | गोविंदपुरी | 22.25 | 22.30 |
| 06:28 | 06:30 | फतेहपुर | 20:58 | 21:00 |
| 08:40 | शनिवार | सूबेदारगंज | शनिवार | 19:25 |

गाड़ी संख्या 09117 सूरत से प्रत्येक शुक्रवार को दिनांक 22.03.2024 से 29.03.2024 तक एवं गाड़ी संख्या 09118, सूबेदारगंज से प्रत्येक शनिवार को दिनांक 23.03.2024 से 30.03.2024 तक

गाड़ी संरचना: वातानुकूलित तृतीय श्रेणी-12, स्लीपर श्रेणी-8, एसएलआर/डी-01, एसएलआर-01

नोट: ट्रेनों की समय-सारणी से संबंधित जानकारी हेतु हेल्पलाइन नं. 139 या Rail Madad Mobile App या वेबसाइट www.railmadad.indianrailways.gov.in का प्रयोग करें।

उत्तर मध्य रेलवे

442/24 (ADM)

@CPRONCR North central railways @ cproncrly @northcentralrailway www.ncr.indianrailways.gov.in



## उत्तर रेलवे

आज़ादी का अमृत महोत्सव

### निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से अधिशासी अभियंता/थर्मिट पोर्शन प्लांट उ.रे. चारबाग, लखनऊ द्वारा निर्धारित प्रपत्रों पर निम्नलिखित कार्य हेतु अनुभवी एवं स्थापित सक्षम ठेकेदारो द्वारा ई–निविदायें आमंत्रित की जाती है।

| क्र. सं. | निविदा सं. | कार्य का नाम |
|---|---|---|
| 1 | 09/टी.पी.पी./चारबाग लखनऊ/2023–24 | थर्मिट पोर्शन प्लांट/उत्तर रेलवे/लखनऊ के अनुमोदित डिजाइन और विनिर्देश के अनुसार एस.के.वी. तकनीक द्वारा 25 मिमी अंतर के लिए 52/60 किलोग्राम रेल के ए.टी. वेल्डिंग जोड़ों की सुविधा के लिए वस्तुओं का निर्माण और आपूर्ति। |
| 2 | अनुमानित लागत | रु. 7,70,31,130.94 मात्र। |
| 3 | धरोहर राशि | रु. 535200.00/– |
| 4 | कार्य की समापन अवधि | स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से 12 माह |
| 5 | निविदा डालने की प्रारम्भिक तिथि | 22.03.2024 |
| 6 | निविदा जमा करने की अंतिम तिथि एवं निविदा खुलने की तिथि तथा समय | निविदा 05.04.2024 को 15.00 बजे तक जमा किए जा सकेगें एवं निविदा उसी दिन समय 15.30 बजे खोली जायेगी |
| 7 | | न्यूनतम पात्रता की शर्ते |
| अ | तकनीकी | (ए) निविदाकार ने पिछले 07 (सात) वर्षो के दौरान निम्नलिखित श्रेणियों मे से किसी एक कार्य को सफलतापूर्वक पूरा या प्रर्याप्त रूप से पूरा किया हो, जिस महीने में निविदा आमंत्रित की गयी थी, उससे पहले के महीने के अंतिम दिन को समाप्त करना होगा। तीन समान कार्य जिनकी लागत, निविदा की विज्ञापित मूल्य के 30 प्रतिशत के बराबर राशि से कम न हो। या दो समान कार्य जिनका लागत, निविदा की विज्ञापित मूल्य के 40 प्रतिशत के बराबर राशि से कम न हो या एक समान कार्य की लागत, निविदा के विज्ञापित मूल्य के 60 प्रतिशत के बराबर राशि से कम नही होनी चाहिए। |
| ब | वित्तीय | निविदाकर्ता का न्यूनतम औसत वार्षिक संविदात्मक कारोबार V/N (वी/एन) या 'V' (वी) जो भी कम हो; जहाँ V (वी) = निविदा की विज्ञापित मूल्य करोंड़ रुपये में N (एन) = कार्य पूरा करने के लिए निर्धारित वर्षो की संख्या जिसके लिए बोलियां आमंत्रित की गयी है। औसत वार्षिक संविदात्मक कारोबार की गणना, पिछले तीन वित्तीय वर्षो में कुल संविदात्मक भुगतान के औसत के रूप में की जायेगी, लेखा परीक्षित बैलेन्स शीट के अनुसार। तथापि, यदि पिछले वर्ष का तुलन–पत्र अभी तक तैयार/लेखापरीक्षित नहीं है, तो औसत वार्षिक संविदात्मक कारोबार की गणना के लिए चौथे पिछले वर्ष की लेखा परीक्षित तुलन–पत्र पर विचार किया जाएगा। |
| 8 | एक समान कार्य | ए.टी. वेल्डिंग से संबंधित विभिन्न उपकरणों और संयंत्रों का निर्माण और आपूर्ति या स्टील कास्टिंग/फैब्रिकेशन का कार्य। |
| 9 | वेबसाइट का विवरण एवं कार्यालय का नाम जहाँ निविदा का विवरण देखा जा सकता | www.ireps.gov.in कार्यालय अधिशासी अभियंता/थर्मिट पोर्शन प्लान्ट उ.रे. चारबाग, लखनऊ |

नोट: 1. कोई भी निविदा सिस्टम में भाग लेने के लिए ठेकेदारों द्वारा भारतीय रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in के अर्न्तगत पंजीकृत होना अनिवार्य है।
2. समस्त नियम एवं शतें निविदा प्रपत्र में देखी जा सकती है।
3. मैनुअल निविदाये स्वीकृत नही की जायेगी।
4. निविदा प्रपत्र एवं बयाना धनराशि का भुगतान सिर्फ नेट बैंकिग या पेमेंट गेटवे द्वारा स्वीकृत की जायेगी।

निविदा सू.सं.–09/टी.पी.पी./चारबाग/लखनऊ/2023–24 दिः 11.03.2024 780/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



## महत्वपूर्ण सूचना

दिनांक 12.03.2024 को विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशित 'होली विशेष रेलगाड़ियों की संख्या में वृद्धि' संबंधी सार्वजनिक सूचना में आंशिक संशोधन किया गया है, जो निम्नानुसार है:–

- रेलगाड़ी सं. 01663 सहरसा जं. – आनंद विहार (ट) को रेलगाड़ी सं. 01661 सहरसा जं. – आनंद विहार (ट) त्यौहार विशेष एक्सप्रेस रेलगाड़ी पढ़ा जाए।

नोट : अन्य विवरण पूर्ववत् रहेगा।

रेलयात्रियों को होने वाली असुविधा के लिए हमें खेद है।

रेलयात्रियों को परामर्श दिया जाता है कि रेलमदद हेल्पलाईन सं. 139 अथवा NTES App पर रेलगाड़ियों की स्थिति देखकर अपनी यात्रा प्लान करें।

रेलमदद वेबसाइट देखें: www.railmadad.indianrailways.gov.in रेलमदद ऐप डाउनलोड करें

पर हमें फॉलो करें

उत्तर रेलवे

हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

784/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# नदियां मात्र सिंचाई का साधन ही नहीं बल्कि जीवनदायिनी भी- जिलाधिकारी



लोकमित्र ब्यूरो

**मीरजापुर।** जनपद की प्राचीन लोंहदी नदी के जीर्णोद्धार के लिए जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन व मुख्य विकास अधिकारी विशाल कुमार ने विधि विधान पूर्वक भूमि पूजन कर तथा हाथों में फावड़ा लेकर नदी के तलहटी में खुदाई कार्य का शुभारंभ करते हुए लोगों का आह्वान किया कि वह इस नदी के जीर्णोद्धार के साथ-साथ इसे संरक्षित करने के लिए आगे आये। उक्त अवसर पर उन्होंने कहा कि नदी का जीर्णोद्धार इस नदी से लगे मात्र 11 गांवों के लिए ही उपयोगी नहीं होगा बल्कि भू गर्भ जल स्तर को ठीक करने में एक बड़ी भूमिका भी अदा करेगा। उन्होंने कहा कि इस नदी का उपयोग पर्यावरण की रक्षा में भी होगा। उन्होंने बताया कि लोंहदी नदी 11 ग्राम पंचायत को जोड़ते हुए 16 किलोमीटर लंबे क्षेत्र में फैली हुई है और लोगों से अनुरोध किया कि नदी की खुदाई में सहयोग प्रदान करने के साथ ही इस मिट्टी का उपयोग अपने खेतों में करें, जो काफी उपजाऊ है । जिलाधिकारी ने आगे कहा कि जनपद के विकासखंड सिटी में स्थित ये नदी विलुप्त होने की कगार पर है जिसके लिए उत्तरदाई जब भी हम ही हैं तो इसके जीर्णोद्धार का भी दायित्व भी हमारा ही है। उन्होंने बताया कि परियोजना की कुल लागत रू0 101.74 लाख है जिसके अंतर्गत नदी की गहराई बढ़ाने के साथ ही स्थान स्थान पर चेकडैम बनाए जायेंगे जिससे नदी का पूरा पानी बहने न पाए। मुख्य विकास अधिकारी विशाल कुमार ने बताया कि नदी के सुंदरीकरण के लिए स्थान स्थान पर वृक्षारोपण के भी कार्य होंगे। उन्होंने बताया कि नदी में जल को स्वच्छ रखने के लिए लिए स्थान स्थान पर फिल्टर चेंबर का भी निर्माण किया जाएगा नदी में कुछ स्थानों पर जैसे चन्दईपुर, बरकछा खुर्द, गोपालपुर में बृहद वृक्षारोपण एवं अमृत उद्यान भी प्रस्तावित हैं

# गायत्री महायज्ञ कथा शुभारंभ



**रानीगंज–** स्वामी करपात्री इंटर कालेज रानीगंज में गायत्री महायज्ञ कथा शुभारंभ के पहले दिन मंगलवार को गायत्री परिवार के लोग व महिलाओं ने सिर पर कलश रखकर आस्था का संदेश दिया यहा 12 मार्च से 16 मार्च तक हरिद्वार से आए गायत्री परिवार की टीम कथा और महायज्ञ करेंगी कलशयात्रा में नगर पंचायत अध्यक्ष मीरा कुमार व भाजपा नेता बद्री प्रसाद गुप्ता सहित गायत्री प्रज्ञा मंडल के लोग रहे।


## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम व पता वेदराज सिंह सुत जंग बहादुर सिंह 1575, राजीव कालोनी सेक्टर-17 पंचकूला, हरियाणा 134113 है जो गलत है। मेरा सही व वास्तविक नाम पता बोधराज उर्फ मेवालाल सिंह पुत्र जंगबहादुर सिंह निवासी ग्राम कटरा इन्द्रकुँवर पोस्ट धेराहना थाना कोतवाली देहात प0त0 सदर जिला प्रतापगढ़ है। मुझे इसी नाम व पता से जाना व समझा जावे।

बोधराज उर्फ मेवालाल सिंह सुत जंगबहादुर सिंह
नि0 ग्राम कटरा इन्द्रकुँवर पो0 धेराहना
थाना कोतवाली देहात प0त0 सदर
जिला प्रतापगढ़


## डिप्टी सी.एम.ओ की तहरीर पर आयुष हेल्थ केयर सेंटर के संचालक समेत तीन के खिलाफ दर्ज हुआ मुकदमा

**जेठवारा- प्रतापगढ़** –सोमवार को सी .एम.ओ के निर्देश के क्रम में नगर पंचायत कटरा गुलाब सिंह में वर्षो से अवैध रूप से चल रही आयुष हेल्थ केयर सेंटर पर डिप्टी सी एम ओ डॉक्टर राजेश कुमार ने अपनी टीम के साथ छापा मार कर अल्ट्रा साउंड मशीन बरामद किया । साथ ही सतेंद्र यादव पुत्र रामदीन यादव के साथ संतोष दुबे पुत्र डॉक्टर जे.पी.दुबे 17 बी /6 राजापुर कैंट नगर प्रयागराज, सतेंद्र यादव पुत्र रामदीन यादव निवासी पूरे वैष्णव थाना जेठवारा के साथ उसके भाई सुरेंद्र यादव पुत्र रामदीन यादव हाल पता एस, एन,118 एच एन 1/2 धनीव बाग बसई ठाणे महाराष्ट्र के खिलाफ जेठवारा थाने पर धारा 3 (1) 18,23 एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत कराया गया है। जबकि क्षेत्र में अवैध रूप से संचालित हो रही इस नर्सिंग होम पर सोसल मीडिया पर सी एम ओ ने संचालक के खिलाफ भ्रूण परीक्षण समेत कई खामियों को उजागर करते हुए अपनी स्वयं की वाहवाही लूटने पर कोई कोर कसर नही छोड़ रहे है। जबकि देखा जाय तो अवैध रूप से संचालित हो रही इस नर्सिंग होम पर खामियों की भरमार दिख रही है। बावजूद उसके आरोपियों के ऊपर उनके अधीनस्थ डिप्टी सी एम ओ की टीम ने एफ आई आर में धाराओ का न्यूनीकरण करा कर सी एम ओ के बड़े बड़े दावे की पोल खोल कर रख दिया। क्षेत्र एवं बाजारों में आयुष हेल्थ केयर पर विभाग द्वारा की गई छापेमारी के बाद उसके खिलाफ की गई । हल्की कार्यवाही पर विभाग व पुलिस से मैनेज करने जैसी तरह तरह की चर्चाएं जोरों पर है।

## सड़क हादसे में आधा दर्जन घायल

**कुंडा प्रतापगढ़** मानिकपुर थाना क्षेत्र के फतेहउल्लापुर गांव निवासी राकेश कुमार (28) बाइक से जाते समय वाहन की टक्कर से घायल हो गया। खमसरा गांव निवासी बोना देवी (85) घर के सामने सड़क पार करते समय वाहन की चपेट में आने से घायल हो गई। कुंडा थाना क्षेत्र के फूलताली गांव निवासी जितेन्द्र कुमार यादव (28) बाइक से जाते समय वाहन की टक्कर से घायल हो गया

# मूल्यांकन कार्य पारदर्शिता से सम्पन्न कराएं - आशीष पटेल



लोकमित्र ब्यूरो

**मीरजापुर।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा संचालित हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट की बोर्ड परीक्षा प्रदेश एवं जनपद में सकुलश शान्पूिर्ण व नकलविहीन सम्पन्न कराने पर प्रदेश के मंत्री प्राविधिक शिक्षा एवं उपभोक्ता मामले के मंत्री आशीष पटेल ने राजस्थान इण्टर कालेज में प्रधानाचार्यो द्वारा आयोजित एक समारोह में सभी प्रधानाचार्यो व केन्द्राध्यक्षो का आभार प्रकट करते हुये धन्यवाद दिया। उन्होने कहा कि सभी प्रधानाचार्य व केन्द्राध्यक्ष सहित परीक्षा सम्पन्न कराने में लगे हुए सभी अध्यापक कर्मचारियों के सूझबूझ व मेहनत के चलते प्रदेश सहित जनपद में पूरी पारदर्शिता के साथ परीक्षा सम्पन्न हुयी जो प्रशंसनीय है। उन्होने बोर्ड परीक्षाओं के पश्चात कापियों के मूल्यांकन को भी पूरी पारदर्शिता के साथ सम्पन्न कराने का निर्देश देते हुये कहा कि मूल्यांकन कार्य पूरी पारदर्शिता के साथ सम्पन्न हो ताकि योग्य छात्र-छात्राओं को अपने पठन पाठन व मेहनत का उचित परिणाम मिल सकें। उन्होने कहा कि प्रदेश सरकार प्रदेश में होने वाली समस्त परीक्षाओं को पूरी पारदर्शिता व शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिये कटिबद्ध है और किसी भी परीक्षा में गड़बड़ी करने वालो को चिहिन्त कर कड़ी से कड़ी सजा दिलायी जायेगी। हम सभी का प्रयास है कि मेहनत से पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं को उनका सुखद परिणाम प्राप्त हो। स्कूलो/कालेजो के सुन्दरीकरण के लिये प्रदेश सरकार कटिबद्ध है ताकि एक अच्छे माहौल में बच्चों को अच्छी शिक्षा मिल सके। स्कूलो के सुन्दरीकरण हेतु प्रदेश में चलाये जा रहे अलंकार योजना की चर्चा करते हुये कहा कि योजनान्तर्गत 25 प्रतिशत की धनराशि सम्बन्धित विद्यालय तथा 75 की धनराशि सरकार द्वारा प्रदान की जा रही है। जिला अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी बृज भूषण सिंह ने भी अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर जिला विद्यालय निरीक्षक अमर नाथ सिंह, प्राचार्य राजकीय इण्टर कालेज राजकुमार दीक्षित के अलावा अन्य विद्यालयों के प्रधानाचार्य व केन्द्राध्यक्ष उपस्थित रहे।


## सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि,मैं गायत्री मिश्रा पत्नी गंगा प्रसाद मिश्र निवासी ढेरहन ,मेजा प्रयागराज,मेरा मूल रजिस्ट्री पेपर नम्बर 4380 व4381 मौजा डांडी परगना अरैल प्रयागराज,जिसका पंजीकरण दि0 16 मार्च 2007 है,जो कि उपनिबंधक करछना प्रयागराज के अभिलेख में दर्ज है।यह पेपर मेजारोड जाते वक्त कही गिर गया।



(फार्म नं0 2 ए)

न्यायालय श्रीमान प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय द्वितीय महोदय प्रतापगढ़

अन्तर्गत आर्डर 5 नियम 20जा0 दी0

वाद सं0 1121/185

नाम फरीकेन पवन कुमार सिंह आयु करीब 31 वर्ष सुत सुरेश बहादुर सिंह निवासी फुलवारी टेऊँगा कोतवाली नगर सदर जिला प्रतापगढ़

बनाम

प्रिया सिंह आयु करीब 26 साल पत्नी पवन कुमार सिंह पुत्री सुभाष सिंह निवासी ग्राम पकरी पो0 भोरी तह0 ज्ञानपुर थाना सुरियांवा जनपद भदोहीं

अ0 धारा 9 हि0वि0अधि0

तारीख पेशी 16.03.2024

यह कि उपरोक्त वाद/प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में आपके विरूद्ध प्रस्तुत किया गया है। एततदवरा आपको इस जरिये सम्मन नोटिस आदेशित किया जाता है कि दिनांक 16.03.2024 को समय 10.00 बजे स्वयं या मार्फत अपने अधिवक्ता इस न्यायालय में उपस्थित होकर जबाबदेही दावा करें। ऐसा न करने पर उक्त वाद/आवेदन-पत्र एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक माह सन् को जारी किया गया ।

न्यायालय की आज्ञा से
मुन्सरिम


# भारतीय विद्वानों व कलाकारों ने रामायण मेले में दिखाया अपना हुनर

## पांच दिवसीय रामायण मेले का हुआ समापन




**चित्रकूट ब्यूरो:** राष्ट्रीय रामायण मेले का समापन कामदगिरि प्रमुख द्वार के महंत जगदुरु स्वामी रामस्वरूपाचार्य महाराज ने करते हुए आयोजन की सफलता पर बधाई दी। कार्यकारी अध्यक्ष प्रशांत करवरिया ने माल्यार्पण व शाल भेंटकर स्वागत किया। पांच दिवसीय समारोह में कला, संस्कृति, सभ्यता, विद्वता का अनूठा संगम देखने को मिला। कलाकारों की मनोहारी प्रस्तुतियों ने लोगों का दिल जीता तो विद्वानों के व्याख्यानों ने समाज को मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के आदर्शो को जीवन में अपनाने का संदेश दिया। देश के विभिन्न प्रांतों से आए मानस मर्मज्ञों की श्रीराम चरितमानस पर की गई समीक्षा ने लोगों को जीवन जीने की कला सिखाई।मंगलवार को सीतापुर स्थित रामायण मेला मंडपम में चल रहे पांच दिवसीय 51वें राष्ट्रीय रामायण मेला महोत्सव के समापन अवसर में कामदगिरि प्रमुख द्वार के महंत जगद्गुरु स्वामी रामस्वरूपाचार्य ने कहा कि यह मेला अंतर्राष्ट्रीय स्तर का है, जिसकी सराहना कई देशों में होती है। उन्होंने चित्रकूट की भूमि को प्रेम की भूमि बताया। कहा कि अहंकार यदि जीवन में आया तो उसे कोपभाजन का शिकार होना पडेगा। चित्रकूटधाम की भूमि में प्रभु श्रीराम का मन एवं उनके सभी अंग यहां की रज से जुडे हुए हैं। इस भूमि को विनम्रता की भूमि बताया। कहा कि यहां के निवासियों को विनम्र बनना पडेगा। इस मौके पर जगदगुरु रामभद्राचार्य दिव्यांग विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. शिशिर कुमार पांडेय, शिवमंगल शास्त्री, प्रद्युम्न दुबे लालू, मनोज मोहन गर्ग, विनोद मिश्र, राजेन्द्र मोहन त्रिपाठी, घनश्याम अवस्थी, मो यूसुफ, राम प्रकाश श्रीवास्तव, हेमंत मिश्रा, ज्ञानचन्द्र गुप्ता, सूरज तिवारी, कलीमुद्दीन बेग, नत्थू प्रसाद सोनकर, सत्येन्द्र पांडेय, इम्तियाज अली लाला, राजेन्द्र बाबू, घनश्याम अवस्थी, डा रामलाल द्विवेदी, रवि कौशल, विनोद पांडेय, मंसूर अली, विकास आदि मौजूद रहे।

मेले के समापर दिवस में हुई विद्वत सभा में विद्वानों के साथ पूरब और पश्चिमी भारत के विचारको ने भी मेले में प्रतिनिधित्व किया। सिलीगुडी के कवि मोहन दुकुन, हैदराबाद के बंगरैया शर्मा सहित डॉ पुट्टपर्ति नागपदमिनी, डॉ निर्मला देवी, डॉ विजय लक्ष्मी, डॉ जया वेंकटेश, पदमजा रानी आदि ने अपने विचार व्यक्त किए। चेन्नई से पधारे डीजी वैष्णव कालेज के प्राध्यापक डॉ. अशोक कुमार द्विवेदी 'शान बनारस' ने बताया कि श्रीराम पर संदेह करना अपनी स्मिता पर संदेह करने के बराबर है। श्रीराम ने हर क्षेत्रीय संस्कृतियों एवं अधिकारों का सम्मान किया है। जिसे आज के समाज को सीखना है। सभा की अध्यक्षता करते हुए सुल्तानपुर के गोस्वामी तुलसीदास साहित्य के मर्मज्ञ साहित्यभूषण डॉ सुशील कुमार पांडेय साहित्येन्दु ने कहा कि रामचरित मानस सामाजिक सद्भावना का संविधान तथा मानवता का मूल मंत्र है। गोस्वामी तुलसीदास ने रामकथा के माध्यम से विश्व मानवता को प्रगति की मौलिक दृष्टि दी है। फैजाबाद के डॉ हरि प्रसाद दुबे, बांदा के सुरेन्द्र सिंह आदि ने रामचरित मानस के आधुनिक संदर्भो को लेकर विभिन्न पद्यों पर प्रकाश डाला। देवघर से आई मानस मुक्ता यशोमती एवं मुजफ्फरनगर से पधारे रामदेव शर्मा ने राम दरबार की मनोरम झांकी प्रस्तुत की। भिंड के डॉ देवेन्द्र रामायणी, बांदा के राम प्रताप शुक्ल, बिहार के मुजफ्फरपुर के डॉ संजय पंकज, लखनऊ के विजय शंकर भास्कर, सुल्तानपुर के डॉ सुशील कुमार पांडेय, डॉ आद्या प्रसाद सिंह, डॉ ओंकारनाथ द्विवेदी आदि ने संस्कृति, हिन्दी तथा अन्य रामकथाओं से संबंधित विषयों पर प्रकाश डाला। इस दौरान हुई सांस्कृतिक सभा में वृंदावन से आए श्री कृष्ण रामलीला संस्था के कलाकारों ने धनुष यज्ञ लीला का मनोहारी मंचन किया। दर्शकों से खचाखच भरा मंडपम तालियों की गड़गडाहट से गूंजता रहा। राजा जनक का विलाप सुन दर्शकों की आंखे भर आई। धनुष टूटते ही दर्शकों ने जय श्रीराम के जयघोष किए। परशुराम और लक्ष्मण संवाद देख दर्शक रोमांचित हो उठे। रामलीला के माध्यम से कलाकारों ने लोगों को मर्यादा, संयम, सहज स्वभाव, क्रोध पर अंकुश लगाने का संदेश दिया। सायंकालीन सांस्कृतिक संध्या का कार्यक्रम दर्शकों के आकर्षण का केंद्र रहा। सुजाता केसरी प्रयागराज ने रामोत्सव पर नृत्य, कजली नृत्य, डेढ़िया नृत्य की प्रस्तुतियों से मंत्रमुग्ध कर दिया। मेनका मिश्रा लखनऊ ने मनमोहक लोक गीत प्रस्तुत किये। जिसकी लोगों ने जमकर सराहना की। इसके पश्चात बांदा से आई उभरती कथक नृत्यांगना अनुपमा त्रिपाठी ने अपनी प्रस्तुति से शमां बांध दिया। अनुपमा ने जयपुर घराने के शुद्ध कथक नृत्य, जिसमें कथक की पारंपरिक बंदिशें होती है प्रदर्शित की। इसके बाद राम के जीवन से जुडे कथानको को नृत्य के माध्यम से जीवंत कर दिया। देर रात तक वृन्दावन रामलीला-रासलीला संस्था ने ब्रज की प्रसिद्ध लट्ठमार व फूलो की होली का मंचन किया। दर्शको ने इस रसमयी प्रस्तुति का लुत्फ उठाया।

## उपन्यास का हुआ विमोचन

चित्रकूट: हैदराबाद की दूरदर्शन की पूर्व निदेशिका एवं हिन्दी एवं तेलगू के बीट अनुवाद आदि के द्वारा साहित्य को समृद्ध करने वाली डॉ पुट्टपर्ति नागपदमिनी के उपन्यास 'मै मीनाक्षी हू' का विमोचन रामायण मेला के मंच पर भारत के लब्ध प्रतिष्ठित विद्वानों की मौजूदगी में प्रख्यात साहित्यकार अनुसंधानकर्ता डॉ चन्द्रिका प्रसाद दीक्षित ललित ने किया।

डॉ ललित ने कहा कि सूर्पनखा को लेकर लिखा गया यह पहला उपन्यास है। इस उपनयास में सूर्पनखा को मीनाक्षी कहा गया है। बताया कि उपन्यास में उसके ऊपर लगे हुए लांछनों को दूर कर नारी का सौन्दर्य और प्रेम की मनोभावना का मनोवैज्ञानिक चित्रण किया गया है। आंध्र प्रदेश की नागपदमिनी की हिन्दी की सेवाओं की प्रशंसा करते हुए मुजफ्फरनगर के डॉ संजय पंकज ने कहा कि मनोवैज्ञानिक दृष्टि से विचार कर नए संदर्भो में प्रस्तुत करने की आवश्यकता होती है।


## सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा लड़का पवन कुमार मेरे कहने सुनने में नहीं है, वह आपराधिक एवं दुष्चरित्र किस्म का व्यक्ति है , वह मुझसे और मेरे परिवार के अन्य सदस्यों को गालियां देता है मारने पीटने की धमकी देता है उसे बहुत समझाया बुझाया गया लेकिन उसके व्यवहार और आचरण में कोई सुधार नहीं आया । ऐसी स्थिति में मैने अपने पुत्र पवन कुमार को अपनी समस्त चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। उसके द्वारा किए गए किसी भी लेन देन, अवैध कार्यो के प्रति मेरी कोई जिम्मेदारी नहीं होगी बल्कि वह स्वयं जिम्मेदार होगा।

राम बहादुर
सुत दसई
निवासी दसिया कटरा मेदनी गंज
पर0 तह 0 सदर जिला प्रतापगढ़।


# रीवा से अयोध्या पहुंचेगा विश्व का सबसे बड़ा नगाड़ा

## बेल्हा में केशरवानी महिला सभा की ऋचा ने स्वागत में बनाई नगाड़ा की शानदार रंगोली



**प्रतापगढ़ ।** मध्य प्रदेश के रीवा से चल कर बेल्हा के रास्ते प्रभु श्रीराम को समर्पित अयोध्या जा रहे विश्व का सबसे बड़ा नगाड़ा जो 32 फीट चौड़ा और 1100 किलो वजन का है। इसके स्वागत में केसरवानी महिला सभा की पदाधिकारियों ने चौक घंटाघर पर एकत्रित होकर जय श्रीराम लिखा नगाड़ा की रंगोली तैयारी की। उक्त नगाड़ा के रंगोली को ऋचा केसरवानी द्वारा तैयार किया गया जिसका हर कोई प्रशंसा करता रहा। इस मौके पर नगाड़े के स्वागत के लिए अरुणा केसरवानी ने बताया की यह नगाड़ा रीवा से प्रयागराज होते हुए प्रतापगढ़ के रास्ते अयोध्या पहुंचेगा जो विश्व का सबसे बड़ा नगाड़ा है एक तीस गाडियों के काफिले के साथ आ रहा है, यहां पर केसरवानी महिला सभा की महिलाएं पुष्प वर्षा कर उनका स्वागत करेंगे। रीवा से आई हुई रिंकी केशरवानी ने कहां कि रीवा के लिए जहां गर्व की बात है वहीं यह दर्शाता है कि भारत में कला और संस्कृति का कितना महत्व है। यह नगाड़ा न केवल रीवा, बल्कि पूरे भारत के लिए एक प्रेरणा है। इस मौके पर उमा, बीना, सुकन्या,शिप्रा,रिया, प्रिया, सारिका,रिचा, अनामिका, अंजली, गीता, शिमला, प्रतिमा,अंजलि, पिंकी दयाल, शिल्पी,रिंकी केशरवानी, प्रियंका,आशा,अनीता सहित आदि रही।


9452526750, 9839665450,8565970115

दैनिक लोकमित्र

121, विवेक नगर प्रतापगढ़

सम्मन प्रकाशन दर 1000 रू0 एक नाम तक अतिरिक्त प्रति व्यक्ति 10.00 रूपया पैनल विज्ञापन 5 से.मी. प्रति कालम 500/–प्रतिमाह

प्रथम पृष्ठ पर 100% अतिरिक्त

E-mail-lokmitra2005@gmail.com

प्रकाशक,मुद्रक एवं स्वत्वाधिकारी संतोष भगवन द्वारा रामा मुद्रणालय, विवेक नगर, प्रतापगढ़ से मुद्रित एवं लोकमित्र कार्यालय पल्टन बाजार प्रतापगढ़ से प्रकाशित

8738029050 सम्पादक: संतोष भगवन

# छोटे भाई ने बड़े भाई को चाकू घोंपा, मौत

## बाइक खड़ी करने को लेकर हुआ था विवाद

**सुल्तानपुर।** सोमवार की रात मोतिगरपुर थानाक्षेत्र के मीरपुर गांव में रिश्तों का कत्ल हो गया। यहां बाइक खड़ी करने के मामूली विवाद में सगे भाई ने सगे भाई को चाकू घोंपकर मौत के घाट उतार दिया। बेटे की मौत से माता-पिता का रो-रोकर बुरा हाल है। वही सूचना मिलने पर एसपी सोमेन वर्मा ने घटनास्थल का निरीक्षण करते हुए विधिक कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

मिली जानकारी के अनुसार मोतिगरपुर थाना अंतर्गत मीरपुर गांव में हृदयराम नागर के छोटे पुत्र विपिन ने गली में बाइक खड़ी की। इसको लेकर विपिन के बड़े भाई संदीप कुमार (35 वर्ष) ने आपत्ति की। तो दोनों में कहा सुनी शुरू हो गई और देखते ही देखते दोनों में हाथापाई होने लगी। मां नौरंगी देवी और पिता हृदय राम नागर दोनों के मध्य बीच बचाव करने लगे। लेकिन दोनों ने मां बाप की एक न सुनी। आखिर में माता-पिता आस पड़ोस के लोगों को मदद के लिए बुलाने गए। तभी विपिन घर से चाकू लेकर आया और संदीप के पेट में चाकू घोंप दिया। संदीप चाकू लगने के बाद वही तड़पने लगा और उसकी जान निकल गई। आनन-फानन में ग्रामीणों ने उसको सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोतिगरपुर पहुंचाया जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। उधर घटना की सूचना पाकर एसपी सोमेन वर्मा मौके पर पहुंचे। साथ ही फॉरेंसिक टीम भी पहुंची और साक्ष्य जुटाए हैं।

## प्रेरणादायी सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया

**जौनपुर ।** जौनपुर महोत्सव में तीसरे दिन प्रातः 10 बजे से बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा हमारा आगंन, हमारे बच्चे कार्यक्रम का आयोजन हुआ। परिषदीय विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया तथा कई परिषदीय विद्यालयों के बच्चों के प्रेरणादायी सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा दिव्यांगजनों को 15 ट्राईसाईकिल व 100 दिव्यांगो को किट मुख्य अतिथि मा. राज्यमंत्री (स्वतन्त्र प्रभार) खेल एवं युवा कल्याण गिरीश चन्द्र यादव के हाथो वितरित किया गया। दिव्यांगजन के चेहरे ट्राई साइकिल व किट पाकर खिल उठे। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डा. गोरखनाथ पटेल व जिला दिव्यांगजन अधिकारी दिव्या शुक्ला ने अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर जनपद स्तरीय विज्ञान एंव माडल प्रदर्शनीय में आज विकास खण्ड शाहगंज, सुईथाकला, रामपुर, खुटहन, महाराजगंज, करंजाकला, रामनगर आदि ब्लाक के परिषदीय विद्यालयों के शिक्षको व छात्र छात्राएं द्वारा आकर्षक टीएलएम प्रदर्शित किया गया

# स्कूलों में ऑनलाइन डिजिटाइजेशन को लेकर शिक्षकों ने किया प्रदर्शन

## शिक्षकों की समस्या समाधान के बाद ही लागू हो ऑनलाइन डिजिटाइलाजेशन




**बलरामपुर।** संयुक्त शिक्षक महासंघ के अगुवाई में परिषदीय शिक्षकों ने समस्याओं को लेकर जिला पंचायत में प्रदर्शन के बाद बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय तक पैदल मार्च करते हुए विरोध प्रदर्शन करके मुख्यमंत्री संबोधित जिला वित्त लेखा अधिकारी को ज्ञापन सौंपा है। तार्किक समस्याओं के समाधान के बिना पंजिकाओं के डिजिटालाइजेशन एवं ऑनलाइन उपस्थिति को लेकर आक्रोश बताते हुए इसे आव्यावहारिक करार दिया है।

संयुक्त शिक्षक महासंघ की अगुवाई कर रहे पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ जिलाध्यक्ष कमरुद्दीन अंसारी मंत्री बृजेश चौधरी एवं राजेश कुमार सहित विशिष्ट बीटीसी शिक्षक वेलफेयर एसोसिएशन प्रांतीय कोषाध्यक्ष दिलीप चौहान जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र शुक्ला ने शिक्षकों के हुजूम के साथ जिला पंचायत कैंपस में एकत्रित होकर प्रदर्शन किया है। जिला पंचायत से पैदल मार्च करते हुए शिक्षकों ने शासन के आनलाइन तुगलकी फरमान का विरोध जताया है।

पैदल मार्च करते हुए शिक्षक बेसिक शिक्षा कार्यालय पहुंचकर धरना प्रदर्शन करते हुए बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रतिनिधि जिला वित्त एवं लेखा अधिकारी श्रवण कुमार सिंह को मुख्यमंत्री संबोधित नौ सूत्री ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में मुख्य बिंदु हाफ डे सीएल एवं ई एल की व्यवस्था दी जाए, अर्जित एवं उपार्जित अवकाश प्रत्येक दशा में मिले, मौसम एवं विद्यालय के भौगोलिक स्थिति को देखते हुए स्कूल के समीप आवास व्यवस्था की जाए अंतर्जनपदीय एवं जिले के भीतर स्थानांतरण प्रक्रिया को गति दिया जाए, 17140 एवं 18150 का वेतनमान सहित पदोन्नति जो अब तक नहीं हो पाई है तत्काल किया जाए सभी प्रकार की बैठक स्कूल अवधि में भी कराई जाए स्कूल अवध के बाद महिला शिक्षकों को वाहन आदि की समस्या के साथ-साथ तरह-तरह की समस्याएं पैदा होती हैं जो अव्यवहारिक है, शिक्षकों से गैर शैक्षणिक कार्य बिल्कुल ना लिया जाए जैसे मध्यान भोजन एवं बीएलओ कार्य से मुक्त रखा जाए, ताकि शिक्षण कार्य सुचार रूप से हो सके ऑनलाइन उपस्थिति के लिए सरकारी सिम एवं डाटा की व्यवस्था की जाए , सभी समस्याओं का सम्यक समाधान होने तक डिजिटाइजेशन का कार्य स्थगित रखा जाए अन्यथा संगठन शिक्षकों को लेकर धरना प्रदर्शन आंदोलन करने को बाध्य होंगे। इस अवसर पर राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद अध्यक्ष अरुण कुमार मंडलीय मंत्री कमरुद्दीन अंसारी जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र शुक्ला जिला महामंत्री तुला रामगिरी जिला मंत्री बृजेश चौधरी सुभाष चंद्र मिश्रा रितेश अवस्थी शिवाकांत त्रिपाठी निर्मल कुमार द्विवेदी डॉक्टर उत्तम चंद्र गुप्ता सुभाष मिश्रा मसूद आलम अंसारी जटाशंकर यादव आज शिक्षक संघ पदाधिकारी व अध्यापक शामिल रहे हैं।

### प्रांतीय नेतृत्व के निर्देश पर प्रदर्शन में शामिल हुआ पूर्व माध्यमिक संघ

प्रांतीय नेतृत्व के निर्देश पर उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाई स्कूल पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ जिला अध्यक्ष कमरुद्दीन अंसारी की अगुवाई में जिला कई पदाधिकारी एवं शिक्षक ने ऑनलाइन डिजिटाइजेशन को लेकर विरोध किया है शिक्षकों का सामू हा बेसिक शिक्षा कार्यालय पहुंचकर अपनी समस्या से वित्त एवं लेखा अधिकारी को अवगत कराकर ज्ञापन मुख्यमंत्री संबोधित दिया है जिसमें संघ जिला अध्यक्ष का कहना है कि जिन स्कूलों को अब तक टैबलेट नहीं उपलब्ध कराए गए उन स्कूलों में दो पंजिकाओं का लाइन डिजिटाइजेशन कहां करें जब उनके पास संसाधन व्यवस्था ही नहीं है निजी मोबाइल में करने के निर्देश दिए गए हैं मोबाइल संबंधित शिक्षक का है जो निजी प्रयोग के लिए लिया गया है उसमें सरकारी कार्य नहीं किया जा सकता है और ना ही प्रदेश का शिक्षक सहमत है देश के बेसिक शिक्षकों को अब आम भावना बन गई है कि यदि विभाग जबरदस्ती दंडात्मक कार्रवाई का भाई दिखाकर जो भी चाहे कार्य कर सकता है जिसमें निजी सिम और मोबाइल से करने के लिए स्कूलों के कार्य करने को बाधित किया जा रहा है न करने पर शिक्षकों को कार्रवाई का भय दिया जा रहा है उन्होंने कहा कि मौजूदा समय में शिक्षक भयभीत होकर स्कूलों में कार्य कर रहे हैं जो शिक्षक के कार्य के हित में नहीं है और ना ही बच्चों एवं शिक्षक के परिवार के हित में है ऐसे में सरकार शिक्षकों की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर समाधान करें शिक्षक सरकार के प्रत्येक आदेश का पालन करने को तैयार है।

## रेल ट्रैक के पास मिला युवक का शव

**सुल्तानपुर।** लखनऊ-वाराणसी रेल ट्रैक पर बेदूपारा के पास युवक का संदिग्ध परिस्थितयों में शव पाया गया। मृतक की बहन ने पुलिस में तहरीर देकर हत्या की आशंका जताया है। शव को पोस्टमार्टम में भेजकर पुलिस ने जांच शुरू कर दिया है। बताया जा रहा है कि मृतक कि पत्नी व बच्चे मुंबई में रहते हैं। जानकारी के अनुसार लंभुआ कोतवाली क्षेत्र के जखनीकला निवासी संतोष यादव (42) का शव मंगलवार को लखनऊ-वाराणसी रेल ट्रैक पर लंभुआ कोतवाली के बेदूपारा में पाया गया। उसके चेहरे आदि पर चोट के गंभीर निशान मिले हैं। शव मिलने से गांव में हड़कंप मच गया। स्थानीय लोगों ने सूचना पुलिस को दिया। मौके पर सीओ लंभुआ अब्दुस सलाम व लंभुआ कोतवाली की टीम पहुंची। स्थलीय निरीक्षण करने के बाद शव को पोस्टमार्टम में भेजकर विधिक कार्रवाई शुरू कर दिया है। बताया जा रहा है कि मृतक की पत्नी व चार बच्चे मुंबई में रहते हैं। इनमें तीन लड़के और एक लड़की है। वही मृतक की बहन लीलावती निवासी बेलाही ने घटना को लेकर पुलिस में नामजद तहरीर दी है। उसका आरोप है कि भाई का जमीन को लेकर विवाद चल रहा था। उसके गांव के रामनाथ यादव, संजय यादव, आदित्य यादव आदि ने भाई को रास्ते से उठाकर घर ले गए और हत्या करके शव जंगल में फेक दिया। इस मामले में सीओ अब्दुस सलाम ने बताया कि पुलिस हर पहलू पर जांच कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्थिति साफ होगी।

# उत्कृष्ट शिक्षक कार्य पर 75 निपुण अध्यापकों को मिला सम्मान

## रिसोर्स सेंटर सभागार में बीएसए एवं प्राचार्य ने अंग वस्त्र स्मृति चिन्ह देकर किया सम्मानित



**बलरामपुर।** निपुण भारत अभियान के तहत बीते 15 फरवरी 2024 के माध्यम से निपुण भारत मिशन के अंतर्गत आरपी से चयनित स्कूलों एवं शिक्षण संकुल विद्यालयों में कक्षा 1 से 3 में अध्यनरत विद्यार्थियों का शैक्षिक आकलन किया गया यह आकलन डीएलएड प्रशिक्षु ने दिसंबर 2023 में पूरा किया था।प्रशिक्षण से किए गए सैंपल आकलन में प्रथम दृष्टिकोण से जिले के 75 विद्यालय निपुण विद्यालयों के रूप में उभर कर सामने आए हैं।

जिले में 75 स्कूल नीपूर्ण विद्यालय शिक्षकों के निरंतर बुनियादी शिक्षा मजबूती में कार्य करने पर सम्मानित किया गया है यह सम्मान बेसिक शिक्षा कार्यालय के एकेडमिक रिसोर्स सभागार में जिला मुख्य विकास अधिकारी के निर्देशन में बेसिक शिक्षा अधिकारी ने किया है एकेडमिक रिसोर्स सेंटर में विद्यालय सम्मान समारोह में बेसिक शिक्षा अधिकारी कल्पना देवी ने 75 शिक्षकों को अंगवस्त्र स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया है 12 शिक्षक बलरामपुर ब्लॉक दो गंडास बुजुर्ग 15 गैसड़ी एक शिवपुर चार रेहरा बाजार दो श्री दत्तगंज 10 तुलसीपुर 29 पचपेड़वा के निपुण शिक्षक शामिल है इन सभी को बेसिक शिक्षा अधिकारी कल्पना देवी में स्मृति चिन्ह प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया है साथ ही साथ अन्य शिक्षकों से इन अध्यापकों से सीख लेने की नसीहत दी है बेसिक शिक्षा अधिकारी कल्पना देवी ने सबसे अधिक निपुण विद्यालय करने वाले एकेडमिक रिसोर्स पर्सन पचपेड़वा सर्वेश्वर शरण शुक्ला को सम्मानित करते हुए उन्हें स्मृति चिन्ह अंग वस्त्र भेंट कर उनके कार्यो की सराहना की है। यह सम्मान बेसिक शिक्षा अधिकारी एवं डायट प्राचार्य हाफिजुर रहमान ने एकेडमिक रिसोर्स सभागार में दिया है डाइट प्रचार ने कहा कि जिले के सभी परिषदीय विद्यालय निपुण स्कूल में शामिल हो इसके लिए सभी शिक्षक जुट जाएं इस अवसर पर जिला संबंधित प्रशिक्षण मोहित देव त्रिपाठी सामुदायिक सहभागिता जिला समन्वयक निरंकार पांडे खंड शिक्षा अधिकारी रामचंद्र आदि समारोह में शामिल रहे हैं।

## जिला स्तरीय पड़ोस युवा संसद कार्यक्रम का किया शुभारम्भ में

**प्रतापगढ़** सांसद संगम लाल गुप्त ने युवाओं का आवाहन करते हुए कहा कि देश को बदलने में युवाओं की महत्त्वपूर्ण भूमिका होती है। हमारे युवा आने वाले कल के देश निर्माण और भाग्य विधाता है।युवा स्वामी विवेकानंद के आदर्शो का अनुसरण कर समाज में अपनी पहचान बनाए तथा माता पिता का नाम रोशन करे। सांसद ने आज यहां राजकीय औद्योगिक संस्थान (आई. टी .आई) में नेहरू युवा केंद्र द्वारा आयोजित जिला स्तरीय पड़ोस युवा संसद कार्यक्रम का दीप प्रज्वलित कर शुभारम्भ किया।सांसद ने कहा कि माननीय प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने विकसित भारत बनाने का जो संकल्प लिया है।उसे पूरा करने में युवा आगे आएं अमृत काल के पंच प्रण को याद रखे।

# आमंत्रण कार्ड में उच्च शिक्षा का संदेश



**सुल्तानपुर।** शादियों में दहेज के रूप में महंगे जेवरात और मोटी रकम देने की चर्चाएं आम होती हैं लेकिन बल्दीराय तहसील क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सैनी लोहरिया निवासी चंद्रभान की सुपुत्री नीलम संग पवन कुमार पुत्र श्याम लाल निवासी ग्राम देवरा के संग हुई। जिसमें वर वधु को भारतीय संविधान की पुस्तक उपहार स्वरूप उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षा मित्र संघ जनपद सुलतानपुर के जिला महामंत्री पवन कुमार द्वारा भेंट किया गया। तमाम आडंबरों को किनारे कर बौद्ध रीति रिवाज से शादी संपन्न हुई, विवाह को देखने के लिए घराती और बारातियों के अलावा काफी संख्या में लोग देर रात तक डटे रहे। बौद्ध परंपरा के अनुसार दूल्हा दुल्हन को 22 प्रतिज्ञाएं दिलाई गई। खास बात यह रही कि नव दंपति नें भारतीय संविधान की शपथ ली। इस शादी के लिए जो आमंत्रण कार्ड छपवाया गया उसमें पारंपरिक तौर पर हिंदू देवी देवताओं की जगह तथागत बौद्ध, डॉ.भीमराव अंबेडकर, सम्राट अशोक, सावित्रीबाई फुले, रामस्वामी परियार, ज्योतिबा फुले की तस्वीरों को महत्व दिया गया। इसके अलावा विज्ञान व उच्च शिक्षा को मानव जीवन में मुक्ति का मार्ग बताया है। इस मौके पर तमाम सामाजिक कार्यकर्ता, कर्मचारी व गणमान्य लोग उपस्थित रहे। जिनमें शिक्षक दान बहादुर, सर्वेश कुमार, अमित कुमार, राम प्रकाश, राजकुमार (एस आई), इन्द्रेश कुमार ( सीआरपीएफ), सियाराम रावत (प्रधान पड़किया) व भारतीय संविधान की पुस्तक उपलब्ध कराने में संविधान जागरूकता मंच के सक्रिय साथी व शिक्षक जगध्यान यादव, रामबरन प्रजापति, राजदेव यादव, धर्मेन्द्र कुमार शुक्ल का विशेष योगदान रहा। वैवाहिक कार्यक्रम में उपस्थित रिश्तेदार द्वारा इस कार्य की खूब प्रशंसा की गई।

## वाम मोर्चा ने केंद्र सरकार और एसबीआई के विरोध में किया प्रदर्शन

**सुल्तानपुर।** वाम मोर्चा ने मंगलवार को केंद्र सरकार और एसबीआई के विरोध में प्रदर्शन किया। इलेक्ट्रोरल बॉन्ड को लेकर राष्ट्रपति के नाम संबोधित एक ज्ञापन प्रशासनिक अधिकारी को सौंपा गया है। मांग की गई है कि एसबीआई इलेक्ट्रोरल बॉन्ड को सुप्रीम कोर्ट में प्रस्तुत करे।

आपको बता दें कि राजनैतिक पार्टियों के चंदे से जुड़े मामले में बीते दिनों सुप्रीम कोर्ट ने सख्त रुख अपनाया। उच्चतम न्यायालय ने एसबीआई से सभी राजनीतिक दलों के इलेक्ट्रोरल बॉन्ड को चुनाव आयोग को देने के निर्देश दिए। लेकिन एसबीआई जून तक का समय मांगकर कोर्ट को गुमराह करने लगी। ऐसे में सोमवार को सुप्रीम कोर्ट ने सख्त रुख अपनाते हुए एसबीआई को खुले निर्देश दिए थे। इसी मुद्दे को लेकर आज सुल्तानपुर में सीपीआईएम ने कलेक्ट्रेट पर पहुंचकर प्रदर्शन किया। वाम मोर्चा द्वारा सरकार और एसबीआई के विरुद्ध जमकर नारेबाजी की गई। साथ ही राष्ट्रपति को संबोधित एक मांग पत्र जिला प्रशासन को सौंपा गया। मांग किया गया है कि इलेक्ट्रोरल बॉन्ड के जरिए भाजपा की अनाप शनाप से मदद की गई है। साथ ही एसबीआई ने कोर्ट से समय अवधि बढ़ाने की अपील की है जबकि ये कोर्ट की अवमानना है। इस मामले में सीपीएम के जिला सचिव व वरिष्ठ अधिवक्ता नरोत्तम शुक्ला ने बताया कि जो इलेक्ट्रोरल बॉन्ड जो जारी किया गया उसको लेकर सुप्रीम कोर्ट ने ये निर्देश जारी किया था कि एसबीआई 6 मार्च को इलेक्शन कमीशन को वो सारे बॉन्ड दे दे। साथ ही उसके डिटेल दे दे। इसके बाद इलेक्शन कमीशन इसे नोटिफाई कर दे। लेकिन चूंकि सरकारी संस्थाओं को भाजपा ने हैक कर रखा है ऐसे मे एसबीआई ने एक रिट फ़ाइल कर दी कि हमें 30 जून तक का मौका दिया जाए। लेकिन हम सुप्रीम कोर्ट की सराहना करते हैं कि जिस तरीके से कोर्ट ने रुख अपनाया उससे एसबीआई बॉन्ड देने पर तैयार हुआ है।

## एसडीएम सदर ने पोषण पखवाड़ा का किया शुभारंभ



**सुलतानपुर।** शाशन द्वारा प्राप्त निर्देश के क्रम में पोषण पखवाड़ा दिनांक दिनांक 09 मार्च 2024 से 23 मार्च 2024 तक मनाये जाने के सफल आयोजन के निर्देश है के क्रम में आज दिनांक 12 मार्च 2024 को बाल विकास एवं पुष्टाहार बिभाग द्वारा पोषण अभियान के अंतर्गत 'निर्धारित थीम'- पोषण भी पढ़ाई भी, पारंपरिक व स्थानीय आहार प्रथाओं पर केंद्रित पोषण के प्रति संवेदनशीलता पर ध्यान केंद्रित एवं गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य व आईवाईसीएफपर आधारित गतिविधियों का शुभारंभ किया गया। जिसमें बाल विकास परियोजना शहर की आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। इस अवसर पर जिला कार्यक्रम अधिकारी, रवीश्वर कुमार राव, बाल विकास परियोजना अधिकारी अजीत कुमार के साथ साथ मुख्य सेविका एवं आंगनवाड़ी कार्यकत्री उपस्थित रही।

## क्राइम ब्रांच ने बैंक फ्रॉड मामले में की 82 की कार्यवाही



**सुलतानपुर।** बैंक फ्रॉड के मामले में थाना हुसैनगंज लखनऊ में अपराध संख्या 249/21 धारा 419, 420, 409, 406 में दर्ज मामले में कोर्ट का आर्डर लेकर पहुंचे क्राइम ब्रान्च प्रभारी ने मुल्जिमान अदीब अहमद कामरान अहमद कर विरुद्ध 82 की नोटिस चस्पा की है।

## जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेट का प्रथम दिवस का प्रशिक्षण हुआ सम्पन्न

**सुल्तानपुर।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 में लगे जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेट का प्रशिक्षण प्रेरणा सभागार, विकास भवन सुलतानपुर में दो पाली में आयोजित किया गया। जिलाधिकारी कृत्तिका ज्योत्स्ना के निर्देशन में सभी जोनल और सेक्टर मजिस्ट्रेट को ट्रेनिंग प्रदान की गई। मुख्य विकास अधिकारी अंकुर कौशिक ने एरर पर प्रश्न पूछे और उन्होंने कहा कि सभी जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेट ई. वी.एम. व वी. वी. पैट का कनेक्शन, माकपोल, ईवीएम सील करने आदि को भली - भांति सीख लें, जिससे मतदान दिवस पर किसी भी समस्या का तत्काल निराकरण कर सकें उन्होंने सभी को निर्देशित किया कि निर्वाचन आयोग व जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा जारी दिशा- निर्देशों का अध्ययन करते रहें द्य निष्पक्ष व पारदर्शी रूप से चुनाव सम्पन्न कराना हम सभी की जिम्मेदारी है। इसके लिए हम सभी को निर्वाचन आयोग के निर्देशों का शत- प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करना है। उन्होंने जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेट को निर्देशित किया कि मतदान दिवस में प्रत्येक मतदान केन्द्र पर कम से कम तीन बार भ्रमण अवश्य करना है। मतदान केंद्रों पर भ्रमण के दौरान चल रही मतदान प्रक्रिया का बारीकी से अवलोकन करेंगे कि वी0वी0पैट0 के नॉब को सफ़र के समय हॉरिजॉन्टल और वोटिंग के दौरान वर्टिकल करना है। अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) गौरव शुक्ल ने बताया जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेट को पार्टी रवानगी स्थल से लेकर मतदान समाप्ति तक की पूरी चुनावी प्रक्रिया पर पीपीटी के माध्यम से प्रशिक्षित किया गया। जिला विकास अधिकारी अजय कुमार पाण्डेय ने बताया कि मॉकपोल कराने के बाद कंट्रोल यूनिट को क्लियर अवश्य करें तथा वी.वी. पैट के ड्राप बाक्स में गिरी माकपाल की पर्ची को निकाल कर उसके पीछे मुहर लगाकर इसे काले लिफाफे में रखकर पिंक पेपर से सील करेंगे। जिला प्रशिक्षण अधिकारी डा. संतोष गुप्त ने सेक्टर मजिस्ट्रेट के चेक मेमों पर विस्तार से चर्चा करते हुए बताया कि सेक्टर मजिस्ट्रेट को प्रत्येक मतदेय स्थल के लिए अलग - अलग प्रपत्रों पर चेक मेमों के अनुसार अपनी रिपोर्ट तैयार करनी होगी ।

स्टेट मास्टर ट्रेनर सत्यदेव पांडेय ने ई.वी.एम. व वी.वी. पैट के कनेक्शन पर चर्चा करते हुए बताया कि बैलेट यूनिट को वी. वी. पैट से व वी. वी. पैट को कंट्रोल यूनिट से कनेक्ट करेगें।

## महिला शिक्षक संघ ने बीएसए से की मुलाकात



**सुल्तानपुर।** महिला शिक्षक संघ सुलतानपुर के जिला पदाधिकारियों ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी दीपिका चतुर्वेदी से शिष्टाचार भेट की। जिलाध्यक्ष डा गायत्री सिंह एवं महामंत्री सीमा सिंह ने पौधा देकर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी का सम्मान किया। जिला मीडिया प्रभारी अर्चना चित्रांशी ने पुष्प गुच्छ देकर महिला शिक्षक संघ को मान्यता मिलने की बधाई प्रेषित की। जिलाध्यक्ष ने महिला शिक्षक संगठन के बारे में बीएसए को बताया एवं अपेक्षा व्यक्त की कि यह हम सब के लिए गर्व की बात है कि हमारी मुखिया भी महिला है अतः जनपद में महिला शिक्षिकाओं को कोई समस्या नही होनी चाहिए । महामंत्री सीमा सिंह ने चुनाव ड्यूटी में समस्या ग्रस्त शिक्षकाओं की ड्यूटी ना लगाने एवं सीसीएल में आने वाली समस्याओं पर चर्चा की एवं डिजिटिलाइजेशन में आने वाली व्यवहारिक समस्याओं से अवगत कराया गया। बीएसए ने संघठन को मान्यता मिलने पर खुशी व्यक्त की एवं सभी पदाधिकारियों को बधाई दी और कहा कि उम्मीद है आप लोग अच्छा कार्य करेंगे मेरे स्तर से आप लोगों को कोई समस्या नही आयेगी । इस अवसर पर संघ के सभी पदाधिकारी सुचित्रा सिंह रेनू श्रीवास्तव निधि गुप्ता नमिता अग्रहरि सीमा गुप्ता मंजू मिश्रा अर्चना श्रीवास्तव मीडिया प्रभारी आदि उपस्थित रही। सभी ने अपना अमूल्य समय देने के लिये जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी का हार्दिक आभार व्यक्त किया।

## रमजान की शुरूआत मुकद्दस इबादत का बेहतरीन महीना



**सुल्तानपुर।** रोजा रखना नमाज पढ़ना और कुरान की तलावत करना बेहद सवाब है आज से हर मस्जिदों मे जमाअत के साथ नमाज भी शुरू हो गयी है। रमजान में रोजेदार की एक एक सॉस इबादत में गिनी जाती है और मस्जिदों मे लोग हर नमाज के बाद कुरआन पाक की तलावत में लगे नजर आये और तलावत की आवाज मस्जिदो में गूँजती सुनायी पड़ी। मस्जिदो के साथ साथ घरो में भी लोग कुरान की तलावत करते नजर आये। हर रोजादार रोजा रखने के साथ साथ अपने कामों में भी खुशी से लगे हैं और रमजान में बाजारों की भी रौनक बढ़ गयी है। बाजार में तरह तरह के फल और खाने पीने की चीजें आ गयी हैं महिलाये रोजा नमाज और कुरान की तलावत के साथ साथ दो पहर के बाद घर की सफाई अफ्तार की तैयारी में लग जाती हैं। अफ्तार मे खास तौर से फल सब्जी चने मटर के छोले पकौड़ी चीप्स शरबत आदी का प्रयोग किया जाता है रमजान में महिलाओं की व्यस्तता बढ जाती है क्योंकि इबादत के साथ साथ बच्चों को स्कूल की तैयारी परिवार की देख भाल एवं रोजेदारों के लिए अफ्तार का सामान तैयार करना खास हैं।

## जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न

**जौनपुर ।** आगामी त्योहारों होली व रमजान के पवित्र महीने को शांतिपूर्ण तरीके से मनाए जाने को लेकर जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई।जिलाधिकारी श्री रविन्द्र कुमार मांदड ने त्योहारों के दौरान जरूरी व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराने तथा सतर्कता बरतने के निर्देश अधिकारियों को दिए।उन्होने कहा कि सभी लोग त्योहारों को आपसी सौहार्द एवं भाई चारे के साथ मनाएं। यह हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है कि इस दौरान किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना न हो। होलिका दहन स्थल, ईदगाह सहित मुख्य मार्गो पर साफ-सफाई की जाए, होलिका दहन वाले स्थलों को सशर्त अनुमति दी जाये। किसी भी प्रकार कि नई परम्परा शुरू न की जाए। तहसील, थानावार ,ग्राम/वार्डवार शांति समिति की बैठक की जाए। जिलाधिकारी ने रमजान के महीने मे नगर पालिका/नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारियो को सफाई व्यवस्था और ग्रामीण क्षेत्रों मे सफाई व्यवस्था के निर्देश जिला पंचायत राज अधिकारी को दिए।उन्होने कहा कि शांतिपूर्ण तरीके से त्योहारों को आपसी भाईचारे के साथ मनाएं।

## इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक द्वारा दोस्तपुर में बैंकिंग सेवा केंद्र का उद्घाटन




**सुल्तानपुर।** भारतीय डाक के अंतर्गत इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक द्वारा बैंकिंग सेवाओं को जन जन तक पहुंचाने हेतु धमौली में प्रदीप कुमार के यहाँ बैंकिंग सेवा केंद्र का उद्घाटन किया गया। इस मौके पर सह प्रबंधक आशुतोष तिवारी ने बताया कि इस केंद्र द्वारा लोगों के आधार सीडिंग वाले बैंक खाते खोले जा सकेंगे तथा एन.पी.सी.आई. की जा सकेगी। जिससे लाभार्थी विभिन्न सरकारी सब्सिडी का लाभ सीधे खातों में प्राप्त कर सकें। इसके अतिरिक्त, जमा निकासी, आधार से भुगतान के साथ- साथ जीवन बीमा, वाहन एवं स्वास्थ्य बीमा सम्बन्धी सेवाएं तथा कैंप के माध्यम से आधार सेवाएं भी प्रदान कि जाएंगी। बैंक द्वारा वृहत्त स्तर पर ग्रामीण क्षेत्रों में बैंकिंग सेवा केंद्र खोलने की योजना है।

## कार्यालय ग्राम पंचायत पुरवा तरौंहा विकास खण्ड कर्वी चित्रकूट

पंत्राक : मेमो/निविदा/2023-24 दिनांक 12.03.2024

**निविदा सूचना**

पंचमवित्त/पन्द्रहवांवित्त योजनान्तर्गत ग्राम पंचायत पुरवा तरौंहा द्वारा कराये जाने वाले निम्नलिखित कार्यों पर प्रयुक्त होने वाली सामग्री आपूर्ति हेतु अधोहस्ताक्षरी द्वारा व्यापार कर/आयकर में पंजीकृत फर्मों/सप्लायरों से दिनांक 17.03.2024 को अपराह्न 2.00 बजे तक निम्न विवरण के अनुसार निविदाएं आमंत्रित की जाती है, जो उसी दिन अपराह्न 3.30 बजे ग्राम पंचायत में तैनात निर्माण समिति द्वारा उपस्थित निविदा दाताओं के साथ खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र की बिक्री दिनांक 13.03.2024 से 17.03.2024 को अपराह्न 1.00 बजे तक ग्राम पंचायत से निविदा प्रपत्र मूल्य की अदायगी कर क्रय किये जा सकते हैं।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलन की धनराशि (लाख रू0में) | 2%धरोहर धनराशि (रू0में) | निविदा मूल्य (रू0 में) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | ग्राम पंचायत पुरवा तरौंहा में कामतानाथ निषाद के घर से आयुष्मान आरोग्य मन्दिर तक नाली निर्माण कार्य। | 4.99 लाख | 9800 | 500 |

निविदा शर्तें:–
नोट : निविदा से सम्बन्धित शर्तें ग्राम पंचायत के कार्यालय के पटल पर देखी जा सकती है।

**मोहन लाल**
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत पुरवा तरौंहा
वि0ख0–कर्वी, चित्रकूट

**रोशन**
सचिव
ग्राम पंचायत पुरवा तरौंहा
वि0ख0–कर्वी, चित्रकूट


# नदियां मात्र सिंचाई का साधन ही नहीं बल्कि जीवनदायिनी भी- जिलाधिकारी



**लोकमित्र ब्यूरो**
**मीरजापुर।** जनपद की प्राचीन लोंहदी नदी के जीर्णोद्धार के लिए जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन व मुख्य विकास अधिकारी विशाल कुमार ने विधि विधान पूर्वक भूमि पूजन कर तथा हाथों में फावड़ा लेकर नदी के तलहटी में खुदाई कार्य का शुभारंभ करते हुए लोगों का आह्वान किया कि वह इस नदी के जीर्णोद्धार के साथ-साथ इसे संरक्षित करने के लिए आगे आये। उक्त अवसर पर उन्होंने कहा कि नदी का जीर्णोद्धार इस नदी से लगे मात्र 11 गांवों के लिए ही उपयोगी नहीं होगा बल्कि भू गर्भ जल स्तर को ठीक करने में एक बड़ी भूमिका भी अदा करेगा। उन्होंने कहा कि इस नदी का उपयोग पर्यावरण की रक्षा में भी होगा। उन्होंने बताया कि लोंहदी नदी 11 ग्राम पंचायत को जोड़ते हुए 16 किलोमीटर लंबे क्षेत्र में फैली हुई है और लोगों से अनुरोध किया कि नदी की खुदाई में सहयोग प्रदान करने के साथ ही इस मिट्टी का उपयोग अपने खेतों में करें, जो काफी उपजाऊ है । जिलाधिकारी ने आगे कहा कि जनपद के विकासखंड सिटी में स्थित ये नदी विलुप्त होने की कगार पर है जिसके लिए उत्तरदाई जब भी हम ही हैं तो इसके जीर्णोद्धार का भी दायित्व भी हमारा ही है। उन्होंने बताया कि परियोजना की कुल लागत रू0 101.74 लाख है जिसके अंतर्गत नदी की गहराई बढ़ाने के साथ ही स्थान स्थान पर चेकडैम बनाए जायेंगे जिससे नदी का पूरा पानी बहने न पाए। मुख्य विकास अधिकारी विशाल कुमार ने बताया कि नदी के सुंदरीकरण के लिए स्थान स्थान पर वृक्षारोपण के भी कार्य होंगे। उन्होंने बताया कि नदी में जल को स्वच्छ रखने के लिए लिए स्थान स्थान पर फिल्टर चेंबर का भी निर्माण किया जाएगा नदी में कुछ स्थानों पर जैसे चन्दईपुर, बरकछा खुर्द, गोपालपुर में बृहद वृक्षारोपण एवं अमृत उद्यान भी प्रस्तावित हैं तथा

पांच बड़े पार्क को भी विकसित करने की योजना है। उन्होंने ये भी बताया कि लोंहदी नदी की जितनी ग्राम पंचायतें इस नदी के दायरे में आने वाली हैं उसी के अंतर्गत एक नहर जो सिरसी गहरवार से नकहरा तक है उसे कब्जे से मुक्त कराया जायेगा। इस अवसर पर उपायुक्त एन0आर0एल0एम0 अनय मिश्रा, खण्ड विकास अधिकारी सिटी सहित भारी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## विद्यार्थी परिषद ने विरोध प्रदर्शन कर किया पुतला दहन



**चित्रकूट ब्यूरो:** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने केरल में छात्र की हत्या के विरोध में मंगलवार को जिला मुख्यालय में प्रदर्शन किया। इस दौरान परिषद कार्यकर्ताओं ने एस.एफ.आई. का पुतला दहन किया।विद्यार्थी परिषद के जिला संयोजक रोहित पाण्डेय ने बताया कि केरल में पशु चिकित्सा एवं पशुपालन विश्वविद्यालय में द्वितीय वर्ष के छात्र सिद्धार्थ को प्रताड़ित कर हत्या कर दी गई है। उन्होंने कहा कि वामपंथी छात्र संगठन एस.एफ.आई. छात्रों को मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित कर रहा है। यहां तक कि उनकी हत्या भी की जा रही है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी परिषद शैक्षिक परिसरों में छात्रों के मध्य तनाव मुक्त शैक्षिक वातावरण बनाने के लिए कार्य कर रहा है।

जिला सह संयोजक तेज प्रकाश चतुर्वेदी ने कहा कि विद्यार्थी परिषद का यह प्रदर्शन शिक्षण संस्थानों में छात्रों की सुरक्षा और तनावमुक्त वातावरण बनाने के लिए है। साथ ही एस.एफ.आई. द्वारा छात्रों को प्रताड़ित करने एवं एस.एफ.आई. के विरोध में महत्वपूर्ण कदम है। प्रदर्शन के बाद परिषद कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए एस.एफ.आई. का पुतला दहन किया। इस मौके पर प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य कमल रंजन शुक्ला, सत्यम पाण्डेय सत्या, अमरदीप व रौनक त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

## मूल्यांकन कार्य पारदर्शिता से सम्पन्न कराएं - आशीष पटेल

**लोकमित्र ब्यूरो**
**मीरजापुर।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा संचालित हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट की बोर्ड परीक्षा प्रदेश एवं जनपद में सकुलश शान्पूिर्ण व नकलविहीन सम्पन्न कराने पर प्रदेश के मंत्री प्राविधिक शिक्षा एवं उपभोक्ता मामले के मंत्री आशीष पटेल ने राजस्थान इण्टर कालेज में प्रधानाचार्यो द्वारा आयोजित एक समारोह में सभी प्रधानाचार्यो व केन्द्राध्यक्षो का आभार प्रकट करते हुये धन्यवाद दिया। उन्होने कहा कि सभी प्रधानाचार्य व केन्द्राध्यक्ष सहित परीक्षा सम्पन्न कराने में लगे हुए सभी अध्यापक कर्मचारियों के सूझबूझ व मेहनत के चलते प्रदेश सहित जनपद में पूरी पारदर्शिता के साथ परीक्षा सम्पन्न हुयी जो प्रशंसनीय है। उन्होने बोर्ड परीक्षाओं के पश्चात कापियों के मूल्यांकन को भी पूरी पारदर्शिता के साथ सम्पन्न कराने का निर्देश देते हुये कहा कि मूल्यांकन कार्य पूरी पारदर्शिता के साथ सम्पन्न हो ताकि योग्य छात्र-छात्राओं को अपने पठन पाठन व मेहनत का उचित परिणाम मिल सकें। उन्होने कहा कि प्रदेश



सरकार प्रदेश में होने वाली समस्त परीक्षाओं को पूरी पारदर्शिता व शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिये कटिबद्ध है और किसी भी परीक्षा में गड़बड़ी करने वालो को चिह्नित कर कड़ी से कड़ी सजा दिलायी जायेगी। हम सभी का प्रयास है कि मेहनत से पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं को उनका सुखद परिणाम प्राप्त हो। स्कूलो/कालेजो के सुन्दरीकरण के लिये प्रदेश सरकार कटिबद्ध है ताकि एक अच्छे माहौल में बच्चों को अच्छी शिक्षा मिल सके। स्कूलो के सुन्दरीकरण हेतु प्रदेश में चलाये जा रहे अलंकार योजना की चर्चा करते हुये कहा कि योजनान्तर्गत 25 प्रतिशत की धनराशि सम्बन्धित विद्यालय तथा 75 की धनराशि सरकार द्वारा प्रदान की जा रही है। जिला अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी बृज भूषण सिंह ने भी अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर जिला विद्यालय निरीक्षक अमर नाथ सिंह, प्राचार्य राजकीय इण्टर कालेज राजकुमार दीक्षित के अलावा अन्य विद्यालयों के प्रधानाचार्य व केन्द्राध्यक्ष उपस्थित रहे।


## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम व पता वेदराज सिंह सुत जंग बहादुर सिंह 1575, राजीव कालोनी सेक्टर-17 पंचकूला, हरियाणा 134113 है जो गलत है। मेरा सही व वास्तविक नाम पता बोधराज उर्फ मेवालाल सिंह पुत्र जंगबहादुर सिंह निवासी ग्राम कटरा इन्द्रकुँवर पोस्ट धेराहना थाना कोतवाली देहात प0त0 सदर जिला प्रतापगढ़ है। मुझे इसी नाम व पता से जाना व समझा जावे।

बोधराज उर्फ मेवालाल सिंह सुत जंगबहादुर सिंह
नि0 ग्राम कटरा इन्द्रकुँवर पो0 धेराहना
थाना कोतवाली देहात प0त0 सदर
जिला प्रतापगढ़

## सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि,मैं गायत्री मिश्रा पत्नी गंगा प्रसाद मिश्र निवासी ढेरहन ,मेजा प्रयागराज,मेरा मूल रजिस्ट्री पेपर नम्बर 4380 व4381 मौजा डांडी परगना अरैल प्रयागराज,जिसका पंजीकरण दि0 16 मार्च 2007 है,जो कि उपनिबंधक करछना प्रयागराज के अभिलेख में दर्ज है।यह पेपर मेजारोड जाते वक्त कही गिर गया।

(फार्म नं0 2 ए)
न्यायालय श्रीमान प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय द्वितीय महोदय प्रतापगढ़
अन्तर्गत आर्डर 5 नियम 20जा0 दी0
वाद सं0 1121/185
नाम फरीकेन पवन कुमार सिंह आयु करीब 31 वर्ष सुत सुरेश बहादुर सिंह निवासी फुलवारी टेऊँगा कोतवाली नगर सदर जिला प्रतापगढ़
बनाम
प्रिया सिंह आयु करीब 26 साल पत्नी पवन कुमार सिंह पुत्री सुभाष सिंह निवासी ग्राम पकरी पो0 भोरी तह0 ज्ञानपुर थाना सुरियांवा जनपद भदोहीं अ0 धारा 9 हि0वि0अधि0
तारीख पेशी 16.03.2024

यह कि उपरोक्त वाद/प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में आपके विरूद्ध प्रस्तुत किया गया है। एतदवरा आपको इस जरिये सम्मन नोटिस आदेशित किया जाता है कि दिनांक 16.03.2024 को समय 10.00 बजे स्वयं या मार्फत अपने अधिवक्ता इस न्यायालय में उपस्थित होकर जबाबदेही दावा करें। ऐसा न करने पर उक्त वाद/आवेदन-पत्र एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक माह सन् को जारी किया गया ।

न्यायालय की आज्ञा से
मुन्सरिम

## सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा लड़का पवन कुमार मेरे कहने सुनने में नहीं है, वह आपराधिक एवं दुष्चरित्र किस्म का व्यक्ति है , वह मुझसे और मेरे परिवार के अन्य सदस्यों को गालियां देता है मारने पीटने की धमकी देता है उसे बहुत समझाया बुझाया गया लेकिन उसके व्यवहार और आचरण में कोई सुधार नहीं आया । ऐसी स्थिति में मैंने अपने पुत्र पवन कुमार को अपनी समस्त चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। उसके द्वारा किए गए किसी भी लेन देन, अवैध कार्यों के प्रति मेरी कोई जिम्मेदारी नहीं होगी बल्कि वह स्वयं जिम्मेदार होगा।

राम बहादुर
सुत दसई
निवासी दसिया कटरा मेदनी गंज
पर0 तह 0 सदर जिला प्रतापगढ़।


# भारतीय विद्वानों व कलाकारों ने रामायण मेले में दिखाया अपना हुनर

## पांच दिवसीय रामायण मेले का हुआ समापन

**चित्रकूट ब्यूरो:** राष्ट्रीय रामायण मेले का समापन कामदगिरि प्रमुख द्वार के महंत जगदुरु स्वामी रामस्वरूपाचार्य महाराज ने करते हुए आयोजन की सफ्लता पर बधाई दी। कार्यकारी अध्यक्ष प्रशांत करवरिया ने माल्यार्पण व शाल भेंटकर स्वागत किया। पांच दिवसीय समारोह में कला, संस्कृति, सभ्यता, विद्वता का अनूठा संगम देखने को मिला। कलाकारों की मनोहारी प्रस्तुतियों ने लोगों का दिल जीता तो विद्वानों के व्याख्यानों ने समाज को मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के आदर्शो को जीवन में अपनाने का संदेश दिया। देश के विभिन्न प्रांतों से आए मानस मर्मज्ञों की श्रीराम चरितमानस पर की गई समीक्षा ने लोगों को जीवन जीने की कला सिखाई।

मंगलवार को सीतापुर स्थित रामायण मेला मंडपम में चल रहे पांच दिवसीय 51वें राष्ट्रीय रामायण मेला महोत्सव के समापन अवसर में कामदगिरि प्रमुख द्वार के महंत जगदगुरु स्वामी रामस्वरूपाचार्य ने कहा कि यह मेला अंतर्राष्ट्रीय स्तर का है, जिसकी सराहना कई देशों में होती है। उन्होंने चित्रकूट की भूमि को प्रेम की भूमि बताया। कहा कि अहंकार यदि जीवन में आया तो उसे कोपभाजन का शिकार होना पडेगा। चित्रकूटधाम की भूमि में प्रभु श्रीराम का मन एवं उनके सभी अंग यहां की रज से जुडे हुए हैं। इस भूमि को विनम्रता की भूमि बताया। कहा कि यहां के निवासियों को विनम्र बनना पडेगा। इस मौके पर जगदगुरु रामभद्राचार्य दिव्यांग विश्वविद्यालय के



कुलपति प्रो. शिशिर कुमार पांडेय, शिवमंगल शास्त्री, प्रद्युम्न दुबे लालू, मनोज मोहन गर्ग, विनोद मिश्र, राजेन्द्र मोहन त्रिपाठी, घनश्याम अवस्थी, मो यूसुफ, राम प्रकाश श्रीवास्तव, हेमंत मिश्रा, ज्ञानचन्द्र गुप्ता, सूरज तिवारी, कलीमुद्दीन बेग, नत्थू प्रसाद सोनकर, सत्येन्द्र पांडेय, इम्तियाज अली लाला, राजेन्द्र बाबू, घनश्याम अवस्थी, डा रामलाल द्विवेदी, रवि कौशल, विनोद पांडेय, मंसूर अली, विकास आदि मौजूद रहे।

मेले के समापर दिवस में हुई विद्वत सभा में विद्वानों के साथ पूरब और पश्चिमी भारत के विचारको ने भी मेले में प्रतिनिधित्व किया। सिलीगुडी के कवि मोहन दुकुन, हैदराबाद के बंगरैया शर्मा सहित डॉ पुट्टपर्ति नागपदमिनी, डॉ निर्मला देवी, डॉ विजय लक्ष्मी, डॉ जया वेंकटेश, पदमजा रानी आदि ने अपने विचार व्यक्त किए। चेन्नई से पधारे डीजी वैष्णव कालेज के प्राध्यापक डॉ. अशोक कुमार द्विवेदी 'शान बनारस' ने बताया कि श्रीराम पर संदेह करना अपनी स्मिता पर संदेह करने के बराबर है। श्रीराम ने हर क्षेत्रीय संस्कृतियों एवं अधिकारों का सम्मान किया है। जिसे आज के समाज को सीखना है। सभा की अध्यक्षता करते हुए सुल्तानपुर के गोस्वामी तुलसीदास साहित्य के मर्मज्ञ साहित्यभूषण डॉ सुशील कुमार पांडेय साहित्येन्दु ने कहा कि रामचरित मानस सामाजिक सद्भावना का संविधान तथा मानवता का मूल मंत्र है। गोस्वामी तुलसीदास ने रामकथा के माध्यम से विश्व मानवता को प्रगति की मौलिक दृष्टि दी है। फैजाबाद के डॉ हरि प्रसाद दुबे, बांदा के सुरेन्द्र सिंह आदि ने रामचरित मानस के आधुनिक संदर्भो को लेकर विभिन्न पद्यों पर प्रकाश डाला। देवघर से आई मानस मुक्ता यशोमती एवं मुजफ्फरनगर से पधारे रामदेव शर्मा ने राम दरबार की मनोरम झांकी प्रस्तुत की। भिंड के डॉ देवेन्द्र रामायणी, बांदा के राम प्रताप शुक्ल, बिहार के मुजफ्फरपुर के डॉ संजय पंकज, लखनऊ के विजय शंकर भास्कर, सुल्तानपुर के डॉ सुशील कुमार पांडेय, डॉ आद्या प्रसाद सिंह, डॉ ओंकारनाथ द्विवेदी आदि ने संस्कृति, हिन्दी तथा अन्य रामकथाओं से संबंधित विषयों पर प्रकाश डाला।

इस दौरान हुई सांस्कृतिक सभा में वृंदावन से आए श्री कृष्ण रामलीला संस्था के कलाकारों ने धनुष यज्ञ लीला का मनोहारी मंचन किया। दर्शकों से खचाखच भरा मंडपम तालियों की गड़गडाहट से गूंजता रहा। राजा जनक का विलाप सुन दर्शकों की आंखे भर आई। धनुष टूटते ही दर्शकों ने जय श्रीराम के जयघोष किए। परशुराम और लक्ष्मण संवाद देख दर्शक रोमांचित हो उठे। रामलीला के माध्यम से कलाकारों ने लोगों को मर्यादा, संयम, सहज स्वभाव, क्रोध पर अंकुश लगाने का संदेश दिया। सायंकालीन सांस्कृतिक संध्या का कार्यक्रम दर्शकों के आकर्षण का केंद्र रहा। सुजाता केसरी प्रयागराज ने रामोत्सव पर नृत्य, कजली नृत्य, डेढ़िया नृत्य की प्रस्तुतियों से मंत्रमुग्ध कर दिया। मेनका मिश्रा लखनऊ ने मनमोहक लोक गीत प्रस्तुत किये। जिसकी लोगों ने जमकर सराहना की। इसके पश्चात बांदा से आई उभरती कथक नृत्यांगना अनुपमा त्रिपाठी ने अपनी प्रस्तुति से शमां बांध दिया।

अनुपमा ने जयपुर घराने के शुद्ध कथक नृत्य, जिसमें कथक की पारंपरिक बंदिशें होती है प्रदर्शित की। इसके बाद राम के जीवन से जुडे कथानको को नृत्य के माध्यम से जीवंत कर दिया। देर रात तक वृन्दावन रामलीला-रासलीला संस्था ने ब्रज की प्रसिद्ध लट्ठमार व फूलो की होली का मंचन किया। दर्शको ने इस रसमयी प्रस्तुति का लुत्फ उठाया।

## उपन्यास का हुआ विमोचन

चित्रकूटः हैदराबाद की दूरदर्शन की पूर्व निदेशिका एवं हिन्दी एवं तेलगू के बीट अनुवाद आदि के द्वारा साहित्य को समृद्ध करने वाली डॉ पुट्टपर्ति नागपदमिनी के उपन्यास 'मै मीनाक्षी हू' का विमोचन रामायण मेला के मंच पर भारत के लब्ध प्रतिष्ठित विद्वानों की मौजूदगी में प्रख्यात साहित्यकार अनुसंधानकर्ता डॉ चन्द्रिका प्रसाद दीक्षित ललित ने किया।

डॉ ललित ने कहा कि सूर्पनखा को लेकर लिखा गया यह पहला उपन्यास है। इस उपनयास में सूर्पनखा को मीनाक्षी कहा गया है। बताया कि उपन्यास में उसके ऊपर लगे हुए लांछनों को दूर कर नारी का सौन्दर्य और प्रेम की मनोभावना का मनोवैज्ञानिक चित्रण किया गया है। आंध्र प्रदेश की नागपदमिनी की हिन्दी की सेवाओं की प्रशंसा करते हुए मुजफ्फरनगर के डॉ संजय पंकज ने कहा कि मनोवैज्ञानिक दृष्टि से विचार कर नए संदर्भो में प्रस्तुत करने की आवश्यकता होती है।

## पथरामानी में शुरु हुई पेयजल आपूर्ति, ग्रामीणों में खुशी का माहौल



**चित्रकूट ब्यूरो:** जल संकट के लिए पथरामानी गांव की चर्चा हमेशा होती रही। गांव के लोग काफी दूर से मेहनत से लाए गए जल को ही कई दिनों तक पीने के लिए निर्भर रहते थे, लेकिन मंगलवार का दिन एक ऐसा सवेरा लेकर आया, जिसने गांव के इस पूरे संकट को समूल नष्ट करने पर अपनी मुहर लगा दी है। यमुना नदी पर बने इंटेक वेल के माध्यम से चिल्लीमल वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट से होता हुआ नदी का जल जैसे ही पंप हाउस से गांव में पहुंचा वैसे ही बुजुर्गों, महिलाओं एवं बच्चों के चेहरे पर खुशी साफ देखी गई। इस पेयजल योजना की टेस्टिंग का कार्य सभी इंजीनियरों ने प्रोजेक्ट मैनेजर जितेंद्र कुमार तिवारी को दिखाया। सभी ग्रामवासियों ने खुद अपने नल को अपने हाथों से खोलकर इस बदलाव के साक्षी बन रहे हैं। कई बुजुर्गों ने बताया कि यहां पानी की समस्या ही सबसे बड़ी समस्या थी, जिसके लिए सैकड़ो कदम चलकर पानी लाना पड़ता था और उस पानी को पीकर ही दिन तक जीवन व्यतीत करना होता था। कई बार राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय मीडिया ने भी इस गांव की समस्या को उजागर किया। जल जीवन मिशन के सिलौटा एवं चांदी बांगड़ परियोजना के प्रोजेक्ट हेड जितेंद्र कुमार तिवारी ने बताया कि पूरे सिलौटा एवं चांदी बांगड़ परियोजना में पथरामनी तक पानी पहुंचाना प्राथमिकता और चुनौती के रूप में स्वीकार करते हुए आज ग्राम वासियों की सालों की समस्या और संदेह का निस्तारण हुआ है। बताया कि इस विराट चुनौती को सफलता में बदलना ही पिछले कई महीनो से एकमेव उद्देश्य था। गांव में पानी की सप्लाई नल द्वारा होने की सूचना पर डीएम अभिषेक आनंद, सीडीओ अमृतपाल कौर एवं एडीएम नमामि गंगे श्रीमती वंदिता श्रीवास्तव, एसडीएम राजापुर प्रमोद झा ने पूरी टीम को बधाई दी और हर्ष व्यक्त किया। गांव वालों ने योजना के लिए सरकार का और मनोयोग से काम करने वाली टीम का आभार व्यक्त किया।

## अवैध शराब बरामद, तीन आरोपी गिरफ्तार

**चित्रकूट ब्यूरो:** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में आगामी लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे अभियान के क्रम में चित्रकूट पुलिस ने तीन आरोपियों को 30 लीटर कच्ची व 25 क्वार्टर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया।

जिसमें चौकी प्रभारी सीतापुर श्यामदेव सिंह तथा उनके हमराही आरक्षी नागेश कुमार, आरक्षी रविशंकर, महिला आरक्षी मनीषा पाण्डेय द्वारा आरोपी महिला कल्ली देवी पत्नी स्व कमलेश निवासी जयपुरिया भवन के पास सीतापुर कोतावाली कर्वी को 15 लीटर कच्ची शराब के साथ व आरोपी विष्णु पुत्र रामकिंकर निवासी लोसरिया थाना नयागांव चित्रकूट को 15 लीटर कच्ची के साथ तथा थाना मऊ के उपनिरीक्षक इन्द्रजीत गौतम व उनके हमराही राहुल पाण्डेय द्वारा आरोपी अरविन्द मिश्रा पुत्र माताप्रसाद निवासी मण्डौर थाना

मऊ को 25 क्वार्टर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। इस सम्बन्ध में गिरफ्तार सभी आरोपियों के विरुद्ध सम्बन्धित थानों में धारा 60 आबकारी अधिनियम के तहत अभ्योग पंजीकृत किए गए।


## होली विशेष रेलगाड़ी का संचालन

भारतीय रेल द्वारा अपने सम्मानित रेल यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए होली पर्व के शुभ अवसर पर निम्नलिखित विशेष रेलगाड़ी के संचालन का निर्णय लिया गया है, जिसका विवरण निम्नवत् हैः-

**गाड़ी संख्या 09117/09118 सूरत-सूबेदारगंज-सूरत विशेष रेलगाड़ी**

| गाड़ी संख्याः 09117 सूरत - सूबेदारगंज | | | गाड़ी संख्याः 09118 सूबेदारगंज-सूरत | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | आगमन | प्रस्थान |
| शुक्रवार | 06:00 | सूरत | 20:00 | रविवार |
| 01:05 | 01:10 | ग्वालियर | 04:05 | 04:10 |
| 01:30 | 01:32 | मालनपुर | 02:35 | 02:37 |
| 02:00 | 02:02 | सोनी | 02:05 | 02:07 |
| 02:30 | 02:32 | भिंड | 01:40 | 01:42 |
| 03:38 | 03:40 | इटावा | 01:00 | 01:02 |
| 05:25 | 05:30 | गोविंदपुरी | 22.25 | 22.30 |
| 06:28 | 06:30 | फतेहपुर | 20:58 | 21:00 |
| 08:40 | शनिवार | सूबेदारगंज | शनिवार | 19:25 |

**गाड़ी संख्या 09117 सूरत** से प्रत्येक शुक्रवार को दिनांक 22.03.2024 से 29.03.2024 तक एवं **गाड़ी संख्या 09118, सूबेदारगंज** से प्रत्येक शनिवार को दिनांक 23.03.2024 से 30.03.2024 तक

**गाड़ी संरचनाः** वातानुकूलित तृतीय श्रेणी-12, स्लीपर श्रेणी-8, एसएलआर/डी-01, एसएलआर-01

नोटः ट्रेनों की समय-सारणी से संबंधित जानकारी हेतु हेल्पलाइन नं. 139 या Rail Madad Mobile App या वेबसाइट www.railmadad.indianrailways.gov.in का प्रयोग करें।

उत्तर मध्य रेलवे
442/24 (ADM)
@CPRONCR North central railways @ cproncrly @northcentralrailway www.ncr.indianrailways.gov.in

## उत्तर रेलवे

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से अधिशासी अभियंता/थर्मिट पोर्शन प्लांट उ.रे. चारबाग, लखनऊ द्वारा निर्धारित प्रपत्रों पर निम्नलिखित कार्य हेतु अनुभवी एवं स्थापित सक्षम ठेकेदारो द्वारा ई–निविदायें आमंत्रित की जाती है।

| क्र. सं. | निविदा सं. | कार्य का नाम |
|---|---|---|
| 1 | 09/टी.पी.पी./चारबाग लखनऊ/2023–24 | थर्मिट पोर्शन प्लांट/उत्तर रेलवे/लखनऊ के अनुमोदित डिजाइन और विनिर्देश के अनुसार एस.के.वी. तकनीक द्वारा 25 मिमी अंतर के लिए 52/60 किलोग्राम रेल के ए.टी. वेल्डिंग जोड़ों की सुविधा के लिए वस्तुओं का निर्माण और आपूर्ति। |
| 2 | अनुमानित लागत | रु. 7,70,31,130.94 मात्र। |
| 3 | धरोहर राशि | रु. 535200.00/– |
| 4 | कार्य की समापन अवधि | स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से 12 माह |
| 5 | निविदा डालने की प्रारम्भिक तिथि | 22.03.2024 |
| 6 | निविदा जमा करने की अंतिम तिथि एवं निविदा खुलने की तिथि तथा समय | निविदा 05.04.2024 को 15.00 बजे तक जमा किए जा सकेगें एवं निविदा उसी दिन समय 15.30 बजे खोली जायेगी |
| 7 | | न्यूनतम पात्रता की शर्ते |
| अ | तकनीकी | (ए) निविदाकार ने पिछले 07 (सात) वर्षो के दौरान निम्नलिखित श्रेणियों मे से किसी एक कार्य को सफलतापूर्वक पूरा या प्रर्याप्त रूप से पूरा किया हो, जिस महीने में निविदा आमंत्रित की गयी थी, उससे पहले के महीने के अंतिम दिन को समाप्त करना होगा। तीन समान कार्य जिनकी लागत, निविदा की विज्ञापित मूल्य के 30 प्रतिशत के बराबर राशि से कम न हो। या<br>दो समान कार्य जिनका लागत, निविदा की विज्ञापित मूल्य के 40 प्रतिशत के बराबर राशि से कम न हो या<br>एक समान कार्य की लागत, निविदा के विज्ञापित मूल्य के 60 प्रतिशत के बराबर राशि से कम नही होनी चाहिए। |
| ब | वित्तीय | निविदाकर्ता का न्यूनतम औसत वार्षिक संविदात्मक कारोबार V/N (वी/एन) या 'V' (वी) जो भी कम हो; जहाँ V (वी) = निविदा की विज्ञापित मूल्य करोंड़ रुपये में N (एन) = कार्य पूरा करने के लिए निर्धारित वर्षो की संख्या जिसके लिए बोलियां आमंत्रित की गयी है। औसत वार्षिक संविदात्मक कारोबार की गणना, पिछले तीन वित्तीय वर्षो में कुल संविदात्मक भुगतान के औसत के रूप में की जायेगी, लेखा परीक्षित बैलेन्स शीट के अनुसार। तथापि, यदि पिछले वर्ष का तुलन–पत्र अभी तक तैयार/लेखापरीक्षित नहीं है, तो औसत वार्षिक संविदात्मक कारोबार की गणना के लिए चौथे पिछले वर्ष की लेखा परीक्षित तुलन–पत्र पर विचार किया जाएगा। |
| 8 | एक समान कार्य | ए.टी. वेल्डिंग से संबंधित विभिन्न उपकरणों और संयंत्रों का निर्माण और आपूर्ति या स्टील कास्टिंग/फैब्रिकेशन का कार्य। |
| 9 | वेबसाइट का विवरण एवं कार्यालय का नाम जहाँ निविदा का विवरण देखा जा सकता | www.ireps.gov.in कार्यालय अधिशासी अभियंता/थर्मिट पोर्शन प्लान्ट उ.रे. चारबाग, लखनऊ |

नोटः 1. कोई भी निविदा सिस्टम में भाग लेने के लिए ठेकेदारों द्वारा भारतीय रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in के अर्न्तगत पंजीकृत होना अनिवार्य है।
2. समस्त नियम एवं शर्तें निविदा प्रपत्र में देखी जा सकती है।
3. मैनुअल निविदाये स्वीकृत नही की जायेगी।
4. निविदा प्रपत्र एवं बयाना धनराशि का भुगतान सिर्फ नेट बैंकिग या पेमेंट गेटवे द्वारा स्वीकृत की जायेगी।

निविदा सू.सं.–09/टी.पी.पी./चारबाग/लखनऊ/2023–24 दिः 11.03.2024 780/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## महत्वपूर्ण सूचना

दिनांक 12.03.2024 को विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशित 'होली विशेष रेलगाड़ियों की संख्या में वृद्धि' संबंधी सार्वजनिक सूचना में आंशिक संशोधन किया गया है, जो निम्नानुसार हैः–

- रेलगाड़ी सं. 01663 सहरसा जं. – आनंद विहार (ट) को रेलगाड़ी सं. 01661 सहरसा जं. – आनंद विहार (ट) त्यौहार विशेष एक्सप्रेस रेलगाड़ी पढ़ा जाए।

नोट : अन्य विवरण पूर्ववत् रहेगा।

रेलयात्रियों को होने वाली असुविधा के लिए हमें खेद है।

रेलयात्रियों को परामर्श दिया जाता है कि रेलमदद हेल्पलाईन सं. 139 अथवा NTES App पर रेलगाड़ियों की स्थिति देखकर अपनी यात्रा प्लान करें।

रेलमदद वेबसाइट देखें: www.railmadad.indianrailways.gov.in रेलमदद ऐप डाउनलोड करें

पर हमें फॉलो करें

उत्तर रेलवे
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें
784/2024
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वत्वाधिकारी संतोष भगवन द्वारा रामा मुद्राणालय विवेक नगर, प्रतापगढ़ से मुद्रित व लोकमित्र कार्यालय आजाद नगर(निकट बड़ा शिवाला), मंझनपुर कौशाम्बी से प्रकाशित

सम्पादकः कृष्णानन्द त्रिपाठी

# शांति व्यवस्था रखने को लेकर निकला फ्लैग मार्च

**लोकमित्र ब्यूरो**

**लालगंज रायबरेली।** एक तरफभारत सरकार द्वारा सीसीए का नोटिफिकेशन, वहीं दूसरी तरफ होली, रमजान और लोकसभा के चुनाव सामने हैं। जिसके चलते पुलिस के लिए शांति व्यवस्था बनाए रखना एक चुनौती भरा कदम है। समाज में शांति व्यवस्था कायम रहे ,इसको लेकर सोमवार की रात और मंगलवार दिन में पुलिस उपाधीक्षक एके सिंह, तहसीलदार मंजुला मिश्रा और प्रभारी निरीक्षक शिव शंकर सिंह की अगुवाई में पैरामिलिट्री फोर्स के जवानों ने लालगंज कस्बा ,बहाई और सेमर पहा में फ्लैग मार्च निकाला। प्रभारी निरीक्षक शिव शंकर सिंह ने कहा कि फ्लैग मार्च का उद्देश्य असामाजिक तत्वों को सावधान एंव शांति प्रिय अवाम में कानून के प्रति जिम्मेदारियों का एहसास कराना है।इस फ्लैग मार्च में पुलिस अधिकारी और



शस्त्र से लैस एसएसबी बल के जवान शामिल थे। पुलिस का काफिला एक किलोमीटर की लंबी कतार में थाना परिसर से फ्लैग मार्च करते हुए निकला और इस फ्लैग मार्च में पुलिस अधिकारी और शस्त्र से लैस पुलिस बल के जवान शामिल थे। फ्लैग मार्च में शामिल प्रशिक्षित महिला पुलिस भी बड़ी तादाद में शामिल थी। इस अवसर पर नेतृत्व कर रहे सीओ और तहसीलदार ने शांति बनाए रखने के लिए हर वर्ग से सहयोग की अपील की। दोनों प्रशासनिक अधिकारियों ने शहर के लोगों से अपील किया कि वे किसी प्रकार की अफवाह एवं भ्रामक खबरों से सावधान रहें। साम्प्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने वाले मैसेज को फारवर्ड करने से परहेज करें। जिला प्रशासन एंव पुलिस विभाग सोशल मीडिया पर बारीकियों के साथ नजर रख रही है।विधि व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन 24 घण्टा सक्रिय है। अप्रिय सूचना मिलते ही नजदीकी थाने को सूचना दें। इस मौके पर पैरामिलिट्री फोर्स एस एस बी के उप निरीक्षक सतपाल सहित सैकड़ो पुलिस बल मौजूद रहा।

# सड़कों पर फर्राटा भर रहे अनफिट स्कूली वाहन,जिम्मेदार मौन

**लोकमित्र ब्यूरो**

**नसीराबाद रायबरेली।** ब्लॉक क्षेत्र छतोह में अनफिट और कंडम स्कूली वाहन बेखौफ दौड़ रहे हैं।स्कूली वाहनों में क्षमता से अधिक स्टूडेंट्स को ठूंस-ठूंस कर स्कूली वाहनो में भरा जा रहा है। सड़कों पर वाहन रोड सेफ्टी की धज्जियां उड़ाते देखा जा सकता है।इन पर आरटीओ, पुलिस प्रशासन और स्कूल संचालकों का गैर जिम्मेदार रवैया है, इससे बच्चों की जान को खतरा है, साथ ही लापरवाही से बड़ा हादसा भी हो सकता है।




### अनफिट वाहनों से अटकी पेरेंट्स की सांसें

स्कूली वाहनों के साथ ही प्राइवेट वाहन भी स्कूलों में छात्रों को लेकर घर से लाने और छोडने का कार्य कर रहे हैं। इनमें अधिकतर वाहन रोड सेफ्टी के रूल्स की अनदेखी कर रहे हैं। ऐसा ही नजारा आए दिन स्कूली वाहनों में देखने को मिल रहा है। दोपहर बाद स्कूलों से बस, ऑटो, वैन में क्षमता से अधिक बच्चों को ढोने का काम किया जा रहा है। स्कूली बच्चों को जर्जर वाहनों में जान जोखिम में डालकर सफर कराया जाता है। वहीं पेरेंट्स की भी सांसे अटकी रहती हैं कि जब तक उनके बच्चे सकुशल घर नहीं आते।

### चालकों का रिकॉर्ड नहीं मेंटेन

स्कूली वाहनों के फिटनेस और रोड सेफ्टी को लेकर बनाए गए रूल्स में कई स्कूल संचालकों का रुख बेपरवाह है। उनकी बेरूखी से ही कई वाहन मानकों का पालन नहीं कर रहे हैं। उनकी सख्ती से ही वाहनों को नियमों का पालन करना संभव होगा। क्योंकि अधिकतर वाहन जो स्कूल से अटैच हैं उनके चालकों का रिकॉर्ड स्कूल में एक डायरी में दर्ज होता है। उनका नाम और घर का पता भी इमरजेंसी को देख नोट किया जाता है। लेकिन ज्यादातर स्कूलों में इस तरह की कोई व्यवस्था नहीं है।इस बावत खंड शिक्षा अधिकारी विजय प्रकाश से उनके सीयूजी फोन पर संपर्क करने का प्रयास किया गया,लेकिन फोन स्विच ऑफहोने के चलते उनसे बात नही हो सकी।

# आम के पेड़ कटे,जांच के दिये गये निर्देष

**लोकमित्र ब्यूरो**

**महराजगंज रायबरेली।** कोतवाली क्षेत्र के पूरे उदवत सिंह का पुरवा मजरे ज्योना गांव में बीती रात तालाब की सुरक्षित जमीन पर लगे दो आम के पेड़ों को गांव के ही एक व्यक्ति द्वारा जबरन काटकर उठा लिया गया सुबह होते ही जैसे ही घटना की जानकारी लोगों को हुई एक दूसरे से पेड़ कट जाने की बात करते नजर आए वहीं ग्रामीणों ने दूरभाष पर उप जिला अधिकारी महराजगंज तहसीलदार महराजगंज को सूचना दी मामले को गंभीरता से लेते हुए तहसीलदार ज्ञान प्रताप सिंह ने हल्का लेखपाल व कानूनगो को मौके पर भेज कर जांच कर कड़ी कार्रवाई करने की बात कही है।बताते चले की महराजगंज कोतवाली क्षेत्र के पूरे उदवत सिंह मजरे ज्योना गांव निवासी रामखेलावन पुत्र रामसेवक द्वारा तालाब की सुरक्षित जमीन पर लगे आम के पेड़ों को



काटकर उठा लिया गया है। तहसीलदार ज्ञान प्रताप सिंह ने कानूनगो व हल्का लेखपाल को जांच कर मामले में कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

# राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय शिविर का किया गया शुभारंभ

**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली।** राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई सत्र 2023-24 के अंतर्गत सात दिवसीय शिविर का शुभारंभ अधिग्रहित बस्ती पूरे कल्लू का पुरवा प्राथमिक विद्यालय में हुआ।

जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में प्राचार्य प्रोफेसर डॉ सुषमा देवी ने शिविर का शुभारंभ किया और विशिष्ट अतिथि के रूप में सभासद बहराना शविस्ता बृजेश उपस्थित रहीं।शिविर का शुभारंभ विद्यालय परिसर की स्वच्छता के साथ हुआ।उसके पश्चात छात्राओं ने दया निधि दान भक्ति का हमें परमात्मा देना प्रार्थना के साथ दिन का शुभारंभ किया एवं उसके पश्चात योगाभ्यास किया। विश्व जल संरक्षण छात्राओं ने पोस्टर बनाएं जिसमें तनु प्रथम प्रतिष्ठा विश्व कर्मा द्वितीय,बेबी गौड़ तृतीय स्थान पर रही।इस अवसर पर मुख्य वक्ता के



रूप में उपस्थित वरिष्ठ प्राध्यापिका डॉ प्रीति तिवारी ने स्वच्छता एवं विश्व जल संरक्षण दिवस पर अपने विचार रखते हुए कहा कि इस वर्ष की थीम शांति के लिए जल का लाभ है जल ही जीवन है जल की प्रासंगिकता की उन्होंने व्याख्या की जल के प्रयोग एवं तकनीकी स्तर पर उसके वृद्धि और उसके दुरुपयोग आदि पहलुओं पर प्रकाश डाला ।उन्होंने यह भी बताया कि हम छोटे-छोटे प्रयासों से जल संरक्षण में अपनी भूमिका निभा सकते हैं।

हम कैसे भूमिगत जल को बढ़ा सकते हैं।इस अवसर पर आशीर्वचन देते हुए प्राचार्य ने स्वयंसेवियों से जल संरक्षण में अपनी भूमिका निभाने और राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्य के आधार पर कार्य करने ,राष्ट्रीय सेवा योजना के बैच, डायरी के प्रतीक चिन्ह के महत्व को समझने के लिए छात्रों को प्रेरित किया और साथ ही उन्होंने कहा कि छात्राओं को नेतृत्व भावना के साथ कार्य करना चाहिए।कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम अधिकारी शिखा मौर्य और धन्यवाद ज्ञापन डॉक्टर उत्तम शुक्ला के द्वारा किया गया। इस डॉ शिखा मौर्य और डॉ प्रियंका ने सेवायोजन से जुड़ी छात्रों को उत्साहित किया कि वह अपने क्षेत्र में जल संरक्षण के लिए लोगों को जागरूक करें और स्वच्छ जल के मिशन से जुड़े रहें स अवसर पर समिति के सदस्य डॉक्टर रिचा सिंह डॉक्टर प्रियंका और डॉक्टर स्नेहा सिंह उपस्थित रहे।

# भाकपा (माले) ने प्रदर्शन कर ध्वस्त कानून के विरोध में जताया विरोध

**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली।** भाकपा ( माले) ने जिलाधिकारी कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन कर किया प्रदर्शन कारियो को संबोधित करते हुए भाकपा (माले) जिला सचिव उदय पटेल ने कहा कि दिल्ली के इंद्रलोक मेट्रो स्टेशन के पास स्थित मस्जिद में 8 मार्च को जुमे की नमाज के लिए कुछ नमाजियों को जब मस्जिद के अंदर जगह नहीं मिली, तो वे बाहर सड़क पर दरी बिछाकर नमाज पढ़ने लगे। इसपर दिल्ली पुलिस ने नमाज पढ़ते नमाजियों को किक किया, उन्हें लात मारी और भगाने की कार्रवाई की। पुलिस का यह अपमानजनक, शर्मनाक, नफरती व हिंसक कृत्य है, जिसने देश का सिर नीचा किया है।इंकलाबी नौजवान सभा के प्रदेश उपाध्यक्ष हनुमान अंबेडकर ने कहा कि उत्तर प्रदेश के कानपुर में मजदूर परिवार की दो बहनों के साथ पहले गैंगरेप हुआ, दोनों ने गत 28 फरवरी 2024 को फांसी लगा कर जान दे दी या उन्हें



मार कर पेंड़ पर टांग दिया गया, फिर पिता ने भी आत्महत्या कर ली। हमीरपुर जिले का यह परिवार आजीविका की तलाश में कानपुर के घाटमपुर में आकर ईट-भट्ठा पर मजदूरी करता था। परिवार की दो फुफेरी बहनों (16 व 14 वर्ष) के साथ भट्ठा संचालक के परिवार के दो व्यक्तियों ने गैंगरेप कर फिल्म बनाई और ब्लैकमेल करने लगे। दोनों बहनों की मौत के बाद पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया। भट्ठा ठेकेदार ने लड़की के पिता पर समझौते के लिए दबाव बनाना, धमकाना शुरू किया। अन्ततः लड़की के पिता ने भी हमीरपुर में 6 मार्च 2024 को आत्महत्या कर ली। इस तरह एक मजदूर परिवार तबाह हो गया। यह उत्तर प्रदेश सरकार की बड़ी विफलता है। राज्य में कानून व्यवस्था ध्वस्त है।उन्होंने आगे कहा कि यहीं राय बरेली में एक शिक्षिका मनचलों के कारण स्कूल नही जा पा रही, परीक्षा केंद्र के बाहर से छात्रा का अपहरण हो रहा है। सरकार और उसके प्रशासन का इकबाल खत्म है। सभा को ऐक्टू के कार्यवाहक जिलाध्यक्ष मो अंसार ,किसान महासभा के जिलाध्यक्ष फूल चंद मौर्य, इंसाफमंच के जिलाध्यक्ष डा . हलीम महमूद ने भी संबोधित किया। बाद में दिल्ली की घटना के मद्देनजर, नफरत व पुलिसिया बर्बरता पर रोक लगाई जाए और सुरक्षा बलों का साम्प्रदायीकरण बंद करने , कानपुर की घटना की उच्चस्तरीय जांच करने व दोषियों को कड़ी सजा देने और प्रदेश सरकार की विफलता पर सरकार को निर्देशित करने संबंधित राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन सौंपा गया। प्रदर्शन में बड़ी संख्या में माले कार्यकर्ता शामिल हुए।

### भाजपा नेता के भतीजे के निधन पर फैली शोक की लहर

**लालगंज रायबरेली।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता विनोद बाजपेई और बेनी माधवगंज मंडल के महामंत्री सुबोध वाजपेई के भतीजे स्वयं प्रकाश उर्फ विराट वाजपेई के आकस्मिक निधन पर शोक की लहर दौड़ गई है। सुबोध वाजपेई ने बताया कि विराट की एक सप्ताह पूर्व अचानक तबीयत खराब हुई थी ।लखनऊ में भर्ती कराया गया था जहां डॉक्टरों ने बताया कि किडनी फेल हो गई है। 22 वर्षीय युवक के निधन से जहां परिवार शोका कुल हो गया है। वहीं क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है ।शोक संवेदना व्यक्त करने वालों में प्रदेश सरकार के मंत्री दिनेश प्रताप सिंह, भाजपा नेता सुरेंद्र सिंह दाढ़ी,भाजपा जिला अध्यक्ष बुद्धी लाल पासी, लोकसभा प्रभारी वीरेंद्र तिवारी, लोकसभा संयोजक रामदेव पाल, लोकसभा सहसंयोजक विजय प्रताप सिंह पप्पू लोहिया, जिला उपाध्यक्ष देवेंद्र सिंह, शरद सिंह अन्य लोगों ने गहरा शोक जताया है।

# सरकारी तालाब से खनन माफियाओं ने बेची लाखों की मिट्टी



**लोकमित्र ब्यूरो**

**सलोन रायबरेली।** नगर के औनासदरा वार्ड में स्थित 52 बीघे के सरकारी तालाब से खनन माफियाओं ने अवैध तरीके से खनन करके रातों रात लाखों रुपए की कीमत की मिट्टी बेंच दी।और स्थानीय प्रशासन को इसकी कानों कान खबर तक नहीं हुई।ग्रामीणों ने सरकारी तालाब में हो रहे अवैध खनन की सूचना स्थानीय प्रशासन को दी तो उन्होंने कार्यवाही करने के बजाय मामले को अनसुना कर दिया। ग्रामीणों का कहना है की जेसीबी मशीन लगा कर कई दिनों से रात के अंधेरे में खनन किया जा रहा था।जिसकी सूचना स्थानीय प्रशासन को दी गई थी।जिसके बाद प्रशासन ने कोई कार्यवाही करने की जहमत नहीं उठाई और धड़ल्ले से अवैध खनन चलता रहा।आलम यह था कि सरकारी तालाब से अवैध खनन कर खनन माफियाओं ने लगभग पचास लाख रुपए के कीमत की मिट्टी बेच कर तालाब को खोखला कर दिया।इस संबंध में तहसीलदार प्रज्ञा द्विवेदी से बात की तो उन्होंने बताया की मामले की जानकारी नही है। राजस्व निरीक्षक व कानून गो को मौके पर भेजा गया है।जांच करवा कर कार्यवाही की जायेगी।

# व्यापार मंडल चौहान गुट ने करवाया 113वीं लावारिष लाष का अंतिम संस्कार



**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली।** जनपद में एक इकलौता व्यापार मंडल चौहान गुट ही है जो एक वर्ष से अधिक समय से जनपद में लावारिश शवों का निःशुल्क अंतिम संस्कार करवाने का काम करता है। चौहान गुट टीम ने 113वीं लाश का अंतिम संस्कार बैकुंठ धाम मुंशीगंज में करवाया। विगत दिनों मिल एरिया थाने के अंतर्गत एक लावारिश शव मिला जिसको लेकर पुलिस ने उनके परिजनों की काफी खोजबीन के बाद जब परिजन नहीं मिले तो लावारिस शव को अंतिम संस्कार हेतु मिल एरिया थाना एसआई सौरभ बालियान ने व्यापार मंडल चौहान गुट प्रदेश अध्यक्ष से संपर्क किया। पोस्टमार्टम करवाने के बाद लावारिश शव का अंतिम संस्कार कांस्टेबल राजू सैनी, पीएनओ 20235158, थाना मिल एरिया रायबरेली की मौजूदगी में करवाया गया। जिला मीडिया प्रभारी इम्तियाज खान ने बताया कि उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल चौहान गुट पिछले एक वर्ष से अधिक समय से जनपद में मिलने वाली लावारिस लाशों का निःशुल्क रूप से अंतिम संस्कार करवाता है। लावारिश लाश पुरुष की हो या महिला की, हिंदू की हो या मुसलमान की उसको उसी के धर्म के हिसाब से अंतिम संस्कार करवाने का काम करता है चौहान गुट। अभी विगत दिनों पहले एक नवजात मासूम बच्ची के शव को भी दफनाने का चौहान गुट द्वारा कार्य किया गया। दुधमुही बच्ची को दफनाते समय उस वक्त मौजूद सभी लोगों की आंखें नम हो गई थी। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष जीसी सिंह चौहान के साथ जिलाध्यक्ष मो. उमर, जिला मीडिया प्रभारी इम्तियाज खान, जिला इलेक्ट्रॉनिक मीडिया प्रभारी वसीम खान, गुड्डू, निलेश आदि लोग मौजूद रहे।

# शहर कांग्रेस कमेटी की मासिक बैठक संपन्न

## जनपद का जितना विकास सोनिया गांधी ने किया है, वह हमेषा याद रखा जायेगाः धीरज श्रीवास्तव

**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली।** शहर कांग्रेस कमेटी की मासिक बैठक कांग्रेस कार्यालय तिलक भवन में शहर अध्यक्ष धीरज श्रीवास्तव की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक को सम्बोधित करते हुए शहर अध्यक्ष धीरज श्रीवास्तव ने कहा कि रायबरेली जनपद का जितना विकास सोनिया गांधी ने किया है, वह हमेषा याद रखा जायेगा, यह हम सबका सौभाग्य था कि हम सभी ने उनके लिए कार्य किया, उन्होंने कहा कि हम सभी को यह विष्वास है कि सोनिया गांधी के बाद गांधी परिवार का ही व्यक्ति जनपद का नेतृत्व करेगा, हम सभी की इच्छा है कि प्रियंका गांधी यहां से चुनाव लड़े और अपने विरोधियों को करारी षिकस्त दें। नगर पालिका अध्यक्ष शत्रोहन सोनकर ने कहा कि विरोधियों द्वारा बराबर लोकसभा चुनाव को लेकर एक भ्रम फैलाया जा रहा है, जो



निरर्थक है, गांधी परिवार ही रायबरेली से चुनाव लड़ेगा, यह निष्चित है और भाजपा प्रत्याषी की जमानत जब्त होगी, क्यूंकि जनता गांधी परिवार और कांग्रेस के साथ है। कांग्रेस प्रवक्ता महताब आलम ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि बैठक में लोकसभा चुनाव की तैयारियों पर विषेष चर्चा की गई, बूथ स्तर पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं को तैयार रहने को बोल दिया गया है, कांग्रेस के गढ़ रायबरेली में कांग्रेस पूरी तरह से मजबूत है, और लोकसभा चुनाव के लिए तैयार है।बैठक में मुख्यरुप से आषीष द्विवेदी, मुन्ना घोसी, सूर्य कुमार बाजपेयी, लालआषकिरन प्रताप सिंह, सर्वोत्तम मिश्रा, प्रमोद पाण्डेय, संजीव शुक्ला, हरमिन्दर सिंह सलूजा, हाजी उस्मान, मनीष सोनकर, संजय श्रीवास्तव, सुनील कुमार, मनोज त्रिवेदी, अमित मिश्रा, संयज शुक्ला, जगदम्बा बाजपेयी, मनोज मिश्रा, सै.अरषद अली, जीतू तिवारी, राषिद अंसारी, मो.सुहैल, अंषुमान गांधी, महेष्वर सिंह, पोलू, शान जैदी, मुकेष श्रीवास्तव, यज्ञदेव, शैलेन्द्र गुप्ता, सुमित कुमार विमल, मो.सलीम, विक्रम पटेल सहित अन्य पदाधिकारी गण उपस्थित रहे।

# किसान मोर्चे की ग्राम परिक्रमा यात्रा के समापन पर हुई किसान गोष्ठी

**लोकमित्र ब्यूरो**

**लालगंज रायबरेली।** किसानों को केंद्र सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने के लिए भाजपा किसान मोर्चा द्वारा शुरु की गई ग्राम परिक्रमा यात्रा सरेनी विधानसभा के गांव ऐहार पहुंची, जहां ग्रामीणों द्वारा हल व गौ पूजन कर यात्रा का स्वागत किया गया। कार्यक्रम के संयोजक व भाजपा के किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष अनित उर्फचंदन त्रिवेदी की अध्यक्षता में यह आयोजन हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में किसान मोर्चा



के प्रदेश प्रदेश सह मीडिया प्रभारी शुभम त्रिपाठी ने किसान- मजदूर और सभी वर्गों के लोगों को मोदी और योगी सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से अवगत कराया गया। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के सहायता राशि के लाभार्थियों को सम्मानित किया। किसान मोर्चा के जिला संयोजक और जिला महामंत्री शरद सिंह ने कहा कि किसानों को सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी पहुंचाने के लिए यह यात्रा शुरु की गई है, ताकि कोई भी किसान सरकार की इस योजना से वंचित न रहे। किसान मोर्चे के जिला उपाध्यक्ष और अभियान प्रभारी पूर्व प्रधान उमेश सिंह ने कहा कि भाजपा सरकार का उद्देश्य हर किसान को उसका हक दिलाना है। उन्होंने कहा कि आज देश का किसान शिखर पर पहुंच गया है। सरकार ने किसानों को अन्नदाता माना है और अन्नदाताओं के उत्थान के लिए सरकार कार्य कर रही है। मंडल अध्यक्ष चंदन त्रिवेदी ने कहा कि आज प्रदेश विकास के मामले में आगे बढ़ रहा है। सरकार ने सडकों का जाल बिछा दिया है। किसानों के लिए हर प्रकार से सुविधाएं उपलब्ध कराई हैं। प्रदेश में भ्रष्टाचार की भारी कमी आयी है। इस अवसर पर अवनीश पांडे, विकास तिवारी, धीरेंद्र मिश्रा मौजूद रहे।

# निमंत्रण के लिए निकली महिला का आभूषण संदिग्ध परिस्थितियों में चोरी

**सलोन,रायबरेली।** पिता के साथ निमंत्रण के लिए निकली महिला का आभूषण संदिग्ध परिस्थितियों में चोरी हो गया।सोने के आभूषण की कीमत सौवाँ लाख रुपये की बताई जा रही है।महिला ने मैजिक चालक के विरुद्ध चोरी की शिकायत की है।कोतवाली अंतर्गत भवानीपुर गांव की रहने वाली कंचन पत्नी संजय कुमार ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि मंगलवार की सुबह वह अपने वृद्ध पिता के साथ मैजिक से सुजानपुर जायस निमत्रण में जा रही



थी।मेरे बैग में सोने का हार और मंगलसूत्र कीमत लगभग डेढ़ लाख रुपये रखा हुआ था।आरोप है कि मैजिक चालक निसार अहमद ने जबरन आभूषण वाले बैग को शीट के नीचे रख दिया था।घर पहुचने पर जब बैग खोल कर देखा तो उसमें से सोने की आभूषण नदारत थे।महिला ने आरोप लगाया है कि मैजिक चालक ने ही चोरी की घटना को अंजाम दिया है।कोतवाल श्याम कुमार पाल ने बताया कि घटना की तहरीर महिला ने दी है।मामले की जांच के निर्देश दे दिए गए है।

# ग्राम पंचायत के स्कूलों को सुसज्जित करने में सबकी जिम्मेदारी निहित -राजमणि कोल

## बीआरसी कोरांव पर ब्लाक स्तरीय एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला आयोजित



**लोकमित्र ब्यूरो**
**कोरांव (प्रयागराज)।** नौनिहालों को आकर्षक माहौल में शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए सरकार द्वारा तमाम कवायदें अमल में लाकर हरसंभव कोशिश की जा रही है। सरकार के निर्देश पर पूर्व प्राथमिक शिक्षा को प्राथमिक स्कूलों से संबद्ध कर उन्हें समुचित माहौल में खेल खेल के माध्यम से नैतिकता के साथ प्राकृतिक वस्तुओं से रुबरु कराये जाने का कार्यक्रम चल रहा है। कार्यक्रम को गति देने के लिए मंगलवार को बीआरसी कोरांव परिसर में ÷हमारा आंगन हमारे बच्चे÷ कार्यक्रम के तहत क्षेत्रीय ग्राम प्रधान , एसएमसी अध्यक्ष और प्रधानाध्यापकों की सामूहिक एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में बतौर मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक राजमणि कोल व विशिष्ट अतिथि के रूप में चेयरमैन कोरांव ओम प्रकाश केशरी व प्रधान संघ कोरांव के अध्यक्ष रामानुज यादव मौजूद रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि विधायक राजमणि कोल ने कहा कि ग्राम पंचायत स्तर पर स्कूलों को सुसज्जित करने के साथ शत प्रतिशत बच्चों का नामांकन व ठहराव सुनिश्चित करने में सबकी जिम्मेदारी सुनिश्चित है। गुरुजनों की ही जिम्मेदारी नहीं है कि वह नियमित घर घर बच्चों को बुलाने का काम करेंगे। जनप्रतिनिधि व समिति अध्यक्ष के अलावा अभिभावक भी अपने दायित्वों का निर्वहन करें। इतना ही नहीं उन्होंने कहा कि आदर्श समाज के रचनाकार गुरुजनों का सम्मान करना हम सबका नैतिक दायित्व है। खंड विकास अधिकारी धीरेन्द्र कुमार यादव ने कहा कि सभी ग्राम प्रधान स्कूलों को अवस्थापना सुविधाओं से सुसज्जित करते हुए सरकार के मंशा की पूर्ति करने का काम करें और सफाई कर्मचारियों को नियमित स्कूलों की सफाई करने हेतु प्रेरित करें। चेयरमैन ओम प्रकाश केशरी ने नगर पंचायत स्थित स्कूलों द्वारा मांग पत्र के आधार पर आवश्यक सुविधाएं मुहैया कराने का वादा किया।

कार्यक्रम को उक्त के अलावा प्रधान संघ अध्यक्ष रामानुज यादव , युवा भाजपा नेता बबुआन द्विवेदी सहित कई अन्य ने संबोधित किया। इस दौरान विकास खण्ड के तमाम कर्मठ शिक्षकों एवं ग्राम पंचायत प्रधानों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। समापन अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी कोरांव मोहम्मद रिजवान खान ने आए हुए सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। विकास खण्ड के एक शिक्षक की असामयिक मृत्यु पर दो मिनट का मौन रखकर मृत आत्मा की शांति हेतु प्रार्थना की गई। कार्यक्रम का सफल संचालन एआरपी अवधेश मिश्रा ने किया। इस अवसर पर उक्त के अलावा प्रमुख रूप से प्राथमिक शिक्षक संघ के पूर्व अध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह , वर्तमान अध्यक्ष महेन्द्र सिंह , मंत्री राधाकृष्ण यादव , जूनियर शिक्षक संघ अध्यक्ष महेन्द्र मौर्य , मंत्री सत्य प्रकाश सिंह गणेश शंकर तिवारी कृष्ण शंकर पाण्डेय प्रेम शंकर पाण्डेय समीर मिश्र शैलेश पाण्डेय प्रभाकर सिंह सहित कई अन्य शिक्षक शिक्षिका ग्राम प्रधान व स्कूल प्रबंध समिति के अध्यक्ष मौजूद रहे।

## नदी में स्नान करने गए शिक्षक की मिली लाश

**लेड़ियारी( प्रयागराज)।** कोरांव थाना क्षेत्र के कपासी कला गांव में बेलन नदी में एक शिक्षक का शव मंगलवार सुबह ग्यारह बजे बरामद हुआ। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। ग्राम बसेवरा थाना जिगना जिला मिर्जापुर निवासी व्योमकेश द्विवेदी पुत्र स्वर्गीय जटाशंकर द्विवेदी कोरांव विकास खण्ड के प्राथमिक विद्यालय भगतपुर में इंचार्ज प्रधानाध्यापक के पद पर तैनात थे । कोरांव में ही एक किराए के कमरे में रहते थे। मंगलवार सुबह कपासी कला के ग्राम प्रधान चंद्रशेखर द्विवेदी ने नदी में शव मिलने की सूचना पुलिस को दी । मौके पर पहुचीं पुलिस ने शिक्षक की बाइक ,बाइक की चाभी, कमरे की चाभी,शराब की खाली बोतल,गिलास,मोबाइल फोन, नमकीन व सिगरेट के पैकेट बरामद किया। मृतक का पैर पानी मे व बाकी शरीर पत्थर पर पड़ा मिला। मुंह से खून निकला हुआ था।पुलिस ने जानकारी स्वजन को दी ।मौके पर मृतक के चाचा उमाशंकर द्विवेदी व भाई सर्वेश मनोज आदि पहुँचे। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक दो बच्चियों का पिता था।

# विश्व के सबसे बड़े नगाड़े को श्रीराम लला को अर्पित करने जा रहें भक्तों का जगह-जगह हुआ स्वागत व नगाड़ा पूजन

## रास्ते रास्ते स्वागत के साथ जय श्री राम के जयकारें से गूजते रहें राष्ट्रीय राजमार्ग



- 101 चार पहिया वाहनों का निकला काफिला, महाशिवरात्रि पर एशिया बुक आफं रिकार्ड प्राप्त कर चुका है नगाड़ा
- आज श्रीराम लला के दर्शन कर समिति के सदस्य सौंपेंगे श्रीराम लला को नगाड़ा, करेंगे संकल्प पूरा

**लोकमित्र ब्यूरो**
**नारीबारी(प्रयागराज)।** विश्व के सबसे बड़े नगाड़े के साथ भगवान श्री राम लला के भव्य दर्शन एवं म्यूजियम में स्थापना हेतु मोहित अग्रवाल,मनीष गुप्ता व शिव बारात आयोजन एवं जनकल्याण समिति रीवा के नेतृत्व में 101 वाहनों के ट्रेलर ट्रक के माध्यम से नगाड़े को लेकर जा रहें श्री राम भक्तों का वार्डर चौकठा, नारीबारी पर जोरदार स्वागत अभिनन्दन गौरक्षा विभाग काशी प्रांत के मंत्री लालमणि तिवारी व संघ, विश्व हिन्दू परिषद, बजरंग दल, भाजपा कार्यकर्ता एवं आम नागरिकों द्वारा किया गया। इसके बाद यात्रा का जारी,गौहनिया, प्रयागराज होते हुए यात्रा अयोध्या धाम को प्रस्थान कर गई। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी दिलीप कुमार चतुर्वेदी ने बताया कि नगाड़ा को शिवरात्रि पर एशिया बुक आफं रिकार्ड बनाने का प्रमाण-पत्र भी मिल चुका है जिसका लगभग बजन 1100 किलो, आयतन 120 इंच म120 इंच, गोलाई 384 इंच है। यह यात्रा 12 मार्च 2024 को बैजू धर्मशाला रीवा से चलकर जगह-जगह स्वागत आरती पूजन करते हुए रात्रि में अयोध्या धाम पहूचेगीं सभी भक्त 13 मार्च को प्रथम बेला में प्रभू श्रीराम लला के मनमोहक दर्शन कर नगाड़ा अर्पित करने के संकल्प को पूरा करेंगे। जय श्री राम जय घोष व स्वागत मे विश्वहिंदू परिषद के वरिष्ठ पदाधिकारी रहें अशोक मिश्र, जितेन्द्र बहादुर सिंह,बीरेंद्र जायसवाल, दिलीप कुमार चतुर्वेदी,दिवाकर त्रिपाठी, विवेक केसरवानी, धर्मराज पाल, अशोक सिंह,कृष्ण मोहन तिवारी, ऋषि मोदनवाल,राम सुमेर आदिवासी , अनिल मिश्र आदि के साथ भारीं संख्या में सैकड़ों रामभक्त व स्थानीय नागरिक व विचार परिवार उपस्थित रहें।

# विकसित भारत का सहभागी है मेजा ऊर्जा निगम-कमलेश सोनी

## पीएम के वर्चुअली उद्घघाटन से जुड़ी ऊर्जा निगम अधिकारियों की टीम




**लोकमित्र ब्यूरो**
**मेजा (प्रयागराज)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा विकास परियोजनाओं के उद्घाटन व शिलान्यास के महत्वपूर्ण अवसर पर, मेजा ऊर्जा निगम ने अपने जंक्शन केबिन स्टेशन पर पखवाड़े का आयोजन किया गया।मेजा ऊर्जा निगम के मुख्य कार्यकारी अधिकारी कमलेश सोनी ने कहा कनेक्टिटी विकास में साधक होगी।

दरअसल,12 मार्च मंगलवार को प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने अहमदाबाद, गुजरात में डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर के ऑपरेशन कंट्रोल सेंटर से करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न विकासात्मक परियोजनाओं का उद्घाटन किया। जिसमे मेजा ऊर्जा निगम अहमदाबाद के केंद्रीय नियंत्रण कक्ष से सीधे प्रसारण के माध्यम से जुड़ा।मेजा ऊर्जा निगम के सीईओ कमलेश सोनी, जीएम ( ओ एंड एम) अजीत बसक और जीएम (एफएम और रखरखाव) जीपी सिंह के साथ, एमयूएनपीएल के अन्य अधिकरी-गण भी मौजूद रहे। इसके साथ ही इस अवसर पर, एमयूएनपीएल की एमजीआर टीम ने आसपास के गावों में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन कर डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर द्वारा विकसित भारत की दिशा मे अहम योगदान के बारे मे जागरूकता बढ़ाई।इसमे बच्चों की भागीदारी रही।

एमयूएनपीएल के सीईओ कमलेश सोनी ने भारत सरकार का आभार व्यक्त करते हुए कहा, %%यह अवसर हम सभी के लिए प्रेरणादायी है। डीएफसी के प्रत्यक्ष लाभार्थी होते हुए मेजा ऊर्जा निगम भी विकसित भारत के निर्माण में एक अहम भूमिका निभा रहा है। देश के विकास को आगे बढ़ाने में ऊर्जा और रेलवे क्षेत्रों की महत्वपूर्ण भूमिका को भी दर्शाया। श्री सोनी ने यह भी कहा कि डीएफसी के एकीकरण से खनन स्टेशनों और एमयूएनपीएल के बीच कनेक्टिविटी में काफी सुधार हुआ है, जिससे हमारे संचालन अधिक दक्षता के साथ सुव्यवस्थित हो गए है।

# लोकसभा प्रभारी मनोज जायसवाल ने बनाई चुनावी रणनीति

## सरकार की योजनाओं व उपलब्धियों को घर घर पहुंचाने पर दिया गया जोर



**लोकमित्र ब्यूरो**
**मेजा (प्रयागराज)।** भाजपा मेजा चुनाव कार्यालय पर लोकसभा चुनाव के लेकर भाजपा कार्यालय पर मंगलवार को बैठक की गई।

लोकसभा क्षेत्र 52 इलाहाबाद के प्रभारी मनोज जायसवाल ने विधान सभा क्षेत्र चुनाव प्रबंधन समीति व कोर कमेटी की सहमति से कार्ययोजना बनाई।

उन्होने कहा कि जिसे जो दायित्व सौंपा गया है,वह टीम संयोजन बनाकर पूरी ऊर्जा के साथ चुनावी अभियान में जुट जाँय।

इलाहाबाद लोकसभा चुनाव प्रभारी मनोज जायसावल ने पदाधिकारियों के साथ चुनावी रणनीति पर चर्चा की है। मेजा विधान सभा क्षेत्र को सेक्टरवार बाँटकर पदाधिकारियों को दायित्व सौंपने तथा कार्यकर्ताओं व बूथ अध्यक्षों के साथ सरकार की नीतियों,योजनाओं और उपलब्धियों को जन जन तक पहुंचाने पर जोर दिया गया।बैठक में मौजूद कार्यकर्ताओं में उत्साह देखा गया।

बैठक में लोकसभा संयोजक शिवदत्त पटेल, जिला अध्यक्ष विनोद प्रजापति,मेजा विधानसभा प्रभारी रायचन्द दुबे,मेजा विधानसभा संयोजक विक्रमादित्य मौर्या, विधानसभा विस्तारक अंकित पांण्ये, मंडल अध्यक्ष मेजा कामेश्वर पटेल,दिघिया मंडल अध्यक्ष शुब्बालाल प्रजापति,उरूआ मंडल अध्यक्ष संजय केशरी,मांडा मंडल अध्यक्ष अशोक दुबे,ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि मेजा,गंगा प्रसाद मिश्रा, अमरेश तिवारी, नित्यानंद उपाध्याय, लखन केसरी, शकील आमिर टंकी, जयशंकर पांडे, रूपनारायण मिश्र, कृष्ण दास गुप्ता, सुभाष प्यासी , राजू तिवारी विपिन पांडे एवं तमाम पदाधिकारिगण उपस्थित रहे। उक्त आशय की जानकारी लोकसभा मीडिया प्रभारी मेजा नीरज कुमार द्विवेदी ने दी है।

# विश्व का सबसे बड़ा नगाड़ा अयोध्या राम मंदिर के लिए निकला शोभायात्रा , राम भक्तो ने किया दर्शन



**लोकमित्र ब्यूरो**
**कौंधियारा(प्रयागराज)।** विश्व का सबसे बड़ा नगाड़ा गुजरात के अहमदाबाद से 7 मार्च को आयोध्या के लिए रवाना हुआ। बताया जाता है कि इस नगाड़ा को डबगर समाज के लोगो द्वारा इसे बनाया गया है। मंगलवार को मध्यप्रदेश के रीवा से नगाड़ा शोभायात्रा में सैकड़ो राम भक्त व वाहनों की कतार के साथ चाकघाट ,नारी बारी, जारी कस्बा समेत अन्य जगह राम भक्त एकत्रित होकर पुष्प वर्षा करके श्री राम के जयकारों के साथ पूजा ,अर्चना करके नगाड़ा शोभायात्रा का दर्शन किया।और दिए जा रहे प्रसाद को ग्रहण किया। काफी संख्या में एकत्रित महिलाओं एवं बुर्जगों ने नगाड़ा शोभायात्रा को देखकर उत्सुक दिखे।इस दौरान लाल मणि तिवारी ,बीरेंद्र जी जायसवाल, बबलू जितेन्द्र केसरवानी,रंजीत गुप्ता, अशोक केशरवानी, अनय केसरवानी, रोहन केसरवानी, विपिन केसरवानी, डब्लू, फूलचन्द गुप्ता समेत अन्य सैकडो की संख्या में राम भक्त मौजूद रहे।

# विभिन्न विद्यालयों में मनाई गई राम कृष्ण परमं हंस जयंती

**लोकमित्र ब्यूरो**
**लेड़ियारी(प्रयागराज)।** क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों में राम कृष्ण परमं हंस जयंती मनाया गया ।जिममे विद्यालय के शिक्षक और छात्र - छात्राओं ने बढ़चढ़ कर भाग लिए । एस , एम पब्लिक स्कूल कैथवल के प्रबंधक राकेश कुमार कुशवाहा ने कहा कि फूलेरा दूज के दिन खेली जाती है फूलों से होली राम कृष्ण परमं हंस एवं फुलेरा दूज को बेहद शुभ और मंगलकारी माना जाता है। इस दिन राधा रानी और श्रीकृष्ण की विशेष पूजा की जाती है।

उन्होंने कहा कि फाल्गुन माह में होली से पहले राम कृष्ण परमं हंस जयंती तथा फुलेरा दूज मनाया जाता है। इस दिन रंगो के बजाय फूलों से होली खेली जाती है। फुलेरा दूज के दिन से ही मथुरा से होली की शुरूआत हो जाती है। फुलेरा दूज के दिन श्रीकृष्ण और राधा रानी की पूजा की जाती है। इसी दिन परमं हंस जयंती मनाई जाती है । इस अवसर पर प्रधानाचार्या संगीता कुशवाहा, शिवम् शुक्ला, विवेक कुमार, पूनम सिंह, प्रभा सिंह, प्रीती सिंह, नब्या कुशवाहा, अनामिका सिंह आदि लोग रहे ।

इसी क्रम में सरस्वती शिशु विद्या मंदिर जूनियर हाई स्कूल खीरी में विद्यालय के प्रधानाचार्य ने राम कृष्ण परमं हंस जयंती पर उन्होंने कहा कि परमं हंस की जीवनी बहुत ही सुन्दर है । विस्तारवादी सरल सुभाव के रहे।

उन्होंने कहा कि फुलेरा दूज के दिन फूलों वाली होली खेलने पर जीवन से दुखों का निवारण हो जाता है। इसके अतिरिक्त, मांगलिक कार्यो जैसे विवाह आदि के लिए भी इस दिन को अत्यधिक शुभ माना जाता है। फुलेरा दूज को अभुज मुहूर्त भी कहते हैं। इस दिन कृष्ण मंदिरों में विशेष झांकी निकाली जाती है, भक्त मंदिर के आगे तांता लगाए रहते हैं, राधा-कृष्ण की पूजा की जाती है और फूलों की बरसात करते हुए होली खेली जाती है। इस दौरान विद्यालय के प्रबंधक आशा देवी, देवी प्रसाद, दिलीप शुक्ला, अंगूरा देवी आदि लोग रहे ।

इसी क्रम में देवभारती जूनियर हाई स्कूल कैथवल में राम कृष्ण परमं हंस जयंती पर अनेक तरह

पूजा करने के लिए फुलेरा दूज के दिन राधा रानी और श्रीकृष्ण की मूर्तियों को सजाया जाता है। मूर्तियों को पीले वस्त्र धारण कराए जाते हैं और खुद भी भक्त इस दिन पीले रंग के कपड़े पहनते हैं। फुलेरा दूज के दिन राधा रानी को सौलह श्रृंगार कराया जाता है। इसके अतिरिक्त घी का दीपक जलाकर पूजा की जाती है, बेसन के लड्डुओं का भोग लगाया जाता है। इसके पश्चात राधा-कृष्ण की आरती की जाती है और मंत्रों का जाप करते हुए पूजा आप इस बार फुलेरा दूज पर कुछ इन उपायों को कर के अपनी परेशानी को कुछ हद तक कम कर सकते हैं। इसके लिये भगवान परमं हंस कृष्ण की तरह विशेष पूजा ङ्क अर्चना भी करनी चाहिए। इस अवसर पर अरविंद कुमार, दीपू, सविता सिंह, नीलू , आरती सिंह, साधना आदि लोग रहे ।

## उपायुक्त से मिला रोजगार सेवकों प्रतिनिधि मंडल



**बहरिया ,प्रयागराज ।** नवागंतुक उपायुक्त श्रम रोजगार डीसी मनरेगा गुलाब चन्द्र से रोजगार सेवकों का प्रतिनिधि मंडल मुलाकात कर अपनी समस्याओं से अवगत कराया। प्रतिनिधि मण्डल में मुख्य रूप से अनीश मिश्रा जिला अध्यक्ष ग्राम रोजगार सेवक संघ, अवनीश द्विवेदी जिला महामंत्री ,सचिन पांडे, संदीप जसरा, सुंदरलाल, सुनील तिवारी आदि रोजगार सेवक शामिल रहे।

# लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपाइयों ने किया कामकाजी बैठक, दिया निर्देश



**कोरांव(प्रयागराज)।** विधान सभा कोरांव के मंडल कोरांव में मंगलवार को भाजपाइयों ने आगामी लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर कामकाजी बैठक किया। मुख्य वक्ता के रूप में लोकसभा 52 इलाहाबाद प्रभारी मनोज जायसवाल , जिला सयोजक शिवदत्त सिंह पटेल रहे। प्रभारी मनोज जायसवाल ने पार्टी कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए लोकसभा चुनाव में जीत का टिप्स बताते हुए मतदाताओं के बीच सरकार की उपलब्धियां गिनाने की बात कही। कोरांव विधायक राजमणि कोल ने कहा कि भाजपा सरकार ने हर पात्र लाभार्थियों को जनहित की योजनाओं से लाभान्वित किया है जिसे लोगों के बीच गिनाने की जरूरत है। इस अवसर पर उक्त के अलावा विधानसभा प्रभारी स्वामी नाथ सिंह , विधानसभा संयोजक राकेश पाण्डेय , जिला उपाध्यक्ष राजेश्वरी तिवारी अजीत प्रताप सिंह , ब्लाक प्रमुख कोरांव मुकेश कोल , नगर पंचायत कोरांव अध्यक्ष ओमप्रकाश केशरी , पूर्व अध्यक्ष नरसिंह केशरी रामकृष्ण केशरी मण्डल प्रभारी अखिलेश शुक्ला , संजय सिंह पटेल रवि दुबे गोविन्द मिश्रा श्याम बाबू केशरी तारा शंकर पाण्डेय पुष्पा श्रीवास्तव संतरा देवी निषाद रामराज सिंह राम नवल सिंह अश्वनी जैन सुरेंद्र सिंह अखंड पाण्डेय शशि द्विवेदी विजय द्विवेदी बबुआन द्विवेदी सुरेंद्र केशरी अनिल मिश्रा गणेश मिश्रा घनश्याम स्वर्णकार सच्चिदानंद सहित कई अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# मीना जायसवाल प्रयागराज की प्रत्याशी घोषित



**नैनी(प्रयागराज)।** अखिल भारतीय जायसवाल सर्व-वर्गीय महासभा इकाई उत्तर प्रदेश की 10 मार्च को गोरखपुर में आयोजित बैठक में प्रयागराज लोकसभा सीट से नैनी की मीना जायसवाल को प्रत्याशी घोषित किया गया। इनके अलावा गोरखपुर से रामरती जायसवाल और महराजगंज से पुष्पा जायसवाल के नाम की घोषणा किया गया।

सम्मेलन के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय महासचिव पूरन चंद झरीवाल (जयपुर) ने प्रदेश अध्यक्ष ध्रुव चंद जायसवाल के इस कदम की सराहना करते हुए कहा कि सभा की राष्ट्रीय इकाई हर कदम पर उनके साथ है। उत्तर प्रदेश अध्यक्ष की पहल पर पूरे भारत में महासभा की ओर से चुनाव लड़ाने पर विचार किया जाएगा। संगठन के लोगों को प्रत्याशी बनाने का निर्णय ऐतिहासिक फैसला है जो मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने प्रत्याशियों को शुभकामनाएं दी। अध्यक्षता करते हुए प्रदेश अध्यक्ष ध्रुवचंद जायसवाल ने कहा कि शीघ्र ही कुछ महत्वपूर्ण सीटों पर प्रत्याशियों की घोषणा कर दी जाएगी। उत्तर प्रदेश मे वैश्य बाहुल्य 17 सीटों पर चुनाव लड़कर अपना हक़ लेंगे। सम्मेलन में प्रयागराज से तमाम पदाधिकारियों ने हिस्सा लिया।

# विनीता हॉस्पिटल में नि: शुल्क रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया



**लोकमित्र ब्यूरो**
**फाफामऊ।** विनीता हॉस्पिटल प्रा. लि. तथा इलाहाबाद नर्सिंग होम एसोसिएशन चैरिटेबल ब्लड सेंटर के संयुक्त तत्वाधान में निशुल्क रक्तदान शिविर का आयोजन आरोग्यम हाल विनीता हॉस्पिटल में किया गया। इस रक्तदान शिविर के मुख्य अतिथि माननीय मनोज कुमार गौतम कमांडेंट 101 आर ए एफ तथा विशिष्ट अतिथियों में डॉ विनीता विश्वकर्मा , डा. बिंदु विश्वकर्मा,डॉ बी बी अग्रवाल आदि अतिथियों ने दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का उद्घाटन किया। डा. बिंदु विश्वकर्मा एवं डॉ विनीता विश्वकर्मा ने ब्लड देकर कार्यक्रम की शुरूआत किया और कहा कि जितना हमें ब्लड की जरूरत होती है उतना पूरा हो जाता है कि नहीं रक्त एक शरीर का ऐसा कंपोनेंट है जिसे हम कृत्रिम तरीके से नहीं बना पाते है ना ही इसे हम किसी जंतु या जानवरों से ले सकते हैं इंसान का रक्त ही इंसान को चढ़ाया जा सकता है। भगवान ने भी ऐसी परंपरा विकसित की है कि किसी धर्म जाति का व्यक्ति हो या किसी दूसरे धर्म जाति के व्यक्ति को को भी रक्त दे सकते हैं और दूसरों की जान बचा सकते हैं। अंत में डॉ बिंदु विश्वकर्मा एवं डॉ विनीता विश्वकर्मा ने आए हुए अतिथियों का आभार व्यक्त किया और विशेष कर युवाओं से अपील करते हुए कहा कि वे इस प्रकार के सामाजिक प्रेरणा वाले कार्यक्रम का बड़ी संख्या में हिस्सा बने और प्रत्येक आयु वर्ग के व्यक्तियों को रक्तदान के लिए प्रेरित करें। अंत में सभी आए हुए अतिथियों को प्रशस्ति पत्र वितरित किया गया।

## अज्ञात वाहन की चपेट में आने से समाज सेवी की मौत




**नारीबारी(प्रयागराज)।** शंकरगढ़ थाना के पुलिस चौकी नारीबारी अंतर्गत पूर्व ग्राम प्रधान झाझरा चौबे के पति बालेन्द्र चतुर्वेदी 58 अपने ननिहाल जवा से बाइक द्वारा सोमवार की रात लगभग 9 बजे घर आ रहे थे लोनी पार में अज्ञात वाहन से बाइक टकरा गई जिससे वह सड़क पर गिर कर चोटहिल हो गए पास से गुजर रहे मौहरिया गांव निवासी हरि कृष्ण सिंह ने पहचाना और परिजनों को सूचना दी मौके पर पहुचे परिजन इलाज के लिए ले जा रहे थे रास्ते मे उनकी मौत हो गयी बालेन्द्र चतुर्वेदी फौज से सेवा निवृत के पश्चात समाज सेवा के साथ बाजार का व्यवसाय करते थे अपने पीछे पत्नी व दो पुत्र सत्येंद्र यतेंद्र है जिनका रो रो कर बुरा हाल है उनके मृत्यु से छेत्र में शोक छा गया सूचना पर चौकी इंचार्ज नारीबारी अनुराग कुमार पहुच कर पंचनामा भर कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा ।

# आरके कालेज ऑफ फार्मेसी में कैरियर काउसलिंग कार्यक्रम आयोजित



**नैनी(प्रयागराज)।** आरके कॉलेज आफ फार्मेसी में विश्वविद्यालय सेवायोजन सूचना एवं मंत्रणा केंद्र इलाहाबाद विश्वविद्यालय प्रयागराज के द्वारा केंद्र सरकार की योजना ÷नेशनल कैरियर सर्विस÷ के अंतर्गत एक ÷कैरियर काउंसलिंग÷ कार्यक्रम का आयोजन किया गया उक्त कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने भाग लिया इस कार्यक्रम में अपने ÷जीवन में सफलता कैसे पाएं एवं छात्र जीवन को कैसे बेहतर बनाएं÷ के संबंध में डॉ. सुग्रीव सिंह (काउंसलर, माडल कैरियर सेंटर इलाहाबाद विश्वविद्यालय) प्रयागराज एवं डॉ. अभिषेक श्रीवास्तव, मोटिवेशनल स्पीकर(कैरियर गाइडेंस सेल इलाहाबाद विश्वविद्यालय) द्वारा मार्गदर्शन किया गया।उक्त कार्यक्रम मे संस्थान प्रबंध निदेशक इं. आशीष त्रिपाठी एवं प्राचार्य डॉ. सी. एस. सिंह के आलावा सैकड़ों की संख्या मे छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

# शुआट्स वैज्ञानिकों की सलाह, 17 मार्च को हल्की वर्षा के आसार

**लोकमित्र ब्यूरो**
**नैनी(प्रयागराज)।** सैम हिग्गिनबॉटम कृषि, प्रौद्योगिकी एवं विज्ञान विश्वविद्यालय (शुआट्स) में चल रहे ग्रामीण कृषि मौसम सेवान्तर्गत भारत सरकार से प्राप्त पूर्वानुमान के अनुसार वैज्ञानिकों ने 17 मार्च को हल्की वर्षाआसार जताते हुए कृषकों को सलाह दी है कि उर्द की सम्पूर्ण उ.प्र. हेतु संस्तुत पीला चित्रवर्ण अवरोधी (मोजैक) प्रजातियों यथा आई.पी.यू.-13-1, पंत उर्द -10, आई.पी.यू.-11-2, वल्लभ उर्द-1, प्रताप उर्द-1, विश्वास, माश-479 तथा कोटा उर्द-4 आदि की बुआई करें। चेना (जेठी सावा) की संस्तुत प्रजातियों यथा एम.डी.यू.-1 व भावना प्रजाति की बुवाई 15 मार्च तक समाप्त करें। सिंचित व असिंचित दोनों प्रकार के गेहूँ में अनावृत्त कंडुवा से रोगग्रस्त बाली दिखाई देने पर उसे लिफाफे में डालकर काट लें तथा जमीन में गाड़ दें। कृषक भिण्डी, करेला, लौकी, काशीफल, ककड़ी, खीरा, खरबूज एवं तरबूज की बुआई करें। बैंगन व मिर्च की बुवाई यदि अभी तक नहीं की है तो कर दें। 1. बीज हेतु आलू के मध्यम आकार के कन्दों का भण्डारण मध्य मार्च तक अवश्य कर लें। नींबू में कैंकर रोग का प्रकोप होने पर संस्तुति अनुसार उपचार करें। पशुओं को संतुलित आहार के साथ खनिज मिश्रण अवश्य खिलायें एवं नमक का चाटन भी करायें। पशु ब्याने के 1 से 2 घंटे के अंदर नवजात पशु को खीस अवश्य पिलायें।

## लाभ लेने के लिए सीएए लागू किया- किशोर

**प्रयागराज।** यूपी कांग्रेस कमेटी के पूर्व प्रवक्ता किशोर वार्ष्णेय ने ऐन चुनाव के मौके पर नागरिकता संशोधन कानून सीएए लागू किये जाने को मोदी सरकार का लाभ लेने का हथकंडा बताया है। उन्होंने कहा कि तुरंत क्रियान्वयन करने की बात करने वाले पीएम मोदी को आखिर यह कानून लागू करने में चार सालों से भी ज्यादा का वक्त कयों लगा। साफ है चुनावों में उन्हें हार का डर नज़र आ रहा है।

# सीएए कानून के खिलाफ मुस्लिम लीग ने दायर की याचिका, सुप्रीम कोर्ट से रोक लगाने की मांग

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट में सीएए कानून के खिलाफ याचिका दायर की गई है। यह याचिका इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग की तरफ से दायर की गई है, जिसमें कानून पर रोक लगाने की मांग की गई है। याचिका में नागरिकता संशोधन कानून 2019 के प्रावधानों को देश में लागू करने पर रोक लगाने की मांग की गई है। याचिका में कहा गया है कि नागरिकता कानून के तहत कुछ धर्मों के लोगों को ही नागरिकता दी जाएगी, जो संविधान के खिलाफ है।




## याचिका में मुस्लिम लीग ये तर्क देते हुए सीएए कानून लागू करने पर रोक की मांग की

केंद्र सरकार ने सोमवार को ही सीएए कानून लागू करने का नोटिफिकेशन जारी किया है। गौरतलब है कि इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग (आईयूएमएल) ने सीएए को चुनौती देते हुए रिट याचिका भी दायर की थी। आईयूएमएल ने सीएए के खिलाफ दायर अपनी रिट याचिका में अंतरिम आवेदन दिया, जिसमें आईयूएमएल ने तर्क दिया कि किसी कानून की संवैधानिकता तब तक लागू नहीं होगी, जब तक कानून स्पष्ट तौर पर मनमाना हो। इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग ने कहा है कि वह शरणार्थियों को नागरिकता देने के खिलाफ नहीं है, लेकिन उनका विरोध इसमें मुस्लिम धर्म के लोगों को बाहर रखने को लेकर है।

## सीएए कानून का क्यों हो रहा है विरोध?

सीएए कानून के तहत भारत के तीन पड़ोसी देशों पाकिस्तान, अफगानिस्तान और बांग्लादेश से धार्मिक तौर पर प्रताड़ना के शिकार होकर भारत आने वाले गैर मुस्लिमों को भारत की नागरिकता देने का प्रावधान है। इस कानून के तहत 31 दिसंबर 2014 से पहले भारत आने वाले हिंदू, सिख, बौद्ध, पारसी, जैन और ईसाई वर्ग के लोगों को भारत की नागरिकता दी जाएगी। सीएए में किसी की नागरिकता छीनने का प्रावधान है। मुस्लिम समुदाय के कुछ लोग इसका विरोध कर रहे हैं। उनका कहना है कि यह कानून उनके साथ भेदभाव करता है, जो देश के संविधान का उल्लंघन है।

### नागरिकता के लिए कौन आवेदन कर सकता है?

नागरिकता संशोधन अधिनियम, 2019 की धारा 6बी के अनुसार, पंजीकरण या देशीयकरण के माध्यम से नागरिकता के लिए आवेदन पर तब तक विचार नहीं किया जाएगा जब तक कि व्यक्ति–
भारतीय मूल का व्यक्ति।
भारतीय नागरिक से शादी।
भारतीय नागरिक का नाबालिग बच्चा।
माता–पिता प्रलेखित भारतीय नागरिक हैं।
भारत की आज़ादी के समय व्यक्ति या माता–पिता में से कोई एक भारतीय नागरिक था।
भारत के प्रवासी नागरिक (ओसीआई) का दर्जा प्राप्त है।

# गोलियों की गुंज से दहली दिल्ली : एक के बाद एक चली 26 गोलियां, मुठभेड़ में तीन दबोचे

**नई दिल्ली।** उत्तर पूर्वी दिल्ली में अंबेडकर कॉलेज के पास बदमाशों और पुलिस के बीच मुठभेड़ हो गई। पुलिस ने तीन बदमाशों को काबू किया है। 26 गोलियां दोनों ओर से चली। तीन बदमाश गोली लगने से घायल हो गए। ये बदमाश हत्या, हत्या के प्रयास, जबरन वसूली, जैसे मामलों में शामिल रहे हैं।

पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि अंबेडकर कॉलेज के पीछे ज्योति नगर में रात डेढ़ बजे के करीब बदमाशों से मुठभेड़ हो गई। पुलिस ने वांछित अपराधियों को गोली मारकर गिरफ्तार कर लिया है। गुप्त सूचना पर इंस्पेक्टर राहुल अधिकारी के नेतृत्व में टीम का गठन हुआ। अंबेडकर कॉलेज के पीछे नाला रोड पर पुलिस ने जाल बिछाया और तीन अपराधियों को पकड़ा है।

पुलिस ने बताया कि आरोपी स्कूटी पर सवार थे। पुलिस पार्टी ने



उन्हें चेकिंग के लिए रुकने का इशारा किया। रुकने के बजाय उन्होंने पुलिस पार्टी पर गोलियां चला दीं और भागने की कोशिश की। जवाबी कार्रवाई में तीनों अपराधियों के पैर में गोली लगी। जिसके वह सभी घायल हो गए। मुठभेड़ के दौरान कुल 26 राउंड फायरिंग हुई। 13 गोलियां तीन आरोपियों ने चलाईं और जबकि 13 गोलियां पुलिस टीम ने चलाईं। अपराधियों द्वारा इस्तेमाल की जा रही स्कूटी पुलिस स्टेशन से चोरी की पाई गई।

## आरोपियों की पहचान

- आरिफ उर्फ खालिद उम्र 22 वर्ष पुत्र शहजाद निवासी ई-16/बी-191 झुग्गी सीलमपुर। वह एक चोरी के मामले में शामिल पाया गया।

- अली उर्फ फहद उम्र 23 वर्ष पुत्र महमूद हसन निवासी गली नंबर 10 न्यू मून स्कूल के पास, जाफराबाद। उसे पीएस के एक डकैती और शस्त्र अधिनियम मामले में शामिल पाया गया था।

- अल शहजान उर्फ तोता उम्र 22 वर्ष पुत्र शहजाद निवासी मकान नंबर 1058 गली नंबर 10 जाफराबाद। उसे फायरिंग और आर्म्स एक्ट पीएस के एक मामले में शामिल पाया गया।

इन सभी के पास से हथियार और गोलियां बरामद हुई हैं। तीनों को जीटीबी अस्पताल में भर्ती किया गया है। जहां उनका इलाज चल रहा है। तीनों के खिलाफ थाने में हत्या के प्रयास और आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। बाकी आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं।

# सीएए के नियम लागू होने के बाद एआईएमआईएम ने केंद्र सरकार को घेरा, टीएमसी सांसद ने किया फैसले का समर्थन

**नई दिल्ली।** चार साल के लंबे इंतजार के बाद देश में नागरिकता संशोधन अधियम (सीएए) के नियम लागू हो गए हैं। इस नियम के लागू होते ही पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान से आए हिंदू, सिख, जैन, बौद्ध, पारसी और ईसाई समुदायों से संबंधित अल्पसंख्यकों को भारतीय नागरिकता लेने में आसानी होगी। सीएए के नियम लागू होने के बाद एआईएमआईएम प्रवक्ता वारिस पठान ने प्रतिक्रिया दी है। इस नियम को लागू करने में लगे चार साल के इंतजार पर उन्होंने केंद्र सरकार से सवाल किया है और सीएए को असंवैधानिक बताया है।



## एआईएमआईएम ने केंद्र सरकार पर साधा निशाना

वारिस पठान ने कहा, 'आप क्रोनोलॉजी समझिए। नियम को लागू करने के समय को देखिए। तारीख तय हो गई है, लोकसभा चुनाव होने वाले हैं और सरकार ने अचानक सीएए के नियम लागू करने के बारे में सोचा। वह पिछले पांच वर्षों से क्या कर रहे थे? इसे पहले लागू क्यों नहीं किया गया?' उन्होंने आगे कहा, 'इसलिए हम कहते हैं कि चुनाव से पहले सरकार ध्रुवीकरण की कोशिश कर रही है। वे विकास के क्षेत्र में विफल रहे हैं। उनके पास सवालों के जवाब नहीं है। इसलिए वे ये ले आए। हमने पहले भी इसका विरोध किया था और आज भी कहते हैं कि यह कानून असंवैधानिक है। हमें इस पर आपत्ति है।'

## कांग्रेस ने बताया असंवैधानिक

असम में कांग्रेस विधायक अब्दुर राशिद मंडल ने सीएए का विरोध करते हुए इसे असंवैधानिक बताया है। उन्होंने कहा, 'इस अधिनियम का संसद के अंदर और बाहर सभी पार्टियों द्वारा विरोध किया जा रहा है। यह पूरी तरह से भेदभावपूर्ण और असंवैधानिक कानून है, क्योंकि सरकार यहां जाति के आधार पर नागरिकता दे रही है, जो कि भारतीय संविधान के प्रावधानों के तहत स्वीकार्य नहीं है। असम के साथ पूरे देश में इसका विरोध हो रहा है।'

## टीएमसी नेता ने सीएए का किया समर्थन

लोकसभा चुनाव के लिए टिकट नहीं मिलने पर बैरकपुर से तृणमूल सांसद अर्जुन सिंह ने कहा, 'यह समय ही बताएगा कि लोकसभा चुनाव में लड़ेंगे या नहीं।' उन्होंने आगे कहा, 'मैं खुश हूं कि सीएए के नियमों को लागू कर दिया गया है।'

# खराब श्रेणी की दहलीज पर पहुंची दिल्ली की आबोहवा, NCR में ग्रेटर नोएडा की हवा रही सबसे अधिक प्रदूषित

**नई दिल्ली।** राजधानी में हवा की गति कम होने व दिशा बदलने से आबोहवा खराब श्रेणी की दहलीज पर पहुंच गई है। सोमवार को वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 200 रहा, जोकि मध्यम श्रेणी में है। इसमें रविवार के मुकाबले 18 सूचकांक की बढ़ोतरी दर्ज की गई। सर्वाधिक इलाकों में एक्यूआई 200 के पार दर्ज किया। दिल्ली की हवा समग्र रूप से मध्यम श्रेणी में बनी रही। मौसम विभाग के मुताबिक बृहस्पतिवार तक हवा मध्यम श्रेणी में बनी रहेगी।

भारतीय उष्णदेशीय मौसम विज्ञान संस्थान (आईआईटीएम) के मुताबिक, सोमवार को औसतन चार किलोमीटर प्रतिघंटे की गति से हवा उत्तर-पश्चिम दिशा की ओर से चली। वहीं, मंगलवार को हवा उत्तर-पश्चिम दिशा की ओर से चलेगी। इस दौरान हवा की गति चार से आठ किलोमीटर प्रतिघंटे रहने का अनुमान है। बुधवार को हवा उत्तर-पश्चिम दिशा से चल सकती हैं।

# 'बिना एनआरसी के आवेदन पर किसी को भी नागरिकता मिली तो दे दूंगा इस्तीफा'

**गुवाहटी।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने मंगलवार को कहा कि अगर किसी व्यक्ति को बिना एनआरसी के आवेदन पर नागरिकता मिलती है तो वह इस्तीफा दे देंगे। उनका यह बयान सोमवार को केंद्र सरकार द्वारा नागरिकता संशोधन अधिनियम के नियमों को लागू करने पर असम में विपक्षी पार्टियों के प्रदर्शन के बाद आई है।

असम के सीएम ने कहा, 'मैं असम का बेटा हूं और अगर एक भी व्यक्ति जिसने एनआरसी के लिए आवेदन नहीं किया है और उसे नागरिकता मिलती है तो मैं इस्तीफा देने वाला पहला व्यक्ति होऊंगा।' प्रदर्शनकारियों ने दावा किया कि सीएए लागू होने के बाद लाखों की संख्या में लोग राज्य में प्रवेश किए थे।

उन्होंने कहा, 'अगर ऐसा होता है तो मैं विरोध करने वाला पहला व्यक्ति होऊंगा। मुख्यमंत्री ने कहा



कि सीएए को लेकर कुछ भी नया नहीं है अब पोर्टल पर आवेदन का समय आ गया है।' उन्होंने कहा, 'अब पोर्टल पर डेटा बताएगा। इसके बाद यह स्पष्ट होगा कि कानून का विरोध करने वालों के लिए यह दावें सही है या नहीं।'

## क्या है नागरिकता संशोधन अधिनियम

बता दें कि सीएए के जरिए पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान से आए हिंदू, सिख, जैन, बौद्ध, पारसी और ईसाई समुदायों से संबंधित अल्पसंख्यकों को भारतीय नागरिकता लेने में आसानी होगी। ऐसे अल्पसंख्यक, 31 दिसंबर, 2014 को या उससे पहले भारत में प्रवेश कर चुके हों। इससे पहले भारत की नागरिकता हासिल करने के लिए किसी भी व्यक्ति को कम से कम 11 साल तक भारत में रहना जरूरी था। नागरिकता संशोधन अधिनियम 2019 के अंतर्गत इस नियम को आसान बनाया गया है। नागरिकता हासिल करने की अवधि को 1 से 6 साल किया गया है।

# भारत को आत्मनिर्भर बनाने में रेलवे का बड़ा योगदान, विश्वस्तरीय ऑपरेशन सेंटर के उद्घाटन पर रेल मंत्री




**अहमदाबाद।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज अहमदाबाद में विश्वस्तरीय ऑपरेशन कंट्रोल सेंटर का उद्घाटन किया। इस दौरान केंद्रीय रेलवे मंत्री अश्विनी वैष्णव भी वर्चुअली मौजूद थे। उद्घाटन के बाद उन्होंने मीडिया से बात की। रेलवे मंत्री ने बताया कि रेलवे परिचालन के सभी तत्वों का इसी केंद्र से नियंत्रित किया जाएगा।

रेलवे के सामने आने वाली चुनौतियों पर अश्विनी वैष्णव ने कहा, 'भारत को आत्मनिर्भर बनाने में रेलवे बड़ी ताकत बनेगी। अगले पांच वर्षों में रेलवे का विश्व स्तर पर बदलाव होगा। रेलवे में रखरखाव बहुत जरूरी है। हमने रोलिंग ब्लॉक प्रणाली शुरू की है। प्रत्येक शुक्रवार को रेलवे कर्मचारी अगले 26 सप्ताह की रखरखाव कार्यों की योजना तय करते हैं।'

# अरुणाचल प्रदेश के बॉर्डर इलाकों में एक और हाइवे को मंजूरी, 6,621 करोड़ रुपये का है प्रोजेक्ट

**ईटानगर।** केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने गुरुवार को बताया कि केंद्र ने अरुणाचल प्रदेश में महत्वकांक्षी फ्रंटियर हाइवे को मंजूरी दी है। यह प्रोजेक्ट 6,621 करोड़ रुपये का है। इस प्रोजेक्ट के तहत नेशनल हाइवे 913 (फ्रंटियर हाइवे) के तहत आठ पैकेज का निर्माण किया जाएगा। इस फ्रंटियर हाइवे की कुल लंबाई 265.49 किलोमीटर होगी और इसकी मदद से सीमावर्ती इलाकों में पहुंचना बेहद आसान हो जाएगा। सामरिक रूप से भी यह हाइवे बेहद अहम होगा।



केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने बताया कि फ्रंटियर हाइवे के पैकेज एक, तीन और पांच के तहत हुरी-तालिहा सेक्शन का निर्माण किया जाएगा। वहीं दो पैकेज बिले-मिगिंग सेक्शन को कवर करेंगे। पैकेज दो और चार खारसांग-मियाओ-गांधीग्राम-विजयनगर सेक्शन और पैकेज एक बोमडिला-नाफ्रा-लाडा सेक्शन पर फोकस किया जाएगा। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि इस हाइवे के निर्माण से सीमाई इलाकों में कनेक्टिविटी बेहतर होगी और राज्य का सामाजिक-आर्थिक विकास भी होगा। इससे सीमाई इलाकों में पलायन भी रुकेगा।

## पर्यटन को मिलेगा बढ़ावा

गडकरी ने बताया कि इस हाइवे के निर्माण से अरुणाचल प्रदेश के बॉर्डर इलाकों में जहां सड़कों का बुनियादी ढांचा तैयार होगा और कनेक्टिविटी बढ़ेगी। साथ ही विभिन्न रिवर बेसिन तक भी पहुंच बढ़ेगी और कई हाइड्रो पावर प्रोजेक्ट्स को विकसित करने का रास्ता साफ होगा। इस हाइवे के निर्माण से अरुणाचल प्रदेश में पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। राज्य के सीएम पेमा खांडू ने भी हाइवे को मंजूरी मिलने पर खुशी जताई और कहा कि यह राज्य में कनेक्टिविटी बेहतर करने में मील का पत्थर साबित होगा। साथ ही इससे सामाजिक-आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलेगा और नौकरी के अवसर पैदा होंगे। सीएम ने हाइवे को मंजूरी देने के लिए केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी को धन्यवाद भी दिया।

# सुप्रीम कोर्ट अयोग्यता के खिलाफ हिमाचल के छह विधायकों की याचिका पर 18 को करेगा सुनवाई



**नई दिल्ली।** हिमाचल प्रदेश विधानसभा के लिए 'अयोग्य' ठहराने के फैसले के खिलाफ दायर छह बागी कांग्रेस विधायकों की याचिका पर उच्चतम न्यायालय 18 मार्च को सुनवाई करेगा। इन विधायकों ने हिमाचल प्रदेश में हाल के राज्यसभा चुनाव में 'क्रॉस वोटिंग' करते हुए भाजपा के उम्मीदवार को वोट दिया था। हिमाचल प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने पार्टी व्हिप की 'अवहेलना' करने के लिए कांग्रेस की याचिका पर छह विधायकों को अयोग्य घोषित कर दिया था। पार्टी व्हिप के मुताबिक उन्हें सदन में उपस्थित रहने और बजट के लिए मतदान करने की आवश्यकता थी। शीर्ष अदालत के समक्ष अपनी याचिका में बागी विधायकों ने पठानिया के साथ-साथ राज्य के संसदीय कार्य मंत्री हर्ष वर्धन चौहान को भी पक्षकार बनाया है।


कांग्रेसी के बागी विधायकों ने 27 फरवरी को राज्यसभा चुनाव में भाजपा उम्मीदवार हर्ष महाजन के पक्ष में मतदान किया था, बाद में बजट पर मतदान के दौरान भी अनुपस्थित रहे थे। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अभिषेक सिंघवी क्रॉस वोटिंग के कारण राज्यसभा चुनाव हार गए थे।

अयोग्य ठहराए गए विधायकों में राजिंदर राणा, सुधीर शर्मा, इंदर दत्त लखनपाल, देविंदर कुमार भुट्टू, रवि ठाकुर और चेतन्य शर्मा शामिल हैं। इन विधायकों की अयोग्यता के बाद सदन की प्रभावी सदस्य संख्या 68 से घटकर 62 हो गई है, जबकि कांग्रेस विधायकों की संख्या 40 से घटकर 34 हो गई है।

# भारत और रूस में 'नॉर्थ सी रूट' को लेकर हुई बातचीत, गेमचेंजर साबित हो सकता है ये समुद्री रास्ता

**नई दिल्ली।** रूस की सरकारी एटॉमिक एनर्जी कॉरपोरेशन रोसातोम के सीईओ ने खुलासा किया है कि भारत और रूस के बीच थर्मोन्यूक्लियर फ्यूजन और नॉर्थ सी रूट को संयुक्त रूप से विकसित करने की बात हो रही है। रोसातोम के सीईओ ए ई लिखाचेवा ने कहा कि भारत और रूस के बीच आने वाले समय में परमाणु तकनीक के क्षेत्र में सहयोग बढ़ने की संभावना है और इसमें गैर ऊर्जा और गैर-परमाणु क्षेत्रों पर फोकस किया जाएगा।

लिखेचेवा ने बताया कि भारत और रूस के बीच नॉर्दन सी रूट को साथ मिलकर विकसित करने को लेकर भी बातचीत हो रही है। अभी रूसी कंपनी रोसातोम ही इस रूट को विकसित करने का काम कर रही है। इस रूट की मदद से रूस का तेल, कोयला और एलएनजी भारत जल्दी



पहुंच सकेगी। साथ ही इस रूट से एशिया की यूरोप से दूरी भी कई हजार किलोमीटर कम हो जाएगी। लिखेचोवा ने बताया कि हम यूरो-एशियन कंटेनर ट्रांजिट प्रोजेक्ट के फ्रेमवर्क पर सहयोग के विकल्प तलाश रहे हैं।

अब पश्चिम से पूर्व के बीच अंतरराष्ट्रीय व्यापार वेस्ट-ईस्ट ट्रांजिट रूट से होता है। इसकी दूरी 21 हजार किलोमीटर है और इस रूट से एशिया से यूरोप तक सामान भेजने में करीब एक महीने का समय लगता है। नॉर्दन सी रूट के विकसित होने के बाद यह दूरी घटकर 13 हजार किलोमीटर रह जाएगी और सामान भेजने में भी एक महीने के बजाय सिर्फ दो हफ्ते का समय लगेगा। नॉर्दन सी रूट से व्यापारिक गतिविधियां तेज होंगी और इसका अर्थव्यवस्था पर भी सकारात्मक असर पड़ेगा।

## परमाणु क्षेत्र में भारत-रूस में सहयोग की काफी संभावनाएं

लिखाचेवा ने बीते महीने तमिलनाडु के कुडनकुलम न्यूक्लियर पावर प्लांट का दौरा किया था। यह न्यूक्लियर पावर प्लांट रूस के सहयोग से ही बनाया जा रहा है। लिखाचेवा ने कहा कि कुडनकुलम परमाणु ऊर्जा केंद्र के निर्माण के दौरान दोनों देशों को साथ मिलकर काम करने का काफी अनुभव मिला। भारतीय कंपनियां, रोसातोम द्वारा बांग्लादेश के रूपपुर में बनाए जा रहे परमाणु ऊर्जा प्लांट के निर्माण से भी जुड़ी हैं। उन्होंने कहा कि भारत और रूस के बीच वैज्ञानिक रिसर्च और नियंत्रित थर्मोन्यूक्लियर फ्यूजन के क्षेत्र में सहयोग की काफी संभावनाएं हैं। रोसातोम, भारतीय वैज्ञानिकों को रूस में बनाए जा रहे एमबीआईआर मल्टी पर्पज फास्ट न्यूट्रॉन रिसर्च रिएक्टर में रिसर्च की सुविधा देने के लिए भी तैयार है। यह दुनिया का सबसे ताकतवर रिसर्च रिएक्टर होगा और इसमें मेडिकल, अप्लाइड फिजिक्स और नए तत्वों को बनाने जैसे मुद्दों पर रिसर्च होगी।

चीन के बाद भारत में सबसे ज्यादा परमाणु ऊर्जा केंद्रों का निर्माण हो रहा है। साल 2030 तक गैर जीवाश्म ईंधन के इस्तेमाल में 50 फीसदी की कटौती और 2050 तक जीरो कार्बन उत्सर्जन के लक्ष्य को पाने में परमाणु ऊर्जा बेहद अहम है।

# दिल्ली की जनता को मुद्दों की लड़ाई करती है वोटिंग के लिए प्रेरित, बड़ी संख्या में निकलते हैं वोट

**नई दिल्ली।** दिल्ली वालों के लिए चुनावी मुद्दा अहम है। जब भी लोकसभा चुनाव में मुद्दा गरमाया है दिल्ली वालों ने बढ़-चढ़ कर मतदान करने में रूचि दिखाई है। लिहाजा मत प्रतिशत का ग्राफ भी बढ़ा है। चाहे वह पाकिस्तान विजय के बाद का इंदिरा गांधी की करिश्माई नेतृत्व में हुआ लोकसभा चुनाव हो या 1977 में महंगाई, मानवाधिकार, आपात काल के बाद बही सत्ता परिवर्तन की बयार। जनता घर से बाहर निकली और मतदान प्रतिशत बढ़ा।

इसी तरह 1984 लोकसभा चुनाव में भी इंदिरा गांधी की शहादत को लेकर सहानुभूति की लहर दौड़ पड़ी थी। राजीव गांधी जैसे युवा नेतृत्व को सत्ता सौंपने को लेकर भी बड़ी संख्या में मतदाता घर से बाहर निकले थे। इसी तरह 2014 के चुनाव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की बयार बह रही थी।

# हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने अपने पद से इस्तीफा दिया, नए कैबिनेट का होगा गठन



**नई दिल्ली।** हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने राज्य में भाजपा और जननायक जनता पार्टी (जेजेपी) के बीच विभाजन की अटकलों के बीच मंगलवार को अपने पद से इस्तीफा दे दिया। यह घटनाक्रम आगामी लोकसभा चुनाव से पहले सामने आया है। खट्टर ने राजभवन जाकर बंडारू दत्तात्रेय को अपना इस्तीफा सौंप दिया।

## सीएम खट्टर ने बुलाई विधायकों की बैठक

हरियाणा सरकार में बीजेपी और जेजेपी के बीच चल रही तनातनी के बीच सीएम मनोहर लाल खट्टर ने बीजेपी और सरकार समर्थित निर्दलीय विधायकों की बैठक बुलाई। सीएम ने आज सुबह 11:30 बजे बीजेपी और सरकार समर्थित निर्दलीय विधायकों को हरियाणा आवास पर बुलाया। इस बैठक में बीजेपी निर्दलीय विधायकों के समर्थन से सरकार बनाने के फॉर्मूले को लेकर रणनीति की खबर है। 90 सदस्यीय हरियाणा विधानसभा में भाजपा के 41 विधायक, कांग्रेस के 30 और जेजेपी के 10 विधायक हैं। सात निर्दलीय हैं, जबकि इंडियन नेशनल लोक दल (आईएनएलडी) और एचएलपी का एक-एक विधायक है।

## पीएम मोदी ने सुनाया था पुराना किस्सा

पीएम मोदी ने खट्टर को लेकर पुराना किस्सा भी सुनाया। मैं और मनोहर लाल पुराने साथी हैं। मनोहर लाल के पास एक मोटरसाइकिल रहती थी। वो उसे चलाते थे। मैं पीछे बैठता था। रोहतक से निकलता था। गुरुग्राम में पहुंचता था। उस समय पूरा सफर मोटरसाइकिल पर गुजरता था। आज मुझे खुशी हो रही है कि हम भी साथ है और आपका भविष्य भी साथ है।

## जीवन में सफलता का सूत्र है अनुशासन: मेजर जनरल (रि) कोहली

**अयोध्याधाम।** का० सु ० साकेत स्नातकोत्तर महाविद्यालय ,अयोध्या के राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय संयुक्त विशेष शिविर के चर्तुथ दिवस पर महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रमाधिकारी डॉ आशुतोष त्रिपाठी ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम के प्रथम सत्र का प्रारंभ किया। सत्र में लोकतंत्र का आधार - मतदाता विषय पर विचार गोष्ठी रखी गई जिसमें स्वयंसेवकों एवं स्वयंसेविकाओं के द्वारा अपने-अपने विचार प्रस्तुत किए गए ।साथ ही डॉ त्रिपाठी ने कहा कि स्वस्थ लोकतंत्र के लिए मतदान अति आवश्यक है ,हमें अपने समस्त कार्यों को छोड़कर सर्वप्रथम मतदान करना चाहिए। हमारे मतदान से हमारा राष्ट्र मजबूत होगा। द्वितीय सत्र में व्यक्तित्व विकास पर मेजर जनरल रिटायर्ड असीम कोहली का व्याख्यान हुआ। जिसमे मेजर जनरल कोहली ने अपने उद्बोधन में कहा कि आप में पंख अपने लक्ष्य प्राप्त करने के लिए होने चाहिए।

# उद्यमियों की समस्याओं का समय से कराएं निस्तारण: डीएम महेंद्र बहादुर सिंह

## खीरी जिले के 43 निवेशक उद्यमियों को डीएम ने स्मृति चिन्ह देकर किया सम्मानित

**लोकमित्र ब्यूरो**

**लखीमपुर-खीरी।** जिले के उद्यमियों एवं व्यापारियों की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के उद्देश्य से कलेक्ट्रेट सभागार में डीएम महेंद्र बहादुर सिंह की अध्यक्षता में जिला उद्योग बन्धु की बैठक हुई। बैठक के दौरान डीएम ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया कि उद्यमियों, व्यापारियों, निर्यातकों की जायजा समस्याओं का समयबद्धता एवं गुणवत्तापरक निस्तारण कराया जाए। ताकि जनपद में औद्योगिक गतिविधियों को बढ़ावा मिल सके। बैठक का संचालन उपायुक्त उद्योग संजय सिंह ने किया।



बैठक के दौरान सर्वप्रथम राजधानी लखनऊ में आयोजित इन्वेस्ट यूपी कार्यालय उद्घाटन, सीएम-इन्वेस्टर संवाद की एलईडी स्क्रीन के जरिए कलेक्ट्रेट में लाइव स्ट्रीमिंग हुई, जिस दम महेंद्र बहादुर सिंह सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने उद्यमियों संग देखा और सुना। इसके बाद हाल ही में संपन्न ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी में जिले के 10 करोड़ से ऊपर निवेश करने वाले 13 और 10 करोड़ से नीचे निवेश करने वाले 30 उद्यमियों को डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने सीडीओ अनिल कुमार सिंह के साथ प्रदेश सरकार के स्तर से उपलब्ध कराए गए स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीएम ने कहा कि उद्यमियों की समस्याओं का निस्तारण करना शासन की शीर्ष प्राथमिकता है। समस्याओं के तत्परतापूर्वक निदान से उद्यमियों में प्रशासन के प्रति विश्वास बढ़ता है। व्यापारियों द्वारा उठाई समस्याओं के निदान के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया।

उद्यमियों के हर समस्या के निदान हेतु प्रशासन तत्पर है। सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने बैठक की आवश्यकता व प्रासंगिकता पर विस्तार से अपने विचार व्यक्त किए। सीडीओ ने व्यापारियों द्वारा उठाई गई समस्याओं के निस्तारण हेतु संबंधित विभागों को निर्देशित किया। उपायुक्त (उद्योग) संजय सिंह ने गत बैठक में हुए निर्णयों के अनुपालन की जानकारी दी।

बैठक में उद्यमियों ने महेवागंज से लखीमपुर गोला बाईपास सड़क मार्ग के चौड़ीकरण का मुद्दा उठाया। इस पर डीएम ने पीडब्ल्यूडी विभाग को प्रस्ताव तैयार आवश्यक कार्यवाही हेतु भेजने के निर्देश दिए। बैठक में निवेश मित्र पोर्टल पर लंबित आवेदन पत्रों, विभाग द्वारा संचालित पीएम रोजगार सृजन कार्यक्रम, एमवाईएसवाई, ओडीओपी वित्तपोषण सहित रोजगारपरक योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की। बैठक की शुरुआत में उपायुक्त (उद्योग) संजय सिंह ने गत बैठक में लिए गए निर्णय की अद्यतन प्रगति बताइ।

## चुनाव को देखते हुए पोलिंग बूथों तक पहुंचा पुलिस बल, क्षेत्राधिकारी धौरहरा ने दिये आवश्यक दिशा- निर्देश




**धौरहरा-खीरी।** लोकसभा चुनाव से पहले पुलिस प्रशासन द्वारा क्षेत्र में मौजूद सभी पोलिंग बूथों पर मंगलवार को पुलिस बल द्वारा निरीक्षण करने का निर्देश दिया व निरीक्षण आख्या उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। मंगलवार मे क्षेत्राधिकारी धौरहरा प्रीतम पाल सिंह ने सर्किल के थाना ईसानगर खमरिया व धौरहरा के प्रभारी निरीक्षकों की आन लाइन मीटिंग करते हुए समस्त उप निरीक्षक गण व सिपाहियों द्वारा क्षेत्र में मौजूद क्रिटिकल व वन अबलेबल पोलिंग बूथों पर पुलिस बल की मौजूदगी होने व बूथ तक आने जाने में हो रही दिक्कतों के बारे में जानकारी जुटाने को निर्देशित किया गया।

## सभी असंतुष्ट बूथ अध्यक्ष हुये वापस, जिला महामंत्री व मण्डल अध्यक्ष का प्रयास हुआ सफल

**लोकमित्र ब्यूरो**

**धौरहरा-खीरी।** दो दिन पूर्व भारतीय जनता पार्टी मण्डल रमियाबेहढ के अधीन नगर पंचायत धौरहरा के दर्जन भर बूथ अध्यक्षो का पत्र वायरल होने से पार्टी में मचे घमासान के बाद आनन फानन में मण्डल महामंत्री ने सात लोगों की वापसी कराते हुए शेष पदो पर नई नियुक्ति कर डाली थी।जिला अध्यक्ष के निर्देश पर जिला महामंत्री व मण्डल अध्यक्ष रमियाबेहढ द्वारा हुए सभी असंतुष्ट बूथ अध्यक्षो से वार्ता कर पुनः पार्टी दायित्व स्वीकार करते हुए प्रसन्न दिखे।



भारतीय जनता पार्टी मण्डल रमियाबेहढ के अधीन नगर पंचायत धौरहरा के दर्जन भर बूथ अध्यक्षो के इस्तीफे का पत्र रविवार को वायरल होने के बाद हरकत में आये मण्डल महामंत्री आनन्द शुक्ला द्वारा दूसरे दिन सात लोगों की वापसी कराते हुए शेष पदो पर नई नियुक्ति करने की सूचना के बाद तीसरे दिन कस्बे के हलवाई मंदिर में पार्टी जिलाध्यक्ष सुनील सिंह के निर्देश पर जिला महामंत्री विनोद लोधी व मण्डल अध्यक्ष रमियाबेहढ जय प्रकाश विश्वकर्मा ने सभी असंतुष्ट बूथ अध्यक्षो से वार्ता कर पुनः पार्टी में वापसी कराते हुए विवाद का हल कराने का वादा किया।

ज्ञात हो कि बूथ अध्यक्ष सुरेश नाग पुत्र पूरन निवासी शुक्ला वार्ड की माता रमपत्ता के नाम मोहल्ला रामबाटिका धाम में मौजूद भूमि पर दबंगों द्वारा अवैध रूप से कब्जा व पक्का निर्माण होने से पुलिस व राजस्व विभाग से हतास व परेशान होकर सभी बूथ अध्यक्षो द्वारा सामूहिक रूप से इस्तीफा दिया था। उपरोक्त प्रकरण में एक बूथ अध्यक्ष द्वारा बताया गया कि सरकारी अधिकारियों से लेकर प्रशासन के द्वारा हताश होने के बाद ऐसा निर्णय लिया गया था।अब सारा मामला निपट गया है। ज्ञात हो जिला महामंत्री व मण्डल अध्यक्ष रमियाबेहढ जय प्रकाश विश्वकर्मा द्वारा भूमि संबंधी विवादो के प्रपत्र लेकर एस डी एम धौरहरा राजेश कुमार से वार्ता की। सूत्रों के मुताबिक इस प्रकरण में तहसीलदार धौरहरा द्वारा मौके का निरीक्षण कर बुधवार को राजस्व विभाग की संयुक्त टीम की मौजूदगी में पैमाईश होगी।

## खैरटिया में इंडियन बैंक का हुआ शुभारंभ



**लोकमित्र ब्यूरो**

**तिकुनियां-खीरी।** केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्रा टेनी ने बॉर्डर के गांव खैरेटिया में इंडियन बैंक की शाखा का उद्घाटन बैंक अधिकारियों की मौजूदगी में किया। इस अवसर पर ग्राम प्रधान, बैंक मित्र तथा तथा किसान मौजूद रहे। क्षेत्र के किसानो को संबोधित करते हुए केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्र ने कहा कि यह इलाका खेती किसानी से जुड़ा है, यहां सभी लोग किसान है और बैंक की मांग यहां काफी दिनों से की जा रही थी क्यो कि यहां से बैंकिग सेवा के लिए लोगो को समय निकाल कर 10 से 12 किमी तिकुनियां जाना होता था। यहां पर शाखा खुलने से सभी लोगो के समय की बचत होंगी और लॉकर की भी सुविधा मिलेगी। उन्होंने लोगो से बैंक में खाता खुलवाने और सेवा लेने की बात भी कही। इस अवसर पर इंडियन बैंक के जोनल हेड मिथिलेश कुमार, गिरीश जोशी, प्रदीप कुमार, अभिषेक पटेल, विमल मिश्रा, धीरज शुक्ला, शाखा प्रबंधक नवनीत, बैंकमित्र राजवीर सिंह, विशाल विश्वकर्मा, हरिचरन सिंह, जसवंत सिंह, महल सिंह, प्रधान प्रगट सिंह, जितेंद्र सिंह सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## विद्युत स्पार्किंग से 60 घर जलकर हुए राख

**» उप जिला अधिकारी निघासन पहुंचे मौके पर बेघर हुए लोगों का जाना हाल-चाल**

**लोकमित्र संवाददाता**

**सिंगाही-खीरी।** घर में छप्पर के नीचे लगे बिजली के बोर्ड कि इसपार्किंग से निकली चिंगारी से लगी आग में गांव के 60 घर जलकर स्वाहा हो गए। वही घरों में रखा रोजमर्रा का सामान दाल चावल आटा चारपाई व गैस सिलेंडर फटकर अग्नि की भेंट चढ़ गए। अग्निकांड की सूचना पाकर क्षेत्रीय लेखपाल तहसीलदार व पुलिस के सिपाही मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों व दमकल दस्ते के साथ आग बुझाई। सरकारी अमले ने अग्निकांड से बेघर हुए लोगों को सरकारी इमदाद पहुंचाने का ढाढस बधाया है।



मंगलवार को दोपहर 1:00 बजे थाना क्षेत्र सिंगाही के ग्राम पंचायत बथुआ के मजरा महादेववा में सरवन कुमार गौतम एवं उत्तम दोनों भाइयों के घर के अंदर पड़े छप्पर के नीचे लगे बिजली के बोर्ड मैं अचानक इसपार्किंग हुई जिससे निकली चिंगारी से छप्पर में आग लग गई। तेज हवा के चलते देखते-देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और गांव के राधे नंदकिशोर विजय कुमार नेता उत्तम कुमार जगदंबा बलराम राजेंद्र सोहन अशोक मेला राम रंजीत श्री राम राजकुमार राम गुलाम रामनरेश हर सेवक गुलफाम मेहंदी हसन सरताज आदि करीब 60 घर अग्निकांड में जलकर स्वाहा हो गए वही शत्रोहन निवासी महादेव्वा के घारी में बंधी उसकी पड़िया अग्नि की भेट चढ़ गई। अग्नि का मंजर इतना भयानक था कि ग्रामीण अपनी जान बचाकर घर से निकल पाए बाकी घर गृहस्ती का सामान अग्निकांड मैं अग्नि की भेंट चढ़ गया। लोग खुले आसमान के नीचे अपनी रातें बिताने को विवश हो गए हैं। अग्निकांड की सूचना पाकर नायब तहसीलदार भीमचंद क्षेत्रीय लेखपाल सर्वजीत वर्मा सिपाही राज मंगल एवं राम भवन गांव में पहुंचकर अग्निकांड मे दमकल रास्ते के साथ ग्रामीणों के सहयोग से आग बुझाने में मदद की और ग्रामीणों के साथ कडी मशक्कत कर अग्नि पर काबू पाया जा सका।

## 13 मार्च को होगा रियायती ऋण वितरण कार्यक्रम, डीएम ने ली तैयारी बैठक

**लोकमित्र ब्यूरो**

**लखीमपुर-खीरी।** सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग, भारत सरकार के तत्वावधान में 13 मार्च को सायं 04 बजे आयोजित ₹रियायती ऋण वितरण कार्यक्रम₹ आयोजित होगा। इसमें केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्र टेनी सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अफसर प्रतिभाग करेंगे। जनपदीय कार्यक्रम आयोजन के संबंध में डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने कलेक्ट्रेट में अफसरों की बैठक लेकर संपूर्ण कार्यक्रम की रूपरेखा तय की।



बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग वित्त और विकास निगम, राष्ट्रीय अनुसूचित जाति वित्त और विकास निगम, राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी वित्त एवं विकास निगम के माध्यम से लाभार्थियों को 13 मार्च को सायं 04 बजे रियायती ऋण वितरण कार्यक्रम का भव्य आयोजन होगा। इस कार्यक्रम को पीएम नरेंद्र मोदी वर्चुअल संबोधित करेंगे। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को कार्यक्रम सफल आयोजन के संबंध में जरूरी दिशा निर्देश देते हुए उनके उत्तरदायित्व बताएं।

सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार की सहायक अनुभाग अधिकारी अंकिता जाँगिड़ ने बताया कि सरकार आर्थिक सशक्तीकरण योजनाओं के तहत जिले के लक्षित समूहों के लाभार्थियों के साथ वीडियो कान्फ्रेन्सिंग के माध्यम से हाइब्रिड मोड में विस्तृत विचार विमर्श किये जाने हेतु एक राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम आयोजित कर रहा है। इस कार्यक्रम के आयोजन हेतु जिला समाज कल्याण अधिकारी (विकास) तेजस्वी मिश्रा को नोडल अधिकारी बनाया गया है।

कार्यक्रम की शुरुआत में एडीएम संजय कुमार सिंह ने बैठक की आवश्यकता एवं प्रासंगिकता बताई। कार्यक्रम में एसडीएम रेनू मिश्र, राजीव निगम, एलडीएम अजय कुमार पांडेय, डीएसडब्ल्यूओ सुधांशु शेखर, डीएसडब्ल्यूओ (विकास) तेजस्वी मिश्रा, आईटीआई के फोरमैन अवधेश कुमार, संबंधित बैंकों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

## हमारा आगंन हमारे बच्चे कार्यक्रम आयोजित, विधायक प्रतिनिधि हुए शामिल





**लोकमित्र ब्यूरो**

**धौरहरा-खीरी।** विकासखंड धौरहरा के बी आर सी परिसर में हमारा आंगन-हमारे बच्चे कार्यक्रम खंड शिक्षा अधिकारी धौरहरा की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। जिसमें विकास क्षेत्र से को-लोकेटेड आंगनवाड़ी और स्कूल रेडिनेस प्रशिक्षण प्राप्त नोडल शिक्षको ने प्रतिभाग किया।

नोडल एआरपी श्री राम मिलन भार्गव ने विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा करते हुए कहा कि स्कूल रेडिनेस,52 सप्ताह का समयबद्ध कार्यक्रम है।बाल वाटिका के निपुण लक्ष्यों एवं माता उन्मुखीकरण कार्यक्रम के उद्देश्यों से परिचित कराया। कार्यक्रम में उपस्थित आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों एवं नोडल शिक्षकों को धौरहरा विधायक प्रतिनिधि गोपाल शंकर अवस्थी ने उनके द्वारा निपुण बनाए गए बच्चों के लिए सराहना की।

एआरपी रामकिशोर शुक्ला ने कहा प्राथमिक शिक्षा की नींव है ।इसलिए बाल वाटिका के बच्चो को पूरी तनमय्यता के साथ-सहज करे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए खंड शिक्षा अधिकारी आशीष कुमार पाण्डेय ने कहा बच्चों का मानसिक विकास 5 वर्ष की आयु तक 85% पूर्ण हो जाता है। इसलिए उनके स्वास्थ्य से लेकर शिक्षा तक की जिम्मेदारी आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों के हाथों में है। यदि एक भी बच्चा प्राथमिक शिक्षा से वंचित रहा तो निश्चित ही वह भारत के विकास में बाधक होगा।

कार्यक्रम में प्राथमिक शिक्षक संघ अध्यक्ष धौरहरा सौरभ मिश्र ने कहा आंगनबाड़ी कार्यकत्री व प्राथमिक विद्यालयो के शिक्षक आपस में शैक्षिक समन्वय बनाकर निपुण भारत मिशन को सफल बनाएंगे।को-लोकेटड आंगनवाड़ी से आए हुए बच्चों और राज्य स्तरीय NAT परीक्षा में निपुण हुए बच्चों को पुरस्कृत किया गया। इस आयोजन में एआरपी नीरज त्रिपाठी, नागेंद्र तिवारी,नोडल शिक्षक योगेंद्र मिश्रा, संदीप कुमार,शशिकांत बाजपेई आशुतोष श्रीवास्तव अरुण कन्नौजिया, प्रियावर्त श्रीवास्तव, आशुतोष राम, हरनाम सिंह एवं बीना कुमारी, सुमन देवी, रूची मिश्रा आदि आंगनबाड़ी कार्यकत्री व शिक्षक उपस्थित रहे।

## आगरा रेल डिवीजन को भी 109 करोड़ की 22 परियोजनाओं की मिली सौगात

**अशोक अग्निहोत्री**

**आगरा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को रेलवे को बड़ी सौगात दी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रेलवे की 85 हजार करोड़ रुपये की परियोजनाओ का लोकार्पण व शिलान्यास किया है। इससे भारतीय रेलवे इंफ्रास्ट्रक्चर और आधारभूत ढांचे को मजबूती मिलेगी, वहीं रेलवे की जन सुविधाओं को बढ़ने के साथ साथ पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा। इसके साथ ही आगरा के लिए भी यह दिन ऐतिहासिक है, क्योंकि आगरा को एक और वंदे भारत मिलने जा रही है।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा रेलवे को दी जा रही सौगात के लिए आगरा रेल मंडल की ओर से आगरा कैंट स्टेशन पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अवसर पर केंद्रीय राज्यमंत्री प्रो. एसपी सिंह बघेल के साथ सांसद राजकुमार और छावनी विधायक मौजूद रहे। पीएम मोदी द्वारा 85 हजार करोड़ की योजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास करने के बाद आगरा कैंट स्टेशन पर केंद्रीय राज्यमंत्री प्रो. एसपी सिंह बघेल के साथ सांसद राजकुमार और छावनी विधायक के साथ डीआरएम आगरा ने आगरा को मिली लगभग 109 करोड़ की 22 परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया। इन योजनाओं से स्टेशन पर व्यवस्थाओं को दुरुस्त बनाया जाएगा। इतना ही नहीं, निजामुद्दीन से खुजराहो तक चलने वाली वंदे भारत का स्टॉपेज भी आगरा कैंट पर मिला है।

### आगरा को मिली एक और वंदे भारत

केंद्रीय राज्यमंत्री प्रो. एसपी सिंह बघेल ने बताया कि पीएम नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को 85000 करोड़ से अधिक की रेलवे परियोजना का शिलान्यास एवं लोकार्पण किया है। जिसके अंतर्गत डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर के न्यू खुर्जा से साहनेवाल सेक्शन, न्यू मकरपुरा से न्यू घोलवड़ सेक्शन और वेस्टर्न डीएफसी के ऑपरेशन कंट्रोल सेंटर को समर्पित किया है। इसी कड़ी में पीएम 10 नई वंदे भारत ट्रेनों एवं चार वंदे भारत ट्रेनों का विस्तार और उन्हें हरी झंडी दिखाई है। इसमें आगरा रेल डिवीजन को भी दूसरी वंदे भारत ट्रेन मिल गई है। उन्होंने बताया कि निजामुद्दीन से खजुराहो के बीच में चलने वाली नई वंदे भारत ट्रेन को पीएम हरी झंडी दिखाएंगे। यह ट्रेन आगरा रेल डिवीजन के आगरा कैंट और मथुरा जंक्शन पर भी रुकेगी। वंदे भारत के आगरा रेल डिवीजन में स्टॉपेज से जहां पर्यटक को बढ़ावा मिलेगा तो वही आगरावासियों के लिए भी बड़ी सौगात होगी।

### दो जनऔषधि केंद्र भी मिले

केंद्रीय राज्यमंत्री ने बताया कि 50 जनऔषधि केंद्र की शुरुआत हुई है। उनमें आगरा डिविजन को भी दो जनऔषधि केंद्र मिल रहे हैं। इसमें एक आगरा कैंट को तो दूसरा मथुरा जंक्शन में जनऔषधि केंद्र की शुरुआत की जा रही है, ये दोनों ही जनऔषधि केंद्र सर्कुलेटिंग एरिया में शुरू किए जा रहे हैं।

### क्या कहते हैं आगरा के डीआरएम

प्रधानमंत्री आगरा रेल डिवीजन को 22 परियोजनाओं की सौगात देने जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि इसी कड़ी में एक स्टेशन एक उत्पाद के अंतर्गत 14 रेलवे स्टेशनों का चयन किया गया है। वहीं प्रधानमंत्री जनऔषधि केंद्र के अंतर्गत आगरा डिवीज़न के दो रेलवे स्टेशन चयनित किए गए हैं। प्रधानमंत्री इसके साथ ही आगरा डिवीज़न के अंतर्गत अछनेरा-बाइपास लाइन का भी लोकार्पण करेंगे और मथुरा यार्ड रीमोड़लिंग एवं जादोली के बास गुड्स शेड की आधारशिला रखी है।

### एक स्टेशन एक उत्पाद के लिए 14 स्टेशनों का चयन

कार्यक्रम में मौजूद फतेहपुर सीकरी से सांसद राजकुमार चाहर ने बताया कि एक स्टेशन एक उत्पाद स्टॉल के अंतर्गत आगरा डिवीजन के 14 रेलवे स्टेशन पर इसकी शुरुआत की जा रही है। जिसमें प्रमुख रूप से आगरा छावनी, आगरा फोर्ट, अछनेरा, ईदगाह फतेहपुर सीकरी, शमशाबाद, मथुरा जंक्शन, कोसीकला, भूतेश्वर, गोवर्धन, होडल प्रमुख रेलवे स्टेशन हैं।

## आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन–2024 के दृष्टिगत एसपी खीरी नें किया थाना धौरहरा क्षेत्रान्तर्गत ग्राम प्रतापपुर जंगलमटेरा स्थित दूरस्त बूथ का निरीक्षण

**लोकमित्र ब्यूरो**

**लखीमपुर-खीरी।** आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत आज दिनांक 12.03.2024 को पुलिस अधीक्षक खीरी गणेश प्रसाद साहा द्वारा थाना धौरहरा क्षेत्रान्तर्गत ग्राम प्रतापपुर जंगलमटेरा स्थित दूरस्त बूथ का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान एसपी के द्वारा आवागमन के मार्गों के विषय में पूछताछ की गई तथा स्थानीय ग्रामीणों से वार्ता कर उनकी समस्याओं की जानकारी प्राप्त की गई एवं मतदान के महत्त्व को बताते हुए शत प्रतिशत मतदान करने हेतु जागरूक किया गया। साथ ही प्रभारी निरीक्षक धौरहरा को स्थानीय ग्रामीणों से सतत संपर्क में रहकर समन्वय बनाये रखने के निर्देश दिए गए। इसके अतिरिक्त चुनाव को शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष रूप से संपन्न कराने हेतु की जा रही तैयारियों की समीक्षा की गई एवं चुनाव की संवेदनशीलता को देखते हुए विशेष सतर्कता बरतने हेतु प्रभारी निरीक्षक थाना धौरहरा को आवश्यक दिशा-




निर्देश दिए गए। इस दौरान पूर्व के चुनावों में घटित घटनाओं की समीक्षा कर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने, चुनाव को प्रभावित करने वाले संभावित अपराधियों के विरूद्ध निरोधात्मक कार्यवाही सुनिश्चित करने, हिस्ट्रीशीटरों की जांच कर सक्रिय एचएस के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करने, अपराधी प्रवृत्ति के व्यक्तियों/किसी भी प्रकार के मुकदमें के अभियुक्तों के शस्त्र जमा कराने की कार्यवाही करने, गंभीर अपराधों में जमानत पर बाहर आए अभियुक्तों की जमानत निरस्तीकरण की कार्यवाही करने, अवैध शराब के निष्कर्षण, ब्रिकी व परिवहन के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करने, पुलिस के मददगार व्यक्तियों की सूची बनाकर उनसे लगाकर संपर्क में रहकर लाभप्रद सूचनायें संग्रहित करने, समस्त बूथों का भौतिक निरीक्षण करके आवश्यक मूलभूत सुविधायें जैसे- बिजली, पानी, शौचालय आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु निर्देश दिए गए। तत्पश्चात थाना धौरहरा का निरीक्षण कर चुनाव रजिस्टर, ग्राम अपराध रजिस्टर सहित अन्य महत्वपूर्व अभिलेखों का अवलोकन किया गया तथा समस्त सूचनाओं को अद्यावधिक रखने के संबंध में निर्देश दिए गए।

# यूपी को 3 नई वंदे भारत की सौगात, एक को विस्तार, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जताया आभार

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को वर्चुअल माध्यम से भारतीय रेलवे की 85 हजार करोड़ रुपए की विभिन्न परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी लखनऊ में अपने सरकारी आवास से वर्चुअली इस कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। सीएम योगी ने उत्तर प्रदेश में तीन नई वंदे भारत ट्रेनें शुरू करने के साथ ही लखनऊ-गोरखपुर वंदे भारत ट्रेन को प्रयागराज तक विस्तार देने के लिए पीएम मोदी का आभार जताया।

उल्लेखनीय है कि पीएम मोदी ने देश को 10 नई वंदे भारत ट्रेनों की सौगात दी है। इनमें पीएम ने लखनऊ-देहरादून, पटना-लखनऊ और रांची-वाराणसी के लिए भी वंदे भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखाई। वहीं,



गोरखपुर-लखनऊ वंदे भारत एक्सप्रेस का एक्सटेंशन प्रयागराज तक किया गया है।

इस अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी ने पटना-लखनऊ, लखनऊ-देहरादून, रांची-वाराणसी सहित देश के लिए 10 नई वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों के शुभारंभ के साथ ही गोरखपुर-लखनऊ वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन को प्रयागराज तक विस्तार प्रदान किया। देश में माल परिवहन की सुगमता के लिए डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर की माल गाड़ियों को हरी झंडी भी दिखाई। 'विकसित भारत' के नवनिर्माण को विस्तार देतीं इन सौगातों के लिए प्रधानमंत्री जी का आभार।' माना जा रहा है कि पीएम द्वारा यूपी के लिए रेलवे से संबंधित शुरू की गईं इन परियोजनाओं से प्रदेश के लोगों को सीधा लाभ मिलेगा। वंदे भारत ट्रेनों की संख्या बढ़ने से इन स्थानों पर यात्री अब और अधिक सुविधा के साथ अपने गंतव्य को पहुंच सकेंगे।

### परियोजनाओं की शुरुआत पर सीएम योगी ने जताई खुशी

सीएम योगी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पीएम मोदी का आभार जताते हुए लिखा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा आज राष्ट्र के विकास को रफ्तार देतीं 85 हजार करोड़ रुपए से अधिक लागत की विभिन्न रेल परियोजनाओं के लोकार्पण/शिलान्यास कार्यक्रम में लखनऊ से वर्चुअल माध्यम से सहभाग किया।

### पीएम मोदी ने कुंभ और अयोध्या का भी किया जिक्र

कार्यक्रम के दौरान पीएम मोदी ने कहा कि आज विकसित भारत की दिशा में देश ने एक बहुत बड़ा कदम उठाया है। इस कार्यक्रम में एक लाख करोड़ रुपए से अधिक की परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास हुआ है। इसमें भी 85 हजार करोड़ रुपए से अधिक के सिर्फ रेलवे के प्रोजेक्ट देश को मिले हैं। पीएम मोदी ने कहा कि जनभावनाओं का ध्यान रखते हुए केंद्र सरकार वंदे भारत ट्रेनों की संख्या के साथ ही इनके रूट का भी विस्तार कर रही है।

इसी क्रम में गोरखपुर-लखनऊ वंदे भारत एक्सप्रेस अब प्रयागराज तक जाएगी। उन्होंने साथ ही ये भी कहा कि इस बार तो कुंभ का मेला होने वाला है तो इसका और भी महत्व बढ़ जाएगा। इसके अलावा पीएम मोदी ने अयोध्या जा रही आस्था स्पेशल ट्रेनों का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार विरासत भी और विकास भी के मंत्र को आत्मसात करते हुए आस्था से जुड़े हुए पर्यटन को भी बढ़ावा दे रही है। आज देश में रामायण सर्किट, गुरुकृपा सर्किट, जैन यात्रा पर भारत गौरव ट्रेनें चल रही हैं। यही नहीं, आस्था स्पेशल ट्रेनें तो देश भर से रामभक्तों को अयोध्या तक ले जा रही हैं। अब तक करीब 350 आस्था ट्रेनें चली हैं और इनके माध्यम से 4.5 लाख से ज्यादा श्रद्धालुओं ने श्रीराम लला के दर्शन किए हैं।

## उत्तर प्रदेश समस्त कोषागारों के साथ-साथ 31 मार्च को खुली रहेंगी बैंक शाखाएँ

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश समस्त कोषागारों के साथ-साथ ऐसे बैंकों की सभी शाखाएँ, जो सरकारी लेन-देन का कार्य करतीं हैं वे सभी 31 मार्च, 2024 दिन रविवार को खुली रहेंगी। इस संबंध में अपर मुख्य सचिव वित्त दीपक कुमार ने आवश्यक आदेश जारी करते हुए समस्त जिलाधिकारियों, समस्त मुख्यवरिष्ठ कोषाधिकारियों को वित्तीय संस्थाओं को आवश्यक व्यवस्था कराने के निर्देश दिये हैं। जारी आदेश के अनुसार दिनांक 31 मार्च, 2024 को रविवार होने के कारण साप्ताहिक अवकाश है। चालू वित्तीय वर्ष 2023-24 समाप्ति की ओर है, जिसके कारण दिनांक 31 मार्च, 2024 को अत्यधिक लेन-देन होना स्वाभाविक है, इसलिये शासकीय कार्य करने वाली समस्त बैंक शाखाओं तथा कोषागारों को 31 मार्च, 2024 को अनिवार्य रूप से खोला जाना आवश्यक है।

## योगी सरकार ने आईएएस अधिकारियों के किए तबादले, फिरोजाबाद के DM को हटाया, ये होंगे नए जिलाधिकारी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में योगी सरकार ने लोकसभा चुनाव से पहले एक बार फिर आईएएस अधिकारियों को इधर से उधर किया है। यूपी सरकार ने फिरोजाबाद के डीएम को हटा दिया है। प्रदेश सरकार ने कुछ आईएएस अधिकारियों की जिम्मेदारियों में भी बदलाव किया है।

जानकारी के अनुसार, प्रदेश सरकार ने फिरोजाबाद के जिलाधिकारी उज्जवल कुमार को हटा दिया है। उन्हें विशेष सचिव सूक्ष्म, लघु, मध्यम उद्यम विभाग बनाया गया है। कौशल विकास विभाग में विशेष सचिव रमेश रंजन को फिरोजाबाद का डीएम बनाया गया है। सूक्ष्म, लघु, मध्यम उद्यम विभाग में विशेष अरुण प्रकाश को नगर विकास विभाग का विशेष सचिव बनाया गया है। अपर निदेशक सहकारिता ईशा प्रिया को विशेष सचिव पर्यटन बनाया गया है।

# उत्तर प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाएं पूरी तरह से चौपट : अखिलेश यादव

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि उत्तर प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाएं पूरी तरह से चैपट है। भाजपा सरकार में इलाज नहीं मिलने से लोग तड़प-तड़प कर मरने को मजबूर हैं। अस्पतालों में स्टाफ की कमी के चलते मरीजों को न दवा मिल पा रही हैं और न हीं इलाज हो पा रहा है। मौसम परिवर्तन के कारण जनता मलेरिया बुखार, टाईफाइड, डेंगू आदि अनेक बीमारियों से परेशान है। स्वास्थ्य सेवाएं वेंटिलेटर पर हैं।

सुल्तानपुर में गर्भवती महिला को एम्बुलेंस न मिलने से पिकअप डाले में ले जाना पड़ा, जिससे सीएचसी केन्द्र पहुंचते ही प्रसव हो गया। कभी गवर्नर हाउस के सामने तो कभी अस्पतालों के बाहर गेट पर और गाड़ियों पर प्रसव हो रहे हैं। महिला अस्पतालों में तो अक्सर



डॉक्टर रात में अपनी ड्यूटी पर ही नहीं मिलते है। अब तो हालात इतने बिगड़ गए हैं कि उत्तर प्रदेश सरकार के निर्देशों को भी गैरसरकारी अस्पताल मानने को तैयार नहीं। प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के तहत निजी अल्ट्रासाउंड केन्द्र गर्भवती की मुफ्त जांच के लिए राजी नहीं है। लखनऊ शहर में करीब 200 निजी केन्द्रों पर गर्भवती का अल्ट्रासाउंड होता है। 140 केन्द्र सरकार की योजना में शामिल नहीं हुए हैं।

जनता के स्वास्थ्य की राज्य सरकार को कितनी परवाह है इससे स्पष्ट है कि डॉ0 राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान में चिकित्सा शिक्षकों के 300 पदों पर भर्ती होनी है। पीजीआई में 1803 पदों पर और सुपर स्पेशलिटी कैंसर संस्थान में 93 विशेषज्ञ शिक्षकों की भर्ती होनी है। भाजपा सरकार ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी के नाम पर मेडिकल यूनिवर्सिटी बना तो दी पर अभी तक उस यूनिवर्सिटी का विस्तार नहीं हो सका है।

आज भी अटल बिहारी मेडिकल यूनिवर्सिटी डॉ0 राममनोहर लोहिया आयुविर्ज्ञान संस्थान के 9वे मंजिल पर गोमतीनगर लखनऊ में चल रही है। समाजवादी सरकार में एक रूपये के पर्चे पर गंभीर रोगों हार्ट, किडनी, कैंसर, लीवर आदि का भी मुफ्त इलाज हो जाता था। प्रसूताओं को अस्पताल लाने-ले जाने के लिए 102 और सड़क दुर्घटना में घायलों के लिए 108 डायल एम्बूलेंस सेवा शुरू की गई थी। भाजपा सरकार में इन एम्बूलेंस सेवाओं की हालत खस्ता है। घंटों इंतजार करने के बाद भी मरीजो, घायलों को एम्बूलेंस उपलब्ध नहीं हो पाती है।

# प्रदेश भर में अब तक 16 हजार से ज्यादा बन चुके अमृत सरोवर : केशव प्रसाद मौर्य

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** जल संचयन, संरक्षण व पर्यावरण संतुलन बनाए रखने तथा पानी के बेहतर उपयोग के दृष्टिगत गांवों में तालाबों, व जल स्रोतों को मनरेगा से संवारने का काम उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के नेतृत्व व निर्देशन में किया जा रहा है, यही नहीं इसी दिशा में कार्य करते हुए प्रदेश में विलुप्तप्राय नदियों के पुनरूद्धार का कार्य भी किया जा रहा है। साथ ही साथ मनरेगा से अमृत सरोवरो को बनाने का कार्य जारी है।

अमृत सरोवर के निर्माण में उत्तर प्रदेश देश में अग्रणी राज्य है। अब भी तक देश में सबसे ज्यादा उत्तर प्रदेश में 16,581 अमृत सरोवरों का निर्माण किया जा चुका है। ग्रामीण इलाकों में अमृत सरोवर का उद्देश्य जल संग्रह के साथ-साथ स्थानीय संस्कृति को बढ़ावा देने और आम लोगों को व्यायाम तथा घूमने हेतु स्वच्छ पर्यावरण प्रदान करना है। तालाबों को अमृत सरोवर के रूप में विकसित करने से जल संग्रह तो होता ही है, संग्रहित जल का किसान उपयोग भी करते हैं। साथ ही इन सरोवरों के निर्माण से ग्रामीणों को टहलने-घूमने और सार्वजनिक स्थल पर बैठने की सुविधा भी उपलब्ध होती है।

अमृत सरोवर के पास पौधे लगाने से वृक्षारोपण को भी बढ़ावा मिल रहा है। बात करें संस्कृति को तो स्थानीय त्योहार भी सरोवरों पर मनाए जा रहे हैं। उप मुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्य की पहल पर अमृत सरोवर विकसित होने से छठ पूजा जैसे त्योहार भी मनाने में महिलाओं को मदद मिली है। अमृत सरोवरों पर राष्ट्रीय पर्व जैसे (स्वतंत्रता दिवस,गणतंत्र दिवस) आदि पर ध्वजारोहण भी किया जाता है। केंद्र सरकार ने मनरेगा के तहत प्रत्येक जिले में 75 अमृत सरोवर बनाने का लक्ष्य दिया था। केंद्र द्वारा निर्धारित लक्ष्य 5,625 को 15 अगस्त 2022 को ही प्राप्त कर लिया गया था तथा अब तक 16 हजार से भी ज्यादा अमृत सरोवरों का निर्माण किया जा चुका है। और लगातार अमृत सरोवरों का निर्माण कार्य किया जा रहा है।

जल संरक्षण और संचयन के मकसद से भारत सरकार द्वारा शुरू की गई अमृत सरोवर योजना में उत्तर प्रदेश देश में पहले नंबर पर है। प्रदेश में मनरेगा के तहत अब तक अमृत सरोवर के लिए 24,461 स्थान चिन्हित किए गए हैं। 21,026 चिन्हित स्थानों पर कार्य शुरू हो चुका है, वहीं 16,581 अमृत सरोवर का निर्माण कार्य पूरा किया जा चुका है। जो कि दूसरे नंबर पर मध्य प्रदेश के अमृत सरोवरों की कुल संख्या (5,647) का दोगुना से भी अधिक है। तीसरे नंबर पर कर्नाटक में अब तक 3,815, चैथे नंबर पर राजस्थान में अब तक 3,085 और 5वें नंबर पर महाराष्ट्र में अब तक 3,013 अमृत सरोवर बनकर तैयार हो चुके हैं।

अमृत सरोवर के बड़े पैमाने पर निर्माण से उत्तर प्रदेश में ग्रामीण आबादी के एक बड़े हिस्से को रोजगार भी मिल रहा है। इससे किसानों की सिंचाई की समस्या का समाधान हुआ है और उनकी आय में भी वृद्धि हुई है। राज्य सरकार के मार्गदर्शन एवं विभाग के अथक प्रयास से प्रदेश में तेजी से अमृत सरोवरों का निर्माण हो रहा है। बात करें जिलों की तो प्रदेश में टॉप-3 जनपदों तो अब तक गोरखपुर में 712, महराजगंज में 597 और प्रयागराज में अब तक 522 अमृत सरोवरों का निर्माण कार्य पूरा किया जा चुका है, जो कि प्रदेश में अमृत सरोवर के निर्माण में अग्रणी जनपद की भूमिका निभा रहे हैं।

# ‘प्रदेश में हालात पूरी तरह सामान्य, संवेदनशील जगहों व उपद्रवी तत्वों पर हमारी कड़ी नजर’

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** देश में नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) लागू होने की घोषणा के बाद से ही यूपी में हाई अलर्ट लागू कर दिया गया। पुलिसकर्मियों की छुट्टियां रद् कर दी गईं और छुट्टी पर गए पुलिसकर्मियों को वापस बुला लिया गया है। मंगलवार को प्रदेश के डीजीपी प्रशांत कुमार ने कहा कि प्रदेश में कानून-व्यवस्था पूरी तरह मुस्तैद है। कहीं से भी कोई अप्रिय घटना की खबर नहीं है।

उन्होंने कहा कि हमें सीएए लागू होने की जानकारी पहले से ही थी इसलिए हम पहले से ही तैयार थे। इससे जुड़े सभी स्टेक होल्डर्स जैसे धार्मिक नेता, पीस कमेटी, डिजिटल वालंटियर्स और सिविल डिफेंस के लोगों से लगातार वार्ता चल रही थी।

उन्होंने कहा कि मैं फिर से स्पष्ट कर देना चाहता हूं कि सीएए एक ऐसा कानून है जिससे किसी की नागरिकता नहीं जाएगी बल्कि ये



नागरिकता देने का कानून है। इसका लाभ उन लोगों को मिलेगा जो कि हमारे पड़ोसी देशों से धार्मिक कारणों से परेशान होकर यहां आए हैं। ऐसे लोगों की संख्या भी बहुत कम है।

उन्होंने कहा कि सभी धार्मिक नेताओं ने अधिसूचना जारी होने के बाद सकारात्मक टिप्पणी की है और हम लोग ऐहतियात बरत रहे हैं। शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए 179 कंपनी पीएसी और 100 कंपनी सीएपीएफ तैनात की गई है। लगातार निगरानी की जा रही हैं। जिलाधिकारी व पुलिस अफसरों की टीम लगातार लोगों से संवाद कर रही है। कहीं से भी किसी अप्रिय घटना की खबर नहीं है। संवेदनशील जगहों व उपद्रवी तत्वों पर लगातार नजर रखी जा रही है। कोई भी व्यक्ति गड़बड़ी करेगा और अशांति फैलाने की कोशिश करेगा उस पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। डीजीपी मुख्यालय से फील्ड और सोशल मीडिया पर लगातार निगरानी की जा रही है।

## खाद्यान्न का मुफ्त वितरण 15 मार्च से 29 मार्च तक

**लखनऊ।** प्रदेश के अन्त्योदय एवं पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2013 के तहत माह मार्च, 2024 के सापेक्ष आवंटित खाद्यान्न, चयनित जनपदों में मक्का, ज्वार, कोदो व बाजरा का निःशुल्क वितरण 15 मार्च से 29 मार्च, 2024 तक सुनिश्चित कराया जाएगा। इसके अलावा अन्त्योदय कार्डधारकों को त्रैमास जनवरी, फरवरी और मार्च के सापेक्ष चीनी का वितरण 18 रूपये प्रति किलो की दर से किया जायेगा। इस संबंध में प्रदेश के खाद्य आयुक्त सौरभ बाबू की ओर से जारी आदेश के अनुसार आधार प्रमाणीकरण के माध्यम से आवश्यक वस्तुओं को प्राप्त न कर सकने वाले उपभोक्ताओं को मोबाइल ओ0टी0पी0 वैरिफिकेशन के माध्यम से 29 मार्च, 2024 को वितरण सम्पन्न कराया जायेगा।

# फन रिपब्लिक मॉल में महिलाओं ने दिखाया अपना हुनर

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** लखनऊ के सुप्रसिद्ध शॉपिंग डेस्टिनेशन फन रिपब्लिक मॉल में महिला दिवस के उपलक्ष्य में एक शानदार टैलेंट शो का आयोजन किया गया, यह टेलेंट शो तीन दिन का था जिसमे पहले दिन महिलाओं को फ्री मूवी दिखाई गई साथ ही शानदार मेकओवर भी दिया गया, जिससे महिलाएं बेहद खुश थी और उन्होंने इस खास लम्हे को पूरी तरह जिया। दूसरे दिन ऑडिशन एवं सेमी फाइनल था। और आखिरी दिन फाइनल हुआ। इस भव्य इवेंट में 5 श्रेणियों में 250 से अधिक महिलाओं ने प्रतिभाग लिया जोकि काबिले तारीफ है। फन रिपब्लिक मॉल में फिनाले से पहले डांस, फैशन शो, सिंगिंग, स्टाइलिंग के ऑडिशन में विभिन्न श्रेणियों में 250 में से 40 महिलाओं का चयन किया गया। जिन्होंने फिनाले में मनमोहक प्रस्तुति



दी। जिनको जज करने के लिए शहर की नामी हस्तियां मौजूद थीं। जिनमे प्रमुख रूप से डा. कौशकी सिंह, डा. नीलिमा दत्त, नीतू यादव( विनर तनिष्क प्राइड्स ऑफ अवध), शिवांगी बाजपेई(विनर ऑफ डांस इंडिया डांस सुपर मॉम), आसमा हुसैन(फेमस फैशन डिजाइनर फ्रॉम लखनऊ), वर्षा श्रीवास्तव(गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर+ नगर निगम ब्रांड एंबेसडर), तान्या भटनागर(मिस डीवा विनर), दीपिका सिंह( बिजनेस वूमेन चोको टिप्स), अमृत(भरतनाट्यम गुरु इंटरनेशनल अवार्डेड), नंदिनी मोटवानी( लखनऊ मास्टर शेफ) मौजूद थीं।सभी 40 प्रतिभागियों ने शानदार परफॉर्मेंस कर सभी जजेस और पब्लिक का दिल जीत लिया और अंत में सभी प्रतिभागियों में से 9 प्रतिभागियों को विजेता घोषित किया गया। जोकि वाकई में जजेस के लिए काफी कठिन था। परफॉर्मेंस की बात करें तो फैशन शो में तनिष्का, सृष्टिका, अरेमा। सिंगिंग में हर्षिता, सिदरा। डांस मे ख़ुशी,सान्या जबकि मेकओवर में बबीता और दर्शिका ने खिताब अपने नाम किया। तीन विजताओं को पांच हजार कैश एवं गिफ्ट हैंपर्स दिए गए।

## शुरू हो गए गर्मियों के दिन, दस दिन बाद दिन का पारा 30 पार



**लखनऊ।** शुष्क मौसम बता रहा है कि गर्मियों के दिन शुरू हो गए हैं। हालांकि, बीच में चलती तेज रफ्तार हवा के कारण स्वेटर की जरूरत बनी हुई है। फिलहाल मौसम में मंगलवार को कोई बदलाव के आसार नहीं हैं।

मौसम विभाग के मुताबिक, खुला मौसम और तीखी धूप बनी रहेगी। धूप का ही असर रहा कि सोमवार को दिन का तापमान दस दिन बाद 30 डिग्री से अधिक पहुंचा।

इससे पहले एक मार्च को पारा 30..5 डिग्री था, सोमवार को यह 30.4 डिग्री रहा। वहीं न्यूनतम तापमान 14.2 डिग्री दर्ज हुआ। मौसम विभाग के मुताबिक, इस सप्ताह न्यूनतम तापमान में दो डिग्री और दिन के पारे में एक से दो डिग्री की बढ़ोतरी संभव है।

# परिवहन मंत्री ने 41 .16 करोड़ रूपये की 18 परियोजनाओं का किया लोकार्पण

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के परिवहन राज्यमंत्री दयाशंकर सिंह ने आज परिवहन निगम मुख्यालय के सभागार कक्ष में परिवहन विभाग एवं परिवहन निगम की 41.16 करोड़ रूपये लागत की कुल 18 परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया।

बस स्टेशन बिन्दकी जनपद फतेहपुर, बस स्टेशन एवं डिपो कार्यशाला शाहगंज जनपद जौनपुर, बस स्टेशन सुजानगंज जनपद जौनपुर, बस स्टेशन ललौली जनपद फतेहपुर, बस स्टेशन हाटा जनपद कुशीनगर, बस स्टेशन डुमरियागंज जनपद सिद्धार्थनगर, डिपो कार्यशाला कुछैछा जनपद हमीरपुर, बस स्टेशन नजीबाबाद जनपद बिजनौर, बस स्टेशन जलेसर जनपद एटा एवं डिपो कार्यशाला इज्जतनगर जनपद बरेली का शिलान्यास एवं बस स्टेशन फरीदपुर जनपद बरेली, बस स्टेशन बछरांवा जनपद रायबरेली, बस स्टेशन महाराजगंज का लोकार्पण किया गया। उन्होंने कहा कि इन परियोजनाओं के धरातल पर आने से प्रदेश की जनता को बहुत सी सुविधाएं मुहैया होंगी। परिवहन निगम मुख्यालय में उन्होंने कमान्ड एण्ड कन्ट्रोल सेन्टर का फीता काटकर उद्घाटन किया एवं बसों की वास्तविक स्थिति का स्वयं परीक्षण किया।

उन्होंने कहा कि कमान्ड कन्ट्रोल सेन्टर के माध्यम से से बसों की वास्तविक स्थिति प्रदेश के लोगों को मिलेगी। वास्तविक लोकेशन प्राप्त कर किसी आकस्मिक स्थिति में तत्काल सहायता पहुंचाई जा सकती है। कमान्ड कन्ट्रोल सेन्टर को डॉयल 112 से भी जोड़ा जा रहा है। बसों में वीएलटीडी (व्हीकिल लोकेशन एण्ड टेकिंग डिवाइस) के साथ-साथ पैनिक बटन भी लगाया गया है, जिसका उपयोग करने से निगम मुख्यालय स्थित कमान्ड कन्ट्रोल सेन्टर एवं सम्बंधित क्षेत्रीय कन्ट्रोल रूम में पैनिक अलर्ट प्रदर्शित होगा। अब लोगों को अपने परिवारीजनों की यात्रा के दौरान वास्तविक स्थिति की सुरक्षा स्वतः प्राप्त हो सकेगी एवं परिजनों की जानकारी की चिन्ता से भी मुक्ति मिलेगी।

परिवहन मंत्री ने इस अवसर पर परिवहन विभाग द्वारा संचालित की जाने वाली महत्वपूर्ण परियोजना रायबरेली स्थित इन्स्टीट्यूट ऑफ ड्राइविंग ट्रेनिंग एण्ड रिसर्च सेन्टर का लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि यह देश का पहला ऐसा सेन्टर है, जहां टेनिंग, टेस्टिंग के साथ-साथ रिसर्च का भी कार्य किया जायेगा। इस सेन्टर के संचालित होने से प्रदेश को कुशल चालक मिलेंगे एवं मुख्यमंत्री जी की मंशानुरूप सड़क दुर्घटनाओं में 50 प्रतिशत तक कमी लाने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि इसके अलावा जनपद अयोध्या में डीटीटीआई एवं प्रतापगढ़ में एडीटीटी का लोकार्पण से ड्राइवरों की टेनिंग अब ऑनलाइन हो सकेगी। अब मैनुअल ट्रेनिंग की व्यवस्था धीरे-धीरे समाप्त कर दी जायेगी।

उन्होंने कहा कि परिवहन निगम द्वारा लोगों को एयरपोर्ट जैसी सुविधाओं से युक्त सेवाएं मुहैया कराने की दिशा में लगातार कार्य किया जा रहा है, जिसके अन्तर्गत बस स्टेशनों का उच्चीकरण से लेकर पुर्ननिर्माण तक का कार्य कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि परिवहन निगम में 11 बस स्टेशनों को पीपीपी मॉडल पर संवारने का कार्य तेजी से किया जा रहा है। जल्द ही 11 अत्याधुनिक बस स्टेशन प्रदेश के लोगों को मिलेंगी, जहां पर शॉपिंग मॉल, सिनेमा हॉल जैसे अत्याधुनिक सुविधाएं होंगी।

## आईएएस अटल कुमार राय पंचायती राज के निदेशक बने, फिरोजाबाद के डीएम बदले

**लखनऊ।** आईएएस अटल कुमार राय को पंचायती राज विभाग का निदेशक नियुक्त किया गया है। वो अभी तक खाद्य व रसद विभाग में विशेष सचिव के पद पर तैनात थे। आईएएस अटल 2010 बैच के आईएएस अफसर हैं।

इसके पहले भी मंगलवार को अफसरों की तैनाती में फेरबदल किया गया। फिरोजाबाद के जिलाधिकारी उज्जवल कुमार को हटा दिया। उन्हें विशेष सचिव सूक्ष्म, लघु, मध्यम उद्यम विभाग बनाया गया है।

कौशल विकास विभाग में विशेष सचिव रमेश रंजन को फिरोजाबाद का डीएम बनाया गया है। सूक्ष्म, लघु, मध्यम उद्यम विभाग में विशेष अरुण प्रकाश को नगर विकास विभाग का विशेष सचिव बनाया गया है। अपर निदेशक सहकारिता ईशा प्रिया को विशेष सचिव पर्यटन बनाया गया है। विशेष सचिव गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग शेषनाथ को विशेष सचिव पीडब्ल्यूडी बनाया गया है।

# अब और सुरक्षित व सुलभ होंगी यूपी रोडवेज की बसें, हो सकेगी बसों की लाइव ट्रैकिंग

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के प्रत्येक नागरिक को परिवहन की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए प्रयासरत योगी सरकार ने उत्तर प्रदेश परिवहन निगम द्वारा संचालित बसों को और सुलभ व सुरक्षित बना दिया है। इसके तहत योगी सरकार ने मंगलवार को निगम मुख्यालय स्थित कमांड कंट्रोल सेंटर का उद्घाटन किया।

इस कमांड कंट्रोल सेंटर के माध्यम से बसों की लाइव ट्रैकिंग, आपात स्थिति में रियलटाइम लोकेशन पर तत्काल सहायता समेत पैनिक बटन के अलर्ट जैसी सुविधाएं मिलेंगी। इससे निगम की बसों को और अधिक सुरक्षित बनाने में मदद मिलेगी। मंगलवार को निगम द्वारा 3067 करोड़ रुपए की लागत से दस बस स्टेशनों के नव निर्माण और पुनर्निर्माण के कार्य का शिलान्यास किया गया, जबकि 1048 करोड़ की लागत से बने कमांड एंड कंट्रोल सेंटर और तीन अन्य बस स्टेशन का लोकार्पण भी किया गया।

### कमांड कंट्रोल सेंटर में 24x7 उपलब्ध रहेंगे कार्मिक

परिवहन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह ने निगम मुख्यालय के सभागार कक्ष में इन सभी परियोजनाओं का शिलान्यास व लोकार्पण किया। उन्होंने बताया कि कंट्रोल एंड कमांड सेंटर की स्थापना से मुख्यालय में परिवहन निगम की बसों की लाइव ट्रैकिंग उपलब्ध रहेगी। किसी आकस्मिक स्थिति में वास्तविक लोकेशन उपलब्ध रहने से तत्काल सहायता पहुंचाना संभव हो सकेगा। यात्रा के दौरान किसी अप्रिय स्थिति में यात्री द्वारा वाहन में स्थापित पैनिक बटन प्रेस करने पर निगम मुख्यालय स्थित कमांड कंट्रोल सेंटर एवं संबंधित क्षेत्रीय कंट्रोल रूम में पैनिक अलर्ट प्रदर्शित होगा।

कमांड कंट्रोल सेंटर तथा क्षेत्रीय कंट्रोल रूम में मॉनीटरिंग के लिए 24x7 आधार पर उपलब्ध कार्मिक द्वारा कंट्रोल रूम में अलर्ट प्राप्त होने पर त्वरित निदान के लिए निर्धारित एसओपी के अनुसार कार्यवाही की जाएगी। परिवहन मंत्री ने कहा कि इस सुविधा से लोगों को काफी राहत मिलेगी। इसके अलावा, रायबरेली में ड्राइवर ट्रेनिंग एंड रिसर्च सेंटर का भी उद्घाटन किया गया है। इससे हमें अच्छे और दक्ष ड्राइवर्स प्राप्त होंगे।

### अयोध्या में ड्राइविंग टेस्टिंग इंस्टीट्यूट की शुरुआत

उन्होंने बताया कि हमने बहुत सारी सुविधाओं को ऑनलाइन कर दिया है, जिससे लोगों को काफी राहत मिली है। जैसे ड्राइविंग लाइसेंस को शत प्रतिशत ऑनलाइन कर दिया गया है और अब ड्राइविंग टेस्टिंग इंस्टीट्यूट का भी उद्घाटन किया जा रहा है। यह पूरी तरह ऑटोमैटिक रहेगा। इससे अब न कोई किसी को पास कर सकता है और न कोई किसी को फेल कर सकता है।

## संक्षेप

### लोकप्रिय सामाजिक कार्यकर्ता सुनील वैद्य मानक डॉक्टरेट की उपाधि से नवाजे गए



साहिबाबाद। हिडन पार के वैशाली क्षेत्र के निवासी टीम 100 गाजियाबाद के वरिष्ठ सदस्य एवं समाजसेवी सुनील वैद्य को अमेरिकन कॉस्ट यूनिवर्सिटी, न्यू यॉर्क द्वारा समाज सेवा के क्षेत्र में उनके महत्वपूर्ण योगदान को देखते हुए डॉक्टरेट की मानक उपाधि से नवाजा गया है। इस भावुक पल में सुनील वैद्य ने अवगत करवाया कि उनकी यह यात्रा और अनवरत संघर्ष का सफर काफी चुनौतियों से भरा हुआ रहा। परंतु इस लंबी यात्रा में उनकी सबसे बड़ी पूंजी उनके शुभचिंतकों तथा दोस्तों एवं परिजनों से मिलने वाला अविरल प्यार एवं उत्साहवर्धन था था, जो उनके अनवरत समाज सेवा एवं सामाजिक न्याय के रास्ते पर चलने के लिए सहायक सिद्ध हुआ। उन्होंने उन समुदायों और संगठनों का भी आभार व्यक्त किया जिनके सहयोग उन्हें निरंतर प्राप्त होता रहा और समर्पित भाव से काम करते रहने की प्रेरणा जिनसे मिलती रही। उन्होंने आगे कहा कि मेरा शोध कार्य मानवाधिकार तथा सामाजिक न्याय को बढ़ावा देने में अहम भूमिका अदा करेगा, ऐसा मुझे विश्वास है।

### जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं का आयोजन पं० गोविन्द बल्लभ पंत स्पोर्ट्स स्टेडियम जी०टी० रोड़, एटा 18, 19 एवं 20 मार्च को

एटा। उपक्रीडाधिकारी ने बताया है कि खेल निदेशालय उ0प्र0 खेल भवन लखनऊ के तत्वावधान में वर्ष 2023-24 में सीनियर वर्ग की जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं का आयोजन पं0 गोविन्द बल्लभ पंत स्पोर्ट्स स्टेडियम जी0टी0 रोड़, एटा पर दिनांक 18, 19 एवं 20 मार्च 2024 में कराया जा रहा है। उन्होनें बताया कि एथलेटिक्स सीनियर महिला/पुरुष वर्ग (ईवेंटस-100,200,400,800,1500,3000, 110 मी0 हार्डिल, लॉग जम्प, ट्रिपल जम्प, शॉटपुट, डिसकस थ्रो, जेवलिन थ्रो) नोट :- एक खिलाड़ी केवल एक दौड़ और एक फील्ड ईवेन्ट में ही प्रतिभाग कर सकता है। तथा फुटबॉल सीनियर पुरूष वर्ग, कबड्डी सीनियर महिला वर्ग, वालीबॉल सीनियर पुरूष वर्ग प्रतियोगिता में जनपद एटा के निवासी, स्कूलों व कॉलेज के खिलाडी ही प्रतिभाग कर सकते हैं। उन्होनें बताया कि उपरोक्त प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करने हेतु टीमों की एन्ट्री 16 मार्च, 2024 तक इस मो0 नं0-9412861414- श्री अजीत सिंह, 8630867801 - श्री शेखर ठाकुर से सम्पर्क स्थापित कर सकते हैं। नोट- दिनांक 16 मार्च, 2024 के बाद टीमों की एन्ट्री नहीं ली जायेगी।

### किया जायेगा प्रधानमंत्री के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण

अमेठी। जिला समाज कल्याण अधिकारी (विकास) नलिन राज ने बताया कि मा0 प्रधानमंत्री जी भारत सरकार द्वारा पी0एम0-सुराज पोर्टल का शुभारम्भ, 01 लाख लाभार्थियों को रियायती ऋण वितरण, सफाई कर्मचारियों को आयुष्मान कार्ड व पी0पी0 किट वितरण एवं पी0एम0 दक्ष योजना के लाभार्थियों से बातचीत का सजीव प्रसारण कार्यक्रम 13 मार्च 2024 को अपरान्ह 4 बजे से जिला पंचायत रिसोर्स सेन्टर गौरीगंज के सभागार में आयोजित किया जायेगा।

### मतदान केंद्रों व महिला थाना का किया स्थलीय निरीक्षण

अमेठी। जिलाधिकारी निशा अनंत व पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार ने आज संयुक्त रूप से कस्बा जायस में मतदान केंद्रों तथा गौरीगंज में महिला थाना का स्थलीय निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। सर्वप्रथम डीएम व एसपी ने कस्बा जायस क्षेत्र के मलिक मोहम्मद भारतीय इंटरमीडिएट कॉलेज जायस, राजकीय इंटर कॉलेज जायस व प्राथमिक विद्यालय जायस में बने मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया एवं संबंधित अधिकारियों को वहां पर बिजली, पानी, रैंप, शौचालय, सुरक्षा व्यवस्था सहित अन्य मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके उपरांत उन्होंने गौरीगंज में महिला थाना का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने थाना एएचटीयू व नेशनल ऑटोमेटेड फिंगरप्रिंट आईडेंटिफिकेशन सिस्टम सेल तथा कार्यालय में लंबित प्रकरणों के त्वरित निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

### मीडिया/सोशल मीडिया टीम को दिया गया प्रशिक्षण

अमेठी। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के परिप्रेक्ष्य में जनपद में गठित मीडिया/सोशल मीडिया टीम के सदस्यों को प्रशिक्षण अतिरिक्त मजिस्ट्रेट मोहम्मद असलम की अध्यक्षता में निर्वाचन कार्यालय के सभागार में दिया गया। प्रशिक्षण में अतिरिक्त मजिस्ट्रेट ने बताया कि प्रिन्ट मीडिया, इलेक्ट्रानिक मीडिया एवं सोशल मीडिया की निगरानी हेतु जिला स्तर पर मीडिया प्रमाणीकरण अनुश्रवण समिति का गठन किया गया है, समिति द्वारा पेड न्यूज, विज्ञापन व प्रचार सामग्री सहित किसी भी प्रकार की मीडिया द्वारा मतदाताओं को प्रभावित करने वाली गतिविधि पर नजर रखी जायेगी। सभी कमेटी के सदस्य व जिले के अधिकारी स्वतंत्र व निष्पक्ष चुनाव हेतु कटिबद्ध है। उन्होने कहा कि आचार संहिता की घोषणा के बाद उक्त टीम का कार्य शुरू हो जायेगा। प्रशिक्षण के दौरान टीम के सदस्यों को लोकसभा सामान्य निर्वाचन के दौरान एमसीएमसी तथा पेड न्यूज के सम्बन्ध में की जाने वाली कार्यवाही के बारे में जानकारी विस्तृत रूप से दी गयी।

### शांति एवं कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने हेतु अर्धसैनिक बल के साथ निकले जिलाधिकारी एंव वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक

एटा। मंगलवार को जिलाधिकारी प्रेम रंजन सिंह व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सिंह,अपर पुलिस अधीक्षक धनन्जय सिहं कुशवाहा,अपर पुलिस अधीक्षक अपराध योगेन्द्र सिंह,क्षेत्राधिकारी नगर विक्रान्त द्विवेदी तथा आई टी बी पी एसी रोहित शुक्ला तथा भारी पुलिस बल सहित सी ए ए कानून एंव लोकसभा चुनाव व आगामी त्यौहार के दृष्टिगत जनपद में शांति एवं कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने हेतु अर्धसैनिक बल के साथ थाना कोतवाली नगर क्षेत्र के घन्टाघर, मेहता पार्क, नन्नूमल चौराहा तथा मिश्रित आवादी वाले क्षेत्र में फ्लैग मार्च किया गया। साथ ही लोगो से वार्ता कर उनको सी ए ए कानून के संबंध में जानकारी दी गई कि यह नागरिकता देने का कानून है किसी की नागरिकता छीनने का कानून नहीं है। इसके संबंध कोई भी भ्रामक खबर फैलाएगा उसके खिलाफ सख्त से सख़्त कानूनी कार्यवाही की जाएगी।

### डीएम व एसपी ने मतदान केंद्र का किया स्थलीय निरीक्षण

**अमेठी**। जिलाधिकारी निशा अनंत व पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार ने आज संयुक्त रूप से थाना अमेठी तथा अमेठी के देवीपाटन इंटर कॉलेज व प्राथमिक विद्यालय देवीपाटन अमेठी में बने मतदान केंद्र का औचक निरीक्षण किया कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। सर्वप्रथम डीएम व एसपी ने अमेठी थाने का निरीक्षण किया इस दौरान उन्होंने महिला हेल्प डेस्क, इंटीग्रेटेड सीसीटीवी कंट्रोल रूम, कार्यालय आदि का निरीक्षण किया, निरीक्षण के दौरान त्यौहार रजिस्टर व अन्य अभिलेखों का अवलोकन किया एवं दंगा नियंत्रण उपकरणों को जांचा, शिकायती प्रार्थना पत्रों व विवेचनाओं के गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण हेतु प्रभारी निरीक्षक अमेठी को निर्देशित किया। इसके उपरांत उन्होंने अमेठी के देवीपाटन इंटर कॉलेज व प्राथमिक विद्यालय देवीपाटन में बने मतदान केंद्र का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

# बच्चों के अच्छे कार्यों पर प्रोत्साहन देने से बच्चे और अधिक बेहतर कार्य करते: डीएम

**लोकमित्र ब्यूरो**



**बाराबंकी**। पुरस्कार एक शिक्षक को समाज में जितना गौरवान्वित महसूस कराते हैं, उससे कहीं अधिक जिम्मेदारियों से भी बांधते हैं, ताकि वह और अधिक अच्छा कार्य कर सकें। यह बात मुख्य अतिथि जिलाधिकारी ने मंगलवार को आयोजित सम्मान समारोह के दौरान कहीं। '

बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा ब्लॉक संसाधन केन्द्र बंकी बड़ेल में निपुण विद्यालय सम्मान समारोह एवं हमारा आंगन हमारे बच्चे कार्यक्रम का आयोजन किया गया, इस दौरान 166 निपुण विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों को प्रमाण पत्र आदि प्रदान कर सम्मानित किया गया। जिलाधिकारी ने निपुण विद्यालयों के शिक्षकों को सम्बोधित करते हुए कहा कि आप जिस शिखर पर पहुंचे हैं, उसे बरकरार भी रखना है। आपके माध्यम से यह संदेश अन्य विद्यालयों को भी पहुंचना चाहिए कि आपने किन प्रयासों से अपने विद्यालय को निपुण की श्रेणी में पहुंचाया है। उन्होंने यह भी कहा कि बच्चों की पर्सनालिटी प्राथमिक शिक्षा के दौरान ही डेवलप होती है। बच्चों के अच्छे कार्यों की यदि थोड़ी सी तारिफ की जाए तो बच्चे और अधिक बेहतर कार्य करते हैं। हर बच्चे पर विशेष ध्यान रखने की आवश्यकता है।

इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी ने शिक्षकों को बधाई देते हुए कहा कि बच्चे नई पौध की तरह होते हैं, शिक्षक जितना बेहतर तरीके से ज्ञान की बूंदों से सीचेंगे बच्चे उतना अधिक सीखेंगे। तद जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने कहा कि अध्यापक और अभिभावक के नियमित संवाद से ही छात्रों की विद्यालय में शतप्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित की जा सकती है, इसलिए अध्यापकों को अपने विद्यालय में अध्ययनरत समस्त बच्चों के अभिभावकों से नियमित संवाद करना चाहिए।

### दिन प्रतिदिन दूभर हो रहा शहर के अंदर आवागमन

**बाराबंकी**। विदित, एक बड़ा सवाल! सुरक्षा की दृष्टि से प्रशासन ने तमाम नियम कानून बना रखे हैं जैसे बाइक चलाते समय हेलमेट हेलमेट अनिवार्य है। यहां पर अपरिहार्य नहीं हेलमेट लगाना तथा प्रदूषण प्रमाण पत्र ..। सतत याद रहे , सड़क सुरक्षा की दृष्टि से जागरूकता उत्पन्न किए जाने के उद्देश्य प्रशासन के द्वारा यातायात सप्ताह, यातायात माह, यातायात पखवारा जैसे तमाम यातायात कार्यक्रम समय समय पर चलाए जाते हैं। इसके विपरीत सामान ढोने के लिए बाइक लगाकर बनाई गई ठेलिया को न यातायात पुलिस न तो एआरटीओ पूछता है , बरबस ! प्रशासनिक अधिकारियों की दृष्टि भी इन पर नहीं पड़ती है । अब सवाल। यह उठता है कि शहर के अंदर मध्यम गति से तंग रास्ते में देखे जाते हैं। क्या ऐसे वाहनों की संख्या बड़ गयी? देखा जा रहा सरिया तथा लकड़ी की तखत ढोने का कार्य बाइक ठेलिया द्वारा किया जा रहा हैं।

# लिस मुठभेड़ में 25,000 का इनामिया शातिर बदमाश गिरफ्तार



**लोकमित्र ब्यूरो**

**एटा**। थाना कोतवाली देहात क्षेत्रांतर्गत चोरी की घटना में वांछित चल रहा 25,000 का इनामिया शातिर बदमाश पुलिस मुठभेड़ में पैर में गोली लगने से हुआ घायल, किया गया गिरफ्तार।

गतदिवस को थाना कोतवाली देहात पुलिस एवं एसओजी टीम द्वारा की जा रही चेकिंग के दौरान मारहरा रोड सिराव पुलिया के पास समय करीब 23.45 बजे लिप्टन की तरफ से एक स्प्लेंडर बाइक एटा की तरफ आती हुई दिखाई दी जिस पर 02 व्यक्ति सवार थे।

पुलिस द्वारा रुकने का इशारा किया गया तो, व्यक्तियों द्वारा बाइक को भगाने का प्रयास किया गया, घेराबंदी के कारण बाइक को भगा ले जाने में असमर्थ रहने पर, दोनों अभियुक्तों द्वारा पुलिस पर फायर करते हुए भागने का प्रयास किया गया, पुलिस टीम द्वारा की गयी आत्मरक्षार्थ फायरिंग में 01 अभियुक्त मोनू यादव पुत्र दूरबीन निवासी नगला सुम्मेर थाना बागवाला एटा के दाहिने पैर में गोली लगने से घायल हो गया, जिसको पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर, उपचार हेतु जिला चिकित्सालय भिजवाया गया है।

दूसरा अभियुक्त भागने में सफल रहा। गिरफ्तार अभियुक्त थाना कोतवाली देहात पर पंजीकृत मुअसं-37/24 धारा 411/414 भादवि तथा 2. थाना जैथरा पर पंजीकृत मुअसं-40/24 धारा 379/411 भादंवि में वांछित चल रहा था।गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म का अपराधी जिसके विरुद्ध जनपद एटा में विभिन्न थानों पर करीब 15 मुकदमे पंजीकृत हैं। अभियुक्त के कब्जे एवं मौके से 01 अवैध तमंचा 315 बोर 03 जिंदा, 01 खोखा कारतूस, एक चोरी की स्प्लेंडर बाइक बरामद हुए हैं।

### नकलविहीन शान्तिपूर्ण एवं सशुकल परीक्षा सम्पन्न कराना सुनिश्चित करें: अपर जिला मजिस्ट्रेट

**एटा**। जिलाधिकारी प्रेम रंजन सिंह के द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम में अपर जिला मजिस्ट्रेट (प्रशासन) सत्यप्रकाश ने सूचित किया है कि एन०सी०वी०टी० पाठयक्रम आधारित विषय प्रयोगात्मक एवं प्राविधिक कला की परीक्षा जनपद एटा में वशिष्ठ निजी आई०टी०आई० कासंगज रोड एटा, रामप्रकाश प्रदीप भामाशाह निजी आई०टी०आई०, सकीट रोड एटा तथा महेश चन्द राजीव कुमार निजी आई०टी०आई० स्टेशन रोड मारहरा, एटा उक्त परीक्षा केन्द्रों की राजकीय पॉलीटेक्निक नगरिया मोड, एटा पर 16 मार्च तक संचालित होगी। उक्त परीक्षा को नकलविहीन एवं निर्निध्न रूप से सम्पन्न कराने हेतु परीक्षा केन्द्र पर कार्यपालक मजिस्ट्रेट,/पर्यवेक्षक के रूप में अरूण यादव मण्डी समिति एटा, नन्द किशोर खाद्य विपणन अधिकारी एटा एवं सैयद तारिक अली अधिशासी अभियन्ता जल निगम नगरीय एटा को नियुक्त किया है।

# दो पक्षों में जमकर चले लाठी-डंडे और हुआ पथराव : चार घायल

**लोकमित्र ब्यूरो**

**साहिबाबाद**। शहीद नगर की वाल्मीकि बस्ती में रविवार शाम दो पक्षों में पूजा-पाठ के दौरान जमकर लाठी-डंडे चले और पथराव हुआ। इसमें चार लोग घायल हो गए। एक युवक की हालत बेहद गंभीर है। घायलों को दिल्ली के जीटीबी अस्पताल ले जाया गया। गंभीर घायल युवक का आईसीयू में इलाज चल रहा है। उपनिरीक्षक अवनीश कुमार ने मामले में 11 नामजद समेत 24 लोगों पर बलवा, हमला, मारपीट, हथियार का प्रयोग करना, जाल-माल का नुकसान और गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

शहीद नगर में रहने वाले अजीत महरोलिया ने बताया कि परिवार के सदस्य होली से पूर्व घर के बाहर पूजा-पाठ कर रहे थे। तभी पड़ोस का वंशू बार-बार पूजा-पाठ के बीच आ-जा रहा था। उनके भाई गोविंद ने उसे रोकने के लिए कहा तो पड़ोसियों ने आकर गाली-गलौज शुरू कर दी। कुछ देर में विवाद बढ़ गया। आरोप है कि पड़ोस के सात-आठ लोगों ने लाठी-डंडे और बल्ले से गोविंद, मोनिका, आकांक्षा, रिषीपाल व अन्य पर हमला कर दिया। दोनों पक्षों से कई लोग आमने सामने आ गए। सभी में जमकर-लाठी-डंडे चले। गुस्साए लोगों ने छतों पर चढ़कर पथराव शुरू कर दिया। सूचना पर कोतवाली का पुलिस बल मौके पर पहुंचा और शांति व्यवस्था बिगड़ने पर कार्रवाई की। हमले और पथराव से पुलिस को एक पक्ष के गोविंद, आजाद और सागर जबकि दूसरे पक्ष से सोनू घायल हालत में पड़े मिले। पुलिस ने घायलों को तत्काल दिल्ली के जीटीबी अस्पताल में भर्ती कराया। घायल सागर की हालत चिंताजनक है। डॉक्टर उनका आईसीयू में वेंटिलेटर पर इलाज कर रहे हैं। अजीत के मुताबिक, पड़ोस के लोग उनसे रंजिश रखते हैं।

# अपर पुलिस अधीक्षक अपराध ने परखी पुलिस लाइन परिसर की व्यवस्थाएं



**लोकमित्र ब्यूरो**

**एटा**। मंगलवार को अपर पुलिस अधीक्षक अपराध योगेंद्र सिंह द्वारा पुलिस लाइन स्थित परेड ग्राउण्ड में मंगलवार की परेड के दौरान सलामी के उपरान्त परेड का निरीक्षण कर उपस्थित सभी पुलिस कर्मियों को शारीरिक दक्षता व आधुनिक वैपन सिखलाई तथा बलवा ड्रिल का अभ्यास करा समस्त पुलिस कर्मियों को पुलिस विभाग में ड्यूटी के दौरान ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा और जनता के प्रति सदव्यवहार बनाये रखने के निर्देश दिये गये। परेड के उपरान्त पुलिस लाइन स्थित शस्त्रागार, वर्दी स्टोर, चिकित्सालय, परिवहन शाखा, क्वार्टर गार्ड, बैरिकों, पुलिस कैंटीन, भोजनालय, बारबर शॉप आदि का निरीक्षण कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। निरीक्षण के दौरान कुछ जगह खामियां मिलने पर प्रतिसार निरीक्षक को उनके शीघ्र निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया साथ ही भोजनालय आदि में बेहतर साफ-सफाई मिलने पर संबधित कर्मियों की सराहना की गयी। उक्त मौके पर समस्त शाखा प्रभारी तथा कर्मचारीगण, डायल 112 के कर्मचारीगण, क्यूआरटी तथा प्रतिसार निरीक्षक श्री किशन लाल गौतम व अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

# महर्षि कश्यप ने सदैव दूसरों का हित सोचा : नरेंद्र कश्यप



**लोकमित्र ब्यूरो**

**गाजियाबाद**। उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार मंत्री एवं ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष नरेंद्र कश्यप का कहना है कि महर्षि कश्यप ने सदैव दूसरों का हित सोचा है और समाज के लिए कार्य किया है। तभी उनका योगदान आज भी याद किया जाता है, उनको बुलाया नहीं जा सकता है।

महर्षि कश्यप की मूर्ति अनावरण एवं प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के दौरान उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार मंत्री नरेंद्र कश्यप ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर हर कोई विश्वास जाता रहा है। दोनों की कल्याणकारी योजनाएं और जनता के लिए सदैव हित की बात सोचने का जो कार्य है उसे जान-जान में विश्वास बढ़ रहा है। इसी के साथ जिस तरीके से उत्तर प्रदेश और कई राज्यों में भारतीय जनता पार्टी की सशक्त सरकार काम कर रही है, उसे साफ है कि आगामी लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी 400 सीटे जीतकर फिर से जीत की हैट्रिक लगाएगी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने में विशेष योगदान देगी। इस दौरान मंत्री नरेंद्र कश्यप ने कहा है कि सरकार गरीबों से लेकर मध्यम वर्ग ,महिलाओं से लेकर युवाओं और बेरोजगारों से लेकर व्यापारी हर वर्ग का ध्यान रख रही है।

### पर्यावरण विभाग ने एक करोड़ 38 हजार से बनाया है पार्क

महर्षि कश्यप पार्क का निर्माण उत्तर प्रदेश सरकार के पर्यटन विभाग की ओर से किया गया है। इसके निर्माण में कुल एक करोड़ 38 हजार रुपए खर्च किया गया है। खास बात यह है कि पार्क को बहुत ही हरा पूरे हफ्ते में ही रहा हूं साथ में भरा और व्यवस्थित बनाया गया है। साथ ही यहां लाइट के साथ ही लोगों के बैठने और झूलों की व्यवस्था भी की गई है।कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा अजीत त्यागी विधायक विधायक अतुल गर्ग अध्यक्ष संजीव शर्मा सुशील गौतम जगदीश साधना बलदेव राज शर्मा सौरभ जयसवाल मंत्री प्रतिनिधि रामकुमार कश्यप ओमप्रकाश कश्यप उदिता त्यागी मनीराम कश्यप मुकेश कश्यप जीतपाल कश्यप वीके अग्रवाल अनिल स्वामी डॉ सागर कश्यप अमर दत्त शर्मा विष्णु कश्यप राहुल कश्यप विशाल कश्यप अर्पण कश्यप विकास सिंह राजेंद्र तितोरिया शिवम शर्मा पप्पू नागर आदि कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

# फर्जीवाड़े का नया फंडा : अनंत अंबानी की फोटो लगा नौकरी का झांसा दे रहे शातिर



**लोकमित्र ब्यूरो**

**गाजियाबाद**। साइबर ठगों ने अब 10वीं 12वीं पास युवाओं को नौकरी दिलाने का झांसा देकर ठगी के जाल में फंसाने का नया तरीका निकाला है। ठगों ने देश की जानीमानी हस्ती मुकेश अंबानी के बेटे अनंत अंबानी और उनकी पुत्रवधू राधिका अंबानी का फोटो लगाकर नौकरी दिलाने का झांसा देने का एक विज्ञापन निकाला है। जो सोशल मीडिया पर वायरल है। वायरल पोस्ट में एक लिंक दिया है। जिस पर क्लिक करने के बाद में फंसा रहे हैं। वायरल पोस्ट में लिखा है होली महोत्सव से पहले बहुत बड़ी खुशखबरी, जो बच्चे 10वीं 12वीं पास हैं उन सभी को अब काम मिलेगा घर बैठे वो भी, आपको एक मिनट निकालकर फॉर्म भर देना है। एडीसीपी अपराध सच्चिदानंद का कहना कि किसी भी अंजान लिंक पर क्लिक न करें और न ही ऐसी भ्रामक पोस्ट पर ध्यान दें।

**इन बातों का रखें ध्यान**

- सोशल मीडिया पर वायरल पोस्ट व फर्जी विज्ञापनों पर ध्यान ना दें।
- किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक न करें।
- लालच देने जैसी किसी भी पोस्ट पर क्लिक करने से बचें।

**यहां करें शिकायत**

- ठगी होने पर तत्काल साइबर अपराध हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल करें cybercrime.gov.in पर भी शिकायत दर्ज कर सकते हैं।
- इसके अलावा अपने नजदीकी थाने में बनी साइबर सेल हेल्प डेस्क या साइबर अपराध थाने में भी शिकायत दे सकते हैं।

### आदर्श आचार संहिता लागू होते ही सक्रिय हो जाएंगी एफएसटी/ एसएसटी टीमें

**अमेठी**। जिला निर्वाचन अधिकारी/ जिला मजिस्ट्रेट निशा अनंत ने आज कलेक्ट्रेट सभागार में आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत उड़न दस्ता टीम (एफएसटी) एवं स्थैतिक निगरानी टीम (एसएसटी) के अधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि निर्वाचन आयोग द्वारा चुनाव की घोषणा करते ही पूरे जिले में आदर्श आचार संहिता प्रभावी हो जाएगी उसके उपरांत एफएसटी/ एसएसटी टीमें अपने-अपने क्षेत्र में सक्रिय होकर भारी मात्रा में ले जाने वाली नगदी, अवैध शराब, कोई संदेहास्पद वस्तु या शस्त्र इत्यादि की आवाजाही पर कड़ी निगरानी रखेंगी। उपरोक्त चीजें पाए जाने पर निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार कार्यवाही करना सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने एफएसटी/एसएसटी टीमों के अधिकारियों से निर्वाचन आयोग द्वारा दिए गए निर्देशों का भली-भांति अध्ययन करने के निर्देश दिए।

# जिला निर्वाचन अधिकारी ने मण्डी समिति में ईवीएम स्ट्रांगरूम, वैरीकेटिंग, पार्किंग व्यवस्थाओं का लिया जायजा

**लोकमित्र ब्यूरो**

**एटा**। जिला मजिस्ट्रेट एंव जिला निर्वाचन अधिकारी प्रेम रंजन सिंह ने एसएसपी राजेश कुमार सिंह सहित अन्य अधिकारियों के साथ मण्डी समिति पहुंचकर जायजा लिया। डीएम ने इस दौरान आगामी लोक सभा सामान्य निर्वाचन 2024 के लिए प्रस्तावित स्ट्रांगरूम हेतु चिन्हित किए गए स्थल, पोलिंग पार्टी रवानगी स्थल, वाहनों की पार्किंग, प्रमुख स्थानों पर वैरीकेटिंग आदि स्थानों का जायजा लेते हुए मौजूद अधिकारियों को समय से समस्त आवश्यक तैयारियों को पूर्ण करने के निर्देश दिए। डीएम ने कहा कि प्रस्तावित स्थल मण्डी समिति प्रांगण में पेयजल के समुचित इंतजाम करें, साथ ही टायलेट आदि की भी मरम्मत कराते हुए बेहतर ढंग से सफाई की जाए। मण्डी समिति में स्थापित गेस्ट हाउस को भी ठीक कराया जाए। डीईओ ने कहा कि अतिशीघ्र आयोग द्वारा आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन के लिए तिथियों की घोषणी कर दी जाएगी। जनपद में एटा लोकसभा, फर्रूखाबाद लोकसभा, आगरा लोकसभा के तहत निर्वाचन होना है, जिसके विभिन्न प्रकार की टीमों का गठन कर दिया गया है, साथ ही नोडल प्रभारी अधिकारियों को विभिन्न प्रकार के दायित्व सौंपे गए हैं। सभी अधिकारी टीम भावना के साथ कार्य करें, जिससे कि आगामी लोक सभा सामान्य निर्वाचन को आयोग की मंशानुसार स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराया जा सके। डीएम ने निरीक्षण के दौरान उपस्थित मण्डी सचिव को निर्देश दिए कि मण्डी परिसर में अभी से बेहतर ढंग से साफ सफाई कराई जाए। ईवीएम की सुरक्षा में किसी भी प्रकार की चूक नहीं होने दी जाएगी।

# भारतीय जनता पार्टी का बूथ कार्यकर्ता सम्मेलन एटा विधानसभा सकीट के एल .एम .एस महाविद्यालय में आयोजित

**लोकमित्र ब्यूरो**



**एटा**। मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी का बूथ कार्यकर्ता सम्मेलन एटा विधानसभा सकीट के एल.एम.एस. महाविद्यालय में आयोजित हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा 22 एटा लोकसभा क्षेत्र के सांसद प्रत्याशी सांसद राजवीर सिंह राजू भैया उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता एटा जनपद के यशस्वी जिला अध्यक्ष संदीप जैन जी ने की। बूथ अध्यक्षों, पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए सांसद राजवीर सिंह राजू भैया ने अपने-अपने बूथ को मजबूत करने के लिए दिशा निर्देश दिए एवं बूथ अध्यक्षों एंव पदाधिकारीयो एवं कार्यकर्ताओं को केंद्र सरकार की योजना उपलब्धियां को जन जन तक पहुंचाने के लिए आह्वान किया। बैठक को जिला प्रभारी हर्षवर्धन आर्य, सदर विधायक विपिन वर्मा डेविड, जिला अध्यक्ष संदीप जैन, एटा विधानसभा प्रभारी सुनील पांडे एवं ज्ञान तिवारी जी ने संबोधित किया। बैठक का संचालन एटा विधानसभा संयोजक विजय मिश्रा जी ने किया। बैठक में सांसद राजवीर सिंह राजू भैया, जिला अध्यक्ष संदीप जैन जिला प्रभारी हर्षवर्धन आर्य, मारहरा विधायक वीरेंद्र सिंह लोधी एटा सदर विधायक विपिन वर्मा डेविड, विधानसभा संयोजक विजय मिश्रा, विधानसभा प्रभारी सुनील पांडे जी, ज्ञान तिवारी जी लोकसभा विस्तार अक्षरी अर्जुन सैनी जी जिला महामंत्री सुशील गुप्ता, जितेंद्र दिवाकर, जिला उपाध्यक्ष सचिन उपाध्याय, पूर्व जिला अध्यक्ष पंकज गुप्ता, मंडल अध्यक्ष सौरव गुप्ता, प्रताप सिंह, अनिल वर्मा, उमाशंकर युवा मोर्चा, जिला अध्यक्ष देवेंद्र भदोरिया, पूर्व जिला अध्यक्ष युवा मोर्चा संतोष चौहान, वजीर सिंह यादव, अग्रिम जैन, विमल शर्मा श्रीमती डॉली सक्सेना, ब्लॉक प्रमुख रवि वर्मा, धर्मेंद्र राठौर, प्रमोद गुप्त, विनीत भारद्वाज, पूर्व प्रधान सुशील लोधी, विवेक जैन, कौशलेंद्र राठौर, शिशुपाल यादव, दुलारे सिंह भदोरिया, सभासद अखिलेश दीक्षित, शांतनु चौहान गुल्ली, विजेंद्र गुप्ता बब्बू , अनुज जैन, मनीष जैन मिल्की, अभय चौहान, मंच पर उपस्थित रहे। बैठक में सैकड़ो बूथ अध्यक्ष जिला पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# राष्ट्र के निर्माण में शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका- गुरु प्रसाद मौर्य

## ग्राम प्रधान, प्रधानाध्यापकों एवं एसएमसी सदस्यों की कार्यशाला का हुआ आयोजन

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** मैं कितने अधिक लोगों के काम आ जाऊं इसी में मेरे जीवन की सार्थकता है। यह उद्गार व्यक्त करते हुए विधायक फाफामऊ गुरु प्रसाद मौर्य ने अपनी बात को आगे बढ़ाते हुए कहा कि शिक्षकों के योगदान से आने वाला भारत निपुण भारत होगा। राष्ट्र निर्माण में गुरुजन अपनी महत्वपूर्ण भूमिका को पहचाने एवं राष्ट्र निर्माण में अपना श्रेष्ठतम अर्पित करें। विकास खण्ड कौड़िहार के बजरंग वाटिका टिकरी में ग्राम प्रधानों प्रधानाध्यापकों एवं एसएमसी सदस्यों की कार्यशाला आयोजित की गई थी।



इस कार्यशाला में विधायक गुरु प्रसाद मौर्य के अतिरिक्त विकासखण्ड कौड़िहार के खण्ड विकास अधिकारी दिनेश सिंह, खण्ड शिक्षा अधिकारी क्षमा शंकर पांडेय, ग्राम प्रधान जितेंद्र कुमार, आरती मौर्य, रेखा पाल, सुरेश कुमार एवं एसएमसी अध्यक्ष रामपुर सुमन देवी ने अपने विचार व्यक्त किया।

इस कार्यशाला में ऑपरेशन कायाकल्प में अच्छा कार्य कर रहे ग्राम प्रधानों, ग्राम पंचायत सचिव एवं अध्यापकों को भी सम्मानित किया गया। जिसमें प्रमुख रूप से जयप्रकाश मौर्य, सरोज देवी, प्रियंका सिंह, सीमा के साथ-साथ, अध्यापक अनीता सोनकर, रुक्मणी सिंह, सुधा सिंह, रीता पांडेय, अविनाश कुमार व सुधीर कुमार निषाद रहे।

अनीता सोनकर एवं अन्य अध्यापकों को निपुण लक्ष्य के प्रति बेहतर कार्य करने व टीएलएम सहित रोचक शिक्षण/ उनके द्वारा किए जा रहे नवाचारों के लिए सम्मानित किया गया। एफएलएन का रोचक प्रशिक्षण देने के लिए एआरपी जय सिंह, प्रभाशंकर शर्मा,अजमल अमीन अंसारी, विष्णु मिश्रा, अवनीश सिंह, वंदना, सत्यांजलि मिश्रा, अनीता उपाध्याय, सविता पांडेय सत्येंद्र कुमार, पूनम चौधरी को भी सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम का सत्र के अनुसार संचालन एआरपी टीम कौड़िहार वह तकनीकी समन्वय विपुल कुमार अनिल पांडेय अनुराग यादव ने किया। इस अवसर पर बालेंद्र पांडेय, राजेश शुक्ला, मदन मोहन शुक्ला, विनीत यादव, धीरेंद्र श्रीवास्तव, रामलाल प्रजापति सहित 115 अध्यापक एसएमसी अध्यक्ष एवं दो दर्जन से अधिक ग्राम प्रधान उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की रूपरेखा पर खंड शिक्षा अधिकारी क्षमा शंकर पांडेय ने प्रकाश डाला। जबकि राधे कृष्ण ने अध्यापकों की तरफ से धन्यवाद ज्ञापन किया। उच्च प्राथमिक विद्यालय मधेशा के बच्चों ने इस अवसर पर प्रेरणा गीत एवं होली गीत की रंगारंग प्रस्तुति दी।

# बृजेंद्र और अपोहन ने चौधरी नौनिहाल क्लब को जिताया

**प्रयागराज।** बृजेंद्र त्रिपाठी के शतक (106 रन, 74 गेंद, 12 चौके, तीन छक्के) और अपोहन साहू की अचूक गेंदबाजी (7.1-3-14-5) के दम पर चौधरी नौनिहाल सिंह क्लब ने विंध्यवासिनी क्लब को 227 रन से हराकर कर्नल एमआर शेरवानी सीनियर डिवीजन लीग में पूरे अंक प्राप्त किये।केपी कॉलेज मैदान पर मंगलवार को खेले गए मैच में चौधरी नौनिहाल सिंह क्लब ने 40 ओवर में 5 विकेट पर 360 रन (बृजेंद्र त्रिपाठी 106 नाबाद, शशांक 64, संदीप यादव 41, अंशुमान पाण्डेय 33, आशीष रत्नम 30, अभिजीत यादव 2/68, अभिषेक पांडा 2/81) बनाकर विंध्यवासिनी क्लब को 27.1 ओवर में 133 रन (राज कृष्ण 58, अभिजीत यादव 24, अपोहन साहू 5/14, मनु राजा 2/17, शुभ शर्मा 2/47) पर समेट दिया। मैच में हितेश श्रीवास्तव व सुधीर सोनकर ने अंपायरिंग और प्रितेश सोनकर ने स्कोरिंग की।

# किसान अन्नदाता तो महिलाएं अन्नपूर्णा- न्यायमूर्ति साधना रानी ठाकुर

## राजर्षि टंडन सेवा केंद्र पर मातृशक्ति सम्मान 2024 का आयोजन

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** आज अंतराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य मे राजर्षि टंडन सेवा केंद्र बैंक रोड पर मातृशक्ति सम्मान 2024 को सम्बोधित करते हुये न्यायमूर्ति साधना रानी ठाकुर ने समाज मे महिलाओं के क्षेत्र मे कार्य करने वाली रोल मॉडल पांच महिलाओं सहित पांच पुरुषों को भी समाज के उत्थान मे सहयोग करने के लिए सम्मानित करते हुये कहा कि यदि किसान अन्नदाता है तो महिलायें अन्नपूर्णा हैं। उन्हें समाज मे अपना महत्व बनाये रखना है क्योंकि उनके ऊपर माँ, बहन, बेटी के रूप मे संस्कार युक्त शिक्षित समाज बनाये रखने की जिम्मेदारी है। महिलायें परिवार से लेकर चाँद तक का सफर कर रही हैं उन्हें अपना इमेज़ बनाये रखना चाहिए।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे लोकसेवक मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजकुमार चोपडा ने कहा कि बिना मातृशाकितियों के पुरुष समाज अधूरा हैद्य उपरोक्त जानकारी बरिष्ठ समाजसेवी कर्मचारी नेता रविशंकर मिश्र ने दिया।




कार्यक्रम का संचालन लोकसेवक मंडल के सचिव ब्रह्मप्रकाश एवं स्वागत भाषण सामाजिक एकता परिषद के अध्यक्ष ओमप्रकाश शुक्ल ने किया

कार्यक्रम का सुभारम्भ दीप प्रज्ज्वलन से हुआ स्वागत गीत एन जी आईटी के निदेशक जावेद सिद्दीकी ने अपने शायरी से किया।कार्यक्रम को बरिष्ठ अधिवक्ता श्रीमती सुभाष राठी, डॉ रमा सिंह, डॉ अर्चना सिंह, डॉ स्वीटी मौर्य, बरिष्ठ सभासद अन्नु घिडियाल, शिवसेवक सिंह, कमलेश दादा, बरिष्ठ समाजसेवी नागेंद्र सिंह, डॉ सुनील बिझाला, श्रीमती कान्ता चोपड़ा, श्रीमती प्रेमलता शुक्ला, श्रीमती प्रीति रानी दूबे, श्रीमती रीता आजमानी, श्रीमती अमिता कुशवाहा, सुश्री अनुराधा, श्रीमती मधू, श्रीमती किरन मिश्रा, श्रीमती निशा गुप्ता, कुलदीप यादव, प्रशांत मौर्य, शिखर सिंह, रिंकू यादव, अनंत चौधरी, पदमावती, प्रिया रावत, शाइस्ता परवीन, फरीदा परवीन, अंजू जायसवाल, घनश्याम मास्टर आदि सैकड़ों महिला एवं पुरुष उपस्थित रहे।

# रामबाबू और फाफामऊ क्लब को पूरे अंक

## रामबाबू पाल एवं मनोज यादव स्मृति 'प्रयागराज कप' टी-20 क्रिकेट प्रतियोगिता



**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** रामबाबू पाल क्लब और जमुना क्रिकेट क्लब ने अपने-अपने मुकाबले जीतकर रामबाबू पाल एवं मनोज यादव स्मृति %प्रयागराज कप% टी-20 क्रिकेट प्रतियोगिता में पूरे अंक प्राप्त किये।डीएवी कालेज मैदान पर मंगलवार को खेले गए पहले मैच में रामबाबू पाल क्लब ने 20 ओवर में पांच विकेट पर 171 रन (सचिन तिवारी 46, प्रमोद यादव 37 नाबाद, सत्यम सिंह 27 नाबाद, आदित्य पाल 19, अमन पटेल 2/24) बनाए। जवाब में जमुना क्लब की टीम 19.3 ओवर में 148 रन (अंकित यादव 60, सुब्रत प्रसाद तिवारी 4/17, आदित्य तिवारी 3/39) पर सिमट गई। सुब्रत प्रसाद तिवारी को रेलवे के क्रिकेटर इमरान अली ने जस्टिस ग्रुप ऑफ इलाहाबाद की तरफ से मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया।

दूसरे मैच में फाफामऊ क्लब ने 20 ओवर में पांच विकेट पर 199 रन (सौरभ प्रताप सिंह 58, अथर्व प्रजापति 55, गुलशन वर्मा 28, यादवेंद्र सिंह यादव 27, सौरभ त्रिपाठी 20 नाबाद, शशि प्रकाश, शिव नारायण व प्रीतम कुमार एक-एक विकेट) बनाकर रिजवी क्लब को 20 ओवर में तीन विकेट पर 193 रन (शैलेंद्र सिंह 87, विभव कुशवाहा 57 नाबाद, आदित्य 37) पर समेट दिया। सौरभ प्रताप सिंह को रेलवे के क्रिकेटर नितिन सिब्बल ने मैन ऑफ दि मैच का पुरस्कार दिया। दोनों मैच में अजय कुमार व अरुण कुमार ने अंपायरिंग और खुर्शीद अहमद ने स्कोरिंग की।

# नवनिर्मित पिट लाइन तथा प्रयागराज डीडीयू के मध्य तीसरी लाइन का भी राष्ट्र को समर्पण

## कुंभ नगरी प्रयागराज से अयोध्या जाने वाले राम भक्तों को डबल इंजन की सरकार से मिली सौगात

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** प्रयागराज से अयोध्या धाम स्थित प्रभु श्रीराम मंदिर में दर्शन करने जाने राम भक्तों को डबल इंजन की सरकार ने एक और सौगात दी है। मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ₹85 हजार करोड़ से अधिक की रेल परियोजनाओं का शिलान्यस/लोकार्पण किया गया। इसके अंतर्गत उनके द्वारा 10 नई वन्दे भारत एक्सप्रेस का शुभारम्भ तथा 04 विस्तारित वन्दे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों को वर्चुअल माध्यम से हरी झंडी दिखाकर शुभारम्भ भी किया गया। साथ रही सूबेदारगंज में नवनिर्मित पिट लाइन तथा प्रयागराज डीडीयू के मध्य तीसरी लाइन राष्ट्र को समर्पित किया गया।



एनसीआर के मुख्य जन संपर्क अधिकारी हिमांशु शेखर उपाध्याय के मुताबिक यह गाड़ी ना केवल राष्ट्र की धार्मिक, सांस्कृतिक और ऐतिहासिक विरासत को जोड़ेगी बल्कि यह औद्योगिक और आर्थिक विकास को भी तेज गति देने का काम करेगी।

इस ट्रेन का नियमित संचालन दिनांक 14.03.2024 से होगा। यह ट्रेन शनिवार को छोड़कर छोड़ ट्रेन सप्ताह में छह दिन चलेगी। प्रयागराज से गाड़ी सं. 22550 दोपहर 03.15 बजे प्रारंभ होगी तथा रात 10.40 बजे गोरखपुर पहुंचेगी। इसी तरह गोरखपुर से गाड़ी सं. 22549 सुबह 6.05 बजे चलकर दोपहर 1.35 बजे प्रयागराज जंक्शन पहुंच जाएगी। इस ट्रेन का ठहराव रायबरेली, लखनऊ, अयोध्या धाम तथा बस्ती में होगा द्ध कार्यक्रम के दौरान ही अन्य परियोजनाओं जिनमे 05 स्टेशनों पर एक स्टेशन एक उत्पाद स्टॉल, सूबेदारगंज में नवनिर्मित पिट लाइन तथा प्रयागराज डीडीयू के मध्य तीसरी लाइन का राष्ट्र को समर्पण भी अतिथियों द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अवसर पर यूपी के औद्योगिक विकास, निर्यात प्रोत्साहन एनआरआई निवेश प्रोत्साहन मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी , फूलपुर की सांसद केसरी देवी पटेल ,विधायक सिद्धार्थ नाथ सिंह, विधान परिषद सदस्य निर्मला पासवान ,महाप्रबंधक, उत्तर मध्य रेलवे रविन्द्र गोयल, मंडल रेल प्रबंधक हिमांशु बडोनी, मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी, हिमांशु शेखर उपाध्याय सहित प्रधान कार्यालय के प्रधान विभागाध्‍ यक्ष और मुख्यालय एवं मंडल के अन्य अधिकारीगण तथा कर्मचारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे

# दो लोगों के खिलाफ मारपीट व छेड़खानी का मुकदमा दर्ज

**नैनी ( प्रयागराज )।** नैनी थाना क्षेत्र के गुरुनानक नगर मोहल्ले में बेटी के साथ अश्लील हरकत करने का विरोध करना माता-पिता को भारी पड़ गया। दबंगों ने घर में घुसकर बीमार पिता और उसकी मां को जमकर मारापीटा और अश्लील हरकत की। पिता की तहरीर पर नैनी पुलिस दो लोगों के खिलाफ छेड़खानी समेत कई धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच-पड़ताल कर रही है। पीड़ित की तहरीर के अनुसार कुछ लोग उसकी बेटी के साथ अश्लील हरकत कर रहे थे। आवाज सुनकर उसकी मां बाहर निकली और बेटी को लेकर कमरे में चली गई। पीछे से मेजा निवासी पुष्पराज तिवारी और गुरुनानक नगर मोहल्ला निवासी पवन तिवारी घर में घुसकर बीमार पिता-माता और बेटी को मारपीट कर घायल कर दिया।

# 50 महिलाओं को दिया गया निशुल्क उज्जवला गैस कनेक्शन



**प्रयागराज।** मेसर्स अमर ज्वाला गैस सर्विस भारत गैस मंफोर्डगंज प्रयागराज की तरफ से सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा दिए जा रहे हैं निशुल्क उज्जवला गैस कनेक्शन 50 कमजोर वर्ग की महिलाओं को दिया गया। जिसमें मुख्य रूप से प्रोपराइटर श्रीमती नीलम पांडे पत्नी संजीव कांत पांडे एवं पार्षद मंफोर्डगंज विजय विश्वास रावत पार्षद, अमर ज्वाला गैस सर्विस के स्टाफ प्रबंधक कृष्णा पांडे, संजय सौरभ शुक्ला, सचिन शुक्ला, विनोद मिश्रा मौजूद रहे।

# कौंधियारा में राष्ट्रीय आविष्कार अभियान में 195 छात्र ,छात्राओ ने प्रतिभाग किया

**कौंधियारा (प्रयागराज)।** विकास खण्ड कौंधियारा में खंड शिक्षा अधिकारी कौंधियारा अरुण कुमार अवस्थी के मार्गदर्शन में परियोजना के आदेश के क्रम में व एआरपी अनुराग पांडे(विज्ञान), विनोद कुमार मल्ल (गणित), शत्रुघ्न प्रसाद शुक्ल(हिन्दी) एवं अनिल कुमार सिंह( सामाजिक अध्ययन) की देखरेख में राष्ट्रीय अविष्कार कार्यक्रम के अन्तर्गत 25 कंपोजिट, 10 उच्च प्राथमिक तथा चत्त्क्कड्ड विद्यालयों के 195 बच्चों ने प्रतिभाग किया। ओएमआर शीट के माध्यम से प्रथम चरण में कुल 20 प्रश्न (20 अंक) की बहुविकल्पीय आधारित परीक्षा कराई गई तत्पश्चात द्वितीय चरण में चयनित 100 बच्चों की 10 अंक की बहुविकल्पीय तथा 15 अंक के लघु उत्तरीय प्रश्न (कुल 25 अंक) की परीक्षा क्विज कड़े इंतजाम के साथ कराई गई जिसमें से सर्वेश्रेष्ठ 30 बच्चों को तृतीय चरण के साक्षात्कार के लिए चयनित किया गया , साक्षात्कार में सफल 10 उत्कृष्ट बच्चे जनपद स्तरीय राष्ट्रीय अविष्कार हेतु चयनित किए गए। परीक्षा को लेकर अभिभावकों एवं बच्चों में काफी उत्साह रहा। कार्यक्रम के अंतिम चरण में खंड शिक्षा अधिकारी कौंधियारा ने सभी 100 प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया और प्रत्येक प्रतिभागी को स्टेशनरी व लंच पैकेज भी दिया गया।



# रजिस्ट्रार की कार्य प्रणाली पर अधिवक्तागण खफा

**लोकमित्र ब्यूरो**

**फूलपुर।** विगत 15 दिनों से रजिस्ट्री का पंजीकरण ना हो पाने से अधिवक्ताओं में रोष व्याप्त है। ऑनलाइन रजिस्ट्री पंजीयन करने में जो तौर तरीका अपनाया जा रहा है उसे अधिवक्ताओं में रोष व्याप्त है। ऑनलाइन पंजीयन के निर्धारित समय पर पंजीयन ना होने से अधिवक्ता गण खफा है। क्योंकि सर्वे कार्य 2 बजे बंद कर दिया जाता है जबकि बगल की तहसीलों में सायं 5 बजे तक किया जाता है। अधिवक्ताओं ने निबंधक को पत्र लिखकर रजिस्ट्री कार्यालय के कार्य कलाप में सुधार लाने की मांग की है। 15 बैनामा रजिस्ट्री कार्यालय से नियम विरुद्ध होने पर वकीलों ने इसे कड़ाई से लिया है। सारी खामियों का जवाब अधिवक्ताओं ने समुचित उत्तर की मांग का ज्ञापन सौपा। जिसमें अध्यक्ष शिवपूजन तिवारी, उमाकांत अवस्थी, उपाध्यक्ष देवेश कुमार यादव आदि के हस्ताक्षर हैं।



# किसान मोर्चा ने निकाला ट्रैक्टर रैली

**लोकमित्र ब्यूरो**

**झूंसी,प्रयागराज।** विधान सभा फूलपुर के हेत्तापट्टी में सुभद्रा देवी महाविद्यालय परिसर में मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा गंगापार के जिला अध्यक्ष लक्ष्मी कांत उपाध्याय के नेतृत्व में ग्राम परिक्रमा यात्रा का समापन जन सभा कर के किया गया। मुख्य अतिथि फूलपुर विधायक प्रवीण पटेल रहे। उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए आह्वान किया कि तीसरी बार मोदी जी को 400पार सीटों में फूलपुर की भी लोकसभा सीट पुनः जीत कर हम सब देंगें। सभा की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष लक्ष्मी कांत उपाध्याय ने किया। उन्होंने किसानों एवम् कार्यकर्ताओं को ग्राम परिक्रमा यात्रा को सफल बनाने के लिए धन्यवाद दिया। जिला महामंत्री प्रभाकर द्विवेदी जी ने सभी का आभार व्यक्त किया । संचालन ग्राम परिक्रमा के सयोजक जिला उपाध्यक्ष धरणीधर त्रिपाठी तथा सह संयोजक जिला महामंत्री किसान मोर्चा ओम प्रकाश गिरी ने सयुक्त रूप से किया। इस मौके पर भूपेन्द्र , काशी दुबे , राजेन्द्र शुक्ल, शम्भू नाथ पटेल, गुड़िया सिंह,उपेन्द्र, अजीत, मनोज तिवारी, सूरज शुक्ल, नरेन्द्र सिंह, सलोरे त्रिपाठी, प्रभाकर दुबे सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।



# ब्लॉक स्तरीय शैक्षिक उन्मुखीकरण कार्यशाला का हुआ आयोजन

**लोकमित्र ब्यूरो**

**धनुपुर ,प्रयागराज।** ब्लॉक संसाधन केंद्र धनूपर में एक दिवसीय ग्राम प्रधानों, एसएमसी अध्यक्षों एवम् विद्यालयों के प्रमुखों की कार्यशाला खण्ड शिक्षा अधिकारी धनूपुर डॉक्टर प्रभा शंकर पांडेय की अध्यक्षता में आयोजित किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उप जिलाधिकारी हंडिया प्रेम नारायण, विशिष्ट अतिथि खण्ड विकास अधिकारी धनूपुर कुमार गौरव रहे। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य जनसामान्य को विद्यालयों में बच्चों को मिलने वाले लाभ जैसे डीबीटी के माध्यम से सीधे अभिभावकों के खाते में 1200 की धनराशि जिसमे ड्रेस,जूता मोजा, स्वेटर, बैग और कापी कलम के लिए भेज दिए गए है।इसके साथ साथ बच्चो को निपुण बनाने में बेहतर शिक्षा के लिए दीक्षा ऐप, रीडएलांग, निपुण लक्ष्य ऐप के माध्यमों से अत्यधिक निखार पर बल दिया।उपजिलाधिकारी ने मतदाता सूची में छूटे हुए लोगों का अंतिम अवसर मिलने पर मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए अधिक से अधिक फार्म 06 भरवाने की ग्राम प्रधानों और विद्यालय के प्रमुखों से अपील किया।कार्यक्रम में विकास खण्ड के सभी विद्यालय प्रमुख, ग्रामप्रधान व एसएमसी के अध्यक्ष उपस्थित रहे।



# बारात में गोली चलने से युवक घायल, आरोपी हिरासत में

**नैनी (प्रयागराज )।** नैनी कोतवाली के समीप स्थित एक गेस्ट हाउस में सोमवार की देर रात द्वारपूजा से पहले गोली चल जाने से एक युवक घायल हो गया। घटना से वहां पर अफरा तफरी मच गई। आनन- फानन में बारातियों के द्वारा घायल युवक को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। जिसकी बंदूक से गोली चली थी, उसको लोगों ने जमकर पिटाई कर दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने लाइसेंसी बंदूक समेत आरोपी युवक को पकड़ कर अपने साथ थाने ले गई।मिली जानकारी के अनुसार नैनी थाना क्षेत्र के बड़ा चाका गांव से सोमवार को नैनी कोतवाली के समीप स्थित बालाजी गेस्ट हाउस में बारात जानी थी। मेवालाल की बगिया चौराहे से बारात गेस्ट हाउस के लिए रवाना हुई थी। देर रात मैं तकरीबन 12ः00 बजे बारात गेस्ट हाउस पहुंचने ही वाली थी, इसी बीच बारात में शामिल एक युवक की बंदूक से एकाएक फायर हो गया। गोली एक युवक की जांघ में घुस गई। गोली लगने से घायल युवक जमीन पर गिरकर तड़पने लगा, जानकारी के अनुसार घायल युवक बड़ा चाका निवासी अंकित पुत्र बठई है। आरोपी युवक सिक्योरिटी गार्ड का काम करता है और अपनी लाइसेंसी बंदूक के साथ बारात में शामिल होने के लिए आया था। वहीं आरोपी युवक को पुलिस थाने लाकर पूछताछ कर रही है। घटना के बाबत इंस्पेक्टर नैनी यशपाल सिंह ने बताया, कि आरोपी युवक नाचते समय गिर गया था, जिसके कारण फायर हुआ। घायल को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# गीत संगीत आयोजन में कलाकारों ने बिखेरा सुरों का जलवा

## सर्वजन हितकारी व्यापार मंडल के वैनर तले गायन प्रतियोगिता सम्पन्न

**लोकमित्र ब्यूरो**

**मेजा (प्रयागराज)।** विकासखंड उरूवा के पकरी सेवार गांव स्थित जेपी सुपर मार्केट में सर्वजन हितकारी व्यापार मंडल उत्तर प्रदेश के तत्वाधान में आयोजित दो दिवसीय तहसील स्तरीय गीत संगीत कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

सर्वजन हितकारी व्यापार मंडल के अध्यक्ष जयप्रकाश द्विवेदी ने बताया कि कार्यक्रम में तहसील क्षेत्र के स्कूलों के छात्र-छात्राओं सहित क्षेत्रीय युवाओं को गीत संगीत व अपना हुनर प्रस्तुत करने का एक सुनहरा मंच दिया गया।दो दिवसीय गीत संगीत कार्यक्रम में स्कूली बच्चों के साथ कई क्षेत्रीय गायक कलाकारों ने अपने सुरों से समा बांधा।कलाकारों ने फिल्मी गीतों से लेकर क्षेत्रीय गीतों से लोगों की वाहवाही बटोरी।निर्णायक मंडल ने सभी कलाकारों को प्रोत्साहित किया और उत्कृष्ट प्रदर्शन को सम्मान दिया है।



एसबीएसएन स्कूल की छात्र-छात्राओं ने अपने अपने मनोहारी सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति कर उपस्थित लोगों का मनमोह लिया जिसमें कई विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में अपनी प्रतिभा का परचम लहराते हुए एसबीएसएन स्कूल की छात्र-छात्राओं ने पहले दिन के आयोजन में प्रथम स्थान प्राप्त किया।दूसरे दिन निर्णायक मंडल ने वेहतर प्रस्तुति के लिए प्रथम विजेता एसबीएसएन विद्यालय खानपुर, द्वितीय डी कुमार कॉन्वेंट स्कूल डोरवा, तृतीय गंगोत्री पब्लिक स्कूल रामनगर को विजेता घोषित किया। उपविजेता टीम को पुष्प गुच्छ अंग वस्त्र मेडल प्रशास्ति पत्र व कप देकर सम्मानित किया गया।

### ☞एसबीएसएन की छात्राओ ने वेहतर प्रस्तुति से पाया प्रथम स्थान

कार्यक्रम में उपस्थिति ब्लाक प्रमुख मेजा के प्रतिनिधि गंगा प्रसाद मिश्रा, लोको पायलट माधव प्रसाद शुक्ला सुशील तिवारी पंकज तिवारी विंध्यवासिनी प्रसाद तिवारी विवेक द्विवेदी प्रतीक द्विवेदी उपस्थित रहे क्षेत्रीय गायन कलाकारों में प्रशांत प्रियदर्शी संजय शर्मा, सचिन पांडेय, राजू प्रजापति सहित अन्य क्षेत्रीय कलाकार रहे।

# भूपेन्द्र बने लोहिया वाहिनी के राष्ट्रीय सचिव



**फाफामऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की अनुमति से सपा लोहिया वाहिनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अभिषेक यादव ने सोरांव विधान सभा क्षेत्र कलन्दरपुर गाँव के निवासी पूर्व अध्यक्ष छात्र संघ, पूर्व प्रदेश सचिव समाजवादी छात्र सभा भूपेन्द्र सिंह बागी को राष्ट्रीय सचिव नामित किया गया। मनोनयन पर समाजवादी पार्टी जिलाध्यक्ष अनिल यादव, पुष्पलाल निषाद, रविद्र यादव आदि ने बधाई दी है। वहीं पार्टी के कार्यकर्ताओं ने भूपेन्द्र सिंह को राष्ट्रीय सचिव बनाए जाने पर हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दिया।

# यूपीपीसीएल के अधिशासी अभियंता को मंडलायुक्त ने लगाई फटकार

## कमिश्नर ने किया महाकुंभ से संबंधित निर्माण कार्यों का निरीक्षण



**प्रयागराज।** महाकुंभ 2025 के दृष्टिगत कराए जा रहे विभिन्न कार्यों का निरीक्षण आज मण्डलायुक्त विजय विश्वास पंत ने सभी संबंधित अधिकारियों की उपस्थिति में किया। सर्वप्रथम उ0प्र0 जल निगम (नगरीय) द्वारा अलोपीबाग इण्टरमीडिएट पम्पिंग स्टेशन से ममफोर्डगंज सीवेज पम्पिंग स्टेशन तक सीवर पाइप लाइन बिछाने के कार्यों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पाइप लाइन बिछाने हेतु खोदी गयी ट्रेंच की चौड़ाई मानक के अनुरूप कम पाई गई। साइट पर सम्बन्धित अभियन्ता भी अनुपस्थित थे जिससे यह प्रतीत होता है की गुणवत्ता सुनिश्चित करने हेतु अधिकारियों द्वारा निरंतर अनुश्रवण नहीं किया जा रहा है। तत्पश्चात उन्होंने प्रयागराज विकास प्राधिकरण द्वारा कराए जा रहे कार्यों का भी निरीक्षण किया जिसके अंतर्गत लोट्स हॉस्पिटल से कटका रोड़ तक, ओल्ड यमुना ब्रिज क्रॉस करते ही बाएं तरफ महेवा की ओर जाने वाली रोड तथा ओल्ड यमुना ब्रिज (नैनी साइड) महेवा की ओर जाने वाली रोड की दूसरी तरफ लैप्रोसी चौराहा की ओर के मार्ग के चौड़ीकरण, सुदृढीकरण एवं सौंदरीकरण के कार्यो को देखा।इसी क्रम में मण्डलायुक्त ने उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन द्वारा हेता पट्टी में बनाए जा रहे 132 केवी उपखंड की सिक्योरिटी वॉल के कार्यों का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान निर्माणाधन वाल के कालम और बीम की वर्टिकल एवं होरिजेंटल एलाइनमेंट में कमियां पाई गई। इसके अतिरिक्त प्लास्टर की थिकनेस भी ज्यादा पाई गई जो की मानक के अनुरूप नहीं थी। उपस्थित अधिशासी अभियंता को फटकार लगाते हुए उन्होंने थर्ड पार्टी से इस संबंध में रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं।मण्डलायुक्त ने बाढ़ कार्य खंड द्वारा किला घाट के समीप बनाए जा रहे स्थाई घाट के कार्यों का भी निरीक्षण किया तथा सभी कार्यों को पर्ट के अनुसार, गुणवत्ता पूर्वक पूर्ण करने के निर्देश दिए।

# लोकसभा चुनाव के बाद विपक्ष मिलकर भी नहीं बना सकेगा नेता प्रतिपक्ष-डा दिनेश शर्मा

## देश में चुनावी सीन से गायब हो चुका है विपक्ष,जनता के वोट ने बदल दी है देश की दशा दिशा





**लोकमित्र ब्यूरो**
**कौशाम्बी ।** राज्यसभा सांसद और उत्तर प्रदेश के पूर्व उपमुख्यमंत्री डा दिनेश शर्मा ने कहा कि आने वाले लोकसभा चुनाव में विपक्षी दल मिलकर भी नेता प्रतिपक्ष बनाने लायक नहीं रहेंगे। विपक्षी दल कही पर भी चुनावी सीन में नहीं है और इस बार जनता ही चुनाव लड रही है। जब जनता खुद चुनाव लडती है तो राजनीति के दिग्गज फेल हो जाते हैं। जनता के वोट की ताकत ने देश की दशा और दिशा बदल दी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का तीसरा कार्यकाल बडी संभावनाओं वाला तथा देश का परचम बुलन्द करने वाला होगा। प्रधानमंत्री के अबकी बार 400 पार के मंत्र की गूंज घर घर हो रही है। इस लक्ष्य की पूर्ति के लिए राम का मंदिर और कमल का फूल को याद रखना होगा। भाजपा द्वारा आयोजित ÷कोहोर्ट मिलन समारोह÷ में उन्होंने सपा प्रमुख द्वारा भाजपा की तुलना हिटलर से करने की आलोचना करते हुए कहा कि असली हिटलर तो वे है जिन्होंने कार सेवकों पर गोली चलवाई तथा जिनके समय में राम मंदिर की बात करने वालों को जेल में डाल दिया जाता था। उनके समय में तो प्रतापगढ़ में थाने में पुलिस अधिकारी को गाली मार दी गई थी। अगर उन्हें हिटलर से इतना ही प्रेम है तो अपने सहयोगी कांग्रेस की इमरजेन्सी , जबरन नसबन्दी तथा सिखों के दंगो को भी याद कर लेना चाहिए। पूरा देश आज राममय हो गया है। इस बदलाव ने राम विरोधियों को भी अयोध्या दर्शन के लिए जाने हेतु मजबूर कर दिया है। अब वे कल्याण की कामना से राम के दर्शन कर रहे हैं,

पर भगवान भ्रष्टाचारियों पर कृपा नहीं करेंगे। देश के मिजाज में परिवर्तन का असर है कि विदेश जाकर नया साल मनाने वाले आज कोट के ऊपर जनेऊ डाल कर ब्राह्मण होने का स्वांग कर रहे हैं।

सांसद ने कहा कि असल में इन लोगों को मोदी जी का विकास रास नहीं आ रहा है। किसान को सम्मान निधि , महिलाओं को गैस सिलेन्डर , प्रधानमंत्री आवास , हर घर में नल से जल की सुविधा , घर घर बिजली व शौचालय की सुविधा चिकित्सा के लिए आयुष्मान कार्ड देकर जनता के जीवन को सम्मानजनक बनाने को डिक्टेटरशिप बताने वालों की सोंच ही जन विरोधी व विकास विरोधी रही है। चुनाव इनके लिए मौसम की तरह है । जब चुनाव आते हैं तो ये राजनैतिक पर्यटन पर निकल आते हैं । जनता की पांच साल लगातार सेवा केवल मोदी योगी की सरकारें तथा भाजपा का कार्यकर्ता करता है।

सीएए के लागू होने पर उन्होंने कहा कि इसके लागू होते ही विपक्षी दलों में कोहराम मच गया है। असल में वे एक बार फिर बांटो और राज करों की साजिश करना चाहते हैं। इस कानून से देश के किसी नागरिक को डरने की जरूरत नहीं है। यह एक क्रान्तिकारी कदम है। यह पाकिस्तान बंगलादेश अफगानिस्तान के पीड़ित जैन सिख इसाई पारसी बौद्ध हिंदू अल्पसंख्यक शरणार्थियों को नागरिकता देने का कानून है। विपक्ष के पेट में दर्द हो रहा है क्योंकि उनके पास कोई मुद्दा नहीं है। कांग्रेस और भाजपा के अन्तर को बताते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार में काश्मीर के अपने ही नागरिक शरणार्थी बनने को मजबूर हुए थे जबकि भाजपा सरकार ने शरणार्थियों को बसाने की व्यवस्था की है। देश की राजनीति में पहली बार ऐसा हो रहा है कि सत्ताधारी पार्टी ने सारे संकल्प पूरे कर दिये हैं। धारा 370 के हटने पर देश के विभाजन और गृह युद्ध जैसी संभावना जताने वाले विपक्ष की बाते झूठ का पुलिन्दा साबित हुई तथा काश्मीर में धारा 370 के हटने के बाद वहां माहौल लगातार बेहतर हुआ है।

आज वहां लाल चौक पर तिरंगा शान से लहराता है , तो सैलानी घाटी की सुन्दरता को सुकून के साथ निहार रहे हैं। वहां पर देश अन्य भागों की तरह ही युवा क्रिकेट खेलते नजर आते हैं। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष भी बिना किसी डर के काश्मीर की वादियों का आनन्द ले सके हैं। डा शर्मा ने कहा कि देश में एक समय ऐसा भी रहा है जब बम धमाकों का डर लगा रहता था। आतंकी बेखौफ वारदातों को अंजाम देते थे पर आज आतंकी घटनाओं पर लगाम कसी गई है। चीन और पाकिस्तान को आज भारत की सेना मुहतोड जवाब देती है। पाकिस्तान को तो घर में घुसकर जवाब दिया जा चुका है। यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाला मजबूत भारत है। प्रधानमंत्री असाधारण व्यक्तित्व वाले तपस्वी है जिनका सारा जीवन देश और देश के लोगों के लिए समर्पित है। वे पाकिस्तान को सबक सिखाने और दुनिया का नेतृत्व करने की क्षमता रखते हैं। वे देश के हर नागरिक के कल्याण की प्रतिबद्धता रखते हैं।

पूर्व उपमुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर देश में पिछले 7 साल में एक भी दंगा नहीं हुआ है। सूबे में राम राज्य कायम हुआ है और सरकार की योजनाओं का लाभ जनता तक बिना किसी भेदभाव के पहुच रहा है। विपक्ष की सरकारों के समय में उत्तर प्रदेश की जनता को दंगों का दंश झेलना पडता था । माफिया का बोलबाला रहता था ।

अंधेरा यूपी की पहचान बना हुआ था । अब यूपी बदल गया है। अब बिजली का आना नहीं बल्कि जाना खबर बनता है। माफिया या तो प्रदेश के बाहर है अथवा जेल में हैं। सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध है। यूपी में आज 17 एक्सप्रेस वे हैं। डिफेन्स कारीडोर बुन्देलखण्ड की नई पहचान है। उत्तर प्रदेश आज उद्यम प्रदेश बनने की ओर अग्रसर है। इसके पीछे प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री का विजन और उसे जमीन पर उतारने की प्रतिबद्धता है।

इस देश को आक्रान्ताओं ने लूटने का काम किया पर वे यहां की संस्कृति और संस्कार समाप्त नहीं कर सके। इसी संस्कृति के संरक्षण का कार्य पीएम मोदी और सीएम योगी ने किया है। देश में भाजपा के पक्ष में लहर बह रही है। इसका कारण देश में पिछले 10 साल में हुई प्रगति है जिससे जनता के जीवन में सकारात्मक बदलाव आया है। उन्होंने आज कार्यकर्ताओं से भेंट करने के साथ ही कौशाम्बी , प्रतापगढ तथा फूलपुर लोकसभा क्षेत्र के विस्तारकों के साथ बैठक की । मंझनपुर नगर पालिका में लाभार्थी सम्पर्क , शक्ति वंदन , आदि कार्यक्रमों में भी सहभागिता करने के साथ घर घर जनसम्पर्क किया।

इस अवसर पर जिला अध्यक्ष श्री धर्मराज मौर्य जी, जिला प्रभारी श्री अवधेश गुप्ता जी, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती कल्पना सोनकर जी, लोकसभा प्रभारी श्री रणजीत सिंह जी, लोकसभा संयोजक श्री राकेश पांडे जी, नगर पालिका अध्यक्ष मंझनपुर श्री वीरेंद्र सरोज जी, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती नविता जी, अध्यक्ष बार एसोसिएशन श्री राकेश जायसवाल जी, पूर्व अध्यक्ष श्रीमती अनीता त्रिपाठी जी, पूर्व विधायक श्री शीतला प्रसाद पटेल जी, पूर्व विधायक श्री संजय गुप्ता जी, पूर्व विधायक श्री लाल बहादुर जी, पूर्व जिला अध्यक्ष श्री जयचंद मिश्रा जी, वरिष्ठ भाजपा नेता श्री एस॰पी॰ मिश्रा सेनानी जी, पूर्व अध्यक्ष बार एसोसिएशन श्री नर नारायण मिश्रा जी, प्रदेश महामंत्री व्यापार मंडल श्री रमेश अग्रहरि जी, जिला अध्यक्ष व्यापार मंडल श्री प्रवेश केसरवानी जी आदि उपस्थित रहे।

### पूर्व डिप्टी सीएम ने मां शीतला के दर्शन कर लिया आशीर्वाद

**कड़ा, कौशाम्बी।** सूबे के पूर्व डिप्टी सीएम दिनेश शर्मा मंगलवार को कौशांबी पहुंचे जहां भाजपा नेताओं ने जिलाध्यक्ष धर्मराज मौर्य की अगुवाई में कड़ा के लेहदरी में उनका जोरदार स्वागत किया जिसके बाद पूर्व डिप्टी सीएम व राज्यसभा सांसद दिनेश शर्मा शक्तिपीठ कड़ा धाम में स्थित मां शीतला के दरबार पहुंचे जहां पुरोहित ने विधि विधान से पूजन के बाद मां शीतलाके दर्शन कराया इस दौरान पूर्व डिप्टी सीएम ने मां के दरबार में मत्था टेक उनका आशीर्वाद लिया । इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष धर्म राज मौर्य , पूर्व विधायक शीतला प्रसाद पटेल , दीपा श्रीवास्तव , मंदिर प्रबंध समिति के अध्यक्ष उदय पांडेय सहित दर्जनों भाजपाई मौजूद रहे।

## घर से किशोर गायब, पश्चिम शरीरा थाना में परिजनों ने किया रिपोर्ट दर्ज



**लोकमित्र ब्यूरो**
**चम्पहा बाजार, कौशाम्बी।** थाना पश्चिम शरीरा क्षेत्र के गोराजू निवासी तेज बहादुर ने थाना पश्चिम शरीरा में लिखित शिकायती पत्र में बताया कि मेरे घर पर मेरी मौसी का लडका निखिल कुमार पुत्र रामनारायन सरोज निवासी ग्राम महंगूपुर (कनैली थाना सराय अकिल जनपद कौ0 जो हमारे यहा रहकर पढ़ाई कर रहा था जो 07 मार्च, 2024 को कक्षा 10 का पेपर दिया और फिर घर आया घर आकर खाया पिया और उसका किसी से किसी प्रकार का कोई लड़ाई झगडा नही हुआ फिर भी समय लगभग 2.00 बजे घर से न जाने कहाँ चला गया किसी को किसी भी तरह की शंका नही थी जब लगभग शाम को घर वापस न आने पर घर वालो ने इधर उधर खोजना शुरु किया कई स्थानो मे और रिस्तेदारियो मे जा कर और फोन के माध्यम से बहुत पता लगाया गया उसके बावजूद भी कोई जानकारी नही प्राप्त हुई गुमसुदा की उम्र 17 वर्ष है लम्बाई 5 फिट, रंग गोरा व गेहुआ है जिसका होलिया काला पैन्ट और पैर मे चप्पल था गहरा हरा स्वेटर व हल्का पीला शर्ट था गुमसुदा निखिल कुमार को पता लगाने की कृपा करे।

## पत्नी पर युवक को पिटवाने का आरोप, मुकदमा दर्ज

**लोकमित्र ब्यूरो**
**चायल, कौशाम्बी।** पिपरी कोतवाली क्षेत्र के फतेहपुर सहावपुर निवासी बादल पुत्र मिठाई लाल अप्पे चालक है। उसने बताया कि पत्नी काजल से उसका विवाद चल रहा है।

वह उसके साथ नहीं रहना चाहती है। इसीलिए वह मायके वालों से धमकी दिलवाती रहती है। शनिवार की शाम वह पूरामुफ्ती से अप्पे बनवा कर घर लौट रहा था। आरोप है कि चलौली पेट्रोल पंप के समीप घूरी निवासी रामहित, राजकुमार और शिवकुमार ने उसे रोक कर लात घूसों से पिटाई कर दी।

पिटाई से उसको काफी चोटें आई। मौके पर रहे लोगो ने बीच-बचाव कर मामला शांत कराया। पीड़ित ने थाने पहुंच आरोपियों के खिलाफ तहरीर दी है। मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर युवकों की तलाश में जुट गई है।

## बिना मान्यता के स्कूल चलाने पर होगी कार्यवाही- एबीएसए

**लोकमित्र ब्यूरो**
**सिराथू, कौशाम्बी।** सिराथू तहसील क्षेत्र में बिना मान्यता के स्कूल चला रहे संचालकों पर खंड शिक्षा अधिकारी ने नकेल कसना शुरू कर दिया है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कमलेंद्र कुमार कुशवाहा के निर्देश पर खंड शिक्षा अधिकारी नीरज कुमार उमराव ने विकास खंड सिराथू के शिवपुर बसोहनी गांव में चल रहे जी के पब्लिक स्कूल का औचक निरीक्षण किया जहां स्कूल के दस्तावेज सहित अन्य अभिलेखों का निरीक्षण किया जहां बिना मान्यता के स्कूल पाया गया , झ इस दौरान खंड शिक्षा अधिकारी ने विद्यालय के जिम्मेदारों को नोटिस थमाते हुए बिना मान्यता के स्कूल चलाने पर कड़ी कार्यवाही किए जाने की चेतावनी दी है।

## अंधविश्वास निवारण संबंधी एक दिवसीय रैली का हुआ आयोजन




**लोकमित्र ब्यूरो**
**कौशाम्बी।** महावीर सेवा संस्थान बड़गढ़, चित्रकूट के द्वारा ब्लॉक मूरतगंज के अंतर्गत ग्राम पंचायत काजू चरवा राम दयालपुर में विज्ञान एंव प्रौद्योगिकी विभाग भारत सरकार, नई दिल्ली के सहयोग से अंधविश्वास निवारण संबंधी एक दिवसीय रैली का आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत समुदाय के लोगों को अंधविश्वास मे ना पड़ने एवं समाज में व्याप्त किसी प्रकार के अंधविश्वास, झाड़ फूंक, टोना टोटका आदि से दूर रहने व इसका विरोध करने का संदेश दिया गया। रैली को संस्था के सचिव अजीत कुमार जैन एवं कार्यक्रम समंन्वयक प्रभात द्विवेदी के द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली मे ग्राम पंचायत काजू चरवा के युवा किशोर, किशोरियाँ, पुरूष, महिलाएं एवं बच्चों ने हाथों में अंधविश्वास के विरोध मे लिखे स्लोगन की तख्ती लेकर व नारा लगाकर पूरे गाँव का भ्रमण किया। जिसमें उपरोक्त गावों से लगभग 210 लोगों ने प्रतिभाग किया । इस दौरान संस्था के सचिव अजीत कुमार जैन, उपाध्यक्ष फूल चंद्र , समन्वयक शैलेंद्र कुमार जैन, परियोजना समन्वयक विपिन कुमार, समन्वयक अनंत कुमार, सहयोगी भागवत पाल थे।

## थाना कौशाम्बी में आगामी त्योहार और लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत पीसी कमेटी की बैठक सम्पन्न

### कानून को हांथ में न ले आपसी सौहार्द के साथ मनाए त्यौहार- नीलम राघव



**लोकमित्र ब्यूरो**
**बारा, कौशाम्बी।** पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में आगामी त्योहार को लेकर थाना कौशाम्बी परिसर में मंगलवार को थाना प्रभारी नीलम राघव की अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मौजूद संभ्रांति लोगों से थाना प्रभारी महोदया ने कहा कि लोकसभा चुनाव, होली, रमजान सभी त्यौहारों को आपसी सौहार्द एवं शान्तिपूर्ण रुप से मनाने हेतु अपील किया, जिसमें सभी सभ्रांत नागरिकों को गंगा जमुनी तहजीब व शांतिप्रिय तरीके से अपने- अपने त्यौहार मनाने हेतु जागरुक किया जा रहा है। और सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत पुलिस एवं क्लस्टर मोबाइल लगातार भ्रमणशील रहेगी। किसी भी प्रकार की असुविधा समस्या होने पर तत्काल डायल-112 का उपयोग करें । आपकी हर सम्भव मदद की जायेगी। सोशल मीडिया प्लेटफार्म (ट्विटर, फेसबुक, इन्स्टाग्राम, व्हाटसअप, यू-ट्यूब आदि) पर सोशल मीडिया पुलिस टीम द्वारा सतत निगरानी रखी जा रही है। अफवाहों से दूर रहें किसी भी खबर की प्रमाणिकता जाने बिना शेयर न करें। अफ्वाह फैलाने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही अमल में लायी जायेगी ।बैठक में उप निरीक्षक अवधेश शुक्ला,दिलीप यादव,प्रदीप पाण्डेय, गोपाल दुबे,कास्टेबल,हरिकेश यादव,जयशंकर सिंह,अफसर खां, ग्रामप्रधान कोसम खिराज मुन्नू लाल दिवाकर, ग्राम प्रधान मुस्तफाबाद,बिरेंद्र सरोज, ग्राम प्रधान इटैला उस्मान अली,पंचम लाल, चंद्रपाल सरोज,रामभवन सरोज, प्रेम मिलन सरोज सहित हिंदू मुस्लिम धर्म गुरुओं सहित ग्रामप्रधन एवं संभ्रांती व्यक्ति बैठक में मौजूद रहे।

## दो वारण्टी आरोपी को किया गया गिरफ्तार




**लोकमित्र ब्यूरो**
**कौशाम्बी।** थाना मोहब्बतपुर पइन्सा पुलिस उपनिरीक्षक सन्तोष चौरसिया मय हमराह पुलिस बल द्वारा वारंटी राम सिंह निवासी बाले का पुरवा थाना मोहब्बतपुर पइन्सा जनपद कौशाम्बी को गिरफ्तार किया गया। थाना संदीपनघाट पुलिस उपनिरीक्षक शिवनाथ मय हमराह पुलिस बल द्वारा वारंटी विपिन कुमार निवासी धन्नी थाना संदीपनघाट जनपद कौशाम्बी को गिरफ्तार किया गया।

### अवैध शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

कौशाम्बी। थाना सराय अकिल पुलिस उ0नि0 अभिषेक गुप्ता मय हमराह पुलिस बल द्वारा रज्जन लाल नि0 मल्हीपुर थाना सराय अकिल जनपद कौशाम्बी को 20 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। थाना कड़ाधाम पुलिस उ0नि0 मिश्री लाल चौधरी मय हमराह पुलिस बल द्वारा माया देवी नि0 मोहम्मदपुर जीता थाना कड़ाधाम जनपद कौशाम्बी को 09 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। थाना कोखराज पुलिस उ0नि0 नीरज कुमार उपाध्याय मय हमराह पुलिस बल द्वारा मूरत लाल नि0 बिसारा थाना कोखराज जनपद कौशाम्बी को 15 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। थाना कोखराजपुलिस उ0नि0 सत्य प्रकाश सिंह मय हमराह पुलिस बल द्वारा अमन निवासी रमचोरा मजरा चमंधा थाना कोखराज जनपद कौशाम्बी को 20 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। थाना कोखराज पुलिस उ0नि0 किशन कुमार बिन्द मय हमराह पुलिस बल द्वारा अभियुक्त मान सिंह पटेल नि0 मीरापुर थाना कोखराज जनपद कौशाम्बी को 15 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया।

### वाहन चेकिंग के दौरान की गई कार्यवाही

कौशाम्बी। जनपद में चलाये जा रहे यातायात से सम्बन्धित अभियान के क्रम में जनपद स्तर पर विभिन्नथानों व यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों का पालन न करने वालों के विरुद्ध सघन चेकिंग की गई, चेकिंग के दौरान दो-पहिया चार पहिया वाहनों को चेक किया गया। यातायात नियमों का उल्लघन करने वाले 98 वाहनों का ई-चालान किया गया।

## हत्या के दो आरोपियों को आजीवन कारावास तथा 35-35 हजार रुपये के अर्थ दण्ड की दिलायी गयी सजा



**लोकमित्र ब्यूरो**
**कौशाम्बी।** 14 अक्टूबर, 2020 को थाना सैनी अन्तर्गत आरोपीगणों द्वारा प्रेम-प्रसंग में पत्नि व पुत्री की हत्या कर दी गयी। जिसके सम्बन्ध मेंथाना स्थानीय पर अभियोग पंजीकृत किया गया था। जिससे सम्बन्धित आरोपी अजय साहू, निवासी कुम्हियावां थाना महेवाघाट, कविता निवासी बिरही बाग थाना चरवा को न्यायालय एडीजे एफ्टीसी-2 जनपद कौशाम्बी द्वारा शासन की प्राथमिकता के आधार पर गम्भीर एवं जघन्य अपराधों में पैरवी कर आरोपियों को सजा दिलाने के क्रम में पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी के निर्देशन में मानिटरिंग सेल के माध्यम से प्रभावी पैरवी कराते हुए प्रत्येक आरोपी को आजीवन कारावास तथा 35-35 हजार रू0 के अर्थ दण्ड से दण्डित किया गया।

## कोहोर्ट सम्मेलन में पूर्व डिप्टी सीएम ने बताई सरकार की उपलब्धियां तीसरी बार पीएम मोदी को पीएम बनाने के लिए दिलाया संकल्प



**लोकमित्र ब्यूरो**
**कौशाम्बी।**'जिले में कोहोर्ट सम्मेलन में शामिल होने आए यूपी के पूर्व डिप्टी सीएम डॉक्टर दिनेश शर्मा ने पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को सरकार की योजनाओं की उपलब्धियां गिनाते हुए पीएम मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए जुट जाने के लिए कहा। पूर्व डिप्टी सीएम ने कार्यकर्ताओ में केवल और केवल कमल के लिए वोट मांगने के लिए कहा न कि किसी प्रत्याशी के लिए वोट मांगने की बात की। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी का संकल्प है कि अबकी बार 400 के पार का नारा है। इस बार के चुनाव और पीएम मोदी के तीसरी बार प्रधानमंत्री बन जाने के बाद जून - जुलाई में 111वी बार मन की बात सुनेंगे।

## मुख्य विकास अधिकारी ने उद्यमियों को प्रतीक चिन्ह देकर किया सम्मानित



**लोकमित्र ब्यूरो**
**कौशाम्बी।** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में इन्वेस्ट यू0पी0 के नवीन कार्यालय का उद्घाटन किया तथा विभिन्न जनपदों के उद्यमियों से वर्चुअली संवाद कर उनके फीडबैक प्राप्त किया। इसका सजीव प्रसारण उदयन सभागार में आयोजित कार्यक्रम में किया गया तथा उपस्थित उद्यमियों ने मुख्यमंत्री के सम्बोधन को सुना।

मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी ने जनपद में 10 करोड़ से अधिक का निवेश करने वाले उद्यमियों यथा- रमेश अग्रहरि, संदीप श्रीवास्तव, विपिन केसरवानी एवं मो0 अलीम सिद्दीकी को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। जनपद में कुल 22 उद्यमियों द्वारा 10 करोड़ से अधिक का निवेश किया जाना है। इस अवसर पर उपायुक्त उद्योग के0के0 अमर एवं एलडीएम जितेन्द्र चौधरी सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण एवं उद्यमीगण उपस्थित रहें।

## फर्जी आईडी बनाकर भ्रामक खबर वायरल करने की हुई शिकायत

**चायल, कौशाम्बी।** संदीपन घाट थानाक्षेत्र के मलाक मोहिउद्दीनपुर गांव निवासी एक युवक के खिलाफ सोमवार को एक्स पर फर्जी आईडी से भ्रामक खबर पोस्ट की। मामले की जानकारी मिलने के बाद युवक के होश उड़ गए। मंगलवार को उसने थाने जाकर घटना की तहरीर दी। तहरीर मिलने के बाद पुलिस मामले को गंभीरता से लेते हुए आरोपी की तलाश में जुट गई है। मलाक मोहिउद्दीनपुर गांव निवासी रामचंद्र किसानी करता है। इलाके के किसान इस समय अन्ना मवेशी से काफी परेशान हैं। रात-दिन उन्हें अपने खेतों में बोई फसल की रखवाली करनी पड़ती है। सोमवार को दर्जनों ग्रामीण ग्राम प्रधान की अगुवाई में इकट्ठा होकर गांव में घूम रहे अन्ना मवेशियों को पकड़कर एक जगह एकत्र किया और उसे गोशाले भेजने की तैयारी कर रहे थे। इसी दौरान सोशल मीडिया एक्स पर फर्जी आईडी से ट्वीट किया गया कि ष्संदीपन घाट थानेदार बना गौ तस्कर, महगांव का 1 लकड़ी माफिया रामचंद्र पासी ग्राम सभा की जमीन कब्जा करके बाउन्ड्री कर रखा है उसी बाउन्ड्री में तीन दर्जन छुट्टा मवेशियों को कैद करके रखा है। थानेदार की मिलीभगत से आज रात मवेशियों को लादकर कटान के लिए बाहर भेजेगाष। मामले को संज्ञान में लेते हुए कौशाम्बी पुलिस ने मामले की जांच सीओ चायल को सौंपी। मंगलवार को मामले की जानकारी मिलने के बाद रामचंद्र के होश उड़ गए। उसने थाने जाकर घटना की तहरीर दी। तहरीर मिलने के बाद हरकत में आई पुलिस कई लोगों को हिरासत में लेकर जांच शुरु कर दी है।

## पिपरी थाने की पुलिस व पैरामिलिट्री फोर्स ने किया एरिया डोमिनेशन

**लोकमित्र ब्यूरो**
**कौशाम्बी।** आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी के निर्देशन में थाना पिपरी पुलिस द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत पैरामिलिट्री फोर्स के साथ एरिया डोमिनेशन किया गया व ड्रोन के माध्यम से निगरानी की गयी तथा निर्भीक एवं स्वतंत्र मतदान करने हेतु लोगों को जागरूक किया गया तथा थाना क्षेत्र अन्तर्गत पड़ने वाले मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया गया।

## भाजपा युवा नेता बबलू गर्ग ने पूर्व उपमुख्यमंत्री वर्तमान राज्यसभा सांसद का किया स्वागत



**लोकमित्र ब्यूरो**
**कौशाम्बी।** पूर्व उपमुख्यमंत्री वर्तमान राज्यसभा सांसद दिनेश शर्मा का आगमन नगर पालिका वार्ड नंबर 24 संत कबीर नगर में भाजपा युवा नेता बबलू गर्ग के आवास पर हुआ वहां पर सैकड़ो समर्थकों के द्वारा दिनेश शर्मा को पुष्प गुच्छ व मोमेंटो देकर हार्दिक अभिनंदन किया गया इस अवसर पर लाभार्थी जनसंपर्क अभियान के अंतर्गत विभिन्न लाभार्थियों को प्रमाण पत्र देकर धन्यवाद ज्ञापित किया। साथ में भाजपा के जिला अध्यक्ष धर्मराज मौर्य, जिला प्रभारी अवधेश गुप्ता, लोकसभा प्रभारी राकेश पांडे, लोकसभा संयोजक रणजीत सिंह कुशवाहा,

जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना सोनकर, जिला महामंत्री संजय जायसवाल, पूर्व युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष सुनील मिश्रा, मंडल प्रभारी तिलक नारायण द्विवेदी, मंडल अध्यक्ष महेश लोधी, वार्ड नंबर 24 के सभासद आर्यवीर लोधी आदि सैकड़ो पदाधिकारी व समर्थक मौजूद रहे।

## शौचालय के गढ्ढे पर दबंग कर रहे मकान निर्माण

**लोकमित्र ब्यूरो**
**अजुहा, कौशाम्बी।** सिराथू तहसील के एक गांव में शौचालय को गढ्ढे को पुरकर दबंग मकान निर्माण कर रहे है , जिसका विरोध करने पर दबंग झगड़े पर अमादा है , पीड़ित ने मामले की शिकायत एसडीएम से करते हुए कार्यवाही की मांग की है।भेरावा निवासी विजयपाल पुत्र स्व दिरपाल ने एसडीएम सिराथू को शिकायती पत्र देकर बताया की उसने पैतृक भूमि में लगभग दस वर्ष पहले शौचालय का गढ्ढे का टैंक बनवाया था , जिस पर गांव का एक दबंग जबरन मकान निर्माण कर रहा है जिसका विरोध करने पर दबंग झगड़े पर अमादा हो जाता है , पीड़ित ने मामले में कार्यवाही की मांग की है।